RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 34
लखनऊ, रविवार, 22 नवंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारतीय कहानियों का पुनर्जन्म
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# पाक को चेतावनी, राजनयिक को तलब कर दर्ज कराया कड़ा विरोध

## नगरोटा मुठभेड़ के बाद भारत तल्ख

● आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे इस्लामाबाद, पुलवामा जैसी घटनाओं के लिए जैश जिम्मेदार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



(फाइल फोटो)

नगरोटा में आतंकियों से मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर जांच करते सुरक्षा बल

**नगरोटा** में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के मारे जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सराहना किए जाने के एक दिन बाद भारत ने शनिवार को पाकिस्तान के राजनयिक को तलब कर इस्लामाबाद द्वारा आतंकी गतिविधियों का समर्थन जारी रखने पर अपना विरोध दर्ज कराया।

अपनी इस मांग को दोहराते हुए कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता का पालन करना चाहिए कि वह आतंकवादियों को अपनी धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति न दे, पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी आफताब हसन खान को बताया गया कि भारी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की बरामदगी यह संकेत देते हैं कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा को अस्थिर करने के लिए बड़े आतंकी हमले की साजिश रची गई थी जिससे कि स्थानीय जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव बाधित हो जाए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि मंत्रालय ने पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया और हमले की साजिश को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।' इस हमले की साजिश को सतर्क भारतीय सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को प्रतिबद्ध और दृढ़ है।

बयान में कहा गया है कि यह मांग की जाती है कि पाकिस्तान अपनी सरजमीं से संचालित आतंकवादी संगठनों और आतंकवादियों को समर्थन देने की अपनी नीति को छोड़े और अन्य देशों में हमले करने के लिए आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित आतंकी बुनियादी ढांचे को नष्ट करें। नगरोटा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गुरुवार की सुबह जैश-ए-मोहम्मद के चार संदिग्ध आतंकवादी मारे गये थे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जम्मू कश्मीर के नगरोटा में 19 नवम्बर को भारतीय सुरक्षा बलों ने एक बड़े आतंकवादी हमले की साजिश को नाकाम किया था। प्रारंभिक रिपोर्टों से ऐसे संकेत है कि हमलावर पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य थे। एमईए ने कहा कि जैश को संयुक्त राष्ट्र और कई देशों को काली सूची में डाल रखा है। भारत सरकार ने जैश द्वारा भारत के खिलाफ आतंकी हमले जारी रखने को लेकर गंभीर चिंता जताई है। जैश 2019 फरवरी में हुए पुलवामा हमले समेत भारत में कई हमलों में लिप्त रहा है। इत्तफाक से इस हफ्ते में यह दूसरी बार है जब पाकिस्तानी अधिकारी को तलब किया गया है। पिछल शनिवार को पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी को तलब कर जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर विभिन्न सेक्टरों में पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई भारी गोलाबारी पर विरोध दर्ज कराया गया था। इसमें नौ लोगों को मौत हो गई थी। गुरुवार की सुबह जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरोटा के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक ट्रक में छिपे जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादी मारे गए थे।

मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गए थे। ट्रक ड्राइवर भाग निकलने में कामयाब रहा था। पुलिस के मुताबिक आतंकवादी किसी बड़े हमले की साजिश रच रहे थे और वे कश्मीर घाटी की ओर जा रहे थे जहां इस माह के अंत में स्थानीय चुनाव होने वाले हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और अन्य के साथ एक बैठक की थी। मोदी ने ट्वीट किया था कि हमारे सुरक्षा बलों ने एक बार फिर बहादुरी का प्रदर्शन किया। सतर्कता बरतने के लिए उनका शुक्रिया, उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बुनियादी स्तर पर लोकतांत्रिक चुनावों को निशाना बनाने की कोशिशों को नाकाम कर दिया।



शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को जन्मदिन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (समाचार पेज 2 पर)

# सपा एमएलसी के फ्लैट में चली गोली, युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित लाप्लास सरकारी आवास में शुक्रवार देर रात जन्मदिन की पार्टी के दौरान चली गोली में एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सपा एमएलसी के फ्लैट पर शुक्रवार देर रात पार्टी चल रही थी। इस दौरान पार्टी में मौजूद युवकों के बीच हुए बवाल के बाद पिस्टल छीनने में राकेश रावत नाम के युवक को गोली लग गई। जिस के संबंध में कई तरह के बयान सामने आए। इसके बाद मृतक के पिता ने चार युवकों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है। घायल युवक को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। हजरतगंज इंस्पेक्टर का कहना है कि 4 युवकों को हिरासत (शेष पेज 7)

# तमिलनाडु में जारी रहेगा भाजपा और अन्नाद्रमुक का गठबंधन



चेन्नई में शनिवार को एक कार्यक्रम में बोलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई

● सीएम पलानीस्वामी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की चेन्नई यात्रा के दौरान किया ऐलान

**अगले** साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) का गठजोड़ जारी रहेगा। सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्य समन्वयक और उपमुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की चेन्नई यात्रा के दौरान यह ऐलान किया।

वहीं, मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी ने कहा कि हमने 10 साल का सुशासन दिया है। हमारा गठबंधन 2021 का चुनाव जीतेगा। तमिलनाडु हमेशा पीएम नरेंद्र मोदी का समर्थन करेगा। अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ओ पनीरसेलवम और के पलानीस्वामी ने यहां एक सरकारी समारोह में कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए बना गठबंधन जारी रहेगा और अधिकतम सीटें जीतेगा। इससे अन्नाद्रमुक सत्ता में बरकरार रहेगी। इस समारोह में गृहमंत्री अमित (शेष पेज 7)

# सिविल सेवा प्रशिक्षण अकादमी में 57 ट्रेनी कोरोना से संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मसूरी** स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) में सिविल सेवा के 57 प्रशिक्षु अधिकारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाये गये हैं। इसके बाद अधिकारियों ने सभी गैर-आवश्यक विभागों को वहां बंद कर दिया है। कार्मिक मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि अकादमी कोविड-19 संक्रमण के प्रसार की श्रृंखला तोड़ने के लिये देहरादून जिला प्रशासन और गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार हर संभव उपाय कर रहा है। बयान में कहा गया है कि संक्रमित सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को कोविड देखभाल केंद्र में पृथकवास में रखा गया है। इसमें कहा गया है कि 20 नवंबर, 2020 से एलबीएसएनएए में 57 अधिकारी प्रशिक्षुओं के संक्रमित होने की पुष्टि हुयी है। फिलहाल अकादमी में 95वें फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिये 428 प्रशिक्षु अधिकारी हैं। बयान के अनुसार अकादमी ने शुक्रवार से जिला अधिकारियों के साथ समन्वय में 162 से अधिक आरटी-पीसीआर परीक्षण किए हैं।

# शादी समारोह में अब सिर्फ 100 लोग हो सकेंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ सहित प्रदेश के अनेक जिलों में कोरोना संक्रमण के लगातार बढाते मामलों को देखते हुये राज्य सरकार एक बार फिर सख्त कदम उठाने जा रही है।

मुख्यमंत्री सभी विभागों को हाईअलर्ट करते हुये सार्वजनिक जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा वैवाहिक समारोह में दो सौ की जगह सिर्फ सौ लोगों के शामिल होने की व्यवस्था फिर से लागू करने को कहा है। इस बारे में सभी जिलों को कल नये दिशा.निर्देश जारी किये जाने की संभावना है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगर विकास विभाग भी सक्रिय हो गया है। इन विभागों ने सीएम के नये निर्णय को लागू कराने पर कवायद शुरू कर दी है।

अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि कोरोना संक्रमण के मामलों को एक बार फिर बढ़ते देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शादी समारोह आदि में 200 व्यक्तियों के शामिल होने की छूट को घटाकर 100 करने की नयी व्यवस्था लागू कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। वैसे यह व्यवस्था दिल्ली से सटे जिलों में शनिवार से ही लागू हो गई है। गाजियाबाद के नोएडा में वैवाहिक समारोह में सिर्फ सौ लोगों के शामिल होने की (शेष पेज 7)

## प्रधानमंत्री आज करेंगे ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी कल 22 नवंबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीरजापुर और सोनभद्र की 23 ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ सोनभद्र से इस आयोजन में सम्मिलित होंगे। पीएम द्वारा शिलान्यास की जाने वाली योजनाओं में मीरजापुर की 9 तथा सोनभद्र की 14 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का क्रियान्वयन पीएम द्वारा घोषित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किया जा रहा है।

## ड्रग कनेक्शन

# कामेडियन भारती सिंह व उनके पति हर्ष गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**बॉलीवुड** में ड्रग के जाल को काटने की कोशिश में जुटी एजेंसी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हाथ प्रसिद्ध हास्य कलाकार भारती सिंह तक जा पहुंचे हैं। शनिवार को लंबी पूछताछ के बाद एनसीबी ने पहले भारती और फिर उनके पति स्क्रिप्ट राइटर हर्ष लिंबाचिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने ड्रग के सेवन करने की बात स्वीकार की है। नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वाले एक व्यक्ति से पूछताछ में भारती का नाम सामने आया था। एनसीबी के अधिकारियों ने शनिवार की सुबह सात बजे भारती सिंह के लोखंडवाला काम्प्लेक्स स्थित घर एवं कार्यालय पर एक साथ छापा मारा। करीब साढ़े छह घंटे चली उनके फ्लैट की तलाशी में एनसीबी को दोनों जगहों से 86.5 ग्राम गांजा मिला। घर पर पूछताछ के दौरान भारती (शेष पेज 7)

# जहरीली शराब बेचने वालों पर अब लगेगा गैंगस्टर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रयागराज के आबकारी अधिकारी सहित तीन निलंबित

**प्रदेश** में जहरीली शराब से मौतों के लगातार सामने आ रहे मामलों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। लखनऊ के बाद प्रयागराज में भी जहरीली शराब से मौतों की घटना हुई है। योगी ने आबकारी मंत्री और अपर मुख्य सचिव आबकारी को कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

प्रयागराज के जिला आबकारी अधिकारी संदीप बिहारी, आबकारी इंस्पेक्टर विजय प्रताप यादव और हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जहर के कारोबारियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने और उनकी सम्पत्ति नीलाम कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस घटना में सभी संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए इनके खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्रवाई कर नजीर पेश की जाए। प्रयागराज जनपद के फूलपुर के अमिलिया गांव में बीते बृहस्पतिवार की रात जहरीली शराब पीने के बाद अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं बारह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले लखनऊ, मथुरा और फिरोजाबाद में भी जहरीली शराब से मौतें के मामले सामने आए हैं।

इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब जहर का कारोबार करने वालों पर शिंकजा कसने का सख्त आदेश दिया शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से अवैध शराब के काले कारोबार पर हर हाल में अंकुश लगाने को कहा है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी इलाके में अवैध शराब बिकती हुई पाई जाती है तो वहां के थानेदार और आबकारी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। निलम्बन और बर्खास्तगी के साथ ही एफआईआर दर्ज कर जेल भी भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसी (शेष पेज 7)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 43,882 | |
| निफ्टी | 12,859 | |
| सोना | 49,551 | /10g |
| चांदी | 61,232 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तानी गोलीबारी में एक सैनिक शहीद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा से लगे विभिन्न सेक्टरों में अग्रिम चौकियों और गांवों पर शनिवार को पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी में भारतीय सेना के हवलदार पाटिल संग्राम शिवाजी शहीद हो गए जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। इस घटना के बमुश्किल एक हफ्ते पहले, 13 नवंबर को कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान ने कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी समेत कुल 11 लोगों की मौत हो गई थी। राजौरी जिले में सीमा पार से देर रात एक बजे हुई गोलीबारी में अग्रिम चौकी पर तैनात हलवदार पाटिल संग्राम शिवाजी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# सौ साल बाद भारत लौटेगी अन्नपूर्णा की अनोखी मूर्ति

● कनाडा की मैकेंजी आर्ट गैलरी में रेजिना विवि के संग्रह का है हिस्सा, वाराणसी से हुई थी चोरी

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/टोरंटो




देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति और कनाडा स्थित मैकेंजी आर्ट गैलरी।

**कनाडा** का एक विश्वविद्यालय 'ऐतिहासिक गलतियों को सही करने' और 'उपनिवेशवाद की अप्रिय विरासत' से उबरने की कोशिश के तहत हिंदू देवी अन्नपूर्णा की अनोखी मूर्ति भारत को लौटाएगा, जिसे एक सदी से अधिक समय पहले भारत से चुराकर लाया गया था।

यह मूर्ति मैकेंजी आर्ट गैलरी में रेजिना विश्वविद्यालय के संग्रह का हिस्सा है। यह मूर्ति नोर्मान मैकेंजी के 1936 के मूल वसीयत का हिस्सा है। विश्वविद्यालय ने एक बयान में बताया कि कलाकार दिव्या मेहरा ने इस तथ्य को ओर ध्यान आकृष्ट किया कि इस मूर्ति को एक सदी से भी पहले गलत तरीके से लाया गया।

जब वह मैकेंजी के स्थायी संग्रह को खंगाल रही थीं और अपनी प्रदर्शनी की तैयारी कर रही थीं तब उनका ध्यान इस ओर गया। बयान के अनुसार, 19 नवंबर को इस मूर्ति का डिजिटल तरीके से लौटाने का कार्यक्रम हुआ और अब उसे शीघ्र ही वापस भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय के अंतरिम अध्यक्ष और कुलपति डॉ. थॉमस चेज ने इस मूर्ति को आधिकारिक रूप से भारत भेजने के लिए कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया से डिजिटल तरीके से मुलाकात की। बिसारिया ने कहा कि हम खुश हैं कि अन्नपूर्णा की यह अनोखी मूर्ति अपनी गृह वापसी की राह पर (शेष पेज 7)

# आयुर्वेद के पीजी छात्र कर सकेंगे सीमित सर्जरी

● देश में डॉक्टरों की कमी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने किया बड़ा फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**कोरोना** संकट के दौरान देश भर में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने आयुर्वेद के स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों को ऑर्थोपेडिक, नेत्र विज्ञान, ईएनटी और दंत चिकित्सा सहित कई सामान्य सर्जरी करने की अनुमति दे दी है।

केंद्र ने आयुर्वेदिक पीजी पास आउट छात्रों को इस तरह की प्रक्रियाओं के लिए औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने की इजाजत देते हुए इस संबंध में एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल को आयुर्वेदिक पढ़ाई के पाठ्यक्रम में जोड़ा जाएगा। शैल्य (सामान्य सर्जरी) और शलाक्य तंत्र (कान, नाक, गला, ईएनटी के रोगों, आंख, सिर, वतव- दंत चिकित्सा) के स्नातकोत्तर छात्रों के पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में इन प्रक्रियाओं में औपचारिक प्रशिक्षण शुरू करने के लिए इंडियन मेडिसिन सेंट्रल काउंसिल रेगुलेशंस-2016 में संशोधन किया गया है। केंद्रीय आयुष सचिव राजेश कोटेशिया ने बताया कि मंत्रालय ने उन प्रक्रियाओं को निर्दिष्ट किया है जो एक आयुर्वेद चिकित्सक एक मरीज को संभालने के दौरान कर सकता है।

बीते 19 नवंबर को जारी गजट नोटिफिकेशन में कहा गया है कि पढ़ाई के दौरान, शैल्य और शलाक्य के पीजी छात्रों को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे प्रक्रिया से वाकिफ होने के साथ-साथ स्वतंत्र रूप से निर्दिष्ट गतिविधियों को अंजाम दे सकें। इससे वे अपनी डिग्री हासिल करने के बाद स्वतंत्र रूप से काम कर सकेंगे। कानून के मुताबिक आयुर्वेदिक चिकित्सक अब वैधानिकरूप से त्वचा की ग्राफ्टिंग, मोतियाबिंद सर्जरी और रूट कैनाल उपचार जैसी सामान्य प्रक्रियाएं कर सकते हैं।

कानून में संशोधनों के अनुसार एमएस शैल्य तंत्र (आयुर्वेद) में अब पेरिआनल एब्सेस, ब्रेस्ट एब्सेस, एक्जिलरी एब्सेस, सेल्युलाइटिस आदि के साथ-साथ सभी प्रकार की त्वचा ग्राफ्टिंग, कान की लोब रिपेयर, सामान्य अल्सर हटाना, गैर जरूरी अंगों के हल्के ट्यूमर (लाइपोमा, फाइब्रोमा, स्क्वैनोमा आदि), गैंग्रीन साफकरना आदि पढ़ाया जाएगा। उन्हें गहरे घाव का प्रबंधन करने जैसे सभी प्रकार के टांके लगाने, हेमोस्टैटिक लिगर्स, मांस्पेशियों का इलाज, अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों (शेष पेज 7)

## खिचड़ी की चर्चा

वैसे तो सत्ता के गलियारे में खाने पीने की किसी चीज की चर्चा होना अजीब सा लगता है लेकिन हकीकत यह है कि इन दिनों एक आईएएस अधिकारी के घर में बनी खिचड़ी की चर्चा जोरों पर है। यह अधिकारी मुख्यमंत्री के बहुत करीबी हैं और अपनी हर छोटी बडी बात इनसे साझा करते हैं। यही वजह है कि सीएम दफ्तर में इनकी धमक अपने अन्य वरिष्ठ अफसरों से कहीं ज्यादा है।सत्ता के गलियारे में खिचड़ी की चर्चा के पीछे की वजह जानने की कवायद में पता चला कि इस अधिकारी को अभी हाल में एक दिन भोर से लेकर देर रात तक मुख्यमंत्री आवास पर रहना पड़ा। इस दिन इस अधिकारी के घर से लंच आया। बताते हैं कि मौका निकाल कर यह अधिकारी जब सीएम आवास पर लंच करने जा रहे थे तभी मुख्यमंत्री भी आ गये और उन्होने लंच शेयर किया। लंच में खिचड़ी भी थी जो मुख्यमंत्री को बहुत पसंद आयी। कुछ दिन तो बात दबी रही लेकिन एक दिन खुद सीएम ने टीम 11 की बैठक में इस अधिकारी की खिचड़ी की तारीफ कर दी। बस यही से खिचड़ी पर चर्चा छिड़ गई और इन दिनों सत्ता के गलियारे में अक्सर खिचड़ी की चर्चा सुनी जा सकती है।

## ओम हुआ गुम

समाज में ओम का बड़ा महत्व रहा है। ओम के स्वर से जीवन प्रकाश मय हो जाता है लेकिन आजकल समाजवाद में ओम का कोई महत्व नहीं रह गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि ओम कहीं दूर अंधकार में खो सा गया है। इसीलिए उसका प्रकाश कहीं भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। कभी समय था जब इसी ओम के प्रकाश की समाजवाद में काफी धमक थी। ओम का विशाल स्वरूप दूर से ही दिखाई पड़ जाता था लेकिन उस दौरान समाजवाद काफी मुलायम हुआ करता था पर अब वही समाजवाद काफी कठोर सा दिखता है। इसीलिए शायद इस मौजूदा समाजवाद को ओम के प्रकाश की आवश्यकता नहीं है। शायद यही कारण है कि काफी लंबे समय से समाजवाद में ओम का प्रकाश दिखाई नहीं पड़ा है । अंधकार में लुप्त हुआ पड़ा है। ऐसा प्रतीत होता है कि ओम का प्रकाश मौजूदा समाजवाद में अपना विश्वास नहीं बना पा रहा है वहीं दूसरी ओर अपने मूल स्वभाव को भूल कर आधुनिकता की दौड़ में शामिल समाजवाद ओम के प्रकाश की अहमियत को नजरअंदाज किये अंधकार की ओर भागता जा रहा है।




## हम से बढ़कर कौन

बॉस के आगे कर्मचारियों में एक दूसरे से बेहतर साबित करने की होड़ तो सभी ने देखी होगी लेकिन सूबे में महाराज जी के सामने दो मंत्रियों में अपने आप को बेहतर साबित करने की होड़ मची हुई है। दोनों मंत्रियों के विभाग यूपी में निवेश को बढ़ाने की जिम्मेदारी संभाले हैं। एक मंत्री महोदय जो कि धार्मिक नगरी से आते हैं वह यूपी के परंपरागत उत्पादों को लेकर यूपी में निवेश बढ़ाने के लिए लगे हुए हैं जबकि दूसरे माननीय कारखानों के शहर कहे जाने वाले जिले से आते हैं। उनके पास भी निवेश बढ़ाने की जिम्मेदारी है। एक मंत्री महोदय से मीडिया से बात करके अपनी उपलब्धि गिनाई तो दूसरे मंत्री महोदय ने अगले दिन लखनऊ लौटकर महाराज जी की तारीफ करते हुए निवेश की बात कही। बहरहाल इन सब के बीच कुछ अधिकारी जरूर मौज काट रहे है क्योंकि मामला हमसे बढ़कर कौन साबित करने वाला जो ठहरा।

## रवायत निभाते

लखनऊ के नवाबों के किस्से तो एक से बढ़कर एक हैं ही। ये किस्से पूरे अवध में फैले हुए हैं लेकिन इन किस्सों के बीच इस दौर में आन बान और शान दिखाना भारी पड़ रहा है। बात आंखों देखी है। अब अपने आखिरी नवाब साहब को ही ले लीजिए। आज के जमाने में मतलब तो कुछ निकलता नहीं पर अपनी परम्परा का आज भी पालन करते हुए यदा कदा सार्वजनिक तौर पर दिख जाते हैं। अभी हाल ही में 100 साल का सफर पूरा कर रहे संस्थान में एक ऐतिहासिक यात्रा के दौरान नवाब साहब अपनी चिर परिचित शैली में बग्घी पर सवार दिखाई दिए। वैसे मौका तो था दूसरा मगर नवाब साहब को देखकर लगा कि अभी भी वह कुछ परम्पराओं का निर्वहन बखूबी कर रहे हैं और अपनी पदवी से आने वाली पीढ़ी को अहसास भी करा रहे हैं।

## फाइल-एक खोज

एलडीए के नये बड़े साहब अभी कुछ समझ पाते कि आवास, प्लाटों से संबंधित तीस हजार फाइल लापता हो गयी। साहब ठहरे नये नवेले। समझ नहीं आया क्या एक्शन लें। लेकिन बिना एक्शन लिए काम भी नहीं चलता। फिर क्या था। साहब ने सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दे डाला। अब भला साहब को कौन बताए कि जो मुलाजिम सांसद, विधायक और माफियाओं से नहीं डरते, तीसरी आंख उनका क्या बिगाड़ेगी। मुख्यमंत्री का यह विभाग अब भला इनके अर्दब में कैसे आए। यही नहीं कई बार मुख्यमंत्री की फटकार के बाद कुछ दिनों के लिए राम राज्य विभाग में जरूर आता है लेकिन समय बीतते ही रावण राज्य कायम हो जाता है। फिर यह तो एक जिले के शीर्ष अधिकारी मात्र हैं। सीएम का विभाग कैसे सुधरेगा। यह विभाग ऐसी मांद है जहां एक से बढ़कर एक बब्बर शेर रहते हैं। कुछ भी कहो साहब ने तीस हजार फाइलों को ढूंढने में अपनी फौज लगा दी है और साथ ही तकनीक की भी मदद ली जा रही है।

## सुनील पांडेय होंगे नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक

**लखनऊ।** भारतीय वन सेवा 1984 बैच के अधिकारी सुनील पाण्डेय प्रदेश के नए प्रधान मुख्य वन संरक्षकए वन्यजीव होंगे। वह डॉ. राजीव कुमार गर्ग का स्थान लेंगे जो अगले माह 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सुनील पांडेय की नियुक्ति को स्वीकृति दी है।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-778 / न0पा0 दिनांक-21.11.2020

**अति अल्पकालिक ई-टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को 14वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से बायोरेमेडिएशन कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक 21.11.2020 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 27.11.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ठ की वेबसाइट htt://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर**


## जिला विकास अधिकारी, संभल निलंबित

**लखनऊ।** अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का व्यवहार सम्भल के जिला विकास अधिकारी को भारी पड़ गया। अनुशासनहीनता के आरोपों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल के जिला विकास अधिकारी रामसेवक को निलंबित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर इस कार्रवाई की जानकारी दी है। पूर्व की तैनाती के दौरान भी रामसेवक पर मनमानी करने के तमाम मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से इनको निलंबित करने का आदेश दिया है।

# गायों को सड़क पर छोड़ने की आदत बदलें: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोपाष्टमी से ठीक एक दिन पहले प्रदेश में गायों और गोवंश के संरक्षण, संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक तरफ गायों की पूजा और दूसरी तरफ उनका दूध निकालकर उन्हें सड़कों पर लावारिस छोड़ देने की प्रवृति लोगों की कथनी और करनी में अंतर को दिखाता है। उन्होंने कहा कि सनातन काल से ही गौ और गो वंश की महत्ता को समझा गया है। सभी देवी-देवताओं का निवास हमने गौ में माना है। यह विश्वास जहां पर रहा हो, वहां पर हम गो वंश की उपेक्षा करें, यह वास्तव में हमारी कथनी और करनी पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है। योगी ने बताया कि कल गोपाष्टमी के मौके पर प्रदेश के सभी गो आश्रय स्थलों में विशेष पूजा की जाएगी। सौरभ मिश्र द्वारा संकलित पुस्तक गोलोक की ओर के विमोचन के मौके पर उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि वह खुद कल मिर्जापुर की एक गोशाला में विशेष पूजा में शामिल होंगे। सीएम ने कहा कि हम हजारों वर्षों से इस परंपरा को मनाते हैं। इसके बावजूद कोई बात जरूर है कि एक ओर हम गाय की पूजा करते हैं, वहीं दूसरी ओर गाय का दूध निकालकर सड़कों पर लावारिस छोड़ देते हैं। कथनी-करनी का भेद हमारे विचार व आचार में स्पष्ट देखने को मिलता है। अपनी सरकार द्वारा गायों और गोवंश के संरक्षण, संवर्धन के लिए किए गए प्रयासों का विस्तार से उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में 5.24 लाख गोवंश आश्रय स्थलों में सुरक्षित निवास कर रहे हैं।



## राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शनिवार को राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, सूचना आयुक्त किरणबाला, मनकामेश्वर मंदिर की महन्त दिव्यागिरी एवं प्रख्यात लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने भेंटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई दी। राज्यपाल ने आज राजभवन के गुलमोहर क्लब में उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ तथा आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से राजभवन परिवार की महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार की योजना (एक जिला-एक उत्पाद)के अन्तर्गत आयोजित 3 माह के चिकनकारी एवं जरदोजी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली**

पत्रांक : 327 दिनांक : 21.11.2020

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रायबरेली द्वारा अलाव जलाने हेतु 2000 कुंटल जलावन लकड़ी कि आपूर्ति जो आवश्यकतानुसार घट या बढ़ सकती है की प्रति कंटल की दर हेतु दिनांक 26.11.2020 को अपरान्हन 3.00 बजे तक मोहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन साय 04.00 बजे कार्यालय में निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। समयोपरांत प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया में निहित होगा निविदा के साथ धरोहर धनराशि रुपए 50.000.00 का टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली के पक्ष में बंधक होगा। निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। व्यक्ति/संस्था को समस्त संबंधी विभागों में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र – दिनांक 25.11.2020 को प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे के मध्य राजस्व विभाग कार्यालय से निर्धारित शुल्क प्राप्त किये जा सकते है।

( पूर्णिमा श्रीवास्तव )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायबरेली

( बाल मुकुंद मिश्रा )
अधिषासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायबरेली

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4210361P सिपाही रोहित सिंह फर्तयाल पुत्र श्री जगत सिंह, यूनिट 15 कुमाऊं मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे भाई का नाम सुनील फर्तयाल त्रुटिवश दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम रोहित सिंह फर्तयाल है, जिसे मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 9424383X हवलदार सूरज राई, यूनिट 6/11 जीआर मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी Mrs. Teresa Rai की जन्मतिथि 24.09.1989 त्रुटिवश दर्ज हो गयी है, जबकि उनकी वास्तविक जन्मतिथि 24.09.1992 है, जिसे मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मेरे म0 नं0 सी-401 ई.डब्लू.एस.-1, गुजैनी, कानपुर, के.डी.ए. की फ्री-होल्ड रजिस्ट्री जिसका नं0 2176 दिनांक 13.03.2007 कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। मीरा भटनागर

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सलमान को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। अमरेश पाल सिंह पुत्र शिवरतन सिंह निवासी-मो. ऊंचाटीला, तरीनपुर थाना, तहसील व जिला-सीतापुर

**सूचना**

मैं सुनीता तिवारी पत्नी नीरज कुमार तिवारी, निवासी-मायापुरम, निकट B.S.N.L. टावर आलमनगर लखनऊ की हूँ। मेरे कुछ काग. जातों में गलती से मेरी जन्मतिथि 08.05.1972 गलत दर्ज हो गई, जबकि सही जन्मतिथि 08.08.1972 भविष्य में होगी।

**सूचना**

मैं कुसुमा देवी पत्नी जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी-ग्राम व पोस्ट बिरौली तहसील सण्डीला, जिला-हरदोई / लखनऊ में मायापुरम, निकट B.S.N.L. टावर आलमनगर की निवासी हूँ। मेरे कुछ कागजातों में गलती से मेरा नाम कुसुमा तिवारी हो गया है जबकी मेरा सही नाम कुसुमा देवी है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

# मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश को मिला बेस्ट इनलैंड स्टेट का देश में प्रथम पुरस्कार मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व** मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मत्स्य विभागए उत्तर प्रदेश को बेस्ट स्टेट कैटिगरी में बेस्ट इनलैण्ड स्टेट का देश में प्रथम पुरस्कार मिला है। शनिवार को मत्स्य विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी यह पुरस्कार भारत सरकार के मत्स्य पालनए पशुपालन और डेयरी मंत्रालयए एवं राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद के तत्वावधान में एपी शिंदे सिम्पोसियम हॉल, एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री प्रताप चन्द्र सारंगी द्वारा ग्रहण किया । उत्तर प्रदेश को मत्स्य उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि के दृष्टिगत बेस्ट स्टेट कैटिगरी में बेस्ट इनलैण्ड स्टेट की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 लाख रूपये, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पशुधनए मत्स्य विकास एवं दुग्ध विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी जी द्वारा उत्तर प्रदेश में एफएफपीओ के गठन, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत संचालित किये जाने वाले कार्यक्रमों हेतु अधिक से अधिक केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु बल दिया गया। उन्होनें प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और मछुआ समुदाय के उत्थान के लिए दृढ़संकल्पित और निरन्तर प्रयत्नशील है।



# सरकार को जनसामान्य के स्वास्थ्य और जीवन की कोई चिंता नहीं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार को जनसामान्य के स्वास्थ्य और जीवन की कोई चिंता नहीं है। प्रदेश में अवैध शराब का कारोबार सत्ता के संरक्षण में चल रहा है। मुख्यमंत्री जी के बड़बोलेपन के बावजूद जहरीली शराब का धंधा दो गुनी रफ्तार से चल रहा है। अब तक दर्जनों लोग जहरीली शराब पीकर अपनी जान गंवा बैठे हैं। शराब माफिआओं के हौंसले इतने बढ़े हुए है कि वे सरकारी कायदे कानूनों को ठेंगा दिखाते हुए तस्करी और अवैध शराब की बिक्री खुलेआम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि प्रदेश में पुलिस और आबकारी विभाग की जानकारी में ही अवैध ढंग से शराब की तस्करी और जहरीली शराब बनाने और बेचने का काम हो रहा है। बाराबंकी में 12 लोगों की मौत हुई है। जहरीली शराब पीकर हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में 12 लोगों की मौत हुई। सहारनपुर में 64 मौतें हुई जबकि फिरोजाबाद में 2 लोग मरे। प्रयागराज के फूलपुर क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से 6 लोगों की मौत हो गई। इटावाए रामपुरए जालौन में भी भी मौतें हुई है। नकली जहरीली शराब पीकर मौतों का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। पहले भी कई दर्दनाक घटनाएं हो चुकी हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खजुहा विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक- /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक नवम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खजुहा वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़ा, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 21.11.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28.11.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विकेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन निर्माण | 9.40 लाख | 20,000/– |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 21.11.2020 से 28.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी. जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम खजुहा के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**कमलेश वर्मा**
प्रधान
ग्राम पंचायत-खजुहा
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

**कृष्णा देवी**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-खजुहा
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

# वोट के लिए देशहित को दांव पर लगाने वालों को बेनकाब करें बीजेपी कार्यकर्ता

- कांग्रेस देश की एकता व सामाजिक ताने-बाने में आग लगाने की सजिश में जुटी है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार देश व प्रदेश के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल देश की एकता व अखण्डता और सामाजिक ताने-बाने में आग लगाने की साजिश में जुटे हुए हैं।

एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी मुख्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब ने देखा था कि प्रदेश में उपचुनाव से पहले किस तरह विपक्षी दलों ने उत्तर प्रदेश में जातीय हिंसा भड़काने का कुचक्र रचा था लेकिन योगी सरकार की दक्षता से उनके मंसूबे सफ ल नही हो सके। उत्तर प्रदेश की जनता ने भी उपचुनावों में विपक्ष को नकार कर उनके कुचक्र का करारा जबाव दिया। इन सब के बावजूद अब कांग्रेस शान्ति की ओर लौट रहे जम्मू-कश्मीर को अशान्त कर और अलगाववादियों के हौसलों को बढाने के लिए गुपकार समझौते का अंग बनी हुई है। जिस चीन और पाकिस्तान के खिलाफ हमारे जवान लड़ रहे है और पूरा देश उन जवानों के पीछे खड़ा है। वहीं गुपकार में शामिल दल धारा 370 की बहाली के लिए चीन और पाकिस्तान की मदद लेने की बात कर रहे है। उन्होंने कहा कि वोट हित के लिए देश हित को दांव पर लगाने वाली इन पार्टियों का चेहरा जनता के बीच जाकर बेनकाब करने का काम कार्यकर्ता करें।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि शिक्षक, स्नातक क्षेत्र के लिए विधान परिषद चुनाव में मतदाता देश का वह शिक्षित तबका है जो नीतियों के निर्माण व क्रियान्वयन में अपना योगदान देता है। वह विपक्ष के दोहरे रवैये और कुत्सित राजनीति को भली-भांति समझता है। हमें पार्टी प्रत्याशी के विजय के संकल्प के साथ प्रत्येक मतदाता से सम्पर्क व संवाद स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के मूलमंत्र पर काम करते हुए लोककल्याण के कार्य कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का अवाहन किया कि वे पूर्व की भांति विधान परिषद के चुनावों में भी प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत सम्पर्क व संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि हम मोदी-योगी सरकार द्वारा जनहित में किये गए कार्यों और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर विधान परिषद के चुनावों में भी विजय हासिल करेगें।

## योगी सरकार शराब माफियाओं पर नकेल कसने में नाकाम: प्रियंका

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहरीली शराब का धंधा कर रहे माफियाओं पर नकेल कसने में नाकाम रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि यूपी में लखनऊए फिरोजाबादए हापुड़ए मथुराए प्रयागराज समेत कई जगहों पर जहरीली शराब से मौतें हुई हैं। आगराए बागपत मेरठ में जहरीली शराब से मौतें हुई थीं। प्रियंका ने पूछा है कि आखिर क्या कारण है कि कुछ दिखावटी कदमों की बजाय सरकार जहरीली शराब के माफिआओं पर कार्रवाई करने में नाकाम रही है। कौन जिम्मेदार है। गौरतलब है कि राजधानी लखनऊ समेत राज्य के अन्य जिलों में जहरीली शराब के कारण जनहानि की घटनाओं में पिछले कुछ दिनो में इजाफा हुआ है। सरकार ने इस पर गंभीर रूख अपनाते हुये पुलिस को शराब माफिआओं के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुड़िया विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक- /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक नवम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भुड़िया वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़ा, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 21.11.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28.11.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विकेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ज्ञान सिंह के मकान से हरदीप के मकान तक इन्टरलाक निर्माण कार्य। | मु0 394560 रू0 | 10000 |
| 2 | प्रगट सिंह के मकान से जागीर सिंह के मकान तक इन्टरलाक निर्माण कार्य। | मु0 394560 रू0 | 10000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 21.11.2020 से 28.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी. जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम भुड़िया के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**पप्पी देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत-भुड़िया
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

**जितेन्द्र कुमार**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-भुड़िया
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## क्विक न्यूज

### महिला व छात्र ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार की रात दो अलग अलग अर्पाटमेंट में एक महिला व एक छात्र ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर। ओके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फसिटी सचिन कुमार सिंह के मुताबिक क्षेत्र के ड़ी2/801 गंगोत्री इन्क्लेव में अवध कुंज कालोनी गोला गोकरण नाथ जनपद लखीमपुर खीरी निवासी संजीव सिंह के ;16 वर्षीय बेटे ऋषभ ने पंखे से रस्सी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। पिता संजीव के मुताविक वो अपने परिवार के साथ यहां किराए पर रहते थे। उनका बेटा ऋषभ क्षेत्र के निजी विद्यालय में कक्षा ग्यारह का छात्र था। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नही हो सकी। वहीं कटरा बक्कास गांव निवासी राजन द्विवेदी के मकान में किराए पर रहने वाली टाड खेडा काकोरी निवासी रामलली;55द्ध ने बीमारी से तँग आकर छत के हुक से दुपट्टे से सहारे लटक कर शनिवार की दोपहर आत्म हत्या कर ली। देवर राकेश के मुताबिक वह बीमार चल रही थी। जिसके कारण आत्महत्या कर ली।

### बीएड काउंसलिंग में 29878 अभ्यर्थियों ने कराये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

लखनऊ। प्रदेश भर में बीएड में दाखिले को लेकर गत 19 नवम्बर से शुरू हुई ऑनलाइन काउंसिलिंग के बीच शनिवार शाम तक 29878 अभ्यर्थी काउन्सिलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। स्टेट कोआर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड.2020.22 के रैंक.धारक अभ्यर्थीए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाईट सावनदपअण्बणपद पर लॉगिन करके ;जहाँ से अभ्यर्थियों ने अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा थाद्ध काउन्सिलिंग हेतु अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराकर काउन्सिलिंग शुल्क जमा कर वांछित विश्वविद्यालयध्महाविद्यालय चुन सकते हैं।

### वाहनों के प्रदूषण की जांच कराना हुआ महंगा

**लखनऊ।** यूपी में वाहनों के प्रदूषण जांच कराना महंगा हो गया। दुपहिया से लेकर सभी तरह के वाहन मालिकों को प्रदूषण जांच के लिए अब दो गुना पैसा खर्च करना होगा। प्रदेश भर में ऐसे वाहनों की संख्या तीन करोड़ के आसपास है। प्रदूषण जांच की नई दरें एक जनवरी 2021 से प्रदेश भर में लागू होगी। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए गाड़ी मालिकों को अब अपनी जेब हल्की करनी पड़ेगी।

### जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा सप्ताह और कोविड 19 व मिशन शक्ति जागरूकता के तहत शनिवार को परिवहन विभाग ने कानपुर रोड स्थिति सीएमएस स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में शामिल हुए कर्मियों के अलावा चालक परिचालकों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए मास्क पहनना और भीड़ भाड़ से बचने की सलाह दी। एआरटीओ प्रवर्तन सतेंद्र यादव ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल वाहन नियमावली 2019 के बारे में विशेष तौर पर ड्राइवरों को जानकारी दी।

### एयरपोर्ट के पास पड़ा मिला कूड़ा, जताई नाराजगी

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट का नगर आयुक्त ने दौरा किया। दौरे के दौर ान एटीसी जाने वाले मार्ग पर कूड़े का ढेर पड़ा पाए जाने पर नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय कार्यदायी संस्था को कूड़ा और बालश्रम कराने पर कड़ी फटकार लगायी। बालश्रम पर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। वहीं एयरपोर्ट एथॉरिटी को कूड़ा उठाने का बिल भेजने का भी निर्देश दिया है। शनिवार को आलमबाग के ऐयरपोर्ट का नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एटीसी मार्ग पर कूड़ा पाया गया। कूड़ा एयरपोर्ट के पास के मार्ग पर कूड़ा देखकर नाराजगी जताई।

### गाड़ी खड़ी करने को लेकर मारपीट, बाजार कराया बंद

**लखनऊ।** अमीनाबाद थाना क्षेत्र मैं गाड़ी खड़ा करने को लेकर हीवेट रोड स्थित शिवाजी मार्ग पर विवाद हो गया। दबंगों ने टाइल्स व्यापारी की दुकान में घुसकर उसे जमकर पीटा और फरार हो गए। नाराज व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया। व्यापारियों ने मारपीट करने वाले श स को दबंग बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। व्यापारी ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने चेन लूटने की शिकायत की है। चोटिल व्यापारी को मेडिकल के लिए बलरामपुर अस्पताल भेजा गया है। मामला करीब साढ़े तीन बजे का है। शिवाजी मार्ग पर टाइल्स की दुकान के आगे गाड़ी खड़ा करने को लेकर व्यापारी अंकुर अग्रवाल और डॉण् मनीष प्रताप सिंह के बीच विवाद हो गया। व्यापारियों का आरोप हैकि अपने को हिंदू राष्ट्र मोदी सेना का प्रमुख बताने वाले इस व्यक्ति ने अपने साथ लाए आठ लोगों के साथ दुकान पर धावा बोल दिया।

# टॉपर्स से बोलीं राज्यपाल: सदैव राष्ट्रहित में हो विचारधारा

### विश्वविद्यालय के सौ वर्ष पूर्ण होने पर राज्यपाल ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने पदक व उपाधि पाने वाले छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सदैव श्रेष्ठता की चेष्टा करो, क्योंकि साधारणता के लिए कोई स्थान नहीं है। आपकी विचारधारा सदैव राष्ट्रहित में हो न कि राष्ट्र के खिलाफ और देश के सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह दिन वर्षों तक आप सबकी स्मृति पटल पर अंकित रहेगा। राज्यपाल शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के 63वे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। अपने दीक्षांत उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है इस दृष्टि से यह दीक्षान्त समारोह महत्वपूर्ण है। गौरवमयी उपलब्धियों को अपने में समेटे लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थाओं में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विशेष परिस्थितियों में नवीन तकनीकों के प्रयोग से छात्र.छात्राओं को ज्ञान.विज्ञान सुलभ कराने, उनके मनोबल को संबल प्रदान करने तथा उनमें सामाजिक चेतना का विकास करने में विशेष भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले यही छात्र इस गौरवशाली संस्था की विरासत को आगे ले जायेंगे। राज्यपाल ने कहा कि भारत की वैचारिक एवं शैक्षिक परम्परा प्राचीन है, परन्तु इस परम्परा में कई उतार.चढ़ाव आते रहे हैं। भारतीय परम्परा में भौतिकता संबंधी जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक चेतना का विकास भी हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व अधिक हैए क्योंकि वे ज्ञान के नये आयाम बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं का वातावरण उन्मुक्त होना चाहिए। छात्र.छात्राएं सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियों का न केवल भाग बनेंए बल्कि सतत् प्रबन्धन का हिस्सा भी बनें। इससे जानकारी के साथ दायित्वबोध भी बढ़ेगा। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय पूरा जीवन जीने की कला की कार्यशाला होते हैं। कुलाधिपति ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि इस नीति में नई ऊर्जा हैए नई राजनैतिक प्रतिबद्धता हैए बुनियादी शिक्षा हेतु मातृ भाषाओं पर बल हैए बहु.आयामिता हैए नवाचारों और शिक्षक प्रशिक्षण पर भी बल है। इसके साथ ही इस नीति की सबसे बड़ी विशेषता विषय चयन को लेकर है। मूल्यांकन की भी अधिक संवेदनशील व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा नीति देश को आगे ले जाने में अह्म भूमिका निभायेगी।कुलाधिपति ने कहा कि सुबह मैं जब राजभवन से निकली तो राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का फोन आया । मैंने बताया कि मैं विवि जा रही हूं। उन्होंने कहा कि मेरी ओर से सभी को बधाई देना। ज्ञानरूपी प्रकाश का विकास एलयू कर रहा है। शत वर्ष में लविवि पहुंचा है। 100 साल पूरा करने वाला नौवां विश्विद्यालय है। उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डा दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीक्षान्त समारोह का मतलब दीक्षा का अन्त नहीं होता है, बल्कि आज तक आपने जो शिक्षा प्राप्त की हैए उससे नये जीवन की शुरूआत होती है। आप लोग सत्य का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ें। यह विशेष अवसर संकल्प लेकर नई ऊचाइंयों को छूने का है। विश्वविद्यालय ने कोरोना काल में पठन.पाठन की आनलाइन व्यवस्था कर सराहनीय प्रयास किया है।लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने अपने सम्बोधन में विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।




### विविध कार्यक्रमों के नाम रहा तीसरा दिन, हर एक ने दर्ज कराई आमद

**लखनऊ** विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के तीसरे दिन शनिवार को परिसर में विविध कार्यक्रमो के माध्यम से हर एक नए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योग से लेकर दीक्षांत समारोह के बीच कई कार्यक्रम हुए तो वही सांस्कृतिकी भी अपनी अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रही।संतुलित आहार जीवन का महत्वपूर्ण आधार: विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थिति फ़ैक़ल्टी ऑफलॉ के प्रांगण में प्रात: काल 7रू30 बजे से वृहद योग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सन्तुलित खान पान के सम्बंध में योगाचार्यों ने बताया कि सात्विक एवम संतुलित आहार जीवन का महत्वपूर्ण आधार है भारतीय परम्परा की खान पान व्यवस्था शरीर के स्वास्थ्य एवं रोगों से बचाव में सर्वोत्तम हैं। उचित खान.पान से ही जीवन का निर्माण होता हैं अत: प्राकृतिक भोजन ही लेना चाहिए जिसमें मौसमी फ्ल सब्ज़ियों का अधिक उपयोग करना चाहिए क्योंकि मौसम विशेष में फ्ल और सब्जियों में उस मौसम में होने वाली बीमारियों का इलाज़ के लिए कुदरत इन फ्लों और सब्जियों में औषधि भी उत्तपन्न कर देती हैं। योगाभ्यास सत्र के दौरान प्रतिभागियों को आसान प्राणायाम, ध्यान, तथा विभिन्न प्रकार की योगिक मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान संधियों से सम्बंधित अभ्यास कराए गए इन अभ्यासों से संधिया स्वस्थ रहती हैं डाईबेटिस के रोगों के लिए अत्यंत उपयोगी आसान मंडूकासन का अभ्यास किया गया।


**त्रिवत, रासलीला चतुरंग के जरिये कत्थक ने सबका मन मोहा:** शताब्दी समारोह के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार की शाम भातखण्डे संगीत सम विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रह चुकी प्रो कुमकुम धर के नाम रहा। परिसर स्थित कला संकाय के प्रांगण में सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना प्रोफेसर कुमकुम धर जो सम्प्रति भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय में संकाय अधिष्ठाता हैं, ने कत्थक नृत्य अपने समूह के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वाति सिंह एवं प्रोफेसर निशि पांडेय ने द्वीप प्रज्वलन कर की। प्रोफेसर धर जो की भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय की पूर्व में कुलपति भी रह चुकी हैंए ने लखनऊ घराने के कत्थक नृत्य के कई आयाम दर्शकों के सम्मुख प्रस्तुत की। जिनमे से उल्लेखनीय रहे त्रिवतए रासलीला चतुरंग। तत्पश्चात राज्य मंत्री स्वाति सिंह ने छात्रों को ओजस्वी भाषण से प्रेरित किया।

# सूबे में चढ़ने लगा कोरोना का ग्राफ

### पूरे राज्य में 2236 कोरोना के नए केस, राजधानी में 343 और मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में धीरे-धीरे कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शनिवार को राजधानी में कोरोना के 343 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2236 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 23471 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3369 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7524 मरीजों की और राजधानी में 957 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 516,699 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2097 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 493ए228 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 11306 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 29, अलीगंज 12 गोमती नगर 37, रायबरेली रोड 17, आशियाना 11, विकास नगर 13, आलमबाग 17, चौक 14, हजरतगंज 10 महानगर 26, हसनगंज 10, चिनहट 11, मड़ियांव 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही दूसरी तरफ आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 111 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 111 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 63 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 48 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।




# बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर में जमा करोड़ों का सोना हुआ गायब

### प्रकाश में आने के बाद मचा हड़कंप, 2 सप्ताह तक मामले को पुलिस ने दबाए रखा

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी लखनऊ में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। चौक के कोनेश्वर चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर में जमा करोड़ों रुपये का सोना चोरी हो गया है। इसके पीछे बैंक के कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आ रही है। पीड़ित ने चौक कोतवाली में बैंक प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। खास बात यह है कि चौक पुलिस को इस घटना की जानकारी 26 अक्टूबर को हुई थी। बावजूद इसके आठ नवंबर को रिपोर्ट दर्ज की गई। दो सप्ताह तक पुलिस मामले को दबाए रही।

सराय माली खान चौक निवासी अमित प्रकाश बहादुर सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में रहते हैं। अमित प्रकाश के मुताबिक खुन खुन जी रोड चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में उनका व पिता डॉण् रविंद्र बहादुर और मां पुष्पा बहादुर का जॉइंट एकाउंट है। 30 अक्टूबर को डॉण् रविंद्र पत्नी पुष्पा के साथ बैंक में लॉकर देखने गए थे। बुजुर्ग दंपति लॉकर इंचार्ज स्वाति के साथ लॉकर रूम में पहुंचे। अमित के मुताबिक स्वाति ने लॉकर में चाबी लगा कर उसे खोलने की कोशिश कीए लेकिन सफ्ल नहीं हुई। स्वाति ने जब चाबी बाहर निकाली तो लॉकर का दरवाजा अपने आप खुल गया। लॉकर के भीतर ही पूरा लॉक सिस्टम खुला पड़ा था और उसमें रखे सोने के सिक्के व जेवरात गायब थे। अमित का कहना है कि लॉकर में उनके माता.पिताए पत्नी ए भाईए भाभी व बच्चों समेत पूरे परिवार का पुश्तैनी सोना रखा हुआ था। पीड़ित के मुताबिक कुल जेवरात का वजन करीब दो किलोग्राम था। पीड़ित परिवार ने 23 अक्टूबर को ही बैंक प्रबंधन से मामले की लिखित शिकायत की थी। प्रबंधन ने पीड़ितों को 26 अक्टूबर को बैंक आने के लिए कहा था। पीड़ित जब दोबारा बैंक पहुंचे थे तो प्रबंधन की ओर से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि बैंक प्रबंधन पीड़ितों से टालमटोल करने लगा। परेशान होकर अमित ने चौक कोतवाली पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत की। इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह के मुताबिक वर्ष 2018 से लॉकर को संचालित नहीं किया जा रहा था। इस दौरान कई कर्मचारियों का स्थानांतरण भी हुआ है। पीड़ित परिवार के करीब दौ सौ तोला जेवरात गायब है। मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# गेट बंद कर एलडीए में छापेमारी, मचा हड़कंप

### अनुभाग अफसर सहित हुए निलंबित, भूमाफिया के खिलाफ एफआईआर

### फाइलों में छेड़छाड़ कर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ स त कार्रवाई के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ वीसी ने बड़ी कार्रवाई की है। एलडीए वीसी द्वारा तीनों गेट बंद कर कार्यालय में पुलिस के साथ छापेमारी की है। एलडीए वीसी द्वारा फाइलों में टेपरिंग करने वाले कर्मचारी व विभाग में बैठने वाले भूमाफिया के खिलाफ गोमतीनगर थाने में एफआईआर करायी गयी। वहीं अर्जन विभाग के अनुभाग अफसर सहित दो कर्मियों निलंबित कर कड़ी कार्रवाई कर भ्रष्टाचारियों को सख्त संदेश दिया गया है। शनिवार को अचानक अधिकारियों की साइरन बजाती कई गाडियां एलडीए परिसर में घुसती हैं, आनन फानन में तीनों गेट बंद कर जनता को रोक दिया जाता है। यह देखकर अंदर और बाहर दोनों ओर हल चल बढ़ जाती है। पता करने पर मालूम हुआ है कि डीएम व एलडीए अभिषेक प्रकाश द्वारा एलडीए के कई विभागों में पुलिस के साथ छापेमारी की जा रही है। कई दिनों से एलडीए में अर्जन विभाग सहित दूसरे विभागों की फाइलों में छेड़छाड़ और गायब होने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद शनिवार को वीसी ने यह कदम उठाया। वीसी के निर्देश पर पुलिस कई विभागों में छानबीन की, जिसमें अर्जन विभाग के आधा दर्जन कर्मचारियों से पूछतांछ हुई है। जिनमें दो अनुभाग अधिकारी आनंद मिश्र और अमीन सत्येंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है। एलडीए वीसी के निर्देश पर कई कर्मचारियों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में तहसीलदार असलम ने भूमाफिया दिलीप सिंह बाफला सहित अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर करायी गयी। 170, 420 और 120 बी सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है।

### संयुक्त सचिव सहित 91 कर्मचारी गायब मांगा स्पष्टीकरण

**एलडीए** के निरीक्षण में संयुक्त सचिव रितु सुहास, नायब तहसीलदार सहित 91 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। एलडीए वीसी ने गायब कर्मचारियों का दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण सचिव से मांगा है। यही नहीं स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। निरीक्षण के दौरान विभागों लगे कैमरे बंद पाए गए, जिन्हे दो दिन के अंदर सक्रिय करने का निर्देश दिया गया है। वहीं विभाग में गायब कर्मचारियों की नियमित जांच न करने पर राजीव कुमारसिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया है।।






# समाज के प्रति अपना फोकस बढ़ाएं सिविल सेवा के अधिकारी

## मुख्यमंत्री ने पूर्व सिविल सेवा अधिकारी मंच और संकल्प फाउण्डेशन ट्रस्ट के संयुक्त आयोजन वार्षिक व्याख्यान माला वर्चुअल-2020 को किया सम्बोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारी यदि देश और समाज के प्रति अपना फोकस बढ़ाएंगे, तो उसके सुपरिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों को जनता के प्रति संवेदनशीलता बरतने के साथ.साथ अनुशासन का पालन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर पूर्व सिविल सेवा अधिकारी मंच और संकल्प फाउण्डेशन ट्रस्ट के संयुक्त आयोजन ष्वार्षिक व्याख्यान माला मे वर्चुअल सम्बोधित कर हे थे। उन्होने कहा कि सिविल सर्विसेज में आने वाले लोगों के पास कार्यपालिका की शक्तियां होती हैं। ऐसे में उन्हें संतुलित व्यवहार करने की आवश्यकता होती है। उन्हें स्वयं को प्रलोभनों से बचाना चाहिए। सिविल सेवकों को आम जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए उनसे जुड़ना चाहिए। उन्हें जनता के बीच अच्छी छवि बनाते हुए संवेदनशील प्रशासक बनना चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों को अपने कैरियर की शुरुआत सकारात्मकता से करनी चाहिए। उन्हें भारतीय मूल्यों को समझते हुए अपनी सोच में अध्यात्म का समावेश करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक जीव है। अध्यात्म व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण करता है। सकारात्मकता स्पष्ट दिशा देती है। इससे लक्ष्य तय करने में कोई सन्देह नहीं रहता। उन्होंने कहा कि आदि गुरू शंकराचार्य आध्यात्मिक सोच का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। भिक्षा भारत की परम्परा का दिव्य गुण है। इससे भिक्षा देने वाले और भिक्षा लेने वालेए दोनों का अहंकार समाप्त होता है। प्रशासनिक अधिकारियों के मन में यह भाव आना चाहिए कि वे जनता की सेवा के लिए हैं। अधिकारियों को फिजूलखर्ची से भी बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मा जीवन्त भाव है और राम राज्य आदर्श व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी का स्वप्न था भारत में राम राज्य की स्थापना। भारत के संविधान में भी इसका उल्लेख है। राम राज्य में तीनों प्रकार के ताप-आध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभौतिक का उन्मूलन उल्लिखित है। भगवान श्रीराम जनता की भावनाओं के प्रति अति संवेदनशील थे।

# कोविड की जंग जीतने को दो कदम आगे सोचें: सीएम

**लखनऊ( पीएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना की जंग जीतने के लिए इससे दो कदम आगे की सोच रखे जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से दिल्ली में कोविड.19 की सेकेंड वेव के मद्देनजर प्रदेश में पूरी सतर्कता बरती जाए। कोविड.19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि कोविड.19 से बचाव के संबंध में लोगों को लगातार जागरूक किया जाए। इस काम में उपयोग किए जा रहे पब्लिक एड्रेस सिस्टम को और सक्रिय किया जाए। कोविड.19 से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए गृहए ग्राम्य विकास, नगर विकास, राजस्व, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास विभागों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लोग मास्क को अनिवार्य रूप से लगाएं, इसके लिए प्रत्येक जिले में डीएम, एसएसपी व एसपी और सीएमओ के साथ विभिन्न संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ एक बैठक करें। उन्होंने मास्क न पहनने वालों पर प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। कोविड.19 की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखकर प्रदेश में टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो बदमाश घायल, सात गिरफ्तार

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी में शुक्रवार देर रात पीजीआइ और काकोरी इलाके में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मुठभेड़ में सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ की सूचना पर थाने की फोर्स के साथ ही आलाअफसर भी मौके पर पहुंच गए। घायल बमदाशों अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीजीआइ क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी सेक्टर आठ में हुई मुठभेड़ पीजीआइ क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी सेक्टर आठ में शुक्रवार रात दो बाइकों पर सवार तीन बदमाश जा रहे थे। पुलिस ने संदिग्ध जानकर उन्हें रोकने का प्रयास किया तो पुलिस पर फायरिंग करने लगे। सूचना पर पीजीआइ थाने और क्राइमब्रांच की टीम पहुंच गई। पुलिस ने घेराबंदी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने भाग रहे उसके दो अन्य साथियों को भी धर दबोचा।

# आग की लपटों ने उजाड़ा गरीब का आशियाना

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**मऊ** गांव में शुक्रवार को झोपड़ी में लगी आग ने सिलबट्टे बेंचकर गुजारा कर रहे परिवार का आशियाना उजाड़ दिया। आग की लपटों ने कुछ देर में ही झोपड़ी में रखा घर-गृहस्थी का सारा सामान जलाकर खाक दिया। आसरा छिन जाने से बर्फीली हवाएं सारा दिन बेबस परिवार को नश्तर चुभोती रहीं। शाम को पहुंचीं प्रशासन की टीम ने राहत सामग्री दी तब जाकर गरीब परिवार के घर चूल्हा जल सका। मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी रामू और रामबहादुर नहर रेगूलेटर के निकट झोपड़ी बनाकर रहते हैं। महिलाएं घर में सिलबट्टे बनाने में पुरूषों की मदद करती हैं। जिन्हें बेंचकर परिवार का गुजारा चलता है। बेटी की शादी की वजह से शनिवार को रामबहादुर का परिवार वहां मौजूद नहीं था। रामू सिलबट्टे बेंचने गया था और उसकी पत्नी मनीषा तीन साल के मासूम बेटे प्रिन्स को लेकर शौच के लिए गई थी। इसी बीच किसी ने रामू की झोपड़ी में आग लगा दी। आग की लपटों ने कुछ देर में ही रामू की झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सारा सामान, कपड़े और अनाज तक सबकुछ जलाकर नष्ट कर दिया। जबकि रामबहादुर की झोपड़ी भी जलकर राख हो गई। वापस लौटी मनीषा ने चारों तरफ धुआं ही धुआं देखा तो वह गश खाकर गिर पड़ी। जानकारी पाकर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाकर मनीषा को ढ़ाढस बंधाया। सूचना पुलिस तक पहुंची तो इंस्पेक्टर जीडी शुक्ल भी दलबल के साथ पहुंच गए। सबकुछ तबाह देखकर रोती बिलखती मनीषा तो पुलिस ने समझाबुझाकर शान्त कराया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## 15 नव दंपतियों को दी गई नई पहल किट

**लखनऊ।** खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन शनिवार को शहरी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पर अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने किया। साथ ही साथ आज पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का भी शुभारंभ किया गया। इस बार पखवाड़े की थीम परिवार नियोजन में पुरुषों की साझेदारी जीवन में लाए स्वास्थ्य और खुशहाली रखी गई है। अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा अपेक्षित है कि प्रदेश की सभी इकाई में 21 तारीख को पहुंच रहे सभी दंपतियों को परिवार नियोजन पर परामर्श एवं सारी परिवार नियोजन सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही साथ इस कार्यक्रम के तहत पुरुषों की भी भागीदारी पखवाड़े के माध्यम से बढ़ोतरी दिखेगी। आज 15 नव दंपतियों को नई पहल किट भी दी गयी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम के स्टॉल क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय टीकाकरण, परिवार नियोजन कार्यक्रम का निरीक्षण अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा किया गया।

## नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक द्वारा चिकित्सालय में भर्ती गर्भवती तथा धात्री महिलाओं का कुशल क्षेम पूछा गया। चिकित्सालय में उपलब्ध सेवाओं के लिए संतोष व्यक्त करते हुए मिशन निदेशक द्वारा निर्देशित किया गया की समस्त प्रकार सुविधा सभी प्रकार के लाभार्थियों को उपलब्ध हो यह सुनिश्चित की जाए।

# कोरोना से निपटने के लिए 75 जनपदों में बनेंगे स्टैटिक बूथ: अमित मोहन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दिल्ली** में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए प्रदेश में इससे निपटने के लिए राज्य सरकार ने प्रभावी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा है कि संक्रमण नियंत्रित करने के लिए सभी 75 जनपदों में स्टैटिक बूथ बनाए जाएंगे। इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगाए जिससे कोई भी व्यक्ति कोरोना लक्षण महसूस होने पर इन बूथों पर जाकर अपनी जांच करा सके।

अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक किसी भी व्यक्ति को यदि कोरोना का लक्षण नजर आए तो वह तत्काल इन स्टैटिक बूथों पर जाकर अपनी जांच करा सकेगा। वहीं संक्रमण की पुष्टि होने पर स्वयं को आइसोलेट कर ले। वह अस्पताल या होम आइसोलेशन का विकल्प चुनकर अपना इलाज करा सकता है। यही संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने का तरीका है। अगर संक्रमित व्यक्ति की पहचान नहीं होगी तो वह और लोगों को भी संक्रमित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में सर्विलांस बेहद कारगर उपाय है। संक्रमितों की पहचान करने में इसका बेहतर परिणाम सामने आए हैं। इसलिए प्रदेश सरकार ने अब और अहम निर्णय किया है कि सर्विलांस पर और अधिक फोकस किया जाए। इसके लिए सभी जनपदों को यह निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि वह पिछले दस दिनों में संक्रमण के जो मामले आए हैं उनकी अपनी जिले के नक्शे पर मैपिंग करे। ताकि यह पता चले कि शहर के किस इलाके से ज्यादा संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। इसके बाद उन इलाकों में जहां ज्यादा मामले आ रहे हैं वहां पर फोकस सर्विलांस किया जाए। इसमें जल्दी से जल्दी जो लक्षणात्मक व्यक्ति हैं उनकी जांच करवाई जाए।


## कार्यालय उपजिलाधिकारी तहसील सदर, जिला फतेहपुर

पत्रांक : 1198/र0का/मत्स्य पालन पट्टा नीलामी/2020-21 दिनांक : 21 नवम्बर 2020

### प्रेस विज्ञप्ति/मत्स्य पालन पट्टा नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन हेतु ग्राम में निहित तालाबों/पोखरों/मीनाशयों एवं जल प्रणालियों का मत्स्य पालन पट्टा आंवटन हेतु पात्र व्यक्तियों के मध्य नीलामी राजस्व संहिता नियमावली-2016 राजस्व अनुभाग-1-संख्या 170/एक-1-2016-15 (1) 1998-99 दिनांक-16.02.2016 में निहित प्राविधानों के अधीन एवं मत्स्य पालन का सम्यक लाभ वरीयता क्रम में मछुआ समुदाय के व्यक्तियों तथा गरीबी रेखा के नीचे के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग अथवा सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों को दिये जाने हेतु दिनांक-25.11.2020 व 27.11.2020 को तहसील सभागार सदर फतेहपुर में की जायेगी। नीलामी की बोली मु0 5000 रु0 प्रति हेक्टेयर व 2 हेक्टेयर से अधिक की नीलामी 10000 रू0 प्रति वर्ष की दर से होगी।

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | विकास खण्ड | तालाब/पोखर/मीनाशय/ जल प्रणालियों का विवरण: गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे.) में | आरक्षित भूमि की धनराशि 5000 रु0 प्रति हे0 प्रतिवर्ष | नीलामी की तिथि व समय | नीलामी की बोली बोलने की जमानत धनराशि आरक्षित बोली का 10 प्रतिशत | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मलांव | हसवां | 788 | 0.6600 | 3300 | 25.11.20 | 330 | तहसील सभागार फतेहपुर |
| 2 | रामपुर थरियांव | हसवां | 3258 | 0.4200 | 2100 | 25.11.20 | 210 | |
| 3 | सरांय उदई | भिटौरा | 524 | 0.6100 | 3050 | 25.11.20 | 305 | |
| 4 | असोथर | असोथर | 889 | 0.5580 | 2790 | 25.11.20 | 279 | |
| 5 | भदनी दौदियापुर | तेलियानी | 85 | 2.0080 | 20080 | 25.11.20 | 2008 | |
| 6 | जलालपुर इटौली | भिटौरा | 184 | 0.9070 | 4535 | 25.11.20 | 454 | |
| 7 | महादेवपुर | भिटौरा | 482क | 0.3230 | 1615 | 25.11.20 | 162 | |
| 8 | बस्तापुर | भिटौरा | 346 | 0.2800 | 1400 | 25.11.20 | 140 | |
| 9 | मवई | भिटौरा | 1648 | 0.9389 | 4695 | 25.11.20 | 470 | |
| 10 | शाहपुर कोढइया | भिटौरा | 195 | 0.3300 | 1650 | 25.11.20 | 165 | |
| 11 | भगवन्तपुर | तेलियानी | 156 | 0.2700 | 1350 | 25.11.20 | 135 | |
| | | | 133मि0 | 0.2500 | 1250 | | 125 | |
| | | | 354 | 0.7610 | 3805 | | 381 | |
| 12 | टीकर | हसवां | 85 | 0.8000 | 4000 | 25.11.20 | 400 | |
| 13 | बनरसी | बहुआ | 878 | 0.4210 | 2105 | 25.11.20 | 211 | |
| 14 | कठवारा | बहुआ | 86च | 0.1500 | 750 | 25.11.20 | 86 | |
| | | | 86ङ | 0.1620 | 810 | | 81 | |
| | | | 86ख | 0.2020 | 1010 | | 101 | |
| | | | 86ग | 0.0810 | 405 | | 41 | |
| | | | 86घ | 0.0410 | 205 | | 21 | |
| | | | 5किता | 0.6360 | 3180 | | 318 | |
| 15 | मंझूपुर | तेलियानी | 108 | 0.4100 | 2050 | 25.11.20 | 205 | |
| 16 | गाजीपुर | बहुआ | 296मि0 | 2.1096 | 21096 | 25.11.20 | 2110 | |
| | | | 295घ | 0.8447 | 4224 | | 422 | |
| | | | 2559 | 2.3500 | 23500 | | 2350 | |
| | | | 277क | 0.4291 | 2146 | | 215 | |
| | | | 2776 | 0.3561 | 1781 | | 178 | |
| 17 | नवीपुर | भिटौरा | 3ख | 0.3100 | 1550 | 25.11.20 | 155 | |
| 18 | अब्दुल्लापुर घूरी | भिटौरा | 227 | 0.8460 | 4230 | 25.11.20 | 423 | |
| 19 | बरई बुजुर्ग | भिटौरा | 314क | 0.6170 | 3085 | 27.11.20 | 309 | |
| 20 | अयाह | बहुआ | 1445 | 0.4100 | 2050 | 27.11.20 | 205 | |
| 21 | जगन्नाथपुर | तेलियानी | 171 | 0.5020 | 2510 | 27.11.20 | 251 | |
| 22 | पमरौली | बहुआ | 298 | 0.4290 | 2145 | 27.11.20 | 215 | |
| | | | 80 | 0.9630 | 4815 | 27.11.20 | 482 | |
| 23 | सरकण्डी | असोथर | 1872 | 1.1900 | 5950 | 27.11.20 | 595 | |
| 24 | कंधिया | असोथर | 292/2 | 1.8940 | 9470 | | 947 | |
| | | | 427 | 0.5750 | 2875 | | 288 | |
| | | | 106/2 | 0.5540 | 2770 | | 277 | |
| 25 | गेण्डुरी | हसवां | 377ग | 0.4290 | 2145 | 27.11.20 | 215 | |
| 26 | दीवानीपुर | तेलियानी | 145 | 0.5030 | 2515 | 27.11.20 | 252 | |
| 27 | कोण्डार | असोथर | 705 | 0.0650 | 325 | 27.11.20 | 33 | |
| | | | 707 | 0.0810 | 405 | | 41 | |
| | | | 708 | 0.0730 | 365 | | 37 | |
| | | | 709 | 0.0490 | 245 | | 25 | |
| 28 | सांखा | बहुआ | 1531ङ. | 9.0570 | 90570 | 27.11.20 | 9057 | |
| 29 | बनकटा | बहुआ | 104ख | 0.2510 | 1255 | 27.11.20 | 126 | |
| 30 | सुकुई | हसवां | 392ख | 0.4130 | 2065 | 27.11.20 | 207 | |
| 31 | परशुरामपुर | तेलियानी | 393 | 0.3300 | 1650 | 27.11.20 | 165 | |
| | | | 512 | 0.0740 | 370 | | 37 | |
| | | | 513 | 0.1320 | 660 | | 66 | |
| | | | 514 | 0.1810 | 905 | | 91 | |
| 32 | प्रेममउ कटरा | असोथर | 681 | 0.2020 | 1010 | 27.11.20 | 101 | |
| 33 | हासिमपुर भेदपुर | हसवां | 261 | 0.4130 | 2065 | 27.11.20 | 207 | |
| 34 | बावन | बहुआ | 84 | 2.2910 | 22910 | 27.11.20 | 2291 | |
| 35 | बड़नपुर | हसवां | 901ख | 0.7280 | 3640 | 27.11.20 | 364 | |
| | | | 901ग | 0.4120 | 2060 | | 206 | |
| 36 | जिन्दपुर | बहुआ | 384मि0 | 0.5990 | 2995 | 27.11.20 | 300 | |
| 37 | सेमौरा | भिटौरा | 743ख | 1.8050हे0 | 9025 | 27.11.20 | 902 | |
| | | | 902ख | 1.4960 | 7480 | | 748 | |

**नीलामी प्रक्रिया में बोली की पात्रता व शर्तें**

1. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता एवं शर्त उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 के राजस्व अनुभाग-1 के संख्या 170/एक-1-2016-15(1)1998-99 दिनांक-10.02.2016 के अनुरूप होगी जो कि तहसील मुख्यालय/राजस्व परिषद की वेबसाईट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. पट्टे की शर्तें एवं नीलामी से सम्बन्धित जानकारी कार्यालय तहसील सदर से अवकाश दिवसों को छोडकर किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।
3. पट्टे की नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय एवं जाति व निवास प्रमाण पत्र (6माह से पुराना न हो) प्रस्तुत करना होगा।

उपजिलाधिकारी
सदर-फतेहपुर



## कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी

पत्रांक : 264/नं0पं0ब0/रा0वि0आ0/निविदा/2020-21 दिनांक- 21.11.2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय खीरी के पत्र संख्या 532/21एम/कार्यवृत्ति-लखीमपुर-वरवर/एलबीसी, दिनांक 19.11.2020 द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत अधोलिखित निर्माण कार्य कराये जाने है, जिस हेतु मुहरबंद निविदाये कार्यालय मे दिनांक 09.12.2020 को दोपहर 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन निविदादाता के समक्ष दोपहर 03:00 बजे खोली जावेगी। निविदा फार्म कार्यालय से निविदा प्रकाशन की तिथि से 08.12.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में नकद मूल्य पर क्रय किये जा सकते है, सम्बन्धित कार्य के निविदा फार्म के साथ समस्त दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। निकाय द्वारा कराये जाने वाले कार्यों का विवरण निम्नवत् है-

| क्रमांक | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0 एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मो० मोलवीगंज में वाउन्डीवाल का निर्माण कार्य | 196900.00 | 4000.00 | 200.00 | 1 माह |
| 2 | मो० मोलवीगंज मे इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य | 320800.00 | 6500.00 | 350.00 | 1 माह |
| 3 | मो0 मोलवीगंज में टीनशेड का कार्य | 497900.00 | 10000.00 | 500.00 | 1 माह |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. अलग-अलग कार्यों की निविदा की धनराशि अलग-अलग निविदा फार्म के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक एफ0 डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगरपंचायत वरवर के पदनाम से बंधक हो के रूप मे संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक कार्य की शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 निविदा स्वीकृति के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात की कार्यादेश निर्गत किया जावेगा।
3. किसी एक या समस्त निविदाओं को विना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत वरवर में निहित होगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रूपये के स्टाम्प पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता का श्रम विभाग में पंजीकरण व जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र, संलग्न करना अनिवार्य है।
6. ईपीएफ तथा ईएसआई प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
7. अन्य जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस मे ज्ञात की जा सकती है।

(सपना भारद्वाज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत वरवर खीरी

(नसरीन वानो)
अध्यक्ष
नगर पंचायत वरवर खीरी


## शैक्षिक गुणवत्ता के साथ चरित्र निर्माण भी कर रहा श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय



**लखनऊ।** जहां शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ठ स्तर की कार्यकुशलता के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है। यहां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुरूप पठन-पाठन कार्य संचालित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें राष्ट्र और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप सांचे में ढालने का कार्य पिछले कई वर्षों से अनवरत किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अपनी स्थापना से ही शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ छात्रों में चरित्र निर्माणए साहस एवं देश प्रेम जैसे गुणों का विकास करने का विशेष ख्याल रखा गया है। एन सी सी का लक्ष्य युवाओं में चरित्र निर्माण कामरेडशिप अनुशासन धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण साहस की भावना तथा स्वयंसेवा के आदर्शों को विकसित करना है। इसके अलावा इसका उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्वगुणों के साथ संगठित प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक पूल बनाना है जो राष्ट्र की सेवा करेंगे चाहे वे किसी भी कैरियर का चयन करें।कहने की जरूरत नहीं कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवा भारतीयों को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। अपने इसी उद्देश्य के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा 2014 में एन सी सी के गर्ल्स विंग की स्थापना की गयी थी इसमें शामिल अनेकों कैडेटों द्वारा किये गए प्रशंसनीय कार्यों से विश्वविद्यालय गौरवान्वित होता रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा एन सी सी की यूपी 63 बटालियन के अनुमोदन के पश्चात बॉयज विंग का आरम्भ किया गया विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के इच्छुक छात्रों को पंजीकरण हेतु आमंत्रित किया गया। इसी क्रम में लगभग 200 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण हेतु रूचि दिखाई तथा बड़ी संख्या में आकर चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया एनसीसी के अधिकारियों की उपस्थति में उक्त छात्र विभिन्न शारीरिक गतिविधियों तथा लिखित परीक्षा में शामिल हुए इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ अजय प्रकाश द्वारा उपस्थित एन सी सी के अधिकारियों का सम्मान तथा चयन हेतु आये छात्र समूह का उत्साहवर्धन किया गया विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोयूकेसिंह उपकुलसचिव मुनीश मल्होत्रा एवं अन्य शिक्षक तथा कर्मियों की उपस्थति में कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## रोडवेज कर्मचारी आरपार की लड़ाई के मूड में

**लखनऊ।** मार्गों के निजीकरण और 50 प्रतिशत लोड फैक्टर के विरोध में रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर के साथ ही कर्मचारी अब आर.पार की लड़ाई करने की तैयारी कर रहे हैं। जिसे लेकर शनिवार कैसरबाग बस अड्डे पर कर्मियों ने प्रदर्शन किया। रोडवेज प्रबंधन के विरोध में कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। कैसरबाग में रोडवेज संयुक्त कर्मचारी परिषद के शाखा अध्यक्ष रजनीश मिश्रा ने बताया कि निजीकरण का विरोध लगातार जारी रहेगा। इसके लिए रोजाना बस अड्डे पर प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक तरफयात्रियों का अभाव है वहीं रोडवेज प्रशासन ड्राइवरों और कंडक्टरों से 50 प्रतिशत लोड फैक्टर लाने के लिए दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक कोरोना संक्रमण पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाता है तब यह 50 प्रतिशत का दबाव खत्म किया जाना चाहिए।

## पंजाब नैशनल बैंक ऋण मुक्ति शिविर आयोजित करेगा

**लखनऊ।** 25 नवंबर को विशेष ऋण मुक्ति शिविर पंजाब नैशनल बैंक आयोजित करेगा पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय लखनऊ पश्चिम अपने सभी एनपी खाताधारकों हेतु विशेष ऋण.मुक्ति योजना के अंतर्गत छूट के लिए दिनांक 25.11.2020 को शाखा, 10 ए अशोक मार्ग लखनऊ में विशेष शिविर का आयोजन कर रहा है। इस शिविर में सभी एनपीए खाताधारक अधिक से अधिक छूट का लाभ उठा सकते हैं तथा अपने ऋण से मुक्ति पा सकते हैं। यह बैंक की एक विशेष योजना है जो सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है।

## कंधे पर स्टार लगाकर दी प्रोन्नति की बधाई



**लखनऊ।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन पीसी मीना ने अपने कार्यालय में नियुक्त उपनिरीक्षक गोपनीय रोशन लाल को पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर उनके कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने पुलिस महकमे के तीन सौ से ज्यादा उपनिरीक्षकों को प्रोन्नत किया है। उन्हें वर्तमान तैनाती पर ही निरीक्षक बनने के आदेश भी जारी कर दिए हैं।


## मास्क उचित दूरी जागरूकता ही है कोरोना से बचाव श्रीश मिश्रा

**बख्शी का तालाब (लखनऊ)।** वैश्विक महामारी के रूप में फैली कोरोना बीमारी से जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है । हम सभी को मास्क सामाजिक दूरी नियमित हाथों का धुलना भीड़ भाड़ वाले इलाकों से परहेज आदि नियमों का पालन करके इस महामारी से बचा जा सकता है । बीकेटी नगर पंचायत में कोरोना से बचाव के लिये जागरूकता रथ की रवानगी के अवसर पर अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्रा बोल रहे थे । कार्यक्रम संयोजक योगेंद्र राजपूत ने बताया केविड जागरूकता के तहत इन रथों से लोगो को इससे बचाव के उपाय बताएं जाएंगे । इसके साथ पर्चो का वितरण किया जायेगा । जागरूकता रथों को वाटर एड नगर पंचायत के सहयोग से विज्ञान फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है । जिसका उद्देश्य पंचायत के समस्त नागरिकों को इस महामारी से बचाव के साथ सगे संबंधियों की रक्षा करना है ।

## ब्रेस्ट कैंसर सपोर्ट ग्रुप का प्रतिनिधिमण्डल सपा मुखिया से मिला

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को पार्टी मुख्यालय में ब्रेस्ट कैंसर सपोर्ट ग्रुप के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की और कैंसर मरीजों को सपोर्ट सुविधा देने हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी। सपा प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ ब्रेस्ट कैंसर सपोर्ट ग्रुप के प्रमुख डॉ आनंद कुमार मिश्राए जो किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के शताब्दी अस्पताल में इन्डोक्राइन सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा प्रोफेसर हैए ने बताया कि कोविड-19 के दौर में कैंसर की समस्या बढ़ी है। भाजपा राज में इस सम्बंध में उदासीनता बरती जा रही है। एक रूपए के पर्चे पर कैंसर की जांच और इलाज की सुविधा समाजवादी सरकार ने दी थी। अब कैंसर का इलाज मंहगा हो गया है। मेडिकल कालेज में जो 9 विभाग समाजवादी सरकार में मिले थे वहीं चल रहे है। भाजपा सरकार ने कोई नया विस्तार नहीं किया है। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि चिकित्सकों को समाज में अपेक्षित सम्मान मिलना चाहिए। समाजवादी सरकार बनने पर महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर रोग के निदान की दिशा में विशेष प्रबंध होंगे और पर्याप्त सुविधाएं दी जाएंगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ उनको और ज्यादा जनोपयोगी बनाया जाएगा। लखनऊ ब्रेस्ट कैंसर सपोर्ट के प्रतिनिधि मण्डल में प्रोफेसर डॉ आनंद मिश्रा, विभागाध्यक्ष इंडोक्राइन सर्जरी केजीएमयू, श्रीमती अंजना मिश्रा चीफकोआर्डिनेटर, डॉ कुल रंजन सिंह, आदित्य मिश्रा, नीरज सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ क्षितिज पाण्डेय, विशाल चंद्रा, प्रत्यूश शर्मा, क्षितिज कुमार, अभय निर्भीक, प्रशांत विजय सिह एवं सिद्धार्थ मिश्रा शामिल थे।

## नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल कम्पटीशन में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-5 के मेधावी छात्र समर्थ तयाल ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन द्वारा किया गया। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 1500 विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने मेंटल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## जन्मदिन पर राज्यपाल ने 80 वर्ष से ऊपर की अशक्त महिलाओं की रिहाई का प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को नारी बन्दी निकेतन गोसाईगंज पहुंची प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सरकार को 80 वर्ष से ऊपर की अशक्त महिलाओं की रिहाई का प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने दो घंटे से अधिक समय तक बंदियों के बीच बिताकर उनके दुःखए कष्ट एवं किये गये अपराध के बारे में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने पाकशाला में कैदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन का निरीक्षण किया एवं जेल चिकित्सालय में भर्ती गम्भीर रूप से बीमार कैदियों से भी मुलाकात की। राज्यपाल ने महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही वस्तुओं को भी देखा। राज्यपाल को बताया गया कि यहां की बंदी महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे सेनेटरी पैड को बाहर भी भेजा जाता है।

# बेहतर ढंग से निबटना होगा आतंकवाद से

चूंकि वैश्विक स्तर पर धार्मिक रूप से अभिप्रेरित हमले बढ़ते जा रहे हैं, इस अवधारणा को त्यागना होगा कि एक के लिए आतंकवादी दूसरे के लिए स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है।

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर हैं।)



विएना में हुई गोलीबारी की घटनाएं धार्मिक अस्मिता के जानबूझकर किए जाने वाले गलत निर्वचन के घृणित परिणाम हैं। इस प्रकार के विमर्श की परिणिति फ्रांस में इतिहास के एक शिक्षक का सिर काटे जाने एवं नाइस में तीन निरपराध लोगों को चाकू मारे जाने आदि हिंसक घटनाओं के रूप में हुई है। इन सभी घटनाओं से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि पश्च-आधुनिक आतंकवाद आमतौर से सारे विश्व तथा खासकर यूरोप में प्रभावी होने की संभावना है। ये हमले उन बहुत से सामाजिक-राजनीतिक एवं वैश्विक मुद्दों की याद दिलाते हैं जिनसे यूरोप का सामना हुआ है। आस्ट्रियाई चांसलर सेबास्टियन कुर्ज ने पहले ही जो हटिंगटन के सभ्यताओं के संघर्ष सिद्धांत की ओर संकेत किया था वह सच होता नजर आ रहा है। उसने एक इस्लामवादी आतंकी द्वारा किए गए आतंकी हमले को हमारी जीवन शैली, हमारे लोकतंत्र के प्रति घृणा भाव से प्रेरित करार दिया।

धार्मिक रूप से प्रेरित ऐसे प्रतिकारी हमलों में बढ़ोतरी आतंकवाद के एक घातक दौर के आरम्भ का सूचक है। यूरोप की सीमाओं पर आब्रजन एवं मानव तस्करी के उठते ज्वार ने फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के समक्ष गंभीर प्रचालन सामग्री संबंधी एवं सुरक्षा चुनौतियां पेश की हैं। निस्संदेह ये यूरोप के नेताओं के लिए निर्धारक पल हैं। अब समय आ गया है कि देशों द्वारा समस्या का सामने से मुकाबला करने के लिए परिष्कृत कार्यतंत्र विकसित करें क्योंकि इसने पहले से ही विविध देशों के बीच तनाव को जन्म दिया है और वैश्विक स्तर पर मानव व्यापार एवं शरणार्थियों की समस्या को पेचीदा बना दिया है। कुछ इलाकों में, प्रवासियों एवं शरणार्थियों की समस्याओं का परिणाम तंग हालत के रूप में सामने आया है। शरणार्थियों का प्रवाह, जो अफगानिस्तान व उजबेकिस्तान में व्याप्त अशांति के कारण भागकर आए हैं, उन्होंने मध्य एशिया गणतंत्रों में विद्यमान हिंसा व अपराध की समस्याओं में नए आयाम जोड़ दिए हैं। वैश्वीकरण के दौर में, दुनिया छोटी व एकीकृत होती जा रही है लेकिन अपने अंदरूनी विरोधाभासों के कारण, यह टुकड़ों में विभाजित होकर अत्यधिक साम्प्रदायिक स्थान का रूप लेती जा रही है।

हालिया घटनाओं को अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता। इतिहास ऐसी विविध त्रासद घटनाओं का गवाह रहा है। चंद वर्ष पूर्व, ओकलाहोमा शहर में नागरिकों पर बमबारी, जिसमें 200 लोग हताहत हुए थे, ने दुनियाभर को हिला दिया था। टोक्यो के उक उपमार्ग पर मुख्य ट्रेन स्टेशन में हुए एक रहस्यात्मक गैस हमले में 12 लोग मारे गए और लगभग 5,000 घायल हुए थे। इससे भी खतरनाक संकेत मिलते हैं। ऐसे सभी कृत्य उन योजनाओं के हिंसक चरम परिणितियां थीं जिन्हें आतंकवादियों द्वारा सावधानीपूर्वक अंजाम दिया गया था। इसी प्रकार, भारत, रूस, स्पेन, यूके, अमेरिका, इटली, इस्त्राइल, और चीन समेत दुनिया के अधिकतर देश किसी न किसी प्रकार आतंकवादी गतिविधियों के कारण मुसीबतें झेल रहे हैं। यद्यपि हिंसा स्वयं में निंदनीय है, शायद ही कभी कोई आतंकवादी हमला शून्य प्रभाव वाला होता है, जिसका कोई गहन प्रभाव न पड़ता हो। और हिंसा का ढांचा प्राय: समाज तथा सामाजिक दशाओं में स्थित होता है, जो न केवल उन्हें पैदा करती हैं बल्कि पोषित एवं पुनर्स्थापित भी करती हैं। हिंसा की पुनरावृत्ति समाज के राज निकाय का लक्षण होती है, जो विविध खतरों एवं तनावों से परिपूर्ण होती है।

प्राय:, सामाजिक दशाएं जो संघर्षों को जन्म देती हैं उनके बाहरी निर्देशांक होते हैं। बहुत से विशेषज्ञों के लिए धार्मिक रूप से प्रेरित सोच से प्रेरित आतंकवाद से निबटने, उन नई चुनौतियों के कारण है जो पश्च आधुनिक जगत के सामने आ रही हैं और इनका कारण वे अतीत की गलतियां हैं कि काले को तब तक काला नहीं कहा गया जब तक मुसीबत स्वयं उनके पिछवाड़े आकर खड़ी नहीं हो गई। बहुत से समाज विज्ञानियों के लिए एक वैश्वीकृत जगत में आतंकवाद से निबटना, शक्ति की मिति अत्यधिक दृश्य, अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के असमान ढांचे पर निर्भर करता है। विश्व के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक-आर्थिक दशाओं के बीच ऐसे अंतरसंबंध दैनिक रूप से और अधिक स्वाभाविक होते जा रहे हैं। एक अन्य स्तर पर, पश्च शीत युद्ध अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था अभी भी शक्ति के खेल की शिकार है जो दुनिया पर तत्कालीन बड़ी ताकतों ने थोपा था। संपूर्ण पश्चिमी एशियाई क्षेत्र में अमेरिका व उसके सहयोगी देशों द्वारा बुने गए शक्ति संजाल ने लगभग प्रत्येक राज्य में

> **बदलते परिवेश में, सुरक्षा तंत्र एवं पुलिस को आतंरिक सुरक्षा बनाए रखने के मामले में दशकों के अनुभव पर आधारित तकनीकी एवं पेशेवर विशेषज्ञों को साथ लाकर गतिविधियों का विविधीकरण करना चाहिए। जब तक हम आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार नहीं करते, हमें केवल सतही किस्म की राहत ही मिल पाएगी और आतंकवाद का कुल परिणाम बढ़ता जाएगा।**

विरोधी ताकतों के आक्रोश को भड़काया जहां अमेरिका के स्वार्थ आधारित संबंध थे। इस प्रकार, क्योंकि समाज वैश्वीकृत हुए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी अंतर-समाजीय अंतरक्रियाओं के द्वारा अपारदर्शिता के आवरण हटाए गए, अल्प विकसित देशों में लोग अपनी निम्न सामाजिक-आर्थिक दशा के लिए बड़ी ताकतों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। सारी दुनिया में चंद देशों द्वारा समर्थित आतंकवादी संगठनों के बीच एक सुगम सहयोग का अंतरराष्ट्रीय संजाल रहा है। उदाहरण के लिए, कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान की संलिप्तता तथा जापान की रेड आर्मी का इटली की रेड ब्रिगेड के साथ सहयोग को ही ले लीजिए। कभी-कभी यह मीडिया द्वारा की जाने वाली व्यापक कवरेज है जो आतंकवाद के लिए औचित्य मुहैया कराती है और उसके बढ़ावा देकर समस्या को बढ़ाती है। यह शास्त्रीय उदाहरण है कि कैसे कुटिल मीडिया प्रबंधन आतंकवाद का का प्रतिकार करने के नैनिक विरोध के स्तर को क्षीण कर सकता है। ताजा उदाहरण है अल कायदा, आईएसआईएस और लश्करे तैय्यबा के बीच घृणित गठजोड़। उनके घातक संयोजन ने शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

यूरोपीय देशों ने अकेले ही 1990 के बाद से 8,500 आतंकवादी घटनाएं देखी हैं, जो कुल वैश्विक घटनाओं के 29 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2016 के बाद से स्थिति और भी निर्बल हो चुकी है और यूरोपीय देशों में अवैध पलायन के मामले इसके उदाहरण हैं। भयावह प्रभावों के साथ आधुनिक आतंकवाद के उभार की परिणिति राष्ट्रीय कानून-व्यवस्था मशीनरी को मजबूत करने की मांग में परिणित हुई है। पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन वर्तमान कानून अभी भी कई समस्याएं प्रस्तुत करते हैं। आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के इस्तेमाल से ये आशंकाएं पैदा हुई हैं कि इसकी परिणिति आम जनता के दमन के रूप में हो सकती है। आश्चर्यजनक रूप से, आतंकवाद की एक उचित कानूनी परिभाषा अभी भी निश्चित होना बाकी है। आतंकवाद के दमन हेतु एक साझा रणनीति विकसित करने को लेकर विविध सरकारों के बीच बढ़ती खाई को उसमें निहित खतरे की क्षमता के संदर्भ में देखे जाने की आवश्यकता है। आतंकवाद के दमन हेतु यूरोपीय कन्वेंशन भी अनुच्छेद-5 और अनुच्छेद-13 से प्रतिबंधित है, जो कई आधारों पर किसी आतंकवादी के प्रत्यारोपण से इनकार करता है। एक ऐसे माहौल में जहां आतंकी हिंसा अंतरनिहित है और दुनिया निराशाजनक रूप से विविध कानूनों में विभाजित है, सभी देशों को आतंकवाद से निबटने के लिए अपने राष्ट्रीय विशेषाधिकारों को त्याग देना चाहिए।

राज्य प्रायोजित आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए बहुत से प्रयास किए गए हैं, जैसे कि आर्थिक प्रतिबंधों के द्वारा, लेकिन अभी तक वे किसी आम सहमति पर नहीं पहुचे हैं चाहे राष्ट्रीय स्तर पर हो या वैश्विक स्तर पर। पिछले दो दशकों के दौरान, बढ़ती नशीले पदार्थों की तस्करी एवं नशे के तस्करों व आतंकवादियों के बीच कायम खतरनाक अपवित्र गठजोड़ के चलते आंतरिक राज्य सुरक्षा संजालों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा हुईं हैं और विभिन्न देश स्वयं को संगठित कर ऐसे गठजोड़ के विरुद्ध लड़ाई छेड़ने को विवश हो गए हैं। मगर कठोर नशीले पदार्थ विरोधी कानूनों का क्रियान्वयन मात्र प्रभावी नहीं हो सकता जब तक न्यायिक प्रक्रिया को त्वरित कार्यवाही हेतु सुधारा नहीं जाएगा। आतंकवाद से संबंधित अनिश्चितताओं की निरंतरता ने विविध देशों को आतंकवाद के विरुद्ध मनोवैज्ञानिक लड़ाई छेड़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

नाटो देशों तथा जापान द्वारा कुछ वर्ष पूर्व आयोजित लंदन आर्थिक सम्मेलन आतंकवाद के उन्मूलन के लिए एक और भूचिन्ह साबित हुआ है, जिसमें निर्णय लिया गया था कि जब तक हम आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार नहीं करेंगे, केवल सतही राहत मिल सकती है लेकिन हिंसा बढ़ती रहेगी। सामान्य जागरूकता एवं आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ जन समर्थन संगठित करना काफी उपयोगी हो सकता है। यद्यपि पुलिस तथा सशस्त्र बलों को स्थानीय समस्याओं के लिए बेहतर सूचित निर्णय लागू करना वांछनीय है, मगर एक खतरा निश्चित रूप से है कि सरकार का यह प्रयास उनको मिलने वाले लाभों को क्षीण कर सकता है जो इसके योग्य हैं और इस प्रकार शांति तथा मोलभाव की संभावना भी क्षीण हो सकती है।

चूंकि वैश्विक स्तर पर धार्मिक रूप से अभिप्रेरित आतंकवादी हमले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में इस अवधारणा को त्यागना होगा कि एक के लिए आतंकवादी दूसरे के लिए स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है। स्थानीय जनता को निजी समस्या की कीमत पर भी कानून क्रियान्वयन मशीनरी के साथ सहयोग करना चाहिए तथा विविध देशों द्वारा आतंकी मनोवृत्ति पर नियंत्रण हेतु त्वरित एवं कठोर निर्णय लेने चाहिए। बदलते परिवेश में, सुरक्षा तंत्र एवं पुलिस को आतंरिक सुरक्षा बनाए रखने के मामले में दशकों के अनुभव पर आधारित तकनीकी एवं पेशेवर विशेषज्ञों को साथ लाकर गतिविधियों का विविधीकरण करना चाहिए। इस बाबत सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है सुरक्षा आवश्यताओं की प्रत्याशा की क्षमता विकसित किया जाना। इसके लिए सुरक्षा स्थितियों की निगरानी हेतु विशेषीकृत पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की आवश्यकता है। जब तक हम आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार नहीं करते, हमें केवल सतही किस्म की राहत ही मिल पाएगी और आतंकवाद का कुल परिणाम बढ़ता जाएगा।

# भारतीय बीज उद्योग का विकास

कृषि-निवेश उद्योग के एक क्षेत्र के रूप में भारतीय बीज उद्योग का तेजी से विकास हो रहा है। पिछले चार दशकों में यहां खोज व विकास जीवन्त रूप से आगे बढ़ा है।

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के निदेशक हैं।)



> **जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर तेजी से बीजों की मांग में बदलाव कर रहा है। बहुत जल्दी ही अनेक देशों के पास इस संकट से निपटने के लिए वित्तीय संसाधनों का अभाव हो सकता है। लेकिन भारत सारी दुनिया के लिए बीज शोध का केंद्र बन सकता है। हमारा विविधतापूर्ण जलवायु परिवेश हमें ऐसी नई किस्में विकसित करने का अवसर प्रदान करता है जो अनेक देशों के उपयुक्त हों। सही समय पर आने वाली एक या दो किस्मों से भी किसी देश की किस्मत बदल सकती है और इससे भारत को करोड़ों डालर की आमदनी सुनिश्चित हो सकती है।**

पिछले 50 साल में भारतीय बीज उद्योग ने तेजी से विकास किया है। उसने हजारों पुरुषों व महिलाओं की लगातार विशेषज्ञता बढ़ाई है तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत शोध एवं विकास-आरएंडडी ढांचा तैयार किया है। भारत में विविधतापूर्ण कृषि-जलवायु स्थितियां, उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञता, प्रशिक्षित व कुशल श्रमशक्ति, उपयुक्त भूमि तथा कृषि के लिए समुचित मात्रा में सूर्य का प्रकाश उपलब्ध है। इसलिए भारत में दुनिया को प्रमुख बीज सप्लाई केन्द्र के रूप में विकसित होने की असाधारण क्षमता है। हम सभी प्रकार की फसलों, सब्जियों, चारों व फूलों के बीज सप्लाई कर सकते हैं। हालांकि, नए व उभरते हुए बिजनेस आपरेटिंग माडलों व प्रक्रियाओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है जिनका संबंध तकनीकी हस्तक्षेपों से है। 'आत्मनिर्भर कृषि' के अंग के रूप में भारतीय बीज उद्योग को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

कृषि-निवेश उद्योग के उप-क्षेत्र के रूप में भारतीय बीज उद्योग पिछले चार दशकों से खोज एवं विकास के मामले में सर्वाधिक जीवन्त है। उसने भारतीय किसानों की उत्पादकता व मुनाफे में काफी वृद्धि की है। बीज कानून, नया बीज कानून 1988 तथा 2002 की राष्ट्रीय बीज नीति ने गुणवत्तापूर्ण बीजों के लिए संतुलित विधायी ढांचा प्रदान किया है। इससे इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ावा मिला है जिसका आधार मूल रूप से सरकारी बीज व्यवस्थायें हैं। लेकिन सुधारों व नीतिगत हस्तक्षेपों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। बीज उद्योग को और मजबूत करने के लिए नई तकनीकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें नई व बेहतर पौध किस्मों के विकास के लिए फास्टट्रैक ब्रीडिंग कार्यक्रम में मालीक्यूलर-मार्कर आधारित चयन दृष्टिकोण शामिल है। गुणवत्ता आंकलन व्यवस्था के रूप में बायोतकनीकी व मालीक्यूलर दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। उभरते क्षेत्र के रूप में बायोतकनीक व नैनो तकनीक का प्रयोग उत्पादकता तथा किसानों का मुनाफा बढ़ाने के लिए हो सकता है। इसका अर्थ जैविक चीजों से बीजों का शोधन शामिल है। बीज उद्योग इसे बड़े पैमाने पर लागू कर सकता है।

भारतीय बीज उद्योग वैश्विक रूप से प्रतियोगी, निर्यातोन्मुख तथा आत्मनिर्भर उद्योग बन सकता है। खासकर एशियाई, अफ्रीकन, पूर्वी यूरोपीय व दक्षिण अमेरिकी देशों को बीजों का निर्यात बढ़ाया जा सकता है जहां भारत जैसी कृषि-जलवायु परिस्थितियां हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर ध्यान देना होगा। अधिकांश देश बीज निर्यात के लिए सैनिटरी व फाइटोसैनिटरी प्रमाणों के आधार पर अनुमति देते हैं। आयात करने वाला देश यह सुनिश्चित करता है कि बीज उसके कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल हों। वर्तमान समय में बीज उद्योग को निर्यात के लिए खास प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है, जबकि इसकी संभावना प्रति वर्ष 5 बिलियन डालर की है। भारत अनेक उपयुक्त कृषि-जलवायु परिस्थितियों वाले देशों में सस्ते दामों पर बीजों का निर्यात कर सकता है। इसके लिए निम्न प्रोत्साहन दिए जा सकते हैं :

निर्यातित बीजों की कीमत के 20 प्रतिशत प्रोत्साहन पर विचार करना चाहिए क्योंकि दवा व वस्त्र उद्योग में इस प्रकार के प्रोत्साहन लंबे समय से उपलब्ध हैं और इन्होंने शुरुआती स्तर पर निर्यात बढ़ाने में योगदान किया है। पांच साल बाद इन प्रोत्साहनों को घटा कर 10 प्रतिशत किया जा सकता है। अगले पांच वर्षों के लिए इस हेतु 100 करोड़ तथा उसके बाद अगले 6 से 10 साल के लिए 100 करोड़ रुपये का आबंटन काफी होगा। किसी अन्य देश में बीज किस्म मूल्यांकन पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति भी उचित नीति है। इस पर भी विचार किया जा सकता है क्योंकि बीज कंपनियों को किस्मों के मूल्यांकन पर भारी खर्च करना पड़ा है और यह निर्यात आदेश पाने की पूर्व शर्त है। सरकार को इस खर्च की कम से कम 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति करनी चाहिए। निर्यात उद्देश्यों से पौध किस्म मूल्यांकन प्रतिपूर्ति के लिए अगले 10 वर्ष हेतु 100 करोड़ रुपये का प्राविधान काफी होगा। बीज उत्पादक आयात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं और इससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ सकता है। इसलिए उनको 30 प्रतिशत सब्सिडी से पुरस्कृत किया जा सकता है। भारत में लंबे समय से बीज निर्यात प्रोत्साहन परिषद की कमी अनुभव की जा रही है। सरकार को व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन परिषद के अंतर्गत एक उद्योग प्रतिनिधि को नियुक्त कर सुनिश्चित करना चाहिए कि उत्पादित कृषि बीजों का कम से कम 10 प्रतिशत निर्यात हो।

भारत में मुख्यत: तीन बीज उत्पादन केन्द्र हैं। लेकिन हम अपनी विविधतापूर्ण कृषि-जलवायु परिस्थितियों के चलते अफ्रीका से एशियान देशों तक की मांग पूरी कर सकते हैं। सरकार को विशेष कृषि क्षेत्रों में निर्यात उद्देश्य से ब्रीडिंग के लिए भारतीय और विदेशी बीज कंपनियों को अनुमति देने की आवश्यकता है। ये क्षेत्र एसईजेड की तरह काम कर सकते हैं। उनको ड्राई डॉक, परिवहन सुविधाओं, बीज परीक्षण सुविधाओं तथा तेजी से निर्यात हेतु अन्य सुविधायें दी जा सकती हैं। अनुमतियां तेजी से प्राप्त करने के लिए एक सिंगिल विंडो व्यवस्था काउंटर भी यहां बनाया जा सकता है।

'आत्मनिर्भर कृषि' या आत्मनिर्भर बीज उद्योग के लिए सार्क बाजारों तथा सार्क देशों के बीच बेहतर आर्थिक संबंधों की आवश्यकता है। सरकार और उद्योग को एकसाथ आगे आ कर सार्क बीज फोरम का गठन करना चाहिए जो इस उप महाद्वीप में बिजनेस सुगमता को प्रोत्साहित करने के साथ ही बिना किसी बाधा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार सुनिश्चित करेगा। यह संस्था सार्क देशों के बीच नीति एवं नियामक पैरोकारी के लिए केवल आर्थिक मामलों पर काम करने वाली होनी चाहिए। यदि हम यह अभियान आगे बढ़ा सके तो भारतीय बीज उद्योग की असाधारण प्रगति सुनिश्चित होगी।

जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर तेजी से बीजों की मांग में बदलाव कर रहा है। बहुत जल्दी ही अनेक देशों के पास इस संकट से निपटने के लिए वित्तीय संसाधनों का अभाव हो सकता है। लेकिन भारत सारी दुनिया के लिए बीज शोध का केंद्र बन सकता है। हमारा विविधतापूर्ण जलवायु परिवेश हमें ऐसी नई किस्में विकसित करने का अवसर प्रदान करता है जो अनेक देशों के उपयुक्त हों। सही समय पर आने वाली एक या दो किस्मों से भी किसी देश की किस्मत बदल सकती है और इससे भारत को करोड़ों डालर की आमदनी सुनिश्चित हो सकती है। इसलिए सरकार को भारतीय आरएंडडी कंपनियों के लिए विकास अनुदान की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि वे भावी चुनौतियों का सामना करने योग्य बन सकें। उनको अफ्रीका, लैटिन अमेरिका व एशियान देशों का बीज बैंक बनने के लिए मांग का आंकलन करना होगा। सरकार अफ्रीकी देशों के साथ साझेदारी कर उनके बीज आरएंड डी की हमारे लिए आउटसोर्सिंग कर सकती है। इससे खोज को बढ़ावा मिलेगा तथा कम विकसित देशों की पहुंच सस्ते शोध व बीजों तक बन सकेगी।

# लालपुर मस्जिद के पास बदमाशों ने एक व्यक्ति की गोली मार हत्या की

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- तीन दिनों में यह दूसरी हत्या, हत्या का पुरानी रंजिश बतायी गई है
- दो दिन पहले कैवल्यधाम में गर्ल्स हास्टल के केयर टेकर की गोली मारकर हत्या की दी गई थी

**दो दिन** पहले भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड स्थित कैवल्यधाम कालोनी में एक गर्ल्स हास्टल के कर्मचारी विशाल कुमार को दिन दहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस घटना को प्रेम-प्रपंच मानकर बदमाशों को गिरफ्तार करने में जुटी है। अभी एक हत्या की घटना का खुलासा ही नही हुआ तब से कैंट थाना क्षेत्र के लालपुर में शनिवार को सुबह एक व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की खबर सुनते ही एसएसपी अमित पाठक सहित कई उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

शहर में इन दिनों वारदात की गतिविधियों पर लगाम नहीं कस पा रही है। वारदातों की लंबी लंबी होती कड़ियों के बीच शनिवार की सुबह एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार शाहिद इक़बाल को लालपुर मस्जिद के पास घर में करीब से गोली मार दी गई। गोली काफी करीब से मारने की वजह से शाहिद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि हत्या का कारण पुरानी रंजिश परिजनों की ओर से बताई जा रही है। वहीं गोली मार कर हत्या करने की जानकारी होने के बाद एसएसपी अमित पाठक और एसपी सिटी सहित क्राइम ब्रांच टीम और समेत कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत करने के साथ ही हत्यारे को पकड़ने की रणनीति बनाते हुए आने जाने वाले रास्तों पर सघन जांच का आदेश दिया। वहीं हत्यारों के सुराग के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी पड़ताल की तैयारी की जा रही है ताकि अपराधी के भागने की जानकारी मिल सके। आरोप है कि लालपुर में मस्जिद के पास रिश्ते में भतीजे ने चाचा की गोली मार कर हत्या कर दी। शाहिद इकबाल अपने भाई मुश्ताक खान के साथ घर में बैठ कर सेब खा रहे थे तभी भतीजा जुगनू आया। उसको भी सेब खाने को दिया गया। मुश्ताक ने बताया कि जुगनू अभी सेब खा ही रह था जम लोगों ने सोचा कि घर मे आए मेहमानों को छोड़ आएं। इसी दौरान अभी कुछ कदम आगे जी बढ़े थे कि जुगनू ने पीछे से गोली मार कर शाहिद की हत्या कर दी। शाहिद के भाई मुश्ताक ने बताया कि फ़िलहाल कोई दुश्मनी नही थी। 30 साल पहले जमीन के विवाद में जुगनू के पिता की हत्या हो गई थी। हत्या में मुश्ताक को आरोपी बनाया गया था। फ़िलहाल मामला खत्म जो गया था। जुगनू का रोज घर पर आना जाना था। इस समय कोई समस्या नहीं थी। जुगनू ने शुक्रवार की रात शराब के नशे में अपनी पत्नी भाई की पत्नी की भी पिटाई की थी। शनिवार सुबह मां को भी घर से निकाल दिया था। जुगनू चार भाइयों में सबसे बड़ा है। उसकी ससुराल लमही में है।

# एनएच 232 पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल



**अम्बेडकरनगर।** टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 232 पर महरुआ थाना क्षेत्र में सुखारी गंज बाजार के निकट शनिवार को तड़के हुए एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो वाहन चालकों की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गए । दुर्घटना होते ही सड़क पर चीख-पुकार मच गई जिसे सुनकर स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद गाड़ियों में फंसे शव व घायलों को बाहर निकाला। स्थानीय पुलिस व जेसीबी की मदद से दोनों गाड़ियों को अलग किया गया। जानकारी के अनुसार घटना तड़के लगभग 4:00 बजे की है। अकबरपुर की तरफ जा रहा ट्रैक्टर में महरुआ की तरफसे आ रहे ट्रक से आमने सामने भिड़ंत हो गई ।टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर चालक हेमराज 32 पुत्र जगदीश निवासी सोनगांव अकबरपुर तथा ट्रक चालक शिवमोहन निवासी कानपुर की मौत हो गई ट्रैक्टर पर बैठे जयमल पुर निवासी अंगद वर्मा 50 पुत्र राम अशीष तथा ट्रक सवार कन्नौज निवासी श्यामदेव पुत्र रामपाल घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बट गया ट्रक के परखच्चे उड़ गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 232 पर हुई। इस दुर्घटना के बाद पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्विक न्यूज

### अपना दल अध्यक्ष ने निकाली चेतना पदयात्रा

**वाराणसी।** अपना दल अध्यक्ष पल्लवी पटेल के नेतृत्व में कमेरा चेतना पदयात्रा बेलवरिया स्थित ब्लॉक मुख्यालय से अजगरा विधानसभा के गावों में निकाली गई। पदयात्रा बेलवरिया से प्रारम्भ होकर सतबलपुर, कानूडीह, सरसवां, घमहापुर, वीरापट्टी, पलिया, नवलपुर, प्रसादपुर आदि गावों में पहुच कर सम्पन्न हुई। पदयात्रा का नेतृत्व कर रही अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल ने कहा कि कमेरा चेतना पदयात्रा आम जनता के कमाई, दवाई व पढ़ाई के सवाल पर संवाद एवं संघर्ष की बुनियाद तैयार कर रही है। इस यात्रा के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ताकि जनता की मूलभूत सवालों पर व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जा सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अपना दल युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष गगन प्रकाश यादव, वाराणसी मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र मौर्य, गौरीशंकर पटेल, शिवशंकर पटेल, राजकुमार पटेल (जिला पंचायत सदस्य), विजय प्रकाश पटेल, संजय पटेल, जितेन्द्र प्रकाश सिंह, सन्तोष पटेल, महेन्द्र प्रताप मौर्य, छेदी पटेल समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का मनाया 82वाँ जन्मदिन

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के 82वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला महासचिव चन्द्रभान यादव के नेतृत्व में कचेहरी परिसर में अधिवक्ताओं को पौधा वितरण किया गया उक्त अवसर पर समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष दूधनाथ यादव ने कहा कि नेताजी छात्रए नौजवान को राजनीति में लाने के हमेशा पक्षधर रहे हैं और लाने का काम भी किया और अधिवक्ता सभा के जिला महासचिव चन्द्रभान यादव ने कहा कि नेता जी का सपना मुफ्त दवाई मुफ्त पढ़ाईए मुफ्त सिंचाई का सपना था जिसको अखिलेश यादव ने अपने शासनकाल में किया था साथ ही नौजवानों को डिजिटल क्रांति के बदलाव के हिसाब से 26 लाख छात्र छात्राओं को लैपटॉप वितरित किया नेताजी के जन्मदिन पर उनके स्वास्थ्य रहने एवं दीर्घायु होने की कामना की उक्त अवसर पर देवेश कुमार सिंह, नसीम अहमद, हेमंत यादव, राजकुमार मौर्य, सहज राम यादव, मुन्ना सिंह, तरन्नुम बानो, रामजनम यादव, ध्रुव विश्वकर्मा, जय सिंह, राजमणि चक्रवर्ती, अखिलेश विश्वकर्मा, धर्मचंद यादव, संदीप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे

### बच्चों को ऑनलाइन से शिक्षा से जोड़कर उनका भविष्य गढ़ने का कार्य करें: बीएसए



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय ने शनिवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र हफीजाबाद में फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि आप सभी देश के नौनिहालों का भविष्य निर्धारण करते हैं। देश वर्तमान में कोरोना वायरस जैसी घातक बीमारी से जंग लड़ रहा है। जिसके चलते वर्तमान समय में विद्यालय बंद हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई चौपट हुई है। कहा शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए बच्चों को प्रतिदिन आनलाइन शिक्षा से जोडे। इसके साथ ही विभिन्न माध्यमों से जो प्रशिक्षण प्राप्त कराए जा रहें हैं उन्हें पूर्ण करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र वर्मा ने शिक्षकों से 39 बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्यालय विकास के लिये जो प्रस्ताव आप द्वारा दिये गए हैं उनको प्राथमिकता के साथ कम्पोजिट ग्रांट से पूरा कर ले। विद्यालयों में प्राप्त होने वाली कम्पोजिट ग्रांट का उपभोग पारदर्शिता के साथ करें। ग्रामपंचायत के सचिव से पत्राचार करते हुए विद्यालयों का कायाकल्प करायें। उन्होंने विद्यालय में समय से आने जाने तथा ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से बच्चों को पठन पाठन से जोडे जाने के लिए निद्रेशित भी किया।

### झाड़ियों में मिला महिला का अर्धनग्न शव

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल छत्रधारी टोला शाहपुर में सुबह झाड़ियों में 40 वर्षीया एक महिला का अर्धनग्न शव मिला है। महिला का चेहरा जला हुआ है। इससे मृतका की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शव से दुर्गंध उठ रही है। इससे स्पष्ट है कि महिला की हत्या दो-तीन दिन पूर्व की गई है। बाद में उसका शव यहां फेंक दिया गया। जानकारी के अनुसार सुबह छह बजे नित्यक्रिया के लिए निकले एक बालक ने नाले के किनारे मच्छरदानी में महिला का शव देखा। उसने शोर मचाया तो आस-पास के लोग भी जुट गए और पुलिस को सूचना दी।

# विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया संपन्न

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2020 के तहत विश्वविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सहभागिता के चयन की प्रक्रिया दिनांक 20 नवम्बर 2020 को परिसर के मदन मोहन मालवीय केन्द्रीय पुस्तकालय में सम्पन्न हुई। इसमें विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों के राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

चयन प्रक्रिया का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने स्वयंसेवकों की दौड़ को झंडी दिखाकर किया। इस प्रक्रिया में स्वयंसेवकों की ऊचाई, वजन, दौड़, ड्रिल आदि को सूबेदार गजेन्द्र सिंह एवं हवलदार धर्मवीर सिंह 65 यूपी बटालियन एनसीसी की देखरेख में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के उपरांत साक्षात्कार, सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जो अयोध्या प्रसाद, युवा अधिकारी राष्टीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ कार्यक्रम समन्वयक राष्टीय सेवा योजना के निर्देशन में हुई।

चयन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में वित्त अधिकारी धनंजय सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो0 आरके सिंह, डॉ0 मोहन तिवारी, संतोष कौशल, शरीफ अहमद, अरूण प्रताप सिंह, गोवर्धन यादव, डॉ0 बीरबल शर्मा, डॉ0 आराधना श्रीवास्तव तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम के अधिकारी उपस्थित रहे। चयन प्रक्रिया में सम्मिलित स्वयंसेवकों के परिणाम की घोषणा यथाशीघ्र राष्टीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ द्वारा की जायेगी।

## बाबूराव पराड़कर की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

# आज की पत्रकारिता संकट के दौर से गुजर रही है: प्रो. हरिकेश सिंह

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बाबूराव** विष्णु पराड़कर जी की जयंती पर आज पराड़कर स्मृति भवन में आज की पत्रकारिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि पत्रकारों को जनरूचिकारी नहीं बल्कि जनहितकारी समाचारों पर जोर देना चाहिए।

संगोष्ठी के मुख्यअतिथि व जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने कहा कि आज की पत्रकारिता संकट के दौर से गुजर रही है। एक समय था जब पत्रकारिता एक साधना थी। लेकिन खबरों को सबसे पहले परोसने की होड़ में यह साधना भंग हो रही है। नतीजा है कि सत्यता की परख किये बगैर खबरें लॉंच कर दी जाती है। जिससे मीडिया की विश्वसनियता घटती जा रही है। प्रो. सिंह ने कहा कि पराड़कर जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम बाबूराव विष्णु पराड़कर की प्रतिमा से अपनी प्रतिभा और उनके चित्र से अपना चित्त सवारें। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन सम्प्रेषण विभाग के प्रो. अनुराग दवे ने कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि पराड़कर जी के दौर और आज के दौर में बहुत अंतर हैए तो इससे मैं सहमत नहीं हूं। पराड़कर जी के दौर में भी चुनौतियां थीं और आज भी हैं। उस दौर में भी सत्ता की खामी को उजागर करना पत्रकारों का धर्म था और आज भी है। यह हमें सोचना होगा कि क्या आज के पत्रकार इस धर्म को वास्तव में निभा पा रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि लोग मिशन और प्रोफेशन की बात करते हैं। यह सच है कि आज की पत्रकारिता मिशन नहीं प्रोफेशन हो चुकी है। आज के पत्रकार इस प्रोफेशन को आजीविका के लिए तो अपनाते हैं लेकिन वह अपने दायित्वों को भूल जाते हैं। पराड़कर जी को आज लोग इस लिए भी याद करते हैं कि तमाम संकटों के बावजूद वे अपने पत्रकारिता धर्म और दायित्वों से विमुख नहीं हुए। महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान (काशी विद्यापीठ) के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने आज के दौर की पत्रकारिता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया ने मनुष्य के अति करीब जाकर देखना कम कर दिया है। यही आज के दौर की पत्रकारिता की सबसे बड़ी चुनौति है। हमें यह भी देखना होगा की पराड़कर जी के दौर में किस तरह के लोग पत्रकारिता में थे और आज के दौर में कैसे-कैसे लोग पत्रकारिता में आ चुके हैं। इस कमी का तो खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा। जरूरत यह है कि पत्रकार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता करे, यही संकट का समाधान है। संगोष्ठी में काशी पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष केडीएन राय, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश प्रताप समेत अन्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी संचालन प्रदीप कुमार ने व धन्यवाद ज्ञापित काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री राजनाथ तिवारी ने किया। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत संघ के महामंत्री मनोज श्रीवास्तव ने किया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व संपन्न



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**उगते सूर्य** को अर्घ्य देने के साथ ही तीन दिवसीय छठ पर्व शनिवार की सुबह संपन्न हो गया। छठ पूजा के दूसरे दिन उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 6.39 बजे सूर्य के उदय होते ही घाटों पर जयघोष होने लगा। व्रतियों ने सूर्य को अर्घ्य देकर मंगलकामना की। इस दौरान कई घाटों पर लोगों ने आतिशबाजी करके भी अपनी खुशी का इजहार किया।

कई श्रद्धालु नाच-गाकर खुशी मनाते नज़र आए। नदी और तालाबों में महिलाएं सुबह चार बजे से ही कमर भर पानी में खड़ी होकर सूर्योदय की प्रतीक्षा कर रही थीं। उनकी आंखें पूरब दिशा में आकाश की ओर टिकी थीं। सूर्योदय होते ही व्रती महिलाओं ने उन्हें दूध और जल का अर्घ्य देकर प्रसाद अर्पित किया। भगवान भाष्कर की आरती उतारी।

उधर, शहर के विभिन्न मोहल्लों, गलियों और घाटों की ओर जाने वाले रास्तों पर भोर में तीन बजे से ही मंगलगीत गूंजने लगे थे। भोर में चार बजे से ही नदी और तालाबों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। सिहरन पैदा कर रहीं ठंडी हवाओं के बावजूद श्रद्धालुओं पर आस्था हावी थे। सूर्योदय होते ही माहौल में हर तरफ जयघोष होने लगा। राप्ती नदी के राजघाट, शंकरघाट, महेसरा ताल, गोरखनाथ मंदिर स्थित भीम सरोवर, रामगढ़ताल के विभिन्न घाटों, सूर्यकुंड धाम, विष्णु मंदिर, खरैया पोखरा, बिछिया और शाहपुर सहित विभिन्न मोहल्लों में अस्थाई पोखरे बनाए गए थे।

### ऐसे पूरा हुआ व्रत

व्रतियों ने घाटों पर बेदी बनाई थी। खरना के दिन व्रतियों ने छोटी रोटी (ओठगन) बनाई थी। व्रतियों ने नदी-घाटों से लौटने के बाद उसी रोटी से व्रत तोड़ा। नदी-घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने लोगों में प्रसाद वितरित किया।

### पति-बच्चे की हत्यारोपी महिला ने भी रखा व्रत

जिला कारागार में 21 महिला बंदियों ने भी छठ का पर्व मनाया। फिरोजाबाद के रहने वाले प्रेमी अजय यादव के साथ मिलकर पति व बच्चे की हत्या करने वाली अर्चना ने भी छठ का व्रत रखा। पिछले तीन साल से वह छठ का व्रत कर रही है। जेल प्रशासन ने पूजा करने के लिए महिला बैरक में वेदी बनवाया था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. रामधनी ने बताया कि जेल में 95 महिला बंदी निरूद्ध हैं। जिसमें से 21 ने छठ का व्रत रखा है। सबके लिए पूजा सामग्री की व्यवस्था कराई गई थी। व्रत रहने वाली महिलाओं में अर्चना के अलावा, नीतू, तारा, कौशिल्या, आशा, राजी, सिरजावती, सपना, सुनीता, रानी, माया, गिरजावती, बिन्नी, नीता, पुष्पा, सुनीता, तेतरी, अमरावती, सुभावती, सरोज शामिल रहीं।

**वृद्ध ने घर में खाया जहरीला पदार्थ:** बांगरमऊ उन्नाव। अज्ञात कारणों के चलते एकवृद्ध ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी होने पर पहले उसे नगर के सीएच सी फिर वहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के गांव सलारी खेड़ा निवासी 70 वर्षीय शितलू पुत्रनैनसुख ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससेउसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रपर ले जाकर भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालतको गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद काशी और मथुरा के लिए आंदोलन चलाएगी हिंदू रक्षा सेना: प्रबोधानंद गिरी



**अयोध्या।** देवभूमि हरिद्वार से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या पहुंच कर हिंदू रक्षा सेना के राष्टीय अध्यक्ष स्वामी प्रबोधानंद गिरि जी महाराज ने श्रीरामजन्मभूमि में श्रीराम लला और सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमान जी का दर्शन कर प्रेस से मुखातिब हुए और कहा कि आज मेरा जीवन धन्य हो गया है कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीरामलला टाट से निकलकर अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए है और आने वाले दो.तीन वर्षों में उनका भव्य महल बनकर तैयार हो जाएगा जिसमें वह विराजमान होकर देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के मानव जाति का कल्याण करेंगे। स्वामी जी ने बताया कि जब मंदिर का संघर्ष प्रारंभ हुआ और भगवान श्रीराम लला का ताला खुलवाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु योगी अद्यैयनाथ जी महाराज आंदोलन काा नेतृत्व कर रहे थे तब से मैं राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ा था और आज मुझे बहुत अधिक प्रसन्नता हुई कि मैं अपने रामलला का भव्य मंदिर बनते हुए देख रहा हूं हमारे संतो और सनातन धर्म मानने न जाने कितनी अपने ठाकुर जी बलिदान हो गई। उन्होंने कहा कि आज जो भारत में मुस्लिम बंधु हैं वह भारत के ही लोग है और उनके पूर्वज भगवान श्री राम के वंशज थे इसलिए भारत के प्रत्येक घर को कम से कम 11 भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण में सहयोग करना चाहिए यह मुस्लिम भाइयों के लिए एक मौका है और मैं उन सब से आग्रह करूंगा कि भगवान के मंदिर निर्माण में बढ़.चढ़कर भाग ले। उन्होंने कहा मुगल काल में भारत में 5000 मंदिरों को मस्जिद में परिवर्तन किया गया। अब मुस्लिम भाइयों के पास 2 से 3 साल का मौका है कि श्रीराम लला के मंदिर निर्माण के दौरान उन सभी मंदिरों को हिंदुओं को सौंप दें नहीं तो हिंदू रक्षा सेना पहले काशी विश्वनाथ और भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि को भी मुक्त कराने का आंदोलन चलाएगी और उसके बाद सभी मंदिरों को मुक्त कराने का आंदोलन चलेगा। उन्होंने कहा कि 3 नवंबर 2018 को मैंने कहा था जो मेरे राम का नहीं वह मेरे काम का नहीं। आज मैं फिर एक बार आवाहन करता हूं जो मेरे राम का नहीं वह मेरे देश के काम का नहीं। इस अवसर पर हिंदू रक्षा सेना के राष्टीय प्रवक्ता सुखबीर सिंह हिंदू रक्षा सेना के राष्टीय संयोजक राघवेंद्र सिंह राजू स्वामी बालमुकुंद आचार्य व बबलू खान भी मौजूद रहे।

# शराब की दुकानों पर चले विशेष चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

- एसपी और डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी के साथ कराया स्टॉक मिलान



**उन्नाव।** प्रयागराज समेत अन्य जनपदों में बीते दिनों जहरीली शराब से मौतें होने के मामले सामने आने के बाद शनिवार को जिले में चले विशेष चौकिंग अभियान से शराब विक्रेताओं में हडकंप मचा रहा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने खुद कमान संभाली और शहर कोतवाली इलाके में दही चौकी एरिया में स्थित शराब की दुकानों का जिला आबकारी अधिकारी के साथ औचक निरीक्षण किया। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक आंनद कुलकर्णी ने अपने सामने दुकान में लगे स्टाक को चेक कराया तथा आबकारी अधिकारियों व ठेका संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस विशेष चले अभियान में तहसीलों पर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकरी के साथ में आबकारी निरीक्षकों की संयुक्त टीम भी शराब की दुकानों में स्टॉक आदि का मिलान कराती रही। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस और आबकारी विभाग ने शहर और देहात की लगभग आधा सैकडा दुकानों पर औचक छापेमारी की और गहनता से शराब की दुकानों पर बिक रही शराब की जांच करी। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध दिखने पर देशी शराब की दुकानों पर आबकारी विभाग की ओर से सैम्पल भी लिया गया। हांलाकि सैंम्पल लेने की कार्यवाही को विभाग द्वारा नियमित सामान्य प्रक्रिया करार दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी केके शुक्ला की माने तो इस दौरान कोई बड़ी खामियां तो नहीं मिली लेकिन सोशल डिस्टेशिंग को लेकर संचालको को आगाह किया गया है।

### शराब की दुकानों पर चला अभियान, जांचा गया स्टॉक

**सफीपुर, उन्नाव।** सीओ सफीपुर और आबकारी निरीक्षक ने सर्किल की शराब की दुकानों का निरीक्षण कर स्टाक रजिस्टर व रख रखाव चेक किया। सीओ ने शराब की दुकानों पर गंदगी व भीड़ देख संचालक को फटकार लगाते हुए साफसफाई व सोशल डिस्टेंस का पालन करने के निर्देश दिये। सफीपुर सीओ कृपा शंकर तहसीलदार चंद्र शेखर व आबकारी इंसपेक्टर प्रमिला रावत की संयुक्त टीम ने देशी, अंग्रेजी, माडलशॉप की दुकानों का निरीक्षण करते हुए स्टाक रजिस्टर चेक किया। मिंयागंज रोड स्थिति देशी शराब की दुकान मे गंदगी व भीड़ देख सीओ का पारा चढ़ गया। सीओ ने दुकान संचालक को फटकार लगाते हुए साफ सफाई व सोशल डिस्टेंस का पालन करने के निर्देश दिये।

# छह मौतों के बाद कच्ची शराब माफियाओं पर पुलिस ने कसा शिकंजा

मनीष द्विवेदी। प्रयागराज

- गंगापार, यमुनापार में पुलिस ने की व्यापक छापेमारी और गिरफ्तारी

**फूलपुर** के अमिलिया गांव में शुक्रवार की रात देशी ठेके से जहरीली शराब पीने से हुई छह लोगों की मौत हो जाने के बाद प्रयागराज की पुलिस जागी है। मौतों के बाद प्रयागराज की पुलिस ने शनिवार को अरैल नैनी समेत समूचे यमुनापार गंगापार की देशी शराब की ठेके की दुकानों में छापा मारा। यही नही जहाँ पर चोरी छिपे पुलिस के संरक्षण में शराब का अवैध कारोबार चल रहा था वहाँ वहाँ पुलिस ने देररात से ही छापेमारी शुरू कर दी। लापरवाह पुलिस ने फूलपुर में हुई जहरीली कच्ची शराब पीने से शुक्रवार रात को 6 लोगों की मौत से हड़कम्प मचा हुआ है। उधर पुलिस ने आज गंगापार और यमुनापार के खेत खलिहानों में जा जाकर ताबड़तोड़ छापेमारी की। हालांकि सूत्रों का मानना है कि पुलिस को उन ठिकानों के बारे में पूरी जानकारी होती है। जहाँ शराब का अवैध कारोबार हो रहा होता है। इसलिये घटना होने के बाद विशेषकर उन्हीं ठिकानों पर कार्यवाही की और अवैध कारोबार में लिप्त कारोबारियों की गिरफ्तारी की है।

यमुनापार में कच्ची शराब की फैक्ट्री कहे जाने वाले अरैल इलाके से नैनी पुलिस ने शनिवार को आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को दबोचा है। फूलपुर में शुक्रवार की रात ठेके की शराब पीने से हुई आधा दर्जन लोगों की मौत के बाद से सक्रिय हुई नैनी पुलिस शराब के ठेकों समेत अरैल गांव में भी छापेमारी की जिससे हड़कंप मच गया। जैसे ही पुलिस पहुंची गांव में हड़कंप मच गया और अवैध शराब कारोबारी गांव छोड़कर भाग खड़े हुए।

### जिम्मेदार कौन? फूलपुर के सरकारी देशी ठेके से बेची गई थी दूसरे ब्रांड की शराब

फूलपुर के अमिलिया गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत मामले में जांच में जुटी टीम के सामने यह तथ्य सामने आया है कि अमिलिया गांव के जिस सरकारी देशी शराब के ठेके से लोगों ने शराब खरीदी थी वह दूसरे ब्रांड की शराब थी। पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो कई शीशियां अलग अलग ब्रांड की मिलीं। बताया यह भी जा रहा कि यह जहरीली शराब या तो मध्य प्रदेश या फिर हरियाणा से मंगायी जा रही थी। हालांकि पुलिस इसकी जांच कर रही है। देर शाम घटनास्थल पर डीएम भानुचंद्र गोस्वामी और आईजी के पी सिंह डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए थे। मौके पर पहुँच कर गाँव में खास नजर रखने को अधिकारियों को निर्देश दिया। ताकि शराब का सेवन किसने किया यह पता लगाया जा सके। बता दें कि शुक्रवार रात फूलपुर के अमिलिया गांव के जिस देशी शराब के ठेके पर लोगों ने शराब पी थी। शराब पीने के बाद लोगों की तबियत आचनक बिगड़ने लगी थी। अब तक इस ज़हरीली शराब से छह लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 13 लोग गम्भीर रूप से बीमार हैं। आईजी के पी सिंह ने बताया कि ठेका संचालक रामबाबू जायसवाल समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। शराब का सैम्पल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। जांच के बाद साफ होगा कि आखिर शराब ज़हरीली कैसे हुई। बताया कि यह जांच की जा रही है कि शराब कहाँ से मंगायी गयी थी। हाइवे और रेंज के साथ जोन में जो भी ठेके की दुकान है सभी को चेक किया जाएगा। जहाँ भी अवैध शराब मिलेगी उस अनुज्ञापी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के साथ ही उन पर गैंगस्टर की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस भी इस मामले में बारीकी से जांच कर रही है और इस मामले पर शासन की भी नज़र है। उधर मृतकों का पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है।

### जिला आबकारी अधिकारी किये गए निलंबित

**प्रयागराज।** फूलपुर में जहरीली शराब पीने से हुई छह ग्रामीणों की मौत के मामले में जिला आबकारी अधिकारी संदीप बिहारी मोडवेल आबकारी निरीक्षक समेत कई लोग निलंबित किये गए हैं। कहा गया है कि और अफसरों और कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही होगी। बताया जा रहा है कि यह कार्यवाही अपर मुख्य सचिव आबकारी ने की है।

# पेंशन संगोष्ठी में शामिल होंगे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी

**प्रयागराज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच प्रयागराज की ओर से बालसन चौराहे पर शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला संरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक पेंशन संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए आयोजित हुई। पेंशन संगोष्ठी रविवार को कमला भवन संगम पेट्रोल पंप के पास जॉर्जटाउन में होगी। जिसमें पेंशन आंदोलन के अग्रदूत अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के साथ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा विभागों के शिक्षक कर्मचारी और बेरोजगार पेंशन संगोष्ठी में शामिल होंगे। जानकारी देते हुए अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी प्रत्याशी इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र डॉ. हरि प्रकाश यादव ने कहा कि एनपीएस निजीकरण और संविदा के मुद्दे पर शिक्षक कर्मचारी और बेरोजगार नवयुवक मिलकर चोट करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक कर्मचारी अधिकारी और बेरोजगार साथी एकजुट नहीं होंगे तब तक सरकार के द्वारा हमारे हितों पर कुठाराघात होता रहेगा। साथ ही बेरोजगार नवयुवकों का शोषण होता रहेगा। यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षामित्र अनुदेशक और संविदा के पद पर कार्य करने वाले शिक्षकों कर्मचारियों का मानदेय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के आधे वेतन से भी कम है। ऐसा प्रतिनिधि हमारे किस काम का जो हमारे हितों की रक्षा के लिए आवाज न उठा सके। आगामी एक दिसंबर को होने वाले एमएलसी चुनाव से पूर्व सभी को मिलकर मंथन करना होगा विचार करना होगा कि हमें कैसा प्रतिनिधि चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र वर्मा ने पेंशन संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए शिक्षकों कर्मचारियों और बेरोजगारों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में सुधीर गुप्ता, मिथिलेश मौर्य, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र बहादुर सिंह, अरुण सिंह लालमणि यादव, संजय पटेल, अजय विश्वकर्मा, रविंद्र सिंह, राकेश यादव अजीत सिंह, पवन सिंह, दिनेश यादव अजय विश्वकर्मा, अनिल भारती, शांति प्रसाद विश्वकर्मा, अनुराग पाण्डेय, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# भारत का लक्ष्य 30 से 35 फीसद कम कार्बन उत्सर्जन करना: मोदी

**भाषा।** गांधीनगर



नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गांधी नगर के पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश 30 से 35 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस दशक में प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को चार गुना बढ़ाने और अगले पांच साल में तेल शोधन क्षमता दोगुना करने का प्रयास चल रहा है।

मोदी ने पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय (पीडीपीयू) के दीक्षांत समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज, देश कार्बन उत्सर्जन को 30 से 35 प्रतिशत कम करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। जब मैंने इसके बारे में दुनिया को बताया तो उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया और इस बात को लेकर उनमें कौतूहल था कि क्या भारत इस लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। मोदी ने कहा कि इस दशक में प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को चार गुना बढ़ाने के प्रयास जारी है और इसके साथ ही अगले पांच साल में तेल शोधन क्षमता दोगुना करने पर काम हो रहा है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादन के लिए तय लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर लेगा। मोदी ने कहा कि आज प्रति यूनिट लागत (सौर ऊर्जा की) पहले के 12 से 13 रुपए से कम होकर दो रुपए से कम पर आ गई है। आज सौर ऊर्जा देश की प्राथमिकता बन गई है। हम 175 गीगावाट नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादित करने को प्रतिबद्ध हैं और मुझे भरोसा है कि हम इस लक्ष्य को वर्ष 2022 से पहले हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वर्ष 2030 तक हमारा लक्ष्य 450 गीगावाट नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादित करने का है, यह लक्ष्य बड़ा है पर इसे समय से पहले हासिल कर लेंगे... इसके बारे में मैं आश्वस्त हूं। मोदी ने कहा कि गैस और तेल क्षेत्र में ही इस दशक करोड़ों रुपए का निवेश होना है, जो इस क्षेत्र में अनुसंधान, उत्पादन अन्य पहलुओं में स्नातक करने वाले विद्यार्थियों के लिए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप माहौल को मजबूत करने का कार्य जारी है और इस उद्देश्य के लिए विशेष कोष आवंटित किया गया है। मोदी ने कहा कि अगर आपके पास कोई विचार, उत्पाद और सिद्धांत है और उसपर आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो यह कोष आपके लिए एक अच्छा मौका है और सरकार की तरफ से उपहार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से पैदा हुए मुश्किल हालात के बावजूद स्नातक कर रहे विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए कि उनकी ताकत और क्षमता चुनौतियों से बड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपना विश्वास नहीं खोएं।

मोदी ने कहा कि समस्या से अधिक महत्वपूर्ण आपका उद्देश्य, प्राथमिकता और आपकी प्रतिबद्धता है। ऐसा नहीं है कि आप अपने जीवन में पहली बार चुनौती का सामना कर रहे हैं और यह आखिरी चुनौती भी नहीं है। ऐसा नहीं है कि सफल व्यक्ति के पास समस्या नहीं होती है लेकिन जो इन चुनौतियों को स्वीकार करते हैं और उन्हें हराते हैं वे सफल होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता संग्राम के दौर को याद करने कहा कि कैसे लोगों ने इसके लिए अपनी जान की कुर्बानी दी। मोदी ने विद्यार्थियों से उसी तरह आत्मनिर्भर भारत का सिपाही बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो जीवन में सफल होते हैं उनमें जिम्मेदारी का भाव होता है। उन्होंने कहा कि देश के लिए, बहुत कुछ करने को है लेकिन आपकी प्रतिबद्धता, अपका लक्ष्य खंडित नहीं होना चाहिए। आप देखते हैं कि वे ही जीवन में सफल होते हैं जो जवाबदेही के भाव के साथ कुछ करते हैं जबकि असफल वे होते हैं जो बोझ के भाव से ग्रस्त होते हैं। 21 सदी के युवा को स्पष्ट उद्देश्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सिद्धांत ऐसा होना चाहिए जिसे कोई बाधा बदल नहीं सके। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से सकारात्मक नतीजों के लिए स्थाई प्रयास करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत इसका उदाहरण है जिसमें छोटी सी कोशिश को करोड़ों लोगों ने आंदोलन में तब्दील कर दिया। अपने संबोधन में मोदी ने याद किया कि कैसे घरेलू और कृषि फीडर (बिजली वितरण व्यवस्था) को अलग करने से गुजरात के घरों में 24 घंटे की बिजली आपूर्ति संभव हुई। प्रधानमंत्री ने पीडीपीयू के आठवें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष में पांच आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर मोदी ने राज्य सरकार को पेट्रोलियम विश्वविद्यालय का नाम बदलकर ऊर्जा विश्वविद्यालय करने का सुझाव दिया।

# भाजपा ने असम में सहयोगियों के साथ संबंधों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने असम विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है और पार्टी अपने सहयोगियों के साथ संबंधों की समीक्षा कर रही है। भाजपा की प्रदेश इकाई अपने प्रमुख गठबंधन सहयोगी असम गण परिषद (एजीपी) के नियंत्रण वाली कुछ सीटों पर दावा कर सकती है, वहीं एक अन्य सहयोगी बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ उसके संबंधों में तनाव की स्थिति है। बीपीएफ के एकमात्र राज्यसभा सदस्य भाजपा में शामिल हो सकते हैं जबकि आगामी बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) चुनावों को लेकर दोनों पार्टियों के बीच मतभेद हैं। शुक्रवार रात को दो घंटे तक चली बैठक में असम के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, असम के सीएम सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा महासचिव बी एल संतोष तथा दिलीप सैकिया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रंजीत दास, असम के मंत्री तथा नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (नेडा) के संयोजक हिमंत बिस्व सरमा आदि शामिल हुए।

# बिहार चुनाव में भाजपा की जीत मोदी के कोविड प्रबंधन पर मुहर

**भाषा।** शिमला



शिमला में शनिवार को एक रैली को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

**भाजपा** अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उपचुनावों में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कोविड प्रबंधन पर जनता की मुहर है। भाजपा अध्यक्ष अपने गृह राज्य के दो दिन के दौरे पर हैं। उन्होंने कोरोना वायरस संकट से निपटने के लिए केंद्र द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का जिक्र करते हुए बिलासपुर के लेहनू में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि नड्डा ने बाद में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ बिलासपुर जिले के कोठीपुरा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में नड्डा ने कहा कि निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। नड्डा ने इस बात पर संतोष जताया कि कोविड-19 के संकट के बावजूद एम्स का निर्माण अगले साल दिसंबर तक पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस दिसंबर में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू करने के लिए प्रयास होने चाहिए। नड्डा ने कहा कि गर्व की बात है कि हिमाचल प्रदेश के 18 डॉक्टरों का चयन एम्स के लिए किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के लिए एम्स को मंजूरी देने तथा संस्थान के निर्माण के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष नड्डा का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि एम्स राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती है महामारी

**भाषा।** नई दिल्ली, रियाद


## मोदी ने जी20 में कहा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी20 सम्मेलन में कहा कि कोविड-19 महामारी दुनिया के सामने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी चुनौती और मानवता के इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने जी20 के प्रभावी कामकाज में भारत के सूचना प्रौद्योगिकी कौशल की पेशकश की। मोदी ने यह भी कहा कि कोविड के बाद की दुनिया में कहीं से भी काम करना एक नई सामान्य स्थिति है और जी20 का एक डिजिटल सचिवालय बनाए जाने का सुझाव भी दिया। प्रधानमंत्री ने कोरोना वायरस के बाद की दुनिया के लिए एक नए वैश्विक सूचकांक के विकास का सुझाव दिया जिसमें चार महत्वपूर्ण तत्व- प्रतिभाओं का बड़ा समूह तैयार करना, समाज के हर वर्ग तक प्रौद्योगिकी की पहुंच सुनिश्चित करना, शासन प्रणाली में पारदर्शिता लाना और पृथ्वी को संरक्षण की भावना से देखना- शामिल हों। उन्होंने कहा कि इस आधार पर जी20 एक नई दुनिया की नींव रख सकता है। सऊदी अरब के शाह सलमान ने जी20 सम्मेलन की शुरुआत की। इस साल कोरोना वायरस महामारी की वजह से समूह के सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुखों की बैठक डिजिटल तरीके से हो रही है। भारत 2022 में जी20 के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, जी20 के नेताओं से बहुत रचनात्मक वार्ता हुई। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समन्वित प्रयास निश्चित रूप से इस महामारी से तेजी से निपटने की अगुवाई करेंगे। डिजिटल सम्मेलन के आयोजन के लिए सऊदी अरब का आभार। उन्होंने कहा, हमारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता से हमारे समाजों को सामूहिक रूप से तथा विश्वास के साथ संकट से लड़ने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलती है। पृथ्वी के प्रति संरक्षण की भावना हमें एक स्वस्थ और समग्र जीवनशैली के लिए प्रेरित करती है। मोदी ने जी20 के प्रभावी कामकाज के लिए डिजिटल सुविधाओं के विकास के उद्देश्य से भारत के सूचना प्रौद्योगिकी कौशल की पेशकश की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी को मानवता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण निर्णायक मोड़ तथा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बताया।

# संक्रमण दर में गिरावट जारी: सरकार

## देश में अब तक कोविड-19 के 13 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश** में कोविड-19 का पता लगाने के लिए अब तक 13 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है जिसमें आखिरी के एक करोड़ नमूनों की जांच महज 10 दिन में की गई है, वहीं संक्रमण की दर कम बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार प्रतिदिन 10 लाख से ज्यादा जांच कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप पिछले 24 घंटे में 10,66,022 नमूनों की जांच की गई और इस तरह भारत में कुल मामलों की समग्र जांच संख्या बढ़कर 13,06,57,808 हो गई। मंत्रालय ने कहा कि लोगों के संक्रमित होने की राष्ट्रीय दर शनिवार को 6.93 प्रतिशत रही, जो सात प्रतिशत के स्तर से कम है। वहीं, शुक्रवार को संक्रमण की दर मात्र 4.34 प्रतिशत थी। जांच बड़ी संख्या में हो रही है और संक्रमण की पुष्टि की दर में गिरावट आई है।


मंत्रालय ने कहा कि प्रतिदिन औसतन 10 लाख से ज्यादा नमूनों की जांच से संक्रमण की पुष्टि की समग्र दर को कम स्तर पर कायम रखा जा सका है और इस तरह इसमें फिलहाल गिरावट का रुख दिख रहा है। पिछले करीब एक करोड़ कोविड-19 नमूनों की जांच मात्र 10 दिन की अवधि में की गई। मंत्रालय के अनुसार समस्त भारत की तुलना में 24 राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रति 10 लाख की आबादी पर अधिक जांच कराई गई। वे 12 राज्य केन्द्र शासित प्रदेश जहां राष्ट्रीय औसत की तुलना में प्रति 10 लाख की आबादी पर कम जांच कराई गई हैं, उन्हें जांच के स्तर को पर्याप्त रूप से बढ़ाने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान 46,232 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। उसने कहा कि प्रतिदिन संक्रमण के पुष्ट मामलों की दर 4.34 प्रतिशत पर रहना दर्शाता है कि कुल आबादी के बीच बड़ी संख्या में नमूनों की जांच कराई गई है। अमेरिका और यूरोप के देशों में संक्रमण के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि की तुलना में भारत महामारी को फैलने से रोकने के लिए सतर्कता के साथ हर संभव कदम उठा रहा है। उसने कहा, उत्तर भारत के कुछ राज्यों में कोविड-19 के मामलों में हुई वृद्धि को देखते हुए केन्द्र ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को जांच की संख्या बढ़ाने की सलाह दी है। भारत में फिलहाल 4,39,747 मरीज उपचाराधीन हैं, जो भारत में अब तक सामने आए कुल संक्रमितों का 4.86 प्रतिशत हैं।

मंत्रालय ने कहा कि भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान 49,715 नए रोगी ठीक होकर घर लौटे हैं और इस तरह ठीक हुए रोगियों की कुल संख्या 84,78,124 हो गई है। रोगियों के ठीक होने की दर आज 93.67 पर आ गई है। उसने कहा कि इलाज करा रहे रोगियों की संख्या और संक्रमणमुक्त हुए रोगियों की संख्या का अंतर क्रमशः बढ़ रहा है और यह 80,38,377 पर आ गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ठीक होने वाले रोगियों के 78.19 प्रतिशत मामले 10 राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। दिल्ली में 8,775 लोग कोविड-19 से ग्रस्त होने के बाद ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 6,945 और केरल में 6,398 नए रोगी ठीक हुए हैं।

उसने कहा कि नए मामलों में 77.69 प्रतिशत 10 राज्यों केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। दिल्ली में पिछले 24 घंटों के दौरान 6,608 मामले आए हैं। केरल में 6,028 नए मामले सामने आए हैं, जबकि महाराष्ट्र में शुक्रवार को 5,640 नए मामलों का पता चला था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में इस रोग से हुई 564 लोगों की मौत के मामलों में से 82.62 प्रतिशत मामले 10 राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। मौत के नए मामलों में से 27.48 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र से हैं जहां 155 संक्रमितों की मृत्यु हो गई। दिल्ली में भी 118 लोगों की मौत हो गई जो कुल मामलों का 20.92 प्रतिशत हैं।

# कर्नाटक के सीएम ने जबरन बंद के खिलाफ चेतावनी दी

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने शनिवार को कन्नड समूहों से बंद के फैसले को वापस लेने को कहा, साथ ही जबरन बंद लागू करने को लेकर चेतावनी दी। बता दें कि कर्नाटक के कन्नड समूहों ने मराठा विकास निगम (एमडीसी) के गठन के खिलाफ पांच दिसंबर को राज्य बंद का आह्वान किया है। एदियुरप्पा ने कहा, मैं हर वह कदम उठाने के लिए तैयार हूं जो कन्नड भाषियों के लिए जरूरी है लेकिन किसी को भी बंद बुलाने का अधिकार नहीं है और लोग इसका समर्थन नहीं करेंगे। यहां संवाददाताओं से बातचीत में एदियुरप्पा ने कहा कि वह कहीं भी जबरन बंद कराने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि मैं पुतले जलाने और दुर्व्यवहार पर नजर रख रहा हूं और हमें सख्त कदम उठाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करें लेकिन सरकार इसे दूसरा रंग देने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि कन्नड समर्थक संगठनों की शुक्रवार को हुई बैठक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पांच दिसंबर को राज्यव्यापी बंद बुलाने के फैसले पर आगे बढ़ने का निर्णय किया गया। संगठनों ने इसके साथ ही एमडीसी के गठन के फैसले को वापस लेने के लिए सरकार को 30 नवंबर तक का अल्टीमेटम दिया। बंद को गैर जरूरी करार देते हुए एदियुरप्पा ने स्पष्ट किया कि मराठा विकास निगम का मराठी भाषा से कोई लेना देना नहीं है बल्कि राज्य में रह रहे मराठा समुदाय के लिए इसका गठन किया गया है।

## आगामी सत्र को लेकर बिरला ने कहा

# सीसीपीए करेगी फैसला सभी दलों से करेगी चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस संकट के मद्देनजर संसद के शीतकालीन सत्र एवं बजट सत्र के संयुक्त रूप से आयोजित होने से जुड़ी चर्चा पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि शीतकालीन सत्र के बारे में राजनीतिक मामलों संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीपीए) फैसला करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी आगामी सत्र आयोजित होगा तो सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे।

बिरला के मुताबिक, संविधान दिवस के मौके पर 25 और 26 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन होगा जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे और इसके समापन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। आगामी शीतकालीन सत्र से जुड़े सवाल पर बिरला ने संवाददाताओं से कहा, जहां तक इस सत्र का सवाल है तो सीसीपीए इस बारे में फैसला करती है। सीसीपीए यह फैसला करते हुए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना का संकट लगातार बढ़ रहा है। यह सबकी चिंता का विषय है। लेकिन सीसीपीए की बैठक में फैसला होगा। जब भी फैसला होगा उसकी जानकारी आप लोगों को (मीडया) दी जाएगी।

अगले साल बजट सत्र में सुरक्षा के इंतजाम जुड़े एक सवाल पर बिरला ने कहा, परिस्थिति के अनुसार लोकसभा व्यापक इंतजाम करती है। जब कभी बजट सत्र होगा तो हम सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के साथ सत्र चलाएंगे। ऐसी चर्चा है कि दिल्ली में कोरोना संकट के बढ़ने के कारण संसद का शीतकालीन सत्र और बजट सत्र संयुक्त रूप से हो सकता है। हालांकि बिरला ने इस पर कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं कहा। सूत्रों का कहना है कि कई सांसदों ने दिल्ली में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष को अवगत कराया है कि वे अगले कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आने में असमर्थ होंगे। बिरला ने पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा, राष्ट्रपति इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देव व्रत और मुख्यमंत्री विजय रुपाणी इसमें शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 26 नवंबर को इस सम्मेलन के समापन सत्र को डिजिटल रूप से संबोधित करेंगे। बिरला ने कहा कि संसद के नए भवन का कार्य आरंभ हो गया है और आजादी के 75 साल पूरा होने के मौके पर 2022 में नए भवन में सत्र का आयोजन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 23 नवंबर को यहां बी डी मार्ग पर सांसदों के लिए बने 76 आवासों का उद्घाटन करेंगे।

# उत्तराखंड में देश का पहला मॉस गार्डन तैयार

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** में नैनीताल जिले के खुर्पाताल में भारत का पहला मॉस गार्डन विकसित किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि इस गार्डन को उत्तराखंड वन विभाग की अनुसंधान सलाहकार समिति द्वारा सीएएमपीए योजना के तहत पिछले साल जुलाई में मंजूरी दी गई थी। उन्होंने बताया कि देश के पहले मॉस गार्डन का उद्घाटन शुक्रवार को प्रसिद्ध जल संरक्षण कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह ने किया।

उन्होंने कहा कि मॉस एक तरह की काई होती है जो दीवारों और पेड़ों पर हरे रंग की दिखाई देती है। इसका औषधि में बहुतायत में इस्तेमाल होता है। राज्य वन विभाग की अनुसंधान इकाई के प्रमुख चतुर्वेदी ने कहा कि उद्यान विकसित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य मॉस और अन्य ब्रायोफाइट्स की विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण करना और पर्यावरण में इसके महत्व से लोगों को अवगत कराना है। मॉस गार्डन, खुर्पाताल में मॉस की लगभग 30 विभिन्न प्रजातियां और कुछ अन्य ब्रायोफाइट प्रजातियां हैं।

उन्होंने बताया कि यहां पाई जाने वाली दो प्रकार की मॉस प्रजातियां यानी ह्योफिला इन्वोल्टा (सीमेंट मॉस) और प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) की लाल सूची में शामिल ब्राचिथेलेशियम बुकानानी फिगर है। उन्होंने कहा कि यहां 1.2 किलोमीटर के क्षेत्र में मॉस की विभिन्न प्रजातियां हैं और इनके सबंध में वैज्ञानिक जानकारी प्रदर्शित की गई है।

# पेज 1 का शेष

## सपा एमएलसी...

में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हजरतगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि देर रात करीब 2 बजे सूचना मिली कि लाप्लास के आवास संख्या 201 जो शाहजहांपुर के अमित यादव के नाम आवंटित है, वहां बर्थडे पार्टी हो रही थी। इसमें राकेश नाम के युवक की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय पार्टी में पांच युवक मौजूद थे। इनमें मृतक राकेश रावत के अलावा विनय यादव, ज्ञानेंद्र कुमार, आफताब आलम, पंकज सिंह शामिल है। इंस्पेक्टर ने बताया कि शुक्रवार रात आठ बजे के करीब पांचों लोग फ्लैट पर पहुंचे थे। पंकज सिंह इस आवास में पिछले 5 वर्ष से रह रहा है। आफताब आलम बियर खरीदकर लाया था। ट्रामा सेंटर से विनय ने 100 व 112 नंबर पर देर रात 1:51 बजे फोन कर बताया कि राकेश रावत को गोली लगी है। राकेश किसी और को बंदूक दिखा रहे थे और इस दौरान खुद पर चल गई। इस दौरान राकेश घायल हो गए और उन्हें ट्रामा सेंटर लाया गया है। इसके बाद फिर विनय ने 112 नंबर पर दोबारा 1:56 बजे फोन करके बताया कि हंसी-मजाक के दौरान विनय के हाथ में मौजूद राइफल से फायरिंग हो गई, जिससे राकेश को गोली लगी है राकेश को अभी मौके पर ट्रामा सेंटर लाया गया है। 112 पर कॉलर विनय ने बताया कि उसके हालत की जानकारी उसे नहीं है। यह घटना दो-तीन घंटा पहले की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस की पूछताछ में यह बताया था कि पिस्टल मृतक राकेश रावत लेकर आया था और विनय को उसने दिया था। विनय जब पिस्टल को चेक कर रहा था, तो उसी समय फायर हो गया। लेकिन पुलिस के द्वारा गहनता से पूछताछ करने के बाद यह जानकारी हुई कि पिस्टल पंकज की थी और उसके आवास पर पहले से मौजूद थी। उसके पास एक पिस्टल एवं दो मैगजीन थी। बियर का नशा जब ज्यादा हो गया तो पंकज दूसरे कमरे में पिस्टल लेकर आया और राकेश उसे देखने लगा। इसके बाद पिस्टल विनय ने राकेश से मांगा, आपस में खींचतान होने लगी, तभी फायर हो गया। गोली राकेश को लग गई। सपा एमएलसी अमित यादव ने फोन पर कहा कि उनके जानने वाले पंकज सिंह फ्लैट पर रहते हैं। पंकज शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। शुक्रवार को बर्थडे पार्टी के दौरान ये घटना हुई है। सपा एमएलसी ने कहा कि अभी उन्हें बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है। वो फिलहाल शाहजहांपुर में अपने घर में हैं। वहीं डीसीपी सेंट्रल सोमेन वर्मा ने बताया कि पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में ले लिया है। पंकज की निशानदेही पर दूसरी मैगजीन और तीन कारतूस बरामद की गई है। गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## तमिलनाडु में...

शाह भी मौजूद थे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु में एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति को लेकर निशाना साधा और दावा किया कि उसे राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा, जहां 'लोकतांत्रिक ताकतें' प्रबल होंगी। द्रमुक और उसकी सहयोगी कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए शाह ने कहा कि दोनों दलों को भ्रष्टाचार के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने तमिलनाडु के चेन्नई शहर की पेयजल आपूर्ति को पूरा करने के लिए पांचवें जलाशय को शहर को समर्पित किया और राज्यभर में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## शादी समारोह...

अनुमति है। यहां पर भी कोरोना वायरस संक्रमण के फिर से बढ़ते मामलों का असर होने की संभावना है। ऐसे ही गौतम बुद्ध नगर में किसी भी समारोह में अधिकतम सौ लोग ही भाग लेने की व्यवस्था लागू की गई है। सूत्रों का कहना है कि कल राज्य के अन्य जिलों के लिए शासन के स्तर पर नये दिशा-निर्देश जारी किये जाने की संभावना है।

## कामेडियन भारती...

और हर्ष एनसीबी के कई सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, तो उन्हें एनसीबी के बेलार्ड एस्टेट स्थित कार्यालय में ले जाकर पूछताछ शुरू की गई। वहां चली करीब साढ़े चार घंटे पूछताछ के बाद एजेंसी ने भारती सिंह को गिरफ्तार कर लिया। करीब डेढ़ घंटे बाद उनके पति हर्ष लिंबाचिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्टों के अनुसार एनसीबी ने मुंबई के खारदांडा इलाके में 21 नवंबर को छापेमारी कर एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 40 ग्राम गांजा और अन्य नशीली दवाएं मिली थीं। आरोपी से पूछताछ के बाद एनसीबी ने भारती सिंह के घर और कार्यालय में छापेमारी की। इस मामले में एनसीबी ने अलग से एक एफआईआर दर्ज की है। दोनों से यह भी पूछा गया कि उनके किस-किस ड्रग पेडलर से संपर्क हैं।

## जहरीली शराब...

भी जिले में अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। वहीं, अवैध एवं कच्ची शराब का निर्माण व उसकी बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव, आबकारी संजय आर भूसरेड्डी के मुताबिक सर्दियों में कई लोग घरों में अनियमित ढंग से कच्ची शराब बनाते हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने आबकारी विभाग की टीम गठित की है। इसके तहत प्रत्येक जनपद में 15 दिनों का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रदेश में किसी भी रूप में अवैध और कच्ची शराब का निर्माण और उसकी बिक्री बंद हो। इस सम्बन्ध में सभी जनपदों में आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए आबकारी विभाग की टीम को जिला स्तर पर आवश्यकतानुसार पुलिस विभाग भी सहयोग करेगा जिससे हर हाल में अवैध कच्ची शराब का निर्माण, बिक्री एवं उसके परिवहन पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। अपर मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर स्थित ढाबों पर विशेष नजर रखने को कहा है क्योंकि टैंकर द्वारा अल्कोहल चोरी की घटना को यहीं अंजाम दिया जाता है। यदि किसी जिले में अपेक्षा के अनुरूप प्रवर्तन की कार्रवाई नहीं की जाती है तो सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## सौ साल...

है। मैं भारत को इस सांस्कृतिक विरासत को लौटाने को लेकर सक्रिय कदम उठाने को लेकर रेजिना विश्वविद्यालय के प्रति आभारी हूं। विश्वविद्यालय ने कहा कि अपनी गहन छानबीन के आधार पर मेहरा इस निष्कर्ष पर पहुंचीं कि 1913 में अपनी भारत यात्रा के दौरान मैकेंजी की नजर इस प्रतिमा पर पड़ी और जब एक अजनबी को मैकेंजी की इस मूर्ति को पाने की इच्छा का पता चला तो उसने वाराणसी में गंगा के घाट पर उसके मूल स्थान से उसे चुरा लिया।

## आयुर्वेद के...

में गैर-महत्वपूर्ण अंगों से धातु और गैर-धातु बाहरी निकायों को हटाने की अनुमति दी जाएगी। एमएस (आयुर्वेद) शलाक्य तंत्र के तहत आयुर्वेद चिकित्सक ग्लूकोमा जैसे पलकों के रोगों से संबंधित इलाज कर सकते हैं और मोतियाबिंद सर्जरी सहित विभिन्न सर्जरी करने के लिए भी उन्हें प्रशिक्षित किया जा सकता है। ये चिकित्सक आंख में एनेस्थेसिया समेत नाक, कान, और दंत से संबंधित विभिन्न प्रकार की सर्जरी भी कर सकते हैं।

# उत्तराखंड सरकार अंतरधार्मिक विवाह पर प्रोत्साहन राशि के आदेश को ठीक करेगी

**देहरादून।** उत्तराखंड में अंतरधार्मिक विवाह पर प्रोत्साहन राशि बांटे जाने पर मचे बवाल के बाद प्रदेश सरकार ने शनिवार को कहा कि इस मामले में जारी आदेश को ठीक करने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के सलाहकार आलोक भट्ट द्वारा सोशल मीडिया में जारी एक बयान में कहा गया है कि संशोधन की कार्रवाई में समय लगेगा पर इस आदेश को ठीक कर दिया जाएगा। उत्तराखंड सरकार के अंतरधार्मिक विवाह करने वाले दंपतियों को पचास हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दिए जाने के मामले ने तब तूल पकड लिया जब टिहरी के समाज कल्याण अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देने हेतु एक प्रेस नोट जारी किया।

## चंदोरकर ने 100वां जन्मदिन मनाया

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रघुनाथ चंदोरकर शनिवार को 100 वर्ष के हो गए और वह जन्मदिन का शतक पूरा करने वाले तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। चंदोरकर ने सात प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, उन्होने महाराष्ट्र (1943-44 से 1946-47) और बाम्बे (1950-51) का प्रतिनिधित्व किया था। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेलने वाले चंदोरकर ने सात मैचों में 155 रन बनाए थे। उन्होंने तीन कैच लेने के साथ दो स्टंप भी किए थे।

## जनवरी में लांच करेगी फिटनेस एप : खेल सचिव

**नई दिल्ली।** खेल सचिव रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि सरकार अगले साल जनवरी में एक ऐसा ऐप लाने की योजना बना रही है जिससे लोगों को अपने फिटनेस स्तर को जांचने और सुधार करने में मदद मिलेगी।

## जोहानिसबर्ग ओपन में कट से चूके पूर्व चैम्पियन शुभंकर

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा जोहानिसबर्ग ओपन के दूसरे दौर के बाद कट से चूक गए जबकि उन्होंने 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था। वह पिछले आठ टूर्नामेंट में पहली बार 36 होल में कट हासिल नही कर पाए।

## गंगजी ने तीसरे दौर में इवन पार 71 का कार्ड खेला

**मियाजाकी (जापान)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी ने यहां डनलप फिनिक्स ओपन के तीसरे दौर में बैक नाइन में शानदार वापसी करते हुए इवन पार 71 का कार्ड खेला।

## मलिक, हफीज, रियाज और आमिर को समान मैच फीस मिलेगी

**कराची।** सीनियर क्रिकेटरों शोएब मलिक, मोहम्मद हफीज, वहाब रियाज और मोहम्मद आमिर को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा केंद्रीय अनुबंध नही मिलने के बाद मैच फीस मे बढ़ोतरी की गई है। इन चारों खिलाड़ियों को सूचित किया गया है कि चूंकि उनके पास केंद्रीय अनुबंध नहीं है, इसलिए उन्हें अब ए श्रेणी के क्रिकेटरों को मिलने वाली मैच फीस मिलेगी।

## पलानी को हराकर मनोज दशरथन तीसरे दौर में

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मनोज दशरथन ने शनिवार को यहां अजय रस्तोगी स्मारक अखिल भारतीय ओपन स्नूकर चैम्पियनशिप 2020 के दूसरे दौर के मैच में अपने ही राज्य के पलानी पर 4-3 से जीत दर्ज की। दशरथन ने पहला सेट आसानी से जीता लेकिन पलानी ने अगले दो सेट जीतकर बढ़त कायम कर ली।

## गुजराती का पहले दौर में फिरौजा से होगा सामना

**चेन्नई।** ग्रैडमास्टर विदित एस गुजराती रविवार से शुरू हो रहे स्किलिंग ओपन ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी होंगे ।

# आस्ट्रेलिया दौरे के लिए तैयार हूं : रोहित

## हैमस्ट्रिंग बेहतर हो रही,उम्मीद है सब ठीक होगा




**भाषा।** नई दिल्ली

भारत की सफेद गेंद की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा के लिए उनकी हैमस्ट्रिंग चोट को लेकर हुआ हो-हल्ला भ्रमित करने के साथ मनोरंजक भी था क्योंकि वह हमेशा जानते थे कि यह चोट इतनी गंभीर नहीं थी और वह आस्ट्रेलिया दौरे के लिए खेलने के लिए तैयार होंगे।

रोहित को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान यह हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी जिसके कारण उन्हें इस महीने के शुरू में आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम से बाहर कर दिया गया और कुछ ही दिन में वह क्रिकेट खेलने के लिए लौट गए जिससे अटकलों का दौर शुरू हो गया। इसके बाद उन्हें टेस्ट टीम में शामिल कर लिया गया। रोहित ने कहा, ईमानदारी से कहूं, मैं नहीं जानता कि क्या हो रहा था और लोग किसके बारे में बात कर रहे थे। लेकिन मैं रिकार्ड के लिए बता दूं कि मैं बीसीसीआई और मुंबई इंडियंस के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने दर्द के बावजूद खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल में 50 गेंद में 68 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया जाने से पहले वह इस समय बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग ट्रेनिंग कर रहे हैं। रोहित ने कहा, मैंने उन्हें (मुंबई इंडियंस) को बता दिया था कि मैं मैदान पर उतर सकता हूं क्योंकि यह छोटा प्रारूप है और मैं परिस्थितियों से अच्छी तरह से निपट लूंगा। एक बार मैंने निश्चित कर लिया तो बस उस चीज पर ध्यान लगाने की जरूरत थी जो मैं करना चाहता था। हैमस्ट्रिंग अब बिलकुल ठीक लग रही है। इसे मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लंबे प्रारूप में खेलने से पहले मुझे यह पूरी तरह से निश्चित करने की जरूरत है कि कोई भी प्रयास छूट नहीं गया, शायद यही कारण है कि मैं एनसीए में हूं। आईपीएल में प्लेआफ में चोट के बावजूद खेलने को लेकर बातें शुरू हो गई थीं, इस पर उन्होंने कहा, मेरे लिए यह चिंता की बात नहीं थी कि कोई भी क्या बात कर रहा है कि वह आस्ट्रेलिया दौरे के लिए जा पाएगा या नहीं। एक बार चोट लगी तो अगले दो दिन मैंने सिर्फ यही देखने का प्रयास किया कि अगले 10 दिन में मैं क्या कर सकता था, क्या मैं खेल पाऊंगा या नहीं। पांच बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान ने कहा कि जब तक मैदान पर नहीं पहुंचते, तब तक पता नहीं चलता कि शरीर कैसे काम कर रहा है। लेकिन प्रत्एक दिन हैमस्ट्रिंग चोट की स्थिति बदल रही थी। यह जिस तरह से ठीक हो रही थी तो मैं आश्वस्त हो गया कि मैं खेल सकता हूं और मैंने उस समय मुंबई इंडियंस को इसके बारे में बता दिया।

## मेरे आईपीएल प्रदर्शन ने इस आस्ट्रेलिया दौरे से दबाव हटा दिया: शमी




**सिडनी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन के बाद अच्छी लय में हैं जिससे वह बिना किसी दबाव के आस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी टेस्ट श्रृंखला के लिए तैयारी कर पाए। शमी का यह आईपीएल सत्र सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब के लिए 20 विकेट चटकाए जिसमें मुंबई इंडियंस के खिलाफ डबल सुपर ओवर मैच में पांच रन का शानदार बचाव करना भी शामिल रहा। शमी ने शनिवार को बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मेरे प्रदर्शन ने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया और मुझे सही स्थिति में पहुंचा दिया। शमी को लगता है कि आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन ने उन पर से दबाव हटा दिया। उन्होंने कहा, सबसे बड़ा फायदा यह है कि मैं अब बिना किसी दबाव के आगामी श्रृंखला के लिए तैयारी कर सकता हूं। मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं है। मैं इस समय काफी सहज हूं। उन्होंने कहा, मैंने लॉकडाउन में अपनी गेंदबाजी और अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। मैं जानता था कि आईपीएल का आयोजन होना ही है और मैं इसके लिए खुद ही तैयारी में जुटा था। शमी ने कहा कि इस दौरे पर टेस्ट मैच उनके लिए प्राथमिकता हैं और वह पिछले एक हफ्ते से ट्रेनिंग सत्र के दौरान कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह दौरा काफी लंबा होगा जिसकी शुरूआत सफेद गेंद के क्रिकेट से होगी जिसके बाद गुलाबी और लाल गेंद के टेस्ट खेले जाएंगे। मेरा ध्यान हमेशा लाल गेंद का क्रिकेट रहा है और मैं अपनी लेंथ और सीम मूवमेंट पर काम कर रहा हूं।

## शेफील्ड शील्ड का अनुभव भारत के खिलाफ मददगार होगा: एगर



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्पिन आल राउंडर एशटन एगर ने कहा कि हाल में शेफील्ड शील्फ मैचों के दौरान का अनुभव उन्हें भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला में मदद करेगा। सत्ताईस वर्षीय एगर पिछली गर्मियों में आस्ट्रेलिया के सीमित ओवर के दोनों प्रारूपों में खेले थे लेकिन सितंबर में इंग्लैंड के दौरे पर वनडे टीम में जगह नहीं बना सके थे। अब वह शेफील्ड शील्ड के बाद पर्थ में दो हफ्ते के पृथकवास को पूरा करने के पश्चात रविवार से सीमित ओवर के साथी खिलाड़ियों के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं और उन्हें उम्मीद है कि पिछले कुछ हफ्तों का अनुभव उन्हें आगामी श्रृंखला में मदद करेगा। एगर ने अक्टूबर-नवंबर में वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के लिए तीन मैचों में 10 विकेट लिए। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैंने तीन शील्ड मैचों में 150 ओवर के करीब गेंदबाजी की। मैंने कुछ कठिन विकेटों पर भी गेंदबाजी की। अच्छे विकेट पर बल्लेबाजों को आउट करने की कोशिश करने के बारे में सोचने के बाद आपको वनडे और टी20 श्रृंखला में वास्तव में सहायता मिलती है। एगर हालांकि दक्षिण अफ्रीका में मार्च में 50 ओवर का मैच खेलने के बाद वनडे में नहीं खेले हैं क्योंकि इसके बाद कोविड-19 महामारी के कारण स्थानीय लॉकडाउन लग गया। हां, मैंने काफी समय से सफेद गेंद का क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन मुझे इससे ज्यादा चिंता नहीं है। वनडे टीम में जगह बनाना काफी मुश्किल है। मैंने टी20 क्रिकेट के लिए खुद के चयन के लिए सबकुछ कर दिया है। मैं इस प्रारूप में ज्यादा आत्मविश्वास से भरा महसूस करता हूं। एगर ने 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30 विकेट चटकाए हैं जबकि अपने करियर में 13 वनडे में 10 विकेट हासिल किए हैं।

## कोहली के लिए प्रेरणा कभी समस्या नहीं रही है : स्टोइनिस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने कहा कि विराट कोहली मैदान में हर बार अपना शत-प्रतिशत देते है और उनकी टीम भारतीय कप्तान की चुनौती से निपटने के लिए उसी अंदाज में तैयारी कर रही है। कोहली हालांकि सीमित ओवरों के छह मुकाबले और एडीलेड मे खेले जाने वाले शुरुआती टेस्ट मैच के बाद पितृत्व अवकाश पर भारत वापस लौट जाएगें। ईएसपीनक्रिकइंफो के मुताबिक स्टोइनिस ने कहा, विराट की चिंता मत करिए। वह हर मैच में अपना सब कुछ देते है। शायद अतिरिक्त प्रेरणा होगी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि 110 प्रतिशत से अधिक कोई अतिरिक्त प्रेरणा होती है। देखते हैं। मुझे यकीन है कि वह (कोहली) जाने (भारत) के लिए तैयार होंगे। वह अपने बच्चे के जन्म के लिए घर जा रहे है, जो मेरी राय में सही फैसला है। इसलिए मुझे यकीन है कि वह अतिरिक्त प्रेरित होंगे। स्टोइनिस ने कहा कि कोच जस्टिन लैंगर और उनकी टीम के पास सफेद गेंद के क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक में शामिल भारतीय कप्तान का मुकाबला करने के लिए पूर्ण रणनीति होगी।

# मोनाको ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पीएसजी को 3-2 से हराया



**भाषा।** पेरिस

किलियान एमबापे के अपने पूर्व क्लब के खिलाफ दो गोल भी फ्रेंच फुटबॉल लीग में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए काफी नहीं रहे जिसे 2-0 की बढ़त के बावजूद मोनाको से 3-2 से हार का मुंह देखना पड़ा। एमबापे ने पहले हाफ में दो गोल कर पीएसजी के लिए गोल की संख्या 99 कर ली। वह तीन साल पहले मोनाको से काफी बड़ी राशि के करार में पीएसजी से जुड़े थे। लेकिन मोनाको के लिए जर्मनी के फारवर्ड केविन वोलैंड ने ब्रेक के बाद दो गोल दाग दिए जबकि पूर्व स्पेनिश और बार्सिलोना के मिडफील्डर सेस्क फाब्रेगास ने 83वें मिनट में टीम के लिए पेनल्टी से विजई गोल किया। यह पीएसजी की सत्र की तीसरी हार थी, उसने पहले दो मैचों में मिली हार के बाद लगातार आठ जीत अपने नाम की थी। मोनाको इस जीत से पीएसजी (24) से चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। शुक्रवार को अन्य मैच में रेनेस को बोरडेक्स से हार का सामना करना पड़ा।

### हुएस्का ने ओसासुना से 1-1 से ड्रा खेला

**पैम्पलोना।** ओसासुना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबाल लीग के मुकाबले मे हुएस्का से।-। से ड्रा खेला। हुएस्का के लिए सैंड्रो रमीरेज ने पांचवें ही मिनट में गोल कर।-0 से बढ़त बना ली थी। लेकिन ओसासुना ने डिफेंडर डेविड गार्सिया के 68वें मिनट मे किए गए गोल से स्कोर।-। कर दिया जो अंत तक बरकरार रहा। हुएस्का क्लब अभी तक एक भी मैच मे जीत हासिल नही पाया है जिसने स्पेनिश लीग में वापसी के बाद सात मैच ड्रा खेले और तीन मैच मे उसे हार का सामना करना पड़ा।

## साइक्लिस्ट ओम ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक दूरी सबसे तेज पूरी करने का रिकार्ड बनाया

**मुंबई।** नासिक के साइक्लिस्ट ओम महाजन ने साइकिल पर श्रीनगर से कन्याकुमारी तक की 3,600 किमी की दूरी शनिवार दोपहर आठ दिन सात घंटे 38 मिनट में पूरी कर रिकार्ड बनाया। अगले महीने 18 वर्ष के होने वाले ओम ने कन्याकुमारी पहुंचने के बाद पीटीआई से बात करते हुए कहा, मैं हमेशा साइक्लिंग करना चाहता था। लॉकडाउन शुरू होने के बाद मैंने एंड्योरेंस साइक्लिंग और आरएएएम (अमेरिका में रेस) में हिस्सा लेने का सपना देखना शुरू किया। छह महीने पहले, मैंने आरएएएम के लिए क्वालीफायर की ट्रेनिंग शुरू की जो नवंबर में होनी थी। लेकिन 600 किलोमीटर क्वालीफायर के बजाय ओम ने रेस एक्रोस इंडिया (भारत में रेस) करने का फैसला किया। उन्होंने पिछले हफ्ते श्रीनगर की ठंडी रात से शुरूआत करते हुए कन्याकुमारी तक का सफर पूरा किया। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश में भारी बारिश और दक्षिण में भीषण गर्मी का सामना किया। श्रीनगर से कन्याकुमारी तक सबसे तेज साइकिल चलाने का रिकार्ड उनके अंकल महेंद्र महाजन के नाम था।

# विदेशी खिलाड़ियों से मजबूत गोवा दिखाएगा दम

## छेत्री की अगुआई वाली बेंगलुरू के खिलाफ अभियान शुरू करेगी टीम

**भाषा।** मडगांव

नए मुख्य कोच और नए विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से मजबूत हुई एफसी गोवा की टीम रविवार को यहां बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपना इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) अभियान शुरू करेगी। नए लुक वाली एफसी गोवा इस बार पिछले प्रदर्शन से बेहतर करना चाहेगी जिसने एक भी बार आईएसएल ट्राफी अपने नाम नहीं की है जबकि वह 2018 और 2015 में उप विजेता रही थी। लेकिन इस बार कोच जुआन फेरांडो की टीम के लिए चीजें आसान नहीं होंगी। फेरांडो चाहते हैं कि क्लब आक्रामक फुटबॉल खेलना जारी रखे जो वे अपने पूर्व कोच सर्गियो लोबेरा के मार्गदर्शन में खेलते थे। फेरांडो ने कहा, हम आक्रामक फुटबॉल खेलना जारी रखेंगे। मेरे पद में यही चीज मुझे आकर्षित लगी क्योंकि मैं इसी तरह की फुटबॉल में भरोसा करता हूं। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू की टीम एक बार आईएसएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है और वह भी जीत के साथ शुरूआत करना चाहेंगी जिसमें उसके स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री अहम भूमिका अदा करेंगे। बेंगलुरू टीम काफी बेहतरीन इकाई है और वह गोवा की टीम के लिए कड़ी प्रतिद्वंद्वी साबित होगी। छेत्री अकेले दम पर मैच का रूख बदल सकते हैं और मजबूत टीम के साथ बेंगलुरू एफसी को हराना किसी भी टीम के लिए टेढ़ी खीर होगी। टीम में अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल हैं जो छेत्री जितने ही महत्वपूर्ण है। फेरांडो ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बेंगलुरू एफसी को बहुत अच्छी टीम करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि उनकी टीम काफी सकारात्मक है।

## पिता के निधन के बाद भी ऑस्ट्रेलिया में रूकने का फैसला करने पर गांगुली ने सिराज की सराहना की



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पिता के निधन के बाद शोक में डूबे परिवार के साथ होने के लिए भारत लौटने का विकल्प दिया गया था लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय कर्तव्य के कारण ऑस्ट्रेलिया में रूके रहने का फैसला किया। सिराज के पिता मोहम्मद गौस 53 बरस के थे और फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे थे। बीसीसीआई से जारी विज्ञप्ति में शाह ने कहा, बीसीसीआई ने सिराज के साथ एक चर्चा की और दुख की इस घड़ी में उन्हें अपने परिवार के साथ होने के लिए भारत आने का विकल्प दिया गया। इस तेज गेंदबाज ने भारतीय दल के साथ बने रहने और अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों को निभाने का फैसला किया है। बीसीसीआई उनके दुख को साझा करता है और इस बेहद चुनौतीपूर्ण समय में सिराज का समर्थन करेगा। बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली ने त्रासदी की इस घड़ी में जीवटता और मजबूत मानसिकता दिखाने के लिए हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज की सराहना की। मोहम्मद सिराज को इस परिस्थिति का सामना करने के लिए मजबूती मिले। मैं इस दौरे पर उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। जबरदस्त जीवटता। एक क्रिकेटर के रूप में सिराज की सफलता में उनके ऑटो चालक पिता की अहम भूमिका रही, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन किया।

# ट्रंप के चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप वाले मुकदमे औंधे मुंह गिर रहे अदालतों में

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप एक ओर तो चुनाव परिणामों को पलटने के अपने प्रयासों को तेज करने का संकल्प ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा दी गई कानूनी चुनौतियों को देशभर के न्यायाधीश लगातार खारिज कर रहे हैं ट्रंप का अभियान चुनाव में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के अपने आरोपों के समर्थन में कुछ सबूत पेश नहीं कर सका है ऐसे में अदालतों में ये मुकदमे ठहर नहीं पा रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव में धोखाधड़ी जैसा कुछ नहीं हुआ है तथा ट्रंप नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को जनवरी में पदभार संभालने से रोकने में कामयाब नहीं होंगे इस हफ्ते एक दिन के भीतर ट्रंप और उनके रिपब्लिकन सहएगी तीन राज्यों में चुनाव परिणामों के प्रमाण-पत्र को रोकने की खातिर दर्ज करवाए गए मुकदमों में या तो हार गए या फिर वे मुकदमे खारिज कर दिए गए एरिजोना में न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को रिपब्लिकन सदस्यों की ओर से चुनाव परिणामों के प्रमाण-पत्र को स्थगित करने की मांग करने वाले मुकदमे को खारिज कर दिया। इसी दिन जॉर्जिया के एक न्यायाधीश ने भी इसी तरह की मांग को लेकर दायर अनुरोध खारिज कर दिया। वहीं, मिशिगन में ट्रंप के अभियान ने अपना मुकदमा बृहस्पतिवार को वापस ले लिया।

## सत्ता हस्तांतरण के लिए संवैधानिक रूप से आवश्यक हर कदम उठाया: व्हाइट हाउस

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस की** ओर से शुक्रवार को कहा गया कि राष्ट्रपति सत्ता हस्तांतरण कानून के तहत संवैधानिक रूप से जो भी आवश्यक है वह सब ट्रंप प्रशासन ने किया है पूर्व उप राष्ट्रपति जो बाइडन को पेन्सिल्वेनिया, मिशिगन और विस्कोंसिन में जीत के बाद सात नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का विजेता घोषित कर दिया गया था। बाइडन के पास 306 इलेक्टोरल वोट हैं और ट्रंप के पास 232 इलेक्टोरल वोट। व्हाइट हाउस तक की दौड़ जीतने के लिए कम से कम 270 इलेक्टोरल वोट की जरूरत होती है व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायली मैकनेनी ने संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रपति सत्ता हस्तांतरण कानून यह बताता है कि चुनाव की आगे की प्रक्रिया में प्रशासन को क्या करना है। संवैधानिक रूप से जो भी आवश्यक है वह सब हमने किया है और करना जारी रखेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हार नहीं मानने तथा चुनाव प्रमाण पत्र के अभाव के कारण जनरल सर्विसेस एडमिनिस्ट्रेशन ने आगामी प्रशासन के लिए सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया सुगम बनाने की खातिर आवश्यक कदम नहीं उठाए हैं।



ब्राजील के एक स्टोर में बिखरे सामान को यथास्थान पर रखते कर्मचारी। गौरतलब है कि ब्लैक मैन सिल्वारिया की मौत के बाद लोगों ने किए थे हिंसक प्रदर्शन



दोहा अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर अमेरिकी विदेश सचिव माइक पेम्पियो व उनकी पत्नी का कतर एअरवेज के सीईओ अकबर-अल-बकर व अन्य अभिवादन करते हुए

# कोविड-19 टीके को विकसित करने में अब तक मिली सफलता से उम्मीद की किरण दिखी : एंतोनियो गुतेरस



**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने कोविड-19 के लिए टीका विकसित करने में अब तक मिली सफलता को उम्मीद की किरण करार दिया है। उन्होंने टीके को हर किसी तक पहुंचाने पर जोर दिया और समूह-20 देशों से कोरोना वायरस का इलाज और दवा विकसित करने में वैश्विक साझेदारी का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते वैश्विक दवा कंपनियों फाइजर और बायोएनटेक ने घोषणा की थी कि उनके द्वारा विकसित संभावित कोविड-19 टीका 65 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों सहित 95 प्रतिशत तक प्रभावी है। गुतेरस ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, कोविड-19 टीके पर हाल में मिली सफलता उम्मीद की किरण है लेकिन यह उम्मीद की किरण हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि वैश्विक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए टीका सुनिश्चित किया जाना चाहिए- यह सभी के लिए और हर जगह सुलभ और वहनीय हो, यह लोगों का टीका हो। यह कोई धर्मार्थ नहीं है बल्कि यह महामारी से होने वाली मौतों को रोकने और वायरस को नियंत्रित करने का तरीका है। गुतेरस ने जोर देकर कहा, जीवन एकजुटता में ही निहित है।

## बाइडन व हैरिस ने निम्न सदन की स्पीकर नैंसी और सीनेट नेता शूमर से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रति कमला हैरिस ने अमेरिकी कांग्रेस के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी और सीनेट में अल्पमत वाली पार्टी के नेता चक शूमर से मुलाकात की और कोविड-19 से प्रभावित परिवारों और छोटे कारोबारों को तुरंत मदद करने की अपनी साझी प्राथमिकता पर चर्चा की। डेलावेयर के विलमिंगटन में हुई बैठक के बाद सत्ता हस्तांतरण टीम ने एक बयान में कहा कि बाइडन, हैरिस, पेलोसी और शूमर ने अपनी पहली बैठक में कोविड-19 के बढ़ रहे मामलों और इसकी वजह से देशभर के समुदायों, नौकरीपेशा परिवारों और छोटे कारोबारों पर पड़ रहे दबाव पर चर्चा की। वे इस बात पर सहमत हुए कि मौजूदा कांग्रेस का कार्यकाल खत्म होने से पहले एक राहत पैकेज को पारित करने की जरूरत है।

# जॉर्जिया के गवर्नर ने राज्य में बाइडन की जीत को सत्यापित किया



**एपी।** अटलांटा

**जॉर्जिया के** गवर्नर और शीर्ष चुनाव अधिकारी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए मतदान के नतीजों को सत्यापित कर दिया है, जिसमें रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन की जीत को दिखाया गया है। गर्वनर के सत्यापन के साथ राज्य में राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया समापन की ओर एक कदम और बढ़ गई है, जिसमें ट्रम्प और उनके समर्थकों ने धांधली का आरोप लगाया था। मंत्री ब्रैड राफ्फेंस्परगर ने 159 काउंटियों के नतीजों को प्रमाणित किया जिसमें करीब 50 लाख मत पत्रों की हाथ से गिनती की गई। नतीजों के मुताबिक बाइडन को 24.7 लाख मत मिले जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पक्ष में 24.6 लाख मत पड़े। वहीं, लिबरटेरियन प्रत्याशी जो जॉर्गेनसन को 62,138 मत मिले हैं। इस प्रकार बाइडन को ट्रम्प पर 12,670 मतों (या 0.25 प्रतिशत)से बढ़त है। प्रवक्ता कॉडी हॉल ने बताया कि शुक्रवार को रिपब्लिकन गवर्नर ब्रायन केम्प ने भी मतों के आधार पर राज्य से राष्ट्रपति निर्वाचन मंडल के लिए भेजे जाने 16 सदस्यों के निर्वाचन को सत्यापित कर दिया। संवाददाता सम्मेलन में केम्प ने सीधे तौर पर नतीजों का समर्थन नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने कहा कि कानूनी तौर पर नतीजों का सत्यापन जरूरी है। यह ट्रम्प अभियान के लिए अन्य कानूनी विकल्प तलाशने और अगर वे चुनते हैं तो अलग से दोबारा गिनती का मार्ग प्रशस्त करेगा।

तालीम के मंदिर में जरायम की गूंज

# स्कूल में शिक्षिका की हत्या के बाद आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

● एसपी ने मौके पर पहुंच की जांच, घटना स्थल का लिया जायजा

संवाददाता। सीतापुर/मानपुर




**अतीत से** बदनाम रहे तालीम के मंदिर अब जुल्म और जरायम की इमारत बनने लगे हैं। कभी प्रार्थनाओं और ककहरा से गूंजते इल्म दान के शानदार प्रांगणों पर काहिली तथा करप्शन के दाग सालों पहले चस्पा हो गए थे। मिड-डे-मील, पोशाक, व निर्माण में भ्रष्टाचार की गूंज अक्सर हमारे कानों में सुनाई पड़ जाती है। मगर सीतापुर के पकरिया इलाके के प्राथमिक स्कूल में साथी महिला शिक्षक की हत्या में हाथ रंगकर अध्यापक अमित ने बच्चों की नींव गढ़ने के अपने भकौशलभ पर कालिख पोत दी। मौके से फरार हुए आरोपी शिक्षक को पुलिस ने चंद घंटे में मय आलाकत्ल के गिरतार कर लिया है। उसने भी शिक्षिका के संग संबंधों को होना बताया है। पढ़ाने और भविष्य संवारने के मकसद से शुरू किए गए प्राइमरी स्कूलों से पढ़कर बेहतर पोजीशन हासिल कर पाने वाले बच्चों की मिसालें मुट्ठी भर हैं। मगर शिक्षकों से लेकर अफसरशाही तक के करतबों के किस्सों की किताब लिखी जा सकती है। बाकी वजहों से बदनामी आपने बहुत सुनी होगी। मगर स्कूल में साथी महिला शिक्षक की हत्या से हैरत में डाल दिया है और हत्या का कारण वही मोहब्बत, जिसकी प्रेमी युगल अक्सर कसमें खाते हैं। खैराबाद इलाके के पकरिया प्राथमिक स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए आठ शिक्षक-शिक्षिकाएं-शिक्षामित्र तैनात हैं। इन्हीं में से एक आराधना राय ने वर्ष 2015 में नौकरी शुरू की थी। सामान्य दिख रहे माहौल में बदलाव तब आया, जब वर्ष 2019 में अमित कौशल ने यहां जॉइन किया, फिर दोनों के बीच काफी मधुर संबंध बन गए। पुलिस सूत्रों की मानें तो दोनों के बीच नजदीकियां इस कदर बढ़ी, कि वो लव-इन-रिलेशन तक पहुंच गए। पर वक्त का पहिया यूं घूमा कि दोनों के बीच अनबन हो गई। इससे दोनों के रास्ते तो अलग हो गए। मगर अमित इसे अनदुरुनी दुश्मनी मान बैठा। शायद यही वजह थी कि आराधना के तनिक भी लेट होने पर वो उपस्थिति पंजिका पर गैरहाजिर दिखा देता। ये देख उसने प्रधानाध्यापिका से कई दफा अपनी शिकायत भी दर्ज कराई। इस पर प्रधानाध्यापिका ने भी एतराज जताया। लेकिन वो अपनी हरकतों से कतई बाज नहीं आया। हर दफा वो अपनी खुन्नस निकाले की फिराक में रहता। कुछ ऐसा ही वाक्या शनिवार को भी सामने हुआ। दरअसल, स्कूल की प्रधानाध्यापिका अवकाश पर थी। केवल पांच शिक्षक ही विद्यालय आए थे। बताते हैं कि आज भी पहले अमित पहले विद्यालय पहुंचा था, आराधना उसके बाद पहुंची थी। इस पर अमित ने उपस्थिति पंजिका पर उसे अनुपस्थित लगा दिया। इससे दोनों में कहासुनी हो गई। मामला बीएसए की चौखट पर पहुंचा तो उन्होंने खैराबाद बीईओ को जांच के निर्देश दिए थे। इस पर बीईओ विद्यालय जाकर मामले को सुलटा आए थे। छुट्टी के वक्त विद्यालय में ताला बंदी हो रही थी, तभी खुन्नस धरे शिक्षक अमित ने तमंचे से आराधना के सीने में गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।


सीतापुर-घटना स्थल पर मौजूद एसपी आरपी सिंह

**शिकायत पर पहले चल रही थी जांच-** प्राथमिक विद्यालय पकरिया में शिक्षक अमित और आराधना के बीच चल रहे विवाद में काफी समय से जांच चल रही थी। ये जांच एलिया और खैराबाद के बीईओ संयुक्त रूप से जांच कर रहे थे, लेकिन जांच पर फाइनल रिपोर्ट नहीं लग पाई, अगर जांच अफसर समय से पहले मामले को हल कर देते तो शायद शिक्षिका आराधना की जान जाने से बच जाती।

**पुलिस को सच्चाई बताने से बचती रही शिक्षिकाएं-** विद्यालय में शिक्षक अमित और शिक्षिका आराधना के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। उन्हीं के बीच के ही साथी अमित ने आराधना को गोली मारी, लेकिन उपस्थित कोई भी शिक्षिकाएं पुलिस को सच्चाई बताने बचती रही। जबकि उनके सामने ही आरोपी गोली मारकर वहां से भाग निकला था।

- गांव के प्रधान पति भगवती का कहना है कि शिक्षक-शिक्षिका के बीच विवाद होने के बाद यह हत्याकांड की वारदात हुई।
- घटना के बाद मौके पर पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित व जिला मंत्री संकेत वर्मा ने कहा कि इस घटना ने शिक्षक समाज को स्तब्ध कर दिया है। नेताओं ने दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मौके का जायजा लेने के बाद एसपी ने बताया कि मृतका व आरोपी के बीच मुधर संबंध होने के बाद खटास पैदा हो गई। जिससे यह घटना हुई। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को थी।

आरपी सिंह, पुलिस अधीक्षक।

## आज आएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



**सीतापुर।** स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। उच्च सदन में कमजोर गणित को मजबूत बनाने के लिए छोटे से लेकर बड़े नेता जिलों की खाक छान रहे है। इसी क्रम में भाजपा के प्रदेष अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह रविवार को सीतापुर आएंगे। उनके साथ प्रदेष महामंत्री अनूप गुप्ता भी होगें। कार्यक्रम संयोजक बीजेपी नेता आरके वर्मा ने बताया कि श्री सिंह कसरैला रोड स्थित श्री कृश्णा कॉलेज में आयोजित मीटिंग में हिस्सा लेकर पार्टी के एमएलसी प्रत्याषियों षिक्षक उमेष द्विवेदी व स्नातक अवनीश सिंह को जिताने की रणनीति बनाएंगे। इस बैठक में पार्टी के सांसद, विधायक नेता भी मौजूद रहेगें।

● स्नातक चुनाव की बैठक में बनाएंगे रणनीति

# गन्ना किसानों का हित प्रदेश सरकार के लिये सर्वोपरिः जिलाधिकारी

● दि किसान सहकारी चीनीमिल महमूदाबाद का हुआ शुभारम्भ किसान हुए सम्मानित

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**दि किसान** सहकारी चीनीमिल महमूदाबाद के 2020-21 के पेराई सत्र का शुभारम्भ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा किया गया। पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री द्वारा कराये गये विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद डीएम ने डोंगें में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी शनिवार को 11 बजे चीनीमिल पहुंचे जहां उनका स्वागत प्रधान प्रबंधक केपी शुक्ल ने किया। इसके बाद डीएम द्वारा विधि विधान से पूजन-अर्चन तथा हवन कुंड में आहुति देने के साथ पेराई सत्र का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी मिल गेट पर लगे तौल कांटा नं. एक पर पहुंचे। जहां मिल को बैलगाड़ी से गन्ना लाने वाले प्रथम किसान दिल्ला-आगरा निवासी छत्रपाल को साफा बांधने के साथ-साथ पुरस्कृत किया। गेट दो पर टैक्ट्रर-ट्राली से गन्ना तौल कराने आये गांव घुल्ला के किसान नीलकंठ को साफा व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने मिल कारखाने के मशीन स्टाटर का बटन दबाकर मशीनें चालू की और डोंगें में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास कर रही है। मिल अपनी पूरी क्षमता से चले और किसानों को इसका लाभ मिलता रहे इसके प्रयास किये जाएंगे। जो भी सुविधाएँ किसानों को मिलनी चाहिए उसकी व्यवस्था मिल प्रबंधन करेगा। गन्ना किसानों का हित सरकार के लिये सर्वोपरि है। कार्यक्रम में तहसीलदार अशोक कुमार, प्रधान प्रबंधक केपी शुक्ल, चेयरमैन प्रतिनिधि अम्ब्रीश गुप्त, चीनीमिल उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आदित्य वर्मा उर्फ कल्लू, डायरेक्टर सुरेश मिश्र, प्रदीप वाजपेयी, आलोक वाजपेयी, शेर सिंह, सुरेश वर्मा, धनेंद्र गौतम, अमरेंद्र सिंह, बांके लाल अवस्थी, राम दुलारे यादव, सत्य प्रकाश, विनोद कुमार, चीनीमिल के मुख्य गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार, लेखाकार प्रदीप शुक्ल, अंकुर वर्मा, चीफ केमिस्ट एमपी सिंह, चीफ इंजीनियर ज्वाय सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान व मिल कर्मचारी उपस्थित रहे।


महमूदाबाद-चीनी मिल का शुभारम्भ करते डीएम विशाल भारद्वाज

## क्विक न्यूज

### कोरोना के मिले 7 मरीज, 69 की हो चुकी मौत

● जिले में 4,531 मरीज

**सीतापुर।** कोरोना के मरीज जरूर कम निकल रहे हैं लेकिन मौत का आंकड़ा दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। सीतापुर में कोरोना से एक और मौत हो गई है। अब तक महामारी ने 69 मरीजों को काल के गाल में समा दिया है। इसके बावजूद लोग लापरवाही कर रहे हैं, बाजारों में भीड़ उमड़ रही है, फिजिकल डिस्टेंसिंग में भी लापरवाही बरती जा रही है। सीतापुर में शनिवार को 7 नए कोरोना के मरीज मिले हैं। शहर में एक भी मरीज नहीं निकला है। हरगांव क्षेत्र में 2 और मछरेहटा के न्योदिया व सिधौली के झकरांवा में 1-1 मरीज मिला है। इसी के साथ जिले में 4,531 मरीज हो गए हैं।

### सड़क हादसे में बालिका की मौत

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली के रेउसा मार्ग पर भोलागंज के पास सीतापुर से बहराइच जा रही रोडवेज की चपेट में आकर बालिका की मौत हो गई। हादसे में बस चालक आगे चलकर बस को देबियापुर चौराहे पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मृतक 10 वर्षीया हिना पुत्री जान अपने नाना युसूफ निवासी ग्राम भोलागंज अहमदाबाद में रहती थी। मृतका के पिता जनपद लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना अंतर्गत कटोरी निवासी है। मृतका के माता-पिता दिल्ली में मजदूरी का काम करते हैं।

### एचटी लाइन में करंट आने से युवक की मौत

**सीतापुर।** थाना मानपुर के पेडरा गांव के महेंद्र शर्मा ने बहन के हाथ पीले होने से पहले ही इस दुनियां से विदाई ले ली। एचटी लाइन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। 30 नवम्बर को महेश की बहन के विवाह की तारीख तय है, इसी के चलते वह सफाई करने के लिए पेड़ की टहनियां काट रहा था, इसी दौरान उसे करंट का झटका लग गया। परिवार में बना जश्न का माहौल मातम में बदल गया।

थाना रामकोट इलाके के खगशियामऊ का मामला

## हथियारबंद लुटेरों ने महिला से किया चैन स्नैचिंग का प्रयास

● महिला ने दिखाई बहादुरी, भिड़कर एक लुटेरे को दबोचा

● दूसरा फायरिंग करते हुआ फरार मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता। रामकोट

**एनएच24 पर** दिनदहाड़े बेखौफ हथियारबंद लुटेरों ने बाइक सवार महिला से चौन स्नैचिंग का प्रयास कर डाला। महिला ने बहादुरी दिखाते हुए एक लुटेरे को मौके पर धर दबोचा। दूसरा फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची कटीली चौकी पुलिस ने पकड़े गए लुटेरे को थाने ले गई। दरअसल मामला थाना रामकोट इलाके के खगेसियामऊ का है। जहां नीलम सिंह अपने पति व साथी गायत्री सिंह के साथ दवा लेकर अपने गांव उरदौली जा रही थी। तभी हथियारबंद लुटेरों ने चेन छीनने का प्रयास किया, लेकिन चौकन्नी बैठी नीलम सिंह ने लुटेरे का हाथ पकड़ लिया और उससे भिड़ गई। छीना झपटी में नीलम को भी चोटें आई हैं। इलाज के उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह ने बताया पकड़ा गया लूटेरा हिरासत में है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दूसरे लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गई है।


अस्पताल में भर्ती घायल महिला

थाना हरगांव इलाके का मामला

## महिला आरक्षी संग छेड़छाड़, आरोपी की मौत

● आत्महत्या के प्रयास में खाया था जहर, लखनऊ के अस्पताल में तोड़ा दम, कोरोना रिपोर्ट पर परिजनों ने जताई आशंका, किया थाने का घेराव

● भाजपा विधायक सुरेश राही व पूर्व चेयरमैन हरिनाम बाबू मिश्र की मौजूदगी में एएसपी नार्थ व सीओ सदर ने हालातों पर पाया काबू

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**महिला आरक्षी** संग छेड़छाड़ के आरोप में पकड़े गए युवक की मौत मामले में भाजपा विधायक सुरेश राही व मृतक के मामा हरिनाम बाबू मिश्र की मौजूदगी में एडिशनल एसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बिगड़े हालातों पर काबू पा लिया। इससे पहले युवक की आई कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट पर आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। मामले की जानकारी देते हुए सीओ सदर ने बताया कि हालात पूरी तरीके से शांत है। मृतक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, शासन के निर्देशानुसार परिजनों से बातचीत कर ली गई है। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मृतक का अंतिम संस्कार लखनऊ में किया जाएगा। इसके लिए परिजन 20 लोग लखनऊ के लिए निकल चुके हैं। बता दें थाना हरगांव इलाके में महिला आरक्षी संग छेड़छाड़ के आरोप में पकड़े गए 28 वर्षीय प्रयास तिवारी निवासी शिवनगर हरगांव ने छुब्ध होकर जहर खा लिया था। जिससे लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह मृतक की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट पर आशंका जताते हुए परिजनों ने थाने पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। लेकिन स्थानीय प्रशासन व पुलिस महकमा पहले से ही सतर्क था। एडिशनल एसपी उत्तरी राजीव दीक्षित, सीओ सदर की अगुवाई में थाना हरगांव, थाना इमलिया सुल्तानपुर, थाना मानपुर, थाना मछरेहटा व कोतवाली लहरपुर पुलिस के साथ पीएससी बल तैनात कर हालातों पर नियंत्रण कर लिया गया। मृतक ने छोड़े गए सुसाइड नोट में महिला आरक्षी अपूर्वा दीक्षित व साथी आरक्षी शिव शंकर पर गंभीर आरोप जड़े थे।


हरगांव-हंगामा करते परिजन व मौजूद विधायक सुरेश राही व अन्य

ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी पर अष्लील टिप्पणी के बाद थाना पुलिस आरोपियों को थाने ले गई थी और बांड भरवाने के बाद दोनो को छोड़ दिया गया था। पुलिस के सम्बंध में लगाए गए आरोपों की जांच एएसपी नार्थ डा. राजीव दीक्षित को सौंपी है। तथ्यों की जांच के बाद आवष्यक कार्रवाई की जाएगी।

आरपी सिंह, एसपी।

सीएचसी के निरीक्षण में लगी अव्यवस्थाओं की लाइन

## नोडल अफसर ने सीएमओ को लगाई फटकार, मांगा स्पष्टीकरण

● अधूरे पड़े जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक छात्रावास को तीन महीने में पूरा करने के आदेश दिए

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**जिले की** नोडल अधिकारी के महमूदाबाद के निरीक्षण में हर कदम प्रशासनिक अव्यवस्था सामने आ गई। सीएचसी में जरूरी स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ लापता मिलीं तो कहीं मरीजों को मिलने वाली सुविधाएँ तक मयस्सर नहीं हो सकी। भारी मात्रा में अव्यवस्थाएँ देख नोडल अधिकारी की त्योरियां चढ़ी तो स्थानीय से लेकर जिले तक के अधिकारियों के पसीने छूटने लगे। नोडल अधिकारी ने सभी को बारी-बारी कड़ी फटकार लगाई और शासन की मंशानुरूप कार्य करने की हिदायत दी। शनिवार की सुबह नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस महमूदाबाद पहुँची। सीएचसी परिसर में उन्होने सफाई व्यवस्था, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी को पता चला कि अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब है लेकिन एक्सरे टेक्नीशियन तैनात हैं। जिस पर उन्होने सीएमओ से जवाब तलब किया। सीएमओ ने नोडल को बताया कि दो माह से ही एक्सरे मशीन खराब पड़ी है जबकि एक्सरे टेक्नीशियन से पूछने पर पता चला कि 2017 से एक्सरे मशीन बंद है। नोडल ने इसके बाद सीएमओ को फटकार लगाई और कहा कि तीन वर्षों से सीएचसी में एक्सरे मशीन खराब पड़ी है आप लोगो के द्वारा शासन को कितनी बार पत्राचार किया गया है? एक्सरे टेक्नीशियन को किस बात की तनख्वाह दी जा रही है? नोडल अधिकारी ने डीडीओ को एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर देने के निर्देश दिये। नोडल ने कहा कि वह इसको मुख्यमंत्री के सामने रखेंगी। उन्होने ओपीडी में मरीज शहजानी निवासी पूजा से बात की। ओपीडी कक्ष में वजन मापक मशीन न होने पर सीएचसी अधीक्षक को व्यवस्था करने के निर्देश दिये। नोडल ने इसके बाद महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। महिला अस्पताल के गेट पर इलाज के इंतजार में जमीन पर गर्भवती महिला को बैठा देख नोडल ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान लोगो ने नोडल को बताया कि यहां डाक्टर कई महीनों से नहीं आती हैं। मरीजों का हाल बेहाल है। कई वर्षों से अस्पताल में खाना तक नहीं बन रहा है। जिसके बाद नोडल ने सीएमओ से जवाब मांगा। नोडल ने सीओ महमूदाबाद को निर्देशित किया कि भोजन और धोबी आदि व्यवस्थाएँ देखने वाले ठेकेदार के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए रसोईया और धोबी का बकाया पैसा दिलाना सुनिश्चित करें। नोडल ने डीडीओ को निर्देश दिया कि व्यवस्थाओं में कमी को लेकर डीएम को पत्र भेजकर डीएम के जरिये सीएमओ से स्पष्टीकरण तलब किया जाये। मुख्यमंत्री महिला अस्पतालों में खान-पान को व्यवस्थाओं को लेकर बेहद गंभीर है और ऐसे मामलों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नोडल ने इसके बाद ब्लाक कार्यालय का भी निरीक्षण किया।


महमूदाबाद-सीएमओ को फटकार लगाती नोडल अफसर मिनिस्ती एस

विधानसभा सीतापुर, मिश्रिख, महोली, बिसवां, लहरपुर, महोली, हरगांव, सिधौली में किया जनसम्पर्क

## कार्यकर्ताओं की मेहनत दिलाएगी जीतः रामसिंह

**सीतापुर।** एमएलसी चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी ने भी ताकत झोंकी। शुक्रवार रात लखनऊ खण्ड स्नातक प्रत्याशी राम सिंह राणा के समर्थन में पार्टी के कार्यकर्ता मुस्कान गेस्ट हाउस में जुटे। जिला अध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगते हुए चुनाव की रणीनीति बनाई। कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी जय सिंह यादव, छात्र संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष अंकित त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष युवजन सभा रॉबिन यादव, विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, महासचिव मसूद आलम अंसारी, शादाब खान, सभासद मोहम्मद नबी मोल्हे, भुट्ट, मोहम्मद सलीम अडडू, मोहम्मद अशफाक अंसारी, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष शारिब खान, रूपेन्द्र कुमार पाल, एडवोकेट सरताज अहमद खान, सोहेल अहमद किदवई, नगर अध्यक्ष संजय राठौर, डॉ कमलेश जायसवाल, परसेंडी ब्लॉक अध्यक्ष जैनेंद्र जयसवाल, खैराबाद ब्लॉक अध्यक्ष रामखेलावन राजवंशी आदि मौजूद रहे। सपा प्रत्याशी रामसिंह राणा ने पूरे जिले में भ्रमण कर वोट मांगे।


सीतापुर- विधानसभा सीतापुर, मिश्रिख, बिसवां, महोली में जनसम्पर्क करते सपा स्नातक एमएलसी प्रत्याशी रामसिंह राणा, साथ में जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव व अन्य

● सपा स्नातक एमएलसी प्रत्याशी ने जिले भर में किया जनसम्पर्क

### लखनऊ खंड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन

# निष्पक्ष चुनाव बड़ी जिम्मेदारी

## ● डीएम और एसपी ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी



**कलेक्ट्रेट सभागार** में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक विजय दुल की मौजूदगी में लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2020 हेतु दो पालियो में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 72 पीठासीन अधिकारी एवं 74 मतदान अधिकारी प्रथम उपस्थित रहे। वही 04 पीठासीन अधिकारी एवं तीन मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित रहे। डीएम ने सभी अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का स्पष्टीकरण के निर्देश जारी किए। प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज निर्वाचन के संबंध में बड़ी बारीकी से आप सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। फिर भी यदि निर्वाचन संबंधी कोई भी जिज्ञासा आपके मन में होए तो उसका समाधान प्रशिक्षण अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर लें। डीएम ने प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण को निर्देशित किया कि पोलिंग पर्सनस का एक व्हाट्सएप ग्रुप बना दे। जिससे मतदान कार्मिकों की शंकाओं का समाधान किया जाता रहे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान स्थलों पर पोलिंग पार्टी के सदस्यों की सभी आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं के संबंध में संबंधित को निर्देशित किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक विजय दुल ने कहा पोलिंग पार्टी के सहयोग हेतु पुलिस कर्मियों की पर्याप्त मात्रा में निर्वाचन हेतु ड्यूटी लगा दी गई है। निर्वाचन के दौरान आप सबकी सुविधाओं का पूरी तरह से ख्याल रखा जाएगा। प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण ने पोलिंग पार्टी द्वारा किस प्रकार से एवं किन.किन सावधानियों को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल संपन्न कराने के लिए बारीकियों के बारे में गहनता से जानकारी दी। उन्होंने पोलिंग पार्टी में शामिल पीठासीन अधिकारी के साथ.साथ मतदान अधिकारी प्रथमए द्वितीय व तृतीय के कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से दी गई। पीठासीन अधिकारी स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए उत्तरदायीं होंगे। बताते चलें की प्रथम पाली में प्रातः 11रू00 से 1रू00 तक एवं द्वितीय पाली अपराहन 3रू00 बजे से 5रू00 बजे तक पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना निदेशक ;डीआरडीएद्ध रामकृपाल चौधरीए जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमारए ज़िला प्रशिक्षण अधिकारी राजकिशोर सहित पोलिंग पार्टी मौजूद रही।

## एसडीएम ने महिला श्रमिक सुरक्षा को लेकर ईट-भट्टों का किया दौरा



**मोहम्मदी-खीरी।** ईट भट्टों पर कार्यरत महिला श्रमिक की सुरक्षा हेतु प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से गृह विभाग और जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने अनेकों ईट भट्टों पर पहुंचकर कार्यरत महिला श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित जांच कीं। प्रकाश की व्यवस्था एबाउंड्री वालए द्वार पर सीसीटीवी कैमरेए पेयजल और शौचालय की व्यवस्था तथा भट्टे पर अवैध शराब न बनने पाए व उसका सेवन न किया जाए इस संदर्भ में आज उप जिलाधिकारी ने उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि महिला श्रमिक की सुरक्षा और रहने की उत्तम व्यवस्था के लिए सभी ईट भट्टा मालिकों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। शीघ्र ही सभी तहसील के भट्टा मालिकों की सभागार में बैठक कर शासन से मिले दिशा निर्देशों का पालन बनाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। अगर उसके उपरांत किसी भी भट्टे पर शासन से मिली गाइडलाइन के अनुसार उसका पालन नहीं होता है तो निश्चित तौर पर ऐसे भट्ट ईट भट्टे मालिकों पर कार्रवाई होगी।

## सांसद ने किया दर्शक दीर्घा का शुभारंभ



**सिंगाही-खीरी।** कस्बे के राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज के खेल मैदान पर शनिवार को खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने सांसद निधि से बनने वाली दर्शक दीर्घा का शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एक फ्रेंडली मैच राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज की टीम व सिंगाही इलेवन के बीच मात्र बीस मिनट सांकेतिक रूप से खेला गया जिसमें टीम विजेता रही। खेल दौरान भाग लेने वाली दोनो टीमों को सांसद की ओर से नगद धनराशि और ट्राफी देकर पुरुस्कृत किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत सरकार सराहनीय कदम से देश में कोरोना के मामले दूसरे देशों की अपेक्षा काफी कम हैं। जल्द ही सरकार इसकी वैक्सीन लांच कर देखी इसके सभी आयोजन पूर्व की भांति कराए जा सकेंगे। इस दौरान डाण् एमआर सेठीए एनयू खानए चेयरमैन उत्तम मिश्रए सांसद प्रतिनिधिए अरविंद सिंह संजयए दीपक तलवार, रमा शाह, त्रिलोकीनाथ देवडिया, टूर्नामेंट के कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रम प्रसाद भल्ला, महामंत्री सुनील बत्रा, अशोक वर्मा, विकास मिश्र, नगेन्द्र सिंह सहित फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**बरेली।** सड़क पार करते समय तेजी से आ रही कार ने एक युवक को टक्कर मार दी। उसने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव उरला जागीर निवासी नन्हे पुत्र मोहम्मद इदरीश की बीती रात कैंट थाना क्षेत्र में लाल फाटक रेलवे पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के घरवालों ने बताया कि नन्हे बारातों में किराए पर बग्गी लेकर जाता था। कल शाम को भी वह घर से बग्गी लेकर निकला था। रात के समय जब वह लगभग 9 बजे लाल फाटक पहुंचा। तो उसने बग्गी को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। वह पेशाब करने के लिए सड़क पार जाने लगा। इसी दौरान तेजी से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार सवार वाहन को छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी।

## शराब की दुकानों पर छापेमारी



**लखीमपुर-खीरी।** शासन का निर्देश मिलते ही पूरा प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार को पूरे जिले में लाइसेंसी शराब दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी हुई। गठित टीमों ने बड़े पैमाने पर शराब की सैंपलिग की। शनिवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंहए एसपी विजय दुल एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार लखनऊ जैनेंद्र उपाध्याय ने जिला मुख्यालय पर एलआरपी चौराहाए हीरालाल धर्मशालाए ओयल समेत अन्य स्थानों पर भ्रमणशील रहकर बड़े पैमाने पर शराब दुकानदारों के यहां छापेमारी की एवं अपने सम्मुख सैंपलिंग कराइ। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अनुज्ञापियो की स्टॉक बुक सहित अन्य अभिलेखों की जांच की। वही शराब की बोतलों पर लगे बारकोड की सघन जांच की। डीएम ने निर्देश दिए कि शराब की ओवर रेटिंग एवं मिक्सिंग की शिकायत प्रकाश में आई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ पूरे जिले में गठित की गई विभिन्न टीमों ने देसी विदेशी शराब की दुकानों पर सघन छापेमारी कर बड़े पैमाने पर सैंपलिंग की। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया जिले भर में संचालित देशी.विदेशी शराब की कुल 361 दुकानों के सापेक्ष अपराहन 3रू00 बजे तक 108 दुकानों की सैंपलिंग कराई जा चुकी है। शेष दुकानों की सैंपलिंग की प्रक्रिया जारी है। जिलेभर की समस्त दुकानों की सैंपलिंग कल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाएगी।

## 50 लाख की हीरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना के बाद एक ही स्थान पर छापामार कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली। उनके पास से 50 लाख कीमत की हीरोइन बरामद की गई। उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद हुए। तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया।भुता थाना क्षेत्र में मौजूपुर पुलिया के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद छापामार कार्रवाई करते हुए फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव सिमरा केशोपुर निवासी बृजेश गंगवार भुता के गांव पऊं नगला निवासी हरवीर सिंह और हरदोई के मजला थाने के गांव फतेहपुर निवासी सोनू सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जब तीनों की तलाशी ली। तो बृजेश के पास से 153 ग्राम हीरोइन, तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और 15 सौ रुपए नगद, हरवीर सिंह के पास से 151 ग्राम हीरोइन तमंचा कारतूस मोबाइल फोन और 900 रूपये नकद व सोनू सिंह के पास से 100 ग्राम हेरोइन, चाकू, मोबाइल फोन और 800 रूपये नगद बरामद हुए।

## अन्तर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस व मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ शक्ति संवाद

संवाददाता। बरेली



**अन्तर्राष्ट्रीय बाल** अधिकार दिवस एवं मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के ब्लॉक सभागार में किया गया जिसमें श्री वेद प्रकाश यादव ब्लॉक प्रमुख, श्री जुनेद अहमद खण्ड विकास अधिकारी, श्री कमलेश सिंह उपजिलाधिकारी आंवला, श्रीमती नीता अहिरवार उपनिदेशक महिला कल्याणध्जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली, श्री के0सी0 बाल विकास परियोजना अधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे, शक्ति संवाद कार्यक्रम में राजकीय हाई स्कूल खुली, रामभरोसे लाल इण्टर कालेज देवचरा, आदर्श इण्टर कालेज रामपुर बुजुर्ग, रामपाल कटोरी देवी बल्लिया के नवीं0 व दसवीं की छात्र छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय, ब्लॉक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी आंवला, उपनिदेशक महिला कल्याणध्जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गयाउपनिदेशक महिला कल्याण जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली द्वारा मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस एवं मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम के विषय में एवं बच्चों और किशोरों की सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक आवश्यकताओं, मुददो तथा सपोर्ट प्रणाली पर भौतिक शक्ति संवाद के बारे में जानकारी दी गयी। बालकध्बालिकाओं से सम्बन्धित कानून जैसे-बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय(बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम-2016 के विषय में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गयी साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी व बाल संरक्षण योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया गया एवं उक्त विषयों से सम्बन्धित प्रश्नों के प्रतिउत्तर दिये गये।

## प्रशान्त कठेरिया उत्तर प्रदेश दलित कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री बनाए गए

संवाददाता। शाहजहांपुर



**कांग्रेस पार्टी** ने आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर युवा कांग्रेसी नेता प्रशान्त कठेरिया को उत्तर प्रदेश दलित कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री बनाया । इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री प्रशांत कठेरिया ने कहा कांग्रेस पार्टी दलित समाज की सच्ची हितेषी है उन्होंने कहा पार्टी ने उनकी मेहनत व सच्ची लगन को ध्यान में रखते हुए उनको जो जिम्मेदारी सौपी है उसके लिए हर संभव प्रयास कर पार्टी गाइडलाइन के तहत कार्य करेंगे द्य इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ,शहर अध्यक्ष तकबीम खान, कौशल मिश्रा , शाहेद अनवर कुरैशी ,भप्पेन्द्र सिंह ने सहित सभी कांग्रेसी नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया राम सजीवन हत्याकांड का मुकदमा

**फतेहपुर।** शहर के वर्मा चौराहा इलाके के एक सीमेंट व्यवसाई की दुकान के मजदूर की विगत 07 अगस्त को संदिग्ध हालातो में हुई मौत के चर्चित मामले में मृतक के परिजनों की दरख्वास्त को अदालत द्वारा कोतवाली पुलिस को मुकदमा कायम करने के बाबत दिए गए सख्त निर्देश के क्रम में पुलिस ने हत्या व हरिजन उत्पीड़न समेत पांच अलग अलग धाराओं में मुकदमा तो दर्ज कर लिया किन्तु किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने पर मृतक की पत्नी ने मुख्यमंत्री समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को शिकायती पत्र भेजकर स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। थरियाव थाने के गांव चकमुगल निवासिनी संगीता देवी ने मुख्यमंत्री, अध्यक्ष एससी/एसटी आयोग, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को भेजे गए शिकायती पत्र में सीमेंट के दुकानदार राम भवन उर्फ जगत एवं उसके पुत्र नितेश व साले पप्पू पर आरोप लगाया कि मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर तीनों ने मिलकर उसके पति राम सजीवन की पीट-पीट कर हत्या कर दी। उसका यह भी आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया तथा प्रशासन ने भी कोई सुनवाई नहीं की। थक-हारकर उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने धारा 302, 406, 504, 506 एवं 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा तो दर्ज कर लिया किन्तु धनाढ्य अभियुक्तों पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। शिकायती पत्र में पुलिस प्रशासन को इस मद में तत्काल कड़ी कार्यवाही करने और अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के निर्देश देने की मांग की है। शिकायतकर्ती ने संभावना जताई है कि अगर अति शीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वे उसकी एवं परिजनों की भी हत्या करवा सकते हैं।

## मत्स्य पालन कर बढ़ा सकते हैं आयः सीडीओ



**फतेहपुर।** विश्व मात्स्कीय दिवस के अवसर पर मत्स्य पालन गोष्ठी का विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। गोष्ठी में मत्स्य पालको को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के साथ मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, बागवानी आदि शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी दोगुना कर सकते है। मत्स्य पालन हेतु लाभार्थियों को तालाब के सरकारी पट्टे दिए गए है जिसमे मछली पालन के अतिरिक्त तालाब के किनारे फलदार वृक्ष लगाकर फल प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि गोष्ठी में जो भी मत्स्य पालन, बागवानी आदि के विषय मे सम्बंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है कि अनुसार व्यवसाय करके अपनी आय बढ़ा सकते है। उन्होंने कहा कि वर्षाऋतु में मछली अण्डे देने की स्थिति में रहती है, के समय शिकार न किया जाए। उन्होंने किसानों से कहा कि छोटे व्यवसाय से शुरुआत करें ताकि नुकसान कम हो और लाभ अधिक मिले। मछली पालन के हर जगह बाजार उपलब्ध है अच्छी मछली पालन करके बाजारो में अच्छे दाम पर बेंचे और अपने परिवार का अच्छे प्रकार से भरण पोषण करे। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि गोष्ठी में किसानों को मछली पालन के विषय मे तकनीकी जानकारी दी गई है कि अनुसार मछली पालन करके मॉडल के रूप में उभरेंगे और अन्य लोगो को योजना से जागरूक करेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि मछलियों के शिकार के समय छोटी मछलियों को न पकड़े, बड़ी मछली का ही शिकार करे तभी निरंतर मछलियां मिलती रहेंगी। उन्होंने गोष्ठी में मनोज कुमार, प्रदीप कुमार एवं अनिल कुमार मत्स्य पालको को मत्स्य पालन प्रमाण पत्र एवं पूरन चन्द्र, अमर कुमार एवं चंद्रकिरण को ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र (क्रेडिट कार्ड) वितरित किया।

## जनपद के दस हजार शिक्षक व एक लाख छात्र-छात्राएं दीक्षा से हो रहे लाभान्वित

संवाददाता। शाहजहांपुर



**शहर के** गाँधी भवन में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों को दीक्षा ऐप के अंगीकरण के संबंध में जानकारी देकर कोरोना काल में इसकी जरूरत का ज्ञान करते हुए इसके महत्व के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती प्रेरणा शर्मा मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा उन्होंने कहा जनपद के दस हजार शिक्षक तथा एक लाख छात्र छात्राएँ दीक्षा से पहले से ही लाभान्वित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि दीक्षा कोरोना युग में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है प्रदेश कि लाखों बच्चे इस पर अपनी शिक्षा को प्राप्त कर रहे हैं इस अवसर पर उन्होंने ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा जब वे आईएएस की तैयारी कर रही थी उस समय खान एकेडमी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध डिस्टेंस कंटेंट से बहुत अधिक प्रभावित हुई थी। उन्होंने कहा कोरोना काल में दीक्षा बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है क्योंकि आज करोना के काल में बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं इस एप के माध्यम से वे अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकते वीडियो एवं ऑडियो की सामग्री से लाभान्वित हो सकते हैं उन्होंने सभी प्रबंधकों शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने सभी बच्चों को सभी बच्चों शिक्षकों को इस एप्प को डाउनलोड कराएं जिससे उनके विद्यालय के सभी बच्चे दीक्षा एप्प से लाभान्वित हो इस अवसर पर उपस्थित डाइट प्राचार्य डा0 अचल कुमार मिश्रा ने कहा कि दीक्षा पोर्टल पर प्रशिक्षण हेतु बहुत से कोर्स उपलब्ध है जिससे निजी विद्यालय के शिक्षक भी इन कोर्स का लाभ ले सकते हैं तथा अपनी क्षमता का संवर्धन कर सकते हैं! इस अवसर पर श्री राकेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद शाहजहाँपुर में सभी दस हजार शिक्षक एवं अधिकतर बच्चे दीक्षा एप को अंगीकृत कर चुके हैं इसके साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से भी बच्चे एक कंटेंट को प्राप्त कर रहे हैं दीक्षा एप पर बहुत सी सामग्री बच्चों के लिए उपलब्ध है जिससे वे अपने शिक्षण हेतु किसी भी समय उसका प्रयोग कर सकते हैं।इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ अभय जैन ने बताया कि दीक्षा एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है और ये भारत सरकार द्वारा एक राष्ट्र एक डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में घोषित है दीक्षा पोर्टल शिक्षकों एवं छात्रों के मध्य भौतिक ज्ञान एवं डिजिटल ज्ञान को जोड़ते हुए सेतु प्रदान करने का एक प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है शिक्षण अधिगम सामग्री से संबंधित जिज्ञासाओं के समाधान एवं पाठ्य सामग्री से जुड़े डिजिटल कंटेंट पर पहुँचाने पहुंच बढ़ाने हेतु दीक्षा एप का सार्वभौमिक अंगीकरण बच्चों के लिए बहुत जरूरी है बैठक में राज्य संदर्भ दाता समूह के सदस्य डा अरुण कुमार गुप्ता, श्रीमती ममता शुक्ला एवं श्री अश्विनी अवस्थी ने शिक्षकों को दीक्षा एप्प के प्रयोग से छात्रों अभिभावकों एवं शिक्षकों को होने वाले लाभ के बारे में बताया।

## क्विक न्यूज

### विधि-विधान व सौहार्द पूर्वक मनाई गई छठ

**मैलानी-खीरी।** नगर व क्षेत्र में छठ पूजन का पर्व बडे ही सौहार्द पूर्वकए विधि विधान व सोशल डिस्टेन्स गाइड लाइन का पालन करते हुए मनाया गया। नगर के वार्ड नं 7 मे स्थित काली मंदिर के पीछे स्थित सरोवर में महिलाओं ने चौबीस घंटे का उपवास रखकर ईश्वर से घर मे सुख शांतिए उन्नति व समृद्ध के लिए सरोवर मे भरे जल में सूर्य भगवान को अर्द्ध देकर पूजा अर्चना करके व्रत का समापन किया। महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए।

### प्रमुख सचिव पर्यटन ने दौरा किया

**शाहजहांपुर।** प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने जिले का दौरा किया इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने छावनी परिषद स्थित म्यूजियम व हनुमतधाम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने हनुमतधाम दक्षिणी कोने पर सीढ़ियों एवं घाटे के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण के सबंध में प्रस्ताव तैयार कर जिलाधिकारी से हनुमतधाम पर्यटन के महत्व को समझाते हुए पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने छावनी परिषद स्थित म्यूजियम के लिये भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गई धनराशि के सापेक्ष आन्तरिक साज सज्जा, ओपन एयर एम.फी. थियेटर को पूर्ण रूप से विकसित करने एवं आवश्यक कार्य कराने हेतु प्रस्ताव तैयार कराकर पर्यटन विभाग को प्रेशित करने के लिये निर्देशित किया। इस मौके पर प्रमुख सचिव पर्यटन के साथ जिलाधिकारी इन्द्र बिक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोश कुमार शार्मा, अपर जिलाधिकारी रामसेवक द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त एस.के.सिंह, महाप्रबन्धक (जल) वी.एन. द्विवेदी, एवं मुख्य अभियन्ता (सिविल) दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे।

### कोरोना काल में घाटों पर सोशल डिस्टेसिंग का ख्याल



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त सन्तोष शर्मा ने छठ पूजा के पर्व पर लोधीपुर स्थित घाट का निरीक्षण किया। कोविड-19 महामारी के संक्रमण के मद्देनजर छठ पूजा के पर्व को सोशल डिस्टेसिंग के साथ बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छठ पूजा के पर्व पर नगर निगम द्वारा छोटी विसरात, बडी विसरात, लोधीपुर, खन्नौत नदी, गर्रा नदी, गॉधी पार्क के नीचे व नदीध्तालाबों के किनारे शौचालय एवं साफसफाई की समुचित व्यवस्था, पेयजल संबंधी व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था कराई गई। इसके अत्रिक्त नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा घाटों पर सेनेटाईज व सीढियों को सफेद तथा लाल रंग से रंगा गया। इसके अलावा घाटों पर विद्युत झालर लगायी गई और रोशनी की पूर्ण व्यवस्था की गई। खन्नौत पुल के किनारे-किनोर चूने का छिड़काव कराया गया तथा घाटों के अन्दर लोग नदी के अन्दर में न जाने पाये। इस हेतु घाट पर बैरीकेडिंग की यथोचित व्यवस्था कराई गई। नगर निगम के द्वारा पूजा स्थलोंध्घाटों पर पहुॅचने हेतु यथावष्यक सीढियों की व्यवस्था कराई गई त्था महिलायों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये घाट के किनारे अस्थाई रुप से शौचालय तथा शेल्टर बनाये गये। इसके साथ ही घाटो पर एम्बुलेंस की व्यवस्था मय चिकित्सकों की टीम के साथ कराई गई। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह,सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया

**शाहजहांपुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत शनिवार को मदरसा नूरूलहुदा बिजलीपुरा में चल रहे जागरूकता कार्यक्रम में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को जागरूक रहने एवं स्वस्थ रहने पर जोर दिया तथा प्रतियोगिताओं में मेधावी छात्राओं को पुरूस्कृत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या डा. शुचिता चतुर्वेदी ने कहा कि महिलाऐं कमजोर नहीं है उनको कमजोर बना रखा है। इसलिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा। जब नारी जागरूक होगी तो उसको अधिकार मांगना नही होगा। उन्होने कहा कि नारी को स्वास्थ के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। नारी स्वस्थ होगी। तो उसमें शक्ति भी होगी। बालिकाओं को अपने अन्दर छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए आगे आना चाहिए। उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य जरगामउद्दीन ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षा सम्मान हेतु यह आयोजन किये जा रहे है। जिससे मदरसों में तालीम पा रही बालिकाएँ भी अपने अधिकारो को जाने। इकबाल हुसैन उर्फफूल मियां ने कहा कि शासन की मिशन शक्ति योजना को महिलाओं और छात्राओं तक पहुचाने के लिए मदरसा शिक्षक पूरी तरह प्रतिबद्व है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नारी शक्ति पर प्रतियोगिता में नजमी प्रथम, गुलिस्ता द्वितीय एवं नेहा तृतीय को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसके साथ ही शबनाज, शहनाज हसीरी, अमरीन व अलफिना को सात्वना पुरूस्कार दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महबूब इदरीसी ने की। सचांलन प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फफूलमियां ने किया। इस मौके पर मुख्य अनुदेशक सबिहा सुल्ताना, सुबूही बेगम, नाहीद बेगम, तमहीद बेगम, मुजाहिद खॉ आदि मौजूद थे।

### एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक संपन्न



**असोथर (फतेहपुर)।** झाँसी-प्रयागराज मंडल स्नातक चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के मंडल असोथर की महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कस्बे के एक गेस्ट हाऊस में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री नीरज सिंह ने स्नातक चुनाव में विजय हेतु महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मंडल के सेक्टर व बूथ प्रमुखो को भाजपा प्रत्याशी डॉ0 यज्ञदत्त शर्मा के चुनाव में मतदाताओं से संपर्क व अपने प्रत्याशी को प्रथम वरीयता का मत देकर पीएम मोदी एवं सीएम योगी की नीतियों को गति प्रदान करने की रणनीति बनी। इसके लिए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी, सेक्टर प्रमुख व बूथ प्रमुख मंडल पदाधिकारी अपने-अपने जिम्मेदारी को निभाए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव तिथि 1 दिसंबर को सभी मतदाता असोथर विकासखण्ड के बूथ पर पहुंचकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मत दें। कार्यक्रम में मंडल संयोजक स्नातक चुनाव गौरव सिंह भाजपा जिला महामंत्री नीरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता प्रवीण सिंह, मंडल मंत्री आशुतोष विश्वकर्मा, सेक्टर प्रमुख बच्छराज सिंह, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने किया शिवराजपुर गौशाला का निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह द्वारा विकासखंड मलवां की शिवराजपुर गौशाला का निरीक्षण किया गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी अजय पांडे, मलवां थाना प्रभारी औंग केशव वर्मा संबंधित सचिव एवं प्रधान उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए जिसमें शीत ऋतु के दृष्टिगत गौशाला में गोवंश के लिए सैड पर्याप्त नहीं पाया गया। पूर्व में आंधी में क्षतिग्रस्त तिरपाल एवं टीन शेड तत्काल बदले जाएं तथा आवश्यकतानुसार शेड की संख्या बढ़ाई जाए। शिवराजपुर गौशाला में पांच सौ पशु संरक्षित किए गए हैं। गोवंश से होने वाले गोबर का सदुपयोग गोबर की खाद बनाकर किया जाए। इस गौशाला हेतु गोवर के लट्ठ बनवाए जाने हेतु मशीन क्रय किया जाए ताकि गौशाला की नियमित आय हो। गौशाला में साफसफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस हेतु ग्राम सचिव एवं प्रधान को सचेत किया गया।

### डीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की बैठक

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर केवाईसी पंजीकरण हेतु संस्थाओं को विवरण प्रस्तुत किया गया तथा अवगत कराया कि 30 नवंबर तक जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं का केवाईसी अप्रूवल के लिए समस्त शिक्षण संस्थान संलग्न प्रारूप भरकर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 5 व 6 विकास भवन को उपलब्ध कराएंगे (वाले कॉलम भरना अनिवार्य होगा)। संस्था द्वारा प्रारूप पर अंकित किए गए मोबाइल नंबर पर संस्था का आईडी पासवर्ड भेजा जाएगा, आईडी पासवर्ड प्राप्त होने के पश्चात वेबसाइट पर जाकर अपनी आईडी से लॉगिन करेंगे, लागिन करने के उपरांत केवाईसी फार्म खुलकर आएगा। जिसको सावधानीपूर्वक त्रुटि रहित ऑनलाइन भरा जाएगा। केवाईसी फार्म भरते समय संस्था के स्कॉलरशिप नोडल अधिकारी का पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड आदि) ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। ऑनलाइन केवाईसी फार्म पूरा भरकर उसे निकालकर प्रथम पेज पर निर्धारित स्थान पर नोडल अधिकारी का फोटो चस्पा करेंगे तथा दूसरे पेज पर हस्ताक्षर करते हुए केवाईसी फॉर्म के साथ अपलोड की गई पहचान पत्र आधार कार्ड जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। केवाईसी का सत्यापन होने पर नोडल अधिकारी के नंबर पर मैसेज जाएगा। अब संस्था अपनी आईडी पर लॉगिन कर अपनी प्रोफाइल अपडेट कर लेंगे, इसके पश्चात अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओ का आवेदन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बताई गई व्यवस्था के अनुसार समस्त शिक्षण संस्थाओं का अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत केवाईसी अपडेट की प्रक्रिया 28 नवंबर तक संपन्न कराएं। इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस मिश्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव एवं खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने शराब की दुकानों के खंगाले रिकार्ड

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जनपद में** समूचे जनपद में एक साथ शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला मुख्यालय में जहां जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने शराब दुकानों का निरीक्षण किया तो वहीं तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने शराब दुकानों पर पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान में क्या कमियां पकड़ी गयी इस बात की जानकारी देर शाम तक नहीं मिल पायी थी।

शराब दुकानों के निरीक्षण के क्रम में जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी, एसपी, सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने एक के बाद एक दुकान पर पहुंचकर रिकार्ड सहित दुकानों के अंदर पहुंचकर सैल्समैनों से पूंछताछ भी की। अचानक चले निरीक्षण अभियान से जहां शराब दुकानों का संचालन करने वालों में हड़कंप मचा रहा तो वहीं पियक्कड़ इस दौरान शराब दुकानों से दूर दिखे।

● समूचे जनपद में एक साथ शराब दुकानों की हुई चेकिंग

### शराब की दुकानों पर भरा गया सैम्पुल व काटा चालान

**माधौगढ़।** एसडीएम सालिकराम व सीओ वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने आबकारी इंस्पेक्टर नासिर खॉन के साथ शराब की दुकानों पर छापामारी करते हुए सैंपुल भरते हुए कुछ दुकानों पर चालान भी काट दिया। अधिकारियों ने शराब विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी व अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों पर नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना के साथ साथ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### नगर की देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की हुई चैकिंग

**कोंच।** नगर में खुली देशी व अंग्रेजी शराब सहित बीयर की दुकानों की शनिवार को तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा सहित आबकारी निरीक्षक सिटी मनोज कुमार यादव, क्राइम इंस्पेक्टर उदयभान गौतम ने चौकिंग की।चौकिंग के दौरान उक्त अधिकारियों ने शराब की दुकानों का लाइसेंस,बार कोड, स्टॉक रजिस्टर चौक किया।अधिकारियों ने उक्त दुकानों के सेल्समैनों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय से समय तक ही दुकान खोली जाये और प्रिंट रेट से अधिक रेट पर बिक्री किसी भी रूप में ना की जाये। वहीं दुकान के अन्दर ग्राहकों को बैठाकर शराब ना पिलाये जाने के भी सख्त निर्देश अधिकारियों ने दिये।




### आबकारी विभाग इंस्पेक्टर ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**रामपुरा।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने समूचे प्रदेश में संचालित शराब की सरकारी दुकानों की जॉच पड़ताल के आदेश दिये है। आदेशों का पालन करते हुए कस्बे में शानिवार को आबकारी इंस्पेक्टर नासिर खान, एसडीएम सालिकराम, एसओ राजीव कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा की मौजूदगी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा नगर में संचालित अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकारी देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों से शराब के नमूने भी लिए गये। साथ ही सभी दुकान संचालकों को कड़े शब्दों में हिदायत भी दी गई कि शराब में किसी भी प्रकार की मिलावट न की जाये। दुकानों को समय से बंद व खोली जाये। आबकारी इंस्पेक्टर नासिर खान ने बताया कि क्षेत्र की सभी सरकारी शराब की दुकानों की जॉच की जायेगी। जिन दुकानों में नियमों की अनदेखी पायी जायेगी, उन दुकानों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## एसडीएम के निर्देशन पर देसी व विदेशी मदिरा की दुकानों पर छापेमारी कर लिए सैंपल

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** बदले ज़माने के दौर में सुरा प्रेमियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। जिसका फायदा उठाकर शराब विक्रेता आजकल स्वास्थ्य के लिए विशेष रुप से हानिकारक माने जाने वाले केमिकल का प्रयोग करके शराब बनाते और बेचते हैं । इसलिए सतर्क हुए प्रशासन ने आज उप जिलाधिकारी कायमगंज सुनील कुमार यादव एवं क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह के निर्देशन में गठित टीम , जिसमें आबकारी निरीक्षक शरद कुमार व उप निरीक्षक कोतवाली कायमगंज संतोष कुमार यादव ने देसी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों पर छापेमारी की, टीम ने सबसे पहले कंपिल क्षेत्र के गांव जिनौल, सिवारा खास, कमरुद्दीन नगर स्थित मदिरा की दुकानों पर छापा मारा तथा सैंपलिंग की, इसके बाद टीम ने कायमगंज टीपी चौराहा व याहियापुर की देसी एवं विदेशी शराब की दुकानों पर छापा मारकर सैंपल लिये। छापेमारी तथा सेंपलिंग का काम समाचार लिखे जाने तक जारी था।

## बिना मास्क घूम रहे लोगों का चालान

**राजेपुर/फर्रुखाबाद।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बाद पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। कस्बे में शनिवार को पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना मास्क लगाकर वाहन चलाने वालों के चालान किये गये। बिना मास्क लगाये हर एक व्यक्ति से 100 रुपये शमन शुल्क जमा कराया गया। बिना मास्क लगाए वाहन चला रहे व साथ बैठे व्यक्तियों पर भी 100-100 रुपये जुर्माना लिया गया और लोगों को हिदायत दी कि बिना मास्क लगाए घर से बाहर न निकले। पुलिस ने बिना मास्क लगाए घूम रहे लोगों का चालान काटते हुए जुर्माना वसूला। कस्बा इंचार्ज संजय मौर्य ने बताया कि सघन अभियान चलाकर वाहन चेकिंग की जा रही है और लोगों से अपील की जा रही है कि बिना मास्क के घर से बाहर न निकले जो व्यक्ति बिना मास्क के बाहर निकलेगा उस व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अर्ध निर्मित सामुदायिक शौचालय प्रयोग से दूर

# जिम्मेदार कर रहे चाक चौबंद व्यवस्था की लीपापोती

**फ्तेहपुरचौरासी** उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन समेत अन्य योजनाओं से 3 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का उन्नाव जिले में निर्माण कराया जा चुका है। जिसके बाद भी गांवों में खुले में शौच बंद नहीं है। जबकि गांवों को ओडीएफ पहले ही घोषित किया जा चुका है। पंचायतीराज विभाग की मानें तो अभी भी ग्राम पंचायतों में काफी संख्या में लोगों को शौचालय का लाभ नहीं मिल पाया है। जिसके कारण खुले में शौच जाने को लोग मजबूर हैं। जिसके बाद शासन नें गांवों में ग्रामसभा की भूमि पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने की व्यवस्था पूरी करने की जिम्मेदारी पंचायतीराज विभाग को सौंपी थी। इस नई व्यवस्था के तहत बनने वाले सामुदायिक शौचालय भवन में दो-दो पुरूष व महिला शौचालय, एक स्नानागार, हैंडवांशिंग, पानी की टंकी, समरसेबुल से पानी की व्यवस्था करानें के साथ राज्यवित्त एवं चौदहवें वित्त से सामुदायिक सौचालय का निर्माण कराया जाना है। जल्दबाजी में बन रहे सामुदायिक शौचालय निर्माण की पूरी जिम्मेदारी प्रधानों के हवाले कर दी गयी। जिसमें प्रधान अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों मे आई इस योजना की गुणवत्ता से खेल कर रहे हैं। आपको बताते चले फ्तेहपुर 84 ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरौंकी में 5.71 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक शौंचालयका निर्माण कार्य प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कराया जा रहा है। योजना की घोसित अंतिम तिथि ब्यतीत हुए महीनों हो गये लेकिन अभी भी गांव के सामुदायिक शौंचालयका निर्माण अधर में लटका हुआ है। इतना ही नहीं अभी तक सीवर का गड्ढा भी नहीं खोदा गया है। बावजूद इसके उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने के लिए सामुदायिक शौचालय के सामने वाली दीवार पर वाल पेंटिंग कर कार्य पूर्ण दिखाने की कोसिस जारी है।

### पिछले सत्र में बने शौचालय हो रहे क्षतिग्रस्त

**ग्रामीणों** ने बताया किसत्र 2018-19 में शौंचालय हेतु प्राप्त हुई प्रति लाभार्थी धनराशि 12 हजार से ग्रामप्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा पैसा लाभार्थियों को न देकर खुद ही ठेकेदारी पद्धति से निर्माण कार्य कराया गया। जिनमें मानक विहीन सामग्री का प्रयोग होने से यह शौंचालय एक पंचवर्षीय बीतने की बात तो दूर दो साल तक भी नहीं चल सके। जिसके चलते प्रयोग में यह कभी आ ही नहीं पाये, जो आये भी वह कुछ माह में ही बंद हो गये। मजबूरन आज भी लाभार्थियों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है। इस प्रकार सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना को खुद जिम्मेदार पलीता लगाने का काम कर रहे हैं।

# चोरों का कहर, कई वारदातें

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** रह-रह कर चोर और उच्चकों का कहर क्षेत्र में लगातार जारी है । एक के बाद एक ,घर अथवा दुकान या व्यापारिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाकर चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पुलिस अब तक न जाने क्यों मस्त पड़ी है जबकि चोरों की सक्रियता जन सामान्य के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है।बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बदमाशों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव मामापुर में धावा बोला था। जहां उन्होंने 5 घरों को निशाना बनाने का प्रयास करते हुए तीन घरों से लाखों रुपए की नगदी व जेवरात आदि सामान की लूट कर ली थी। इसके बाद बुलंद हौसलों से चोरों ने ग्राम तुर्क ललैया में अपनी करतूतों को अंजाम देते हुए एक घर तथा एक गोदाम से इनवर्टर बैटरी डीवीआर एवं नकद हजारों रुपए सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। इतना ही नहीं कस्बा कायमगंज के मोहल्ला बगिया सोहनलाल निवासी आदित्य कुमार के अनुसार उनकी एक गोदाम क्षेत्र के गांव लालबाग में है। जहां चोर गोदाम की दीवार फांद कर अंदर घुस गए और ऑफिस का ताला तोड़कर ?20हजार नकद तथा बैटरी इनवर्टर डीवीआर आदि सामान चुरा ले गए। इन सभी वारदातों की पीड़ितों ने सूचना कोतवाली कायमगंज में समय रहते दी, किंतु शायद कानून की रक्षक पुलिस ने अब तक न तो रिपोर्ट दर्ज की और नहीं किसी भी चोरी की घटना का खुलासा ही कर सकी है।इस प्रकार की निष्क्रियता का ही परिणाम दिखाई दिया कि बीती रात सक्रिय चोरों ने नगर से सटे गांव लालबाग हमीरपुर में जाकर सौर ऊर्जा वाली तीन या चार बैटरी चुरा ली । इस घटना को कारित करने के बाद इसी रात चोरों ने चंदा कुरैशी के घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा की बैटरी भी चुरा ली । ग्राम प्रधान सोहेल खान ने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के लिए यह बैटरी अभी हाल में ही लाकर रखी गई थी। जिन्हें चोर चुरा ले गए।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**छह लोक** आस्था का महापर्व छठ के तीसरे दिन शुक्रवार शाम को शहर में अधिकांश श्रद्धालुओं ने घरों और सार्वजनिक स्थलों पर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य दिया। छठ मैया से संतान की रक्षा और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं, शनिवार सुबह बजकर 48 मिनट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही सूर्योपासना के इस महापर्व का संपन्न होगा।

शहर के पांचाल घाट पर सुबह चार बजे से ही उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंने के लिए व्रतियों की भीड़ एकत्रित हो गयीद्य कई व्रतियों ने अपने घरों में ही अर्घ्य अर्पण कर पूजा की। घाटों में छठ महापर्व के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात रहें। सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया, जिला विकास अधिकारी दुर्गादत्त शुक्ला, एसडीएम सदर अनिल कुमार, बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्याय आदि अफसर भी गंगा घाट पर पंहुचे और परिजनों सहित पूजा अर्चना में शामिल हुएद्य सीडीओ आदि अधिकारियों नें भी अर्घ्य अर्पण कर क्षेत्र के सुख स्मृद्धि की कामना की हैं। वहीं कुछ लोग अपने घरों में बने कृत्रिम तालाब में परिवार के साथ प्रार्थना करते नजर आए। लोक आस्था के महापर्व छठ पर भगवान भास्कर की उपासना के लिए आम लोगों के साथ-साथ खास लोग भी शामिल रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर शनिवार को छठ पूजा संपन्न हो गई है। छठ पूजा मनाने वाले व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर कड़ी साधना करके सूर्य से अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। चार दिवसीय छठ पूजा के समापन के दिन नदी घाटों पर महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की। इस दौरान लोग कोविड-19 के दिशानिर्देशों को पालन करते हुए नजर आए।

### सब ने मांगा, जल्द से जल्द महामारी से मिले मुक्ति

भगवान भास्कर की आराधना के दौरान सभी लोगों ने कोरोना महामारी के जल्द से जल्द खत्म होने के लिए प्रार्थना की। आम से लेकर खास तक ने देश-समाज व दुनिया और मानवता पर छाये हुए इस संकट को जल्द खत्म करने की मन्नतें मांगी। लोगों का दृढ़ विश्वास है कि अगले वर्ष यह महापर्व पाबंदियों के बीच नहीं बल्कि निर्भय वातावरण में मनाया जाएगा।

## डीएम व एसपी ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर शराब ठेकों व शराब के गोदामों का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुलिसबल के साथ कस्बा अकबरपुर के माडल शॉप, नबीपुर अग्रेजी शराब की दुकान व भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां मे शराब की दुकानों मे पहुंच कर जांच की और शराब के अवैध कारोबार न करने, गंदगी न फैलाने व शोसल डिस्टेंसिग का पालन करने के निर्देश दिये। वही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गस्त किया गया। इस दौरान घूम रहे लोगो से संवाद कर उन्हे अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा गया एवं शराब की दुकानों में बोतलों में लगे स्टीकर, होलोग्राम व स्टॉक रजिस्टर चेक किये गये व अधिक भीड़ इकट्ठा न होने की हिदायत दी गई तथा संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

# पुत्र की याद में बनी टंकी व पौशाला का पालिकाध्यक्ष ने किया लोकार्पण



लोकार्पण करते पालिका अध्यक्ष संजय सचान

**घाटमपुर।** बीते कई वर्ष पूर्ब सड़क हादसे में जान गवाने वाले इकलौते पुत्र की याद में सेवा निवृत्त फार्मेसिस्ट ने नगर के कानपुर रोड स्थित कुष्मांण्डा देवी मंदिर प्रागण में पानी की टंकी व पौशाला का निर्माण कराया है कोतवाली क्षेत्र के गांव कुवरपुर के रहने वाले सेवानिवृत्त फार्मेसिस्ट जय प्रकाश सचान कस्बे की सीएचसी से सेवानिवृत्त होने के बाद नगर के जवाहर नगर मोहल्ले में रहते हैं। बीते कई वर्ष पूर्ब उनके इकलौते पुत्र ऋषभ उर्फ मोनू की सडक हादसे में मौत हो गयी थी, जिसकी याद में जयप्र काश सचान ने कुष्मॉण्डा देवी मंदिर प्रागण में 15 सौ लीटर छमता की टंकी व पौशाला का निर्माण कराया है, शुक्रवार दोपहर बाद नगर पालिका अध्यक्ष संजय सचान उर्फ गुड्डू चौधरी ने मंदिर पंहुच कर टंकी व पौशाला का लोकापर्ण किया। इस दौरान अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

## लोकतंत्र को मजबूत करना हम सभी देशवासियोंका परम कर्तव्य-- शहर काजी

**बाँगरमऊ,** उन्नाव। मतदान सभीभारतीयों का एक लोकतांत्रिक अधिकार है और लोकतंत्र को मजबूत करना हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है और समय की आवश्यकता भी है। लेकिन भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में वोट देने का अधिकार केवल तभी है, जब हमारा नाम मतदातासूची में दर्ज हो। काजी-ए-शहर व इमाम-ए-ईदगाह काजी सैय्यद जियाउल आरफीन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतांत्रीय शासन प्रणाली में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका है। शहर काजी के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों के लिए 17 नवंबर 2020 से 15 दिसंबर 2020 तक नए मतदाता पहचान पत्र बनाने का काम शुरू हो रहा है। उन्होंने नागरिकों को जानकारी दी है कि क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर 22 नवंबर, 28 नवंबर, 5 दिसंबर व 13 दिसंबर 2020 को शिविर आयोजित किए जा रहेहैं। काजी-ए-शहर ने अपील करते हुए कहा कि सबसे पहले हर मोहल्ले के लोगों को जागरूक करें कि जिस घर में भी मर्द या औरत जिसकी उम्र 18 साल पूर्ण हो चुकी हो, उसका मतदाता पहचानपत्र का फार्म भरकर जमा करें। प्रत्येक मतदान केंद्र पर 10 बजे से 4 बजे तक फोटो मतदाता सूची प्रदर्शित की जायेगी। जिसे देखकर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपका नाम मतदाता सूची मे है अथवा नहीं। यदि है तो उसमे कोई गलती तो नहीं है। यदि कोई गलती है तो आप सुधारने हेतु फार्म भर सकते हैं।

# मत्स्य पालकों को किया गया सम्मानित

● प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक महत्वाकांक्षी है योजना, देशभर में पचपन लाख लोगों को मिला रोजगारः सीडीओ




**कानपुर देहात।** विश्व मात्स्यिकी दिवस के शुभ अवसर पर विकास भवन परिसर के गांधी सभागार में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जनप्रतिनिधिगण, मत्स्य पालक, पत्रकार बन्धु आदि उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विश्व मात्स्यिकी दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशानुसार प्रति वर्ष 21 नवम्बर को आयोजित किया जाता है। इस वर्ष की थीम परस्पर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की है। मछलियों का अति दोहन न किया जाय क्योंकि इससे मत्स्य प्रजातियों के नष्ट होने का खतरा है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है। इससे पूरे देशभर में पचपन लाख लोगों को रोजगार मिला है। मत्स्य पालन लाभदायक व्यवसाय है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अधिकारी डॉ0 रणजीत सिंह ने अवगत कराया कि विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर विभागीय योजनाओं, वैज्ञानिक विधि से मत्स्य पालन, उत्पादन, एवं अन्य तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि 1.00 हेक्टेयर जलक्षेत्र में छः कार्प प्रजातियों के मछली पालन से 50 कुन्तल मछली का उत्पादन प्रतिवर्ष होता है तथा उक्त मत्स्य उत्पाद के विक्रय से छः लाख रूपये का लाभ एक वर्ष में होता है। कार्यक्रम में मत्स्य पालक महेश कश्यप, अनूप कटियार, प्रमोद कुमार निषाद एवं श्री रामपाल सिंह ने मत्स्य पालन सम्बन्धी अपना अनुभव साझा किया तथा बताया गया कि रोजगार की दृष्टि से मत्स्य पालन लाभदायक व्यवसाय है इसे इच्छुक व्यक्तियों को अवश्य अपनाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मत्स्य पालन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनपद में मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनूप कुमार कटियार एवं प्रमोद कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड राजपुर से तुलाराम, विकास खण्ड मैथा से महेश कश्यप, श्याम प्रकाश बाथम को शाल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधिगणों में जिला पंचायत सदस्य सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, मनीष कमल, प्रतिनिधि विधायक रसूलाबाद विजय मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष भारतीय जनपद पार्टी गौरव सिंह ने भी सम्बोधित किया।

## सदर विधायक ने मांगे डा. शर्मा के समर्थन में किया जनसंपर्क

**जालौन ( उरई )।** स्नातक निर्वाचन क्षेत्र प्रयागराज झांसी के भाजपा प्रत्याशी डा. यज्ञदत्त शर्मा के सदर विधायक ने नगर में भ्रमण कर मतदाताओं से सम्पर्क कर अपने नेता के वोट मांगें। सदर विधायक गोरीशंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह की टीम ने स्नातक निर्वाचन 2020 के भारतीय जनता पार्टी के प्रयागराज ( इलाहाबाद) झांसी निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डां यज्ञदत्त शर्मा के समर्थन में वोट मांगें। टीम ने मुसिंफ न्यायालय में अधिवक्ताओं से मिलकर तथा नगर मोहल्ला बापूसाहब में स्नातक मतदाताओं के घर घर जाकर अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगते हुए 5 वी बार जीत दिलाने की मांग की। विधायक ने मतदाताओं एक पम्पलेट देकर यज्ञदत्त शर्मा की 25 उपलब्धियों को बताकर वोट मांगे। इस मौके पर संजू खत्री, अनिल याज्ञिक, पुनीत मित्तल, राजीव मिश्रा, अन्नी मित्तल, अनुज शाक्य, कुवंरपाल यादव, श्रवण कुमार श्रीवास्तव, गोलू, अनेकानंद आदि लोग सम्मलित रहे।

## क्विक न्यूज

### औद्योगिक गतिविधियों के लिए प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर है उन्नाव की पहचान- जिलाधिकारी

**उन्नाव।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को सम्मान सुरक्षा व स्वावलम्बी बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली जनपद की वरिष्ठ महिला उद्यमियों को जिलाधिकारी रवीन्द्रकुमार ने आज एक समारोह में सम्मानित किया। आईआईए समाचार टीम चौकी में आयोजित भव्यसमारोह में जनपद की महिला उद्यमियों का सम्मान करते हुए जिलाधिकारी ने कहा जनपदउन्नाव अपनी औद्योगिक गतिविधियों के लिए प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचानस्थापित कर चुका है। परन्तु जनपद की महिला उद्यमियों से भेंट करने का उनका यह पहलाअवसर है। जनपद के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि जनपद की महिला उद्यमी भी अत्यधिकसक्रिय होकर जनपद के विकास में योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियोंके विशिष्ट सम्मान एक बड़े मंच पर किया जाना चाहिए और इसके लिए उन्होंने उपायुक्तउद्योग को एक विशिष्ट कार्यक्रम निराला प्रेक्षागृह में करवाने हेतु निर्देशितकिया। समारोहमें जनपद की प्रथम एमओयू निवेशक हैम एविजन की निदेशक हेमलता तिवारी, दुर्गा इंड की प्रकाशिनी श्रीवास्तव, किंग्स इंटरनेशनल की आयशा बिलग्रामी, एसएमडी कोटिंग की राजमणी शुक्ला, काउन्सिला ऑफलेटर एक्सपोर्ट की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री पल्लवी दुबे,बेलास फैशन की निदेशक सुश्री बेला टक्कर, सचिन इण्टरप्राइजेज शुक्लागंज की सुनीलामिश्रा, आदि सम्मानित होने वाली महिला उद्यमियोंमें प्रमुख रहीं। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग ने महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारीदी। नगर मजिस्ट्रेट चंदन पटेल ने कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान अतुलनीय है। किसी भी देश की तरक्की में महिलाओं का योगदान अत्यंत आवश्यक है और यह गर्व का विषय है कि जनपद उन्नाव की महिलाएं इतनी सक्रिय हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ उद्यमी जीएनमिश्रा ने समस्त उद्यमियों की तरफसेजिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि महिला उद्यमियों का सहयोग करने हेतु एसोसिएशन सदैव तत्पर है। इस अवसर पर मोहन बंसल, अध्यक्ष आईआईए के अतिरिक्त प्रमुख उद्यमी कांति मोहन गुप्ता, एकेअग्रवाल, संदीप शुक्ला, बृज किशोर यादव, हिमांशु तिवारी, सहायक आयुक्त उद्योग रोचना श्रीवास्तव, आदर्श नमकीन भण्डार के संस्थापक शान्ति लाल ठक्कर व कनक बेन एवं अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

### चेकिंग के दौरान लूट की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के कल्लाबाग पर चेकिंग के दौरान ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव नगला जलाल निवासी अवनीश पुत्र अनीश कुमार को मैनपुरी जिले के बरनाल में लूटी गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग को देख अभियुक्त ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस फोर्स ने इसका पीछा कर पकड़ा बाइक की जानकारी निकालने पर पता चला कि यह बाइक मैनपुरी क्षेत्र के बरनाल की लूटी गई है जिस पर अभियुक्त के खिलाफकार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आयारा में अज्ञात कारणों के चलते 18 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रक व बस की टक्कर में बालक की मौत, तीन घायल

**इटावा।** इटावा-कानपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की देर रात ट्रक चालक की लापरवाही से स्लीपर बस व ट्रक की भिड़ंत हो गई जिसमें बस में ऊपर सो रहे आठ वर्षीय बालक की नीचे गिरने से मौत हो गईए तीन लोग घायल हो गये। बस जालौन से नई दिल्ली जा रही थी। घटनाक्रम के अनुसार मानिकपुर मोड़ पर कानपुर से बस तेज गति से आ रही थी वहीं उदी से मानिकपुर बाईपास से तेज गति से ट्रक आया। ट्रक चालक ने सड़क पर ट्रक को सीधे उतार दिया और ब्रेक नहीं लगाये। सामने से आ रही बस ट्रक में जा घुसी। तेज झटके से रात में सो रहे यात्री इधर.उधर जा गिरे जिसमें आठ साल के बालक आयुष पुत्र परवीन निवासी आशा थाना अछल्दा जनपद औरैया की नीचे गिरने से मौत हो गई। जबकि 24 वर्षीय अमित पुत्र अशोक निवासी पुखरायां.कानपुर देहातए 24 वर्षीय चांदनी पत्नी देवेंद्र निवासी बन्नीपुरा जनपद महोवाए 25 वर्षीय जितेंद्र पुत्र सुरेश चंद्र निवासी आशा थाना अछल्दा जनपद औरैया घायल हो गये। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी लोगों को पुलिस ने दूसरी बसों से बैठाकर रवाना कर दिया। थानाध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है। घटना में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आयी है।

### शराब के ठेकों पर छापेमारी, प्रशासन अलर्ट

**जसवंतनगर।** एसडीएम ने शराब की दुकानों पर छापामार और शराब के स्टाक और अभिलेखों का निरीक्षण किया। छापेमारी से क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। उपजिलाधिकारी हेम सिंह व क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र सहित आबकारी विभाग के निरीक्षक विमलेश कुमार व टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में संचालित शराब की दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने नगर के बस स्टैंड रोडए सदर बाजार सिरसा नदी पुलए बलरई बाऊथ में बियर सहित अंग्रेजी ठेका व देशी शराब की दुकानो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाक और अभिलेखों की जांच की। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सेल्समैन आबकारी विभाग की ओर से जारी आइकार्ड गले में पहन कर ही शराब की बिक्री करें। बगैर आइकार्ड सेल्समैन शराब की बिक्री करते पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि सभी दुकानों की जांच में सही पाई गई है। एक ठेकेदार की शिकायत पर ग्राम तिजौरा में छापेमारी में टीम ने एक महिला द्वारा अबैध रूप शराब बेचने को रखे 44 पऊआ शराब बरामदए गिरफ्तार निर्मला देवी के खिलाफ आवश्यक कारवाई अमल में लाई जा रही है।

### छात्राओं को निरोग रहने के लिए सिखाया योग

**जालौन (उरई)।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी के बैनर तले जालौन बालिका इंटर कॉलेज के तत्वावधान में योग गुरू अरविंद कुशवाहा के दिशा निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया जिसमें छात्राओं निरोग रहने के लिए आवश्यक योग शिखाएं गये। योग गुरू अरविंद कुशवाहा ने छात्राओं से कहा कि निरोग रहना है तो योग करना होगा। जैसे हम अन्य कार्यों के लिये समय निकाल लेते हैं वैसे ही हमे स्वस्थ रहने के लिये योग के लिए कम से कम 30 मिनट निकालने होगे। उन्होंने रक्त चाप , सुगर तथा चर्वी को नियंत्रित करने के लिए अनलोम विलोम कपाल भारती का अभ्यास कराया साथ बालों को मजबूत करने के नाखूनों को आपस में घर्षण कराने के साथ शरीर में होने वाले दर्दो के समय पंच करने वाले विन्दुओं को समझाया तथा अभ्यास कराया। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को आवश्यक व्यायाम बताये। ताली बजाने व खुलकर हंसना भी स्वास्थ्य के लिये आवश्यक बताया। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। योगाभ्यास के दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अधीक्षक डां अमर सिंह, प्रधानाचार्या कृष्णश्री गुप्ता, योग सहायक विवेक सिंह, शशिदेवी, अर्चना श्रीवास्तव, अनीता सिंह, रंजना, मनोज गुप्ता, नरेंद्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, नीरज द्विवेदी, शारदा देवी, अमित नायक, रजनीश कुमार आदि लोग सम्मलित थे।

### क्षेत्र में सक्रिय स्टार्टर चोर गिरोह भयमुक्त होकर कर रहा विचरण

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के इस समय स्टार्टर चोरों का गिरोह सक्रिय हैं। जो रात के अंधेरे में बोरिंग पर जाकर स्टार्टरों की चोरी करने में है जिससे किसान परेशान हैं। क्षेत्र में स्टार्टर चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हैं। रात के अंधेरे में यह गिरोह खेत में लगी समरसेविल के स्टार्टर चोरी करने में लगे हुए हैं। पिछली रात को घुवाताल निवासी शशिकांत द्विवेदी की छानीखास में खेत की बोरिंग का अज्ञात चोर स्टार्टर ले गये। 10 से 20 रूपए में आने वाले स्टार्टर को चोर आसानी से चुरा ले जाने तथा खुले बाजार में सामान खोलकर बेच देते हैं। इससे पूर्व औरेखी निवासी दयाशंकर, उदोतपुरा निवासी विन्दपाल सिंह, औरेखी निवासी गिरजा शंकर, जोशियाना निवासी रामनरेश की बोरिंग से भी स्टार्टर चोरी जा चुके हैं। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि संदिग्ध की तलाश की जा रही है।

### ऊमरी में घर में जबरन गाय बांध लेने की पुलिस से की शिकायत

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम ऊमरी निवासी रामसिंह पुत्र हरप्रसाद ने शनिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते करीब एक सप्ताह पूर्व घर में बंधी उसकी गाय रस्सी तोड़कर भाग गयी थी जिसके बाद गांव के ही एक व्यक्ति ने उसकी गाय अपने घर में जबरन बांध ली। रामसिंह ने प्रार्थना पत्र में बताया कि जब उसने उक्त व्यक्ति से अपनी गाय छोड़ने की बात कही तो उक्त व्यक्ति व उसकी पत्नी ने गाली गलौज कर उसे घर से भगा दिया। पीड़ित रामसिंह ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

### निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आज

**कानपुर देहात।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01-01-2021 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा दिनांक 17-11-2020 को सभी मतदेय स्थलों पर किया जा चुका है। । विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनॉक 17-11-2020 से 15-12-2020 तक किया जाना है उक्त के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रोध् मतदेय स्थलों पर दिनॉक 22-11-2020 (रविवार) को विशेष अभियान निर्धारित है। उक्त अवधि में जिन व्यक्तियों ने दिनॉक 01-01-2021 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा किसी के नाम में आपत्ति या किसी नाम में संशोधन अपेक्षित व एक ही विधान सभा क्षेत्र में स्थान परिवर्तन हेतु क्रमशः निर्धारित प्रारूप 6, 7,8 व 8क में जो अपेक्षित हो में अपना आवेदन सम्बन्धित मतदेय स्थल पर उपस्थित बीएलओ पदाभिहित अधिकारी को दिनॉक 22-11-2020 (रविवार) को प्रातः 10.00 बजे से सॉय 4.00 बजे के मध्य प्रस्तुत कर सकते है।

## बांदा में आठ साल पुरानी रंजिश को लेकर खूनी तांडव

# सिपाही को मां व बहन समेत मौत के घाट उतारा

संवाददाता। बांदा

**आठ साल** पहले महज एक ईट भर की जगह को लेकर चचेरे भाइयों के बीच सुलगी विवाद की चिंगारी दावानल बन गई। कालूकुआ चौकी से सिर्फ आधा किलोमीटर दूर कपरिया मोहल्ला चमरौड़ी में सिपाही समेत उसकी मा और बहन को मौत के घाट उतार दिया गया। कुल्हाड़ी और लोहे की राड व डंडे से खून की नदी बहाई गई। सिपाही के घर में अलग.बगल तीनों के पड़े शव जिसने भी देखे उसके रोंगटे खड़े हो गए। मोहल्ले में दहशत का आलम यह रहा कि आइजी के सत्यनारायण एसपी सिद्धार्थ शकर मीना एएसपी महेंद्र प्रताप सिंह सीओ आलोक मिश्रा कोतवाल व एसओजी टीम के साथ कई थानों की फोर्स रात में पहुंची पर किसी शख्स ने दरवाजा तक नहीं खोला।





घटना की वजह जानने को पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। बाद में पता चला कि हत्या की वजह एक दिन पहले नाली में जूठन (चावल) फेंकने को लेकर हुआ विवाद है। प्रयागराज में तैनात सिपाही अभिजीत उर्फ गोल्डी जब अपने घर पहुंचा तो देर रात ताऊ के बेटों शिवपूजन देवराज सुरेश उर्फ बबलू से हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।

### आरोपित की बेटी ने खोला झगड़े का राज

आरोपित देवराज की बेटी शीतल ने बताया कि आठ साल पहले उन लोगों को पीएम आवास मिला था। उसे बनवाते समय दादी रामादेवी ने विवाद किया था। एक ईंट जमीन और छोड़ने की बात कही थी जबकि उसके पिता पहले से ही दो ईंट भर की जगह छोड़ चुके थे। विवाद बढ़ने पर उस समय भी पुलिस आई थी। तभी से अनबन चल रही है। एक.दूसरे के यहा आना.जाना भी नहीं था और अक्सर कहासुनी भी होती थी। यह नहीं पता था कि इतनी बड़ी घटना हो जाएगी।

### एक दिन पहले भी हुई थी तनातनी

इलाकाई लोगों के मुताबिक एक दिन पहले से तनातनी चल रही थी। शिवपूजन के दामाद हरिसेवक के आने पर घर में खाने.पीने की दावत थी। उसके बाद जूठन फेंकने को लेकर दोनों परिवारों में तनातनी हुई थी। दोनों ओर से गाली.गलौज व मारने की धमकी दी गई थी। सुबह से फिर गाली.गलौज और विवाद शुरू हो गया। शीतल का आरोप है कि चाचा अभिजीत ने बबलू के कच्चे घर का दरवाजा तोड़ दिया था जबकि घर की महिलाएं उसे रोक रही थीं। उस समय घर में बबलू नहीं था। रात में बबलू के आने पर फिर से विवाद बढ़ा।

## क्विक न्यूज

### निष्क्रिय एनजीओ को दे दिया खाद्य वितरण

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के इछौरा गांव में बाल विकास विभाग के खाद्यान के वितरण का जिम्मा निष्क्रिय समूह को देने से नाराज ओम सहायता समूह की चंदा, रूप रानी, भगवती, प्रमिला सहित आधा दर्जन से अधिक सदस्यों ने बताया कि बाल विकास विभाग के द्वारा खाद्यान्न के वितरण का जिम्मा जय काली समूह को सौंपा गया है। जो लंबे समय से निष्क्रिय है। सदस्यों ने राशन वितरण का जिम्मा उनको समूह को दिलाए जाने की मांग की है। सरीला( हमीरपुर) जलालपुर थाना क्षेत्र के छेड़ी बेनी गांव में शराब की लत छुड़ाने के लिए पति के मंदिर न जाने से नाराज तीस वर्षीय महिला फांसी पर लटक गई। परिजन उसे इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक छेड़ी बेनी गांव का अर्जुन शराब का लती है जिससे उसकी पत्नी प्रीति(30) व पूरा परिवार उससे परेशान रहता था। शराब की लत छुड़ाने के लिए वह काफी दिन से कुपरा गांव के देवी मंदिर चलने की बात कह रही थी। लेकिन अर्जुन उसे टाल रहा था। शनिवार की सुबह प्रीति मंदिर चलने की जिद पर अड़ गई तो अर्जुन ने जाने से साफइंकार कर दिया। जिससे वह आपा खो बैठी जैसे ही अर्जुन शौच के लिए शौचालय में गया तो प्रीति ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। और फांसी पर लटक गई आहट मिलने पर अर्जुन ने पड़ोसियों की मदद से उसे फांसी से उतारा और इलाज के लिए राठ ले जा रहा था तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### गोवंश की दुर्दशा पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के हरसुडीं गांव के आधा सैकड़ा से अधिक किसानों ने एसडीएम जुबेर बेग को ज्ञापन देकर बताया कि उनके गांव में गौशाला बनी है। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक अन्ना जानवर बंद है। लेकिन उनके खाने-पीने का कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है। जिससे वह भूखों मरने की कगार पर है। प्रधान व सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से समस्या के निदान की मांग की है। इस मौके पर सुनील, कल्याण, कल्लू, अंकित, श्रीचंद, जवाहर, शिवदयाल, चरण सिंह, रमेश, दुर्जन, विश्वनाथ, दयाशंकर सहित आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मृत्यु

**कुरारा (हमीरपर)।** कुरारा कस्वे में एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी जिससे मौके पर उसकी मृत्यु हो गयी। कस्बा निवासी रामसजीवन (45) आज कुरारा से पैदल पारा गांव किसी काम से जा रहा था रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए वहां चिकित्सक ने उस को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है वह अचानक हुई इस घटना से परिवार में शोक व्याप्त है

### युवती की बिगड़ी हालत, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के पहाड़ीगढ़ी गांव में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवती की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पहाड़ीगढ़ी निवासी समीक्षा (20) पुत्री अरविंद की शनिवार की सुबह अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां डा.भरत राजपूत ने युवती को मृत घोषित कर दिया। मृतका के चाचा लेखराज सिंह ने बताया कि उसकी भतीजी पूर्ण स्वस्थ थी। आज सुबह जब वह शौच क्रिया करने शौचालय गई और काफी देर तक न निकलने पर उन्होंने दरवाजे तोड़ उसे मूछिजत हालत में शौचालय से निकाला और इलाज के लिए सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत पर मां और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### बांदा में ही होगी फॉरेंसिक जांच, सेल का गठन

**बांदा।** संगीन मामलों की फॉरेंसिक जांच मामले का बेहतर पर्दाफाश करने में सहायक होगी। अब जिले में इसकी यूनिट गठित कर प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसपी ने पुलिस लाइन में उद्घाटन करते हुए कहा कि हत्या लूट और दुष्कर्म जैसे अपराधों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी तरीके से राजफाश करने में सहायता मिलेगी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में उद्घाटन किया। मेडिकोलीगल संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। बताया जाता है कि रेंज स्तर पर दस लोगों की टीम गठित की गई है। मेडिकल कालेज का फॉरेंसिक स्टाफव चिकित्सक मदद करेंगे। हर थाने के एक.एक दारोगा को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। सैंपल कलेक्ट करने का तरीका बताया जाएगा और पंचनामा भरने की बारीकी से अवगत कराया जाएगा जिससे जांच में कोई दिक्कत नहीं आए। एसपी ने कहा कि फॉरेंसिक की स्थापना से हत्या लूट व दुष्कर्म जैसे अपराधों का तकनीकी और वैज्ञानिक तरीके से जल्द अनावरण करने में सहायता मिलेगी। संगोष्ठी में डॉ मुकेश बंसल असिस्टेंट प्रोफेसर फॉरेंसिक सीओ सदर अजय सिंह भदौरिया व अपराध शाखा के अधिकारी मौजूद रहे।

### ईंट भट्ठों में दिये रुपये वापस लेने गई महिला को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** भट्टा ठेकेदार द्वारा मजदूरों के लिए रुपये पहुंचने बाद भी मजदूरों के ईंट भट्टा में न पहुंचाने पर जब आज ठेकेदार की पत्नी ने बिचोलिये की दुकान पहुंच अपने रुपए मांगे। जिससे नाराज उक्त दबंग ने अपने पुत्र के साथ मिल महिला को जातिसूचक गालियां देते हुए पीट दिया। पीड़ित महिला ने विधायक प्रतिनिधि से मिल न्याय की गुहार लगाई। ग्राम बहगांव निवासी प्रभारानी पत्नी मनीराम ने बताया कि उसका पति भट्टा मजदूर ठेकेदार है। जिसने पिछले साल गांव से मजदूर पहुंचाने के लिए गांव के ही बद्री प्रसाद पुत्र द्वारका प्रसाद को 10 लाख रुपए दिए थे। लेकिन उक्त व्यक्ति ने तय समय पर मजदूर नहीं पहुंचाए। जिस पर आज सुबह वह अपने पुत्र रोहित को लेकर बद्री प्रसाद की अंबेडकर चौराहे के पास स्थित दुकान पर गई और अपने रुपए मांगे। जिससे वहां मौजूद बद्री प्रसाद व उसका पुत्र राकेश आक्रोशित हो गया और उसके साथ जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान वहां मौजूद प्रभारानी के पुत्र द्वारा चीख-पुकार मचाने पर आए लोगों को देख दबंगों ने उसे छोड़ दिया। जिसकी लिखित तहरीर लेकर वह राठ कोतवाली पहुंची। लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे फटकार कर भगा दिया। जिस पर पीड़िता ने विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी से मिल अपनी आप बीती बता न्याय की गुहार लगाई।

### चोरों ने पार की लाखों रुपए की नकदी व जेवरात

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** घर में ताला डालकर शादी समारोह में गए गृह स्वामी सहित परिजन जब वापस घर लौटे तो घर का ताला टूटा व नकदी व जेवरात गायब देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गदनापुर निवासी इरशाद अहमद पुत्र इश्तियाक द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि 19 नवंबर की शाम वह घर में ताला डाल कर सपरिवार शादी समारोह में गया हुआ था। जब वापस घर लौटा तो मकान के मुख्य दरवाजा सहित कमरों के ताले टूटे व अलमारी में रखे नगदी व जेवरात गायब देखकर हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई।

## मामा भांजी ने शादी रचा कर की थी आत्महत्या

● दो दिनों से घर से गायब थी किशोरी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ले में बीती रात्रि प्रेमी व प्रेमिका ने हीर रांझा की कहानी को भी मात देते हुये फासी लगाने के पहले दोनो ने विधिवत शादी रचायी प्रेमिका राखी पूरी तरह अपने को सुहागन बेश में करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी।म.प्र छतरपुर जनपद के गौरिहार थाना क्षेत्र के पलटा गांव निवासी सतीशरण नामदेव के तीन पुत्र बबलू, रामकिशोर और कामता (22) है। कामता दो वर्ष से राठ कस्बे में किराये के मकान पर रहकर ई–रिक्शा चलाता था। रिक्शा चलाते चलाते कामता राखी के प्रेम में ऐसे सराबोर हो गये कि शुक्रवार की शाम कामता ने फरसौलिया मोहल्ला निवासी हरजू कुशवाहा के मकान में अपनी प्रेमिका भांजी राखी (17) पुत्री जयचंद्र के साथ कमरे का दरवाजा बंद कर रस्सी से फांसी लगा ली थी। जब मकान मालिक ने जंगले से दोनों के शव फांसी पर लटकता देखा तो पुलिस को सूचना कर दी थी। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। वहीं मृतक किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री दो दिनों से घर से गायब थी। काफी तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला था। बताया कि उनके परिजनों को दोनों के प्रेम संबंध को लेकर कोई भी जानकारी नहीं थी। वहीं मृतक के बड़े भाई बबलू ने बताया कि उसका भाई कस्बे में अकेले ही किराये के मकान में रहता था। गुरूवार को ही उसके भाई ने फरसौलियाना मोहल्ला निवासी हरजू कुशवाहा का मकान किराये पर लिया था। बताया राखी उसकी बहन प्रेमकली की देवरानी अनीता की पुत्री है। जो रिश्ते में भांजी लगती है। बताया दोनों के प्रेम संबंध को लेकर उन्हे कोई जानकारी नहीं थी। वहीं मोहल्ले में चर्चा है कि युवक व युवती ने कमरे में ही शादी रचा ली थी। युवती मांग में सिंदूर, पैर में बिछिया पहने हुई थी।

## गवाही न बदलने पर दबंगों ने प्रधान प्रतिनिधि को दी हत्या की दी धमकी

**राठ (हमीरपुर)।** मुकदमे में गवाह न बदलने को लेकर दबंगों ने प्रधान प्रतिनिधि को हत्या करने की धमकी दी है। पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के सरसेड़ा गांव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि वह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि है वर्ष 2015 में गांव के नृपत सिंह पुत्र छेदालाल के साथ गांव के कुछ लोगों ने हिंसक वारदात को अंजाम दिया था। जिस पर नृपत सिंह ने थाने में उक्त लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि वह मुकदमे में चश्मीद गवाह है। आरोप लगाया कि आरोप लगाया कि मुकदमे में गवाह देने से न मुकरने पर दबंग एक सप्ताह से हत्या करने की धमकी दे रहे है। आरोप लगाया कि दबंग न्यायालय में गवाह बदलने के लिये दबाव बना रहे। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर दबंगों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## तहसील बार के लिए कई प्रत्याशियों ने भरे परचे

**बांदा।** तहसील बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल। इल्डर्स कमेटी की देखरेख में तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव कराया जा रहा है। तहसील बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष महासचिव वरिष्ठ उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष संयुक्त सचिव प्रशासन संयुक्त सचिव पुस्तकालय वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए पर्चा भरा। इल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष कामता प्रसाद वर्मा कमेटी के सदस्य शिवबाबू तिवारी शकील खान ने विभिन्न पदों में मिले नामांकन पत्रों को बार एसोसिएशन कार्यालय में अधिवक्ताओं ने जमा किया है। नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए रुद्र दत्त मिश्रा चंद्रभान सिंह रामप्रकाश सिंह रामकिशोर पाल ने नामांकन किया। महासचिव पद में वीरेंद्र पाल सिंह अशोक कुमार सिंह चौहान ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद में अरुण कुमार त्रिवेदी भीषणदेव शुक्ला ने कोषाध्यक्ष पद में रमेशचंद्र निषाद विष्णुदत्त द्विवेदी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। संयुक्त सचिव प्रशासन में श्रवण कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव पुस्तकालय में उमाशंकर यादव वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में कमालुद्दीन खान कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में सुरेंद्र सिंहने नामांकन पत्र दाखिल किया। 21 नवंबर को नामां वापसी व 28 को मतदान सुनिश्चित किया गया है।

### बसपा ने की शोकसभा

बहुजन समाज पार्टी की आकस्मिक बैठक तिदवारी रोड स्थित एक मोटर्स परिसर में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह वर्मा ने बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती के पिता प्रभुदयाल की 95 वर्ष की आयु में निधन होने से पार्टी में शोक की लहर है। उनकी आत्मा की शांति के लिए मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार मुकेश अहिरवार मधुसूदन कुशवाहा जयराम सिंह चंद्रभान पटेल आदि ने प्रार्थना कर शोक जताया।

## बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से चोरों ने पार किया लाखों का सामान

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**बीती रात** अज्ञात चोरों ने लगभग 13 टन लोहे की सरिया चोरी कर ली। घटना की सूचना लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। समधन नगर के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी मोहम्मद इमरान हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन नगर के फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित भारत गैस एजेंसी के सामने अपनी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान किए हुए हैं। शुक्रवार कि रात अज्ञात चोर दुकान के बाहर रखी लाखों रुपए की सरिया को चोर चोरी कर ले गए। रोज की तरह सुबह जब दुकान स्वामी अपनी दुकान खोलने के लिए आया तो वहां से सरिया गायब थी। जिसे देखकर दुकान स्वामी के होश उड़ गए। दुकान स्वामी द्वारा आसपास क्षेत्र में काफी खोजबीन की गई। लेकिन चोरी की गई सरिया का कोई सुराग नहीं लग सका। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

## प्रत्येक माह की 21 को खुशहाल परिवार का लें लाभ: डीएम



खुशहाल परिवार दिवस में बोलते डीएम शेषमणि पाण्डेय।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने जिला अस्पताल में फीता काटकर खुशहाल परिवार दिवस के शुभारम्भ पर कहा कि शासन ने प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाने के निर्देश दिये हैं। लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर छोटा परिवार सुखी परिवार अपनाने के तरीके बताये जायें। शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक तरीके अपनाकर परिवार को सीमित रखें। शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध दवाई का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ लेकर परिवार नियोजन अपनायें। प्रत्येक माह की 21 तारीख को जिला अस्पताल समेत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नई पहल किट सगुन का वितरण कराया जाये। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने कहा कि आपदा में परिवार कल्याण को शासन ने योजना चलाई है। मातृ व शिशु मृत्यु दर कम करने को छोटा परिवार सुखी परिवार नियोजन अपनाकर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ उठायें। 2020 के जटिल गर्भावस्था की प्रसूतायें तीन से अधिक बच्चों वाले योग दम्पति नव विवाहित दम्पति को लाभान्वित कराया जायेगा। सीएमएस डॉ आरके गुप्ता ने गर्भनिरोधक की जानकारी दी। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इम्तियाज, डीपीएम आरके करवरिया समेत जिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

## पिता ने बेटी की चाकू से गोदकर की हत्या

**मौदहा (हमीरपुर)।** कल रात मौदहा कस्वे में बेटी के चाल चलन के शक पर पिता ने बेटी को चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। कल रात रमेश प्रजापति ने अपनी 22 वर्षीया पुत्री अनीता पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे आला कत्ल के साथ गिरफ्तार भी कर लिया था।रमेश ने बताया की उसे संदेह था कि उसकी गैरमौजूदगी में घर में कुछ लोगों का आना जाना लगा रहता था जिसको लेकर उसने अपने परिवारी जनों से कई बार जानकारी लेनी चाही लेकिन उसे किसी ने कुछ नहीं बताया। शुक्रवार की शाम वह शराब के नशे में घर पहुंचा तो उसकी पुत्री अनीता घर में अकेली थी तो उसने अपनी पुत्री से इस बाबत पूछताछ शुरू की तो अनीता ने उसकी बात अनसुनी कर अपना घरेलू काम करना शुरू कर दिया। जिससे आक्रोशित रमेश ने पास रखी कुल्हाड़ी से अनीता पर तीन वार कर दिये। जिससे अनीता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला का कहना है कि आरोपी रमेश ने शराब के नशे में आवेश में आकर अपनी पुत्री की हत्या की है मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी। रमेश सिरफिरा जिस्म का युवक था और वह शराब के नशे में अपने परिवारी जनों को कुछ दिनों से चाचा परेशान भी किए रहता था।

## बांदा में मजदूरों को मिल गई अपनी छत, कराया गृह प्रवेश

संवाददाता। बांदा

**गरीब** लाभार्थियों को पक्का घर उपलब्ध कराने के अभियान को पंख लग गए हैं। सरकार के निर्देश पर प्रशासन उन्हें सम्मान के साथ गृह प्रवेश करा रहा है। साथ ही लाभार्थियों को जागरूक करते हुए 90 दिवस की मजदूरी भी उन्हें उपलब्ध करायी जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत शुक्रवार को प्रत्येक गांव में गरीब पात्र लाभार्थियों को कच्चे मकान से पक्का मकान बनाकर दिया जा रहा है। ग्राम पिडारन पतवन काजीटोला पंडरी शिव देवरथा सहित तमाम गांव में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित हुआ। नया घर पाकर गरीब परिवारों के चेहरे खिल उठे। शुक्रवार को उनका गृह प्रवेश कराया गया है। खंड विकास अधिकारी डॉण् प्रभात कुमार द्विवेदी ने ब्लाक परिसर में हवन पूजन करने के बाद पात्र लाभार्थियों को बताया कि केंद्र सरकार किसी भी गरीब को कच्चे मकान पर नहीं रहने देगी। इसके लिए एक लाख 20 हजार पक्के भवन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पैसा प्रत्येक लाभार्थियों के खाते पर तीन किस्तों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया कि उन पात्र परिवारों को 90 दिवस की मजदूरी भी दी जा रही है।

विकासखंड सभागार में एडीओ एएसबी रामकुमार वर्मा ने बताया कि लाभार्थियों को समय सीमा के अंदर आवास निर्माण कर उनके खाते में धनराशि ऑनलाइन निर्गत की गई है। इस मौके पर एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल सुरेशचंद्र सैनी प्रदीप सिंह राणा विनोद झा दिनेश कुमार रामचंद्र बृजेंद्र प्रजापति ललित कुमार आदि लाभार्थी मौजूद रहे।

### कोटा की नई दुकान खोलने की मांग

तहसील की ग्राम सभा गुढाकला के मजरा गहबरा के राशनकार्ड धारकों की शिकायत पर कोटा निलंबित कर नौगवां में संबंद्ध कर दिया गया। गांव के राम बहादुर सिंह दिव्यांग बालमुकुंद बिदादीन शिवलोचन गंगू केवट सुमित्रा शिव बहादुर रामकली आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नई दुकान का प्रस्ताव कर (नया कोटा) बनाए जाने की मांग की है।

## एटीएम में पैसे डालने वाले दो कर्मचारी लाखों कैश ले उड़े

● आडिट में सामने आया मामला, जांच में जुटे अधिकारी

**चित्रकूट।** जिले के भारतीय स्टेट बैंक,पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी आदि बैंकों के करीब दस एटीएम में कैश डालने वाली सीएमएस कम्पनी के दो कर्मचारियों के लाखों का कैश लेकर फरार होने का मामला उजागर हुआ है।जिसके बाद से जिले के सभी बैंको में हडकंप मचा हुआ है। सेवा प्रदाता कम्पनी सीएमएस के आडिटर रजत मिश्रा ने बताया कि अभी तक दस में से पांच एटीएम की जांच की गई है। जिसमें करीब 48 लाख की कमी उजागर हुई है। शेष पांच अन्य की जांच की जा रहीं है। इसके बाद दोनों फरार कर्मचारियों के विरूद्ध पुलिस में तहरीर दी जायेगी।

बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले में बैकों के एटीएम में कैश लोडिंग का काम करने वाली कम्पनी सीएमएस के दो कर्मचारियों द्वारा एटीएम में पैसा लोड करने की बजाय लाखों की रकम लेकर चम्पत हो जाने की खबर से हडकंप मचा हुआ है। कई दिनों से एटीएम में कैश लोडिंग न होने एवं दोनों कर्मचारियों का फोन न लगने पर मामला संदिग्ध नजर आने पर शनिवार को मामले की जांच के लिए चित्रकूट पहुंचे सीएमएस कम्पनी के आडिटर रजत मिश्रा ने बताया कि सीएमएस कम्पनी में कार्यरत फैजाबाद के प्रदीप कुमार और कानपुर के विकास कुमार चित्रकूट जिले के पीएनबी,एचडीएफसी समेत विभिन्न बैंकों के दस एटीएम में कैश लोडिंग का काम करते थे।इधर कई दिनों से अचानक दोनों कर्मचारियों द्वारा एटीएम में कैश लोडिंग न करने एवं फोन से सम्पर्क न हो पाने के कारण मामले की जांच शुरू की गई। उन्होने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी समेत अभी तक 10 में से 05 की जांच की गई।जिसमें करीब 48 लाख रूपये कैश कम पाया गया। उन्होने बताया कि अभी 05 और एटीएम की जांच की जा रहीं है। जिसके बाद ही कितने लाख की हेराफेरी की गई है। उसका खुलासा हो सकेगा। उन्होने बताया कि जांच पूरी होने के बाद फरार चल रहे दोनों कर्मचारियों के विरूद्ध पुलिस में तहरीर दी जायेगी। वहीं सीएमएस कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा किये गये एटीएम कैश में हेरीफेरी से पूरे जिले में हडकंप मचा हुआ है।

## भाजपा नेता ने कोतवाल को राष्ट्रीय चिन्ह भेंटकर किया सम्मान

● अपराधी अपनी बेहतरी के लिये क्षेत्र या अपराध छोड़ें: राजा दिनेश सिंह



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कोरोनाकाल में उत्कृष्ट कार्य करने सहित क्षेत्र में मौजूद अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने वाले लोकप्रिय कोतवाल राजा दिनेश सिंह को भाजपा नेता द्वारा राष्ट्रीय चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण में तत्पर रहने वाले अधिकारी सम्मान के पात्र होते हैं।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली में पहुंचे कानपुर महानगर भाजपा पूर्व मंत्री गौरव सिंह चौहान ने कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह को राष्ट्रीय चिन्ह अशोक की लाट से सम्मानित करने के उपरांत कहा कि जब अपराधियों में कानून का भय होगा तभी अपराधों में कमी आएगी। कोतवाल राजा दिनेश सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए वह सदैव तत्पर हैं। कहां कि अपराधी अपराध करने से पूर्व अपने अंजाम के बारे में सोच लें और अपनी बेहतरी के लिए क्षेत्र या अपराध को छोड़ें। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह भदोरिया, अविनाश कुमार, अभिलाष बाजपेई, ध्रूवराम, संदीप कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## विरक्त संत मंडल ने धर्म नगरी में किया शक्ति प्रदर्शन

● विरक्त संत मंडल ने विशंभर दास को बनाया श्री केशव धाम कृपा कुटी आश्रम का महंत



संवाददाता। चित्रकूट

**धर्म नगरी** चित्रकूट धाम नगर में विरक्त संत मंडल श्री चित्रकूटधाम द्वारा गोलोकवासी संत श्री राम जी दर्शन की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर विशंभर दास महाराज को श्री केशव धाम कृपा कुटी आश्रम का महंत बनाया।इससे पूर्व पंजाबी भगवान आश्रम के महंत एवं विरक्त संत मंडल के अध्यक्ष राजकुमार दास महाराज एवं सचिव कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज के नेतृत्व में एक सैकडा से अधिक संतों ने सर्वप्रथम सीताराम संकीर्तन करते हुए कामदगिरि प्रमुख द्वार से संकादिक आश्रम पर शोभा यात्रा निकाली।

शनिवार को श्री केशव धाम कृपा कुटी आश्रम के पूर्व महंत बैकुंठ वासी श्री राम जी दर्शन महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर महाराज श्री के तैल चित्र पर महंत विशंभर दास, विरक्त संत मंडल के अध्यक्ष राज कुमार दास महाराज, सचिव मदन गोपाल दास महाराज, कोषाध्यक्ष सीताशरण महाराज , रामायणी कुटी के महंत राम हृदय दास महाराज ने बैकुंठ वासी महंत श्री राम दर्शन जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कंठी चादर कार्यक्रम में शामिल संत महंतों ने नए महंत को कंठी चादर देकर महंत होना स्वीकार किया। धर्म नगरी चित्रकूट में संत समाज दो भागों में बट चुका है। चित्रकूट नगर एमपी क्षेत्र में नित्य प्रतिदिन हो रहे कंठी चादर कार्यक्रम में अखाड़ा परिषद गुट के सदस्य संत महंतों को दूर रखा जा रहा है। विगत दिनों पूर्व निर्मोही अखाड़ा में अखाड़ा परिषद द्वारा अखाड़े के महंत ओंकार दास को बिना किसी पूर्व सूचना के नागा शिवराम दास महाराज एवं दीनदयाल दास महाराज को नया महंत घोषित कर दिया था। जिसकी सूचना विरक्त संत मंडल चित्रकूट एमपी क्षेत्र के साधु समाज को नहीं दी गई थी। इस घटना से संत समाज में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को चित्रकूट नगर में श्री केशव धाम कृपा कुटी आश्रम में हुई महंती को विरक्त संत मंडल चित्रकूट धाम जिला सतना मध्य प्रदेश ( रजिस्टर्ड ) ने महंती की मान्यता संत समाज की गरिमामय उपस्थिति में प्रदान की है। संत समाज संगठन के अध्यक्ष महंत राजकुमार दास महाराज पंजाबी भगवान आश्रम ने आज हुए कंठी चादर कार्यक्रम में यह पुन: स्पष्ट कर दिया कि नगर के संत समाज को यह अधिकार है कि वह अपना संगठन एकमत से बना सकते हैं। चित्रकूट धाम नगर के संत समाज की इच्छा थी कि देश के अन्य धर्म क्षेत्र के अनुसार चित्रकूट धाम नगर में भी संत समाज का एक स्थानीय रजिस्टर्ड संगठन हो। संत समाज में गुटबाजी के सवाल का उत्तर देते हुए महंत राजकुमार दास महाराज ने कहा कि चित्रकूट क्षेत्र का संपूर्ण संत समाज सदैव एक साथ रहा है और आगे भी रहेगा। वर्तमान समय में जो घटना क्रम चल रहा है यह क्षणिक है। निर्मोही अखाड़ा में नई महंती अथवा संपत्ति विवाद अखाड़े का निजी विषय है। जिससे विरक्त संत मंडल समाज का कोई लेना देना नहीं है। निर्मोही अखाड़ा में तत्कालीन समय ओंकार दास महाराज को महंत अखाड़ा परिषद एवं विरक्त संत मंडल की उपस्थिति और सहमति से बनाया गया था। इसलिए चित्रकूट के संत समाज कि मान्यता और संत सम्मान आज भी ओंकार दास जी के लिए है।

# भतीजे को गोलियों से भूना, मौत

## ● मोटरसाइकिल न मिलने पर गुस्से में घटना को दिया अंजाम

संवाददाता। सुलतानपुर

**गुस्से में** आए चाचा ने भतीजे को गोली से भून दिया। लाडले को को बचाने दौडी मां भी गोली से जख्मी हो गई। मां की गोद में गिरे बेटे की घटनास्थल पर ही दम निकल गया। घटना लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की शाम घटित हुई। चाचा परिवार समेत रफूचक्कर हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्यारे चाचा की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे नथउ मजरे भदैंया गांव निवासी कमलेश मिश्रा शनिवार को शाम कहीं जाने के लिए तैयार था। उसने अपने भतीजे उमेश मिश्रा पुत्र राम विलास मिश्र से बाइक मांगी। भतीजे ने मना कर दिया तो गुस्से में आकर कमलेश ने अपना आपा खो दिया। वाद-विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते कमलेश ने क्रूर रूप धारण कर लिया और तमंचे से उमेश के सीने पर फायर कर दिया। बेटे को बचाने के लिए दौडी मां मालती देवी भी तमंचे से निकली गोली की जद में आ गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। गांव वालों की मदद से जख्मी मां-बेटे को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उमेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में भर्ती मां का जख्म बेटे की मौत से और गहरा हो गया है। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी में तमंचा बरामद कर लिया है। आरोपी चाचा अपने परिवार के साथ रफूचक्कर हो गया है, हालॉकि पुलिस हत्यारोपी चाचा की सरगर्मी से तलाश कर रही है।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस — पायनियर

### पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

**मामूली** बात पर रिश्ते को कलंकित करने वाली वारदात से गांव वाले हतप्रभ रह गए हैं। घटना की जानकारी होते ही गांव ही नहीं आसपास के बडी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। उमेश की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है। लोगों के लाख समझाने-बुझाने के बाद भी बच्चों पत्नी और बच्चों के आंसू थमने का नाम नही ले रहे हैं।

# अनियंत्रित बस की टक्कर से संन्यासी की जान गई

**सुल्तानपुर।** सड़क हादसे में जिला निवासी एक सन्यासी की मौत हो गई। वह गांधीनगर में आयोजित भंडारे में शामिल होने जा रहे थे। गौरीगंज के निकट पहुंचते ही तेज रफ्तार निजी बस की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से जख्मी साधु को गौरीगंज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। अचानक हुए हादसे से साधु के पैतृक गांव सूबेदार सोनबरसा में शोक छा गया है। श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है।

पाराबाजार क्षेत्र अंतर्गत पूरे सूबेदार सोनबरसा निवासी कलहुराम (58) पुत्र मंगल प्रसाद गृहस्थ आश्रम में रहकर साधु का जीवन व्यतीत कर रहे थे। वे अक्सर शाम के समय अपने गांव के निकट पाराबाजार से सुल्तानपुर रोड पर सड़क के किनारे अपने निजी आवास कारखाने पर रहकर बैठकर ग्रामीणों को सत्संग भजन सुनाते थे। शुक्रवार को अमेठी के गांधीनगर भंडारे में सम्मिलित होने के लिए अपनी निजी वाहन विक्की से जा ही रहे थे। गौरीगंज में प्राइवेट बस ने उन्हें टक्कर मार दिया।

# थानेदार बनीं छात्राओं ने सुनी फरियाद

## ● शासन के निर्देश पर चल रहा मिशन शक्ति अभियान

संवाददाता। कूरेभार, सुलतानपुर

**शासन के** आदेश पर पुलिस की कार्यशैली से परिचित कराने के लिए शुक्रवार को बालिकाओं को दो घंटे के लिए थानाध्यक्ष की कुर्सी सौंपी गई। इसका खूब प्रचार-प्रसार किया गया, लेकिन ज्यों ही समय गुजरा। पुलिस की कारगुजारी की परतें उधडने लगी है। अब पता चल रहा है कि जिन बालिकाओं को वर्दीधारियों ने थानाध्यक्ष बनाया गया था, उन्हें चंद मिनट ही काम के लिए दिए गए। सारी योजनाओं की जानकारी सिर्फ फोटो खिंचवाने तक ही सिमट कर औपचारिकता बनकर रह गई।

नारियों के उत्थान के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शासन ने सभी जनपद के थानों पर एक दिन के लिए अध्यनरत छात्राओं को स्थानीय थानों का प्रभारी बनाए जाने का आदेश जारी किया था। इसका अनुपालन कूरेभार पुलिस ने भी किया, लेकिन महज औपचारिकता ही रहा। यहां सिर्फ शासन की मंशा का ढिढोरा पीटकर सक्रियता जाहिर के साथ ही कागजी कोरम पूरा किया गया। जारी आदेश के मुताबिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा महिलाए पर हो रहे उत्पीड़न संबंधी मामलो को लेकर निसंकोच थाने पहुंचकर अपनी पीड़ा बया करे। महिलाओं और छात्राओं के साथ बढ़ रही छेड़छाड़ की घटनाओं के मद्देनजर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक करने के लिए मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक नई पहल की है। लेकिन कूरेभार पुलिस ने मुख्यमंत्री के आदेश को महज 10 मिनट में ही केएनआई की स्नातक शिक्षा ग्रहण कर रही बीए फाइनल की छात्रा नेहा को कूरेभार थाने का प्रभार ग्रहण करवाकर कोरम को पूरा करा दिया गया।



लोगों की फरियाद सुनतीं थानाध्यक्ष — पायनियर

# करीब डेढ़ लाख रुपये के साथ पांच जुआरी गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** जमुनहा. जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में देर रात्रि थाना मल्हीपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा जमुनहा में दबिश देकर जुआ खेलते हुए 5 जुआरी अवध राम निषाद पुत्र मिश्रीलाल निषाद निवासी विसवरिया मोहम्मद नगर थाना रामगांव जनपद बहराइच पप्पू पुत्र नजीर निवासी कस्बा नानपारा थाना नानपारा जनपद बहराइच नेवराज खड़गा पुत्र पहलमान खड़गा निवासी सुरजीगांव थाना नेपालगंज जिला बांके राष्ट्र नेपाल दिनेश कुमार वर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण वर्मा निवासी परसोहना थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी नाजिरपुरा हलवाई धर्मशाला थाना को0 नगर जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया तथा तलाशी। के दौरान मौके से तास के पत्तो के साथ 1 लाख 46 हजार 250 रुपये बरामद कर थाना मल्हीपुर पर मुअसं 358.2020 धारा 13 जुआ अधिनियम में अभियोग पंजीकृतअभियुक्तों को जेल रवाना किया ।

# पचास हजार का ईनामी असलहे के साथ गिरफ्तार

## ● शातिर के कब्जे से इनोवा कार भी बरामद कई वर्ष से था फरार

संवाददाता। रायबरेली

**कई** वर्ष से पुलिस को चकमा दे रहा 50,000 के इनामिया प्रशांत सिंह निवासी नेवाजगंज थाना महाराजगंज रायबरेली को पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ की सर्विलांस टीम, एसओजी रायबरेली तथा ऊंचाहार पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम ने धर दबोचा। विदित हो की इनामिया अभियुक्त प्रशांत सिंह का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने खुलासे में बताया है की प्रशांत सिंह को रेलवे क्रासिंग ऊंचाहार से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से इनोवा गाड़ी , 1 अवैध पिस्टल व जिन्दा कारतूस मिले है। जिस के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि अभियुक्त प्रशांत सिंह द्वारा गिरफ्तारी प्रक्रिया की अवधि में आक्रोशित होते हुए अपनी राजनीतिक पहुंच को दिखाते हुए पुलिस वालों के साथ गाली गलौज करते हुए वर्दी उतरवाने व जान से मारने की धमकी देना कार्य में बाधा उत्पन्न करना इस संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना ऊंचाहार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त प्रशांत सिंह गिरफ्तारी से बचने के लिए हाउस नंबर 7 हडको कॉलोनी बस्तर दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ में रह रहा था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह रघुवंशी प्रभारी सर्विलांस टीम लखनऊ। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह थाना ऊंचाहार रायबरेली। उप निरीक्षक सर्वेश कुमार पाल सर्विलांस टीम लखनऊ। त्रिवेणी सिंह सर्विलांस टीम रायबरेली समेत अन्य पुलिस पुलिसकर्मी शामिल थे।



### बाराबंकी से लेकर रायबरेली में दर्ज हैं कई मुकदमे लंबा रहा है अपराधिक इतिहास

**अभियुक्त** प्रशांत सिंह की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर प्रशांत सिंह फरार हो जाता था। पुलिस की माने तो सदर कोतवाली रायबरेली से लेकर महाराजगंज, मिल एरिया, बछरावां, समीर सफ्दरगंज जनपद बाराबंकी में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है एससी-एसटी अधिनियम व धारा 7 सीएलए के भी गंभीर मामले दर्ज हैं।

# छठ मइया की कृपा रही तो राजघाट नदी पर बनेगा पक्का घाट : पूर्णिमा

संवाददाता। रायबरेली

**धूमधाम** से मनाया जा रहा छठ। निर्जल व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को सूर्य को दिया अर्घ्य। कोरोना गाइडलाइंस के तहत नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने नगर पालिका क्षेत्र में आयोजित छठ कार्यक्रम में सुबह 4.00 बजे पहुंच कर शहर क्षेत्र के सई नदी एवं राजघाट पर सूर्य अर्घ्य दिया और सभी महिलाओं के साथ राजघाट पर पूजा-अर्चना भी की नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव एवं प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने छठ कार्यक्रम की सफलता के आयोजन के लिए लगातार कई दिनों से हो रहे उनके प्रयास सफल हुए और यह एक बड़ा आयोजन संपन्नता से हो सका नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने राजघाट पर मनाया छठ पर्व। ने उगते सूर्य के सामने अर्घ्य देकर विधि विधान से किया पूजन। छठ पर्व को मनाते हुए लोगों से कहा कि आने वाले अगले छठ पर मैया की अगर कृपा रहे तो शासन प्रशासन स्तर से प्रयास करके नगरपालिका से राजघाट नदी पर छठ पूजा के पहले ही पक्के घाट का निर्माण कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा जिससे कि आए हुए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और छठ पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा सके इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित एसडीएम सदर अंशिका दीक्षित सिटी मजिस्ट्रेट सीओ सिटी नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।



# डग्गामार वाहन चालकों के आगे नतमस्तक पुलिस व यातायात विभाग

**डलमऊ रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के डग्गामार वाहन अपनी करतूत को लगातार अंजाम दे रहे हैं शासन द्वारा जारी परमिट को धता बताते हुए छः सीटर वाहन को 16 सीटर बना कर चला रहे हैं और शासन के निर्देशों की जमकर धज्जियाँ उड़ा रहे हैं डग्गामार वाहनों में अधिक कमाई के चक्कर में यात्रियों की जान जोखिम में डालकर यात्रा कराई जा रही है। गदागंज तक चलने मुख्य मार्गों में संचालित डग्गामार वाहन यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है।वैसे ये नजारा डलमऊ के सभी मार्गों में डग्गामार वाहनों के अंदर मानक से चार गुना यात्रियों को लादकर लाया जाया जा रहा है। डग्गामार वाहनों के पायदानों के साथ ही ऊपर भी यात्रियों को बैठाया जाता है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फिर भी जिम्मेदार महकमे के लोग पूरी तरह से अंजान बने हुए है।डग्गामार वाहनों में निर्धारित सवारियों से चार गुना ज्यादा सवारियों भरकर ढोया जा रहा है। इतना ही नहीं अधिक कमाई के चक्कर में यात्रियों को डग्गामार वाहनों में ऊपर बैठकर और दाएं-बाएं लटकाकर यात्रा कराई जा रही है। डग्गामार वाहनों में यात्रा करते समय यात्रियों की जान पर तब आती है जब डग्गामार वाहन में कहीं भी यात्रियों को बैठने के लिए जगह न होने पर चालक अपनी सीट पर यात्री को बैठाकर खुद लटककर वाहन को सड़क में फर्राटे से दौड़ाता है। डलमऊ से गदागंज रोड़ व लालगंज रोड तो ऐसे है जहां संभागीय परिवहन विभाग से समाप्त अवधी के बाद भी वाहनों को बड़े आराम से चलाया जा रहा इसके अलावा कस्बों से विभिन्न जगहों के लिए निकले मार्गों में सैकड़ों की संख्या में डग्गामार चार पहिया वाहन संचालित हो रहे है। डग्गामार वाहनों की हालत यह है कि इनमें भीतर सीटों में निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां बैठाई जाती है। इसके बाद पीछे व दोनों तरफ साइड के पायदानों में कई-कई सवारियों को लटका दिया जाता है।

### डग्गामार वाहनों को फर्राटा भरते देखा

**डलमऊ रायबरेली।** चंद पैसों के लालच में मानक को दरकिनार करते हुए डलमऊ कस्बे के सभी मार्गों पर डग्गामार वाहनो को फर्राटा भरते देखा जा सकता है जो वाहन पर बैठी सवारियों के साथ सड़क पर चलने वालों के लिए यमराज से कम नहीं है गदागंज थाना क्षेत्र के पूरे इंद्रजीत पूरे खोदाय मजरे बरारा मार्ग पर शनिवार की सुबह करीब 11 बजे सवारियों से भरे डग्गामार वाहन की चपेट में आ कर सुमित उम्र 6वर्ष पुत्र रामरतन घायल हो गया जिसे आसपास मौजूद लोगों द्वारा आनन फानन डलमऊ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे म्रत घोषित कर दिया।

# स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक में बनी रणनीति



**महराजगंज रायबरेली।** ब्लॉक सभागार महराजगंज में स्नातक एमएलसी एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के संबंध में बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने किया बैठक में स्नातक एमएलसी व शिक्षक एमएलसी चुनाव के संबंधित रणनीति तैयार करते हुए पार्टी संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई इसी क्रम में चुनाव के प्रवासी प्रभारी बनाए गए जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामदेव पाल बछरावां विधानसभा के विधायक राम नरेश रावत जिला महामंत्री शरद सिंह ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा सरदार फतेह सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू भूपेश मिश्रा अवधेश मिश्रा पंकज श्रीवास्तव मनसाराम सिंह हनुमंत लाल शुक्ला विनोद त्यागी अमित श्रीवास्तव मातादीन पासी दिलीप सिंह पहरेमऊ मंडल अध्यक्ष सुरेश मौर्या शिवा कांत शर्मा मंडल महामंत्री रामप्रकाश गौतम वीरेंद्र अवस्थी संतलाल लोधी रमेश त्रिवेदी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मुख्य विकास अधिकारी ने गिलौला ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण

## ● मनरेगा लक्ष्य 11.5 प्रतिशत होने पर गहरी नाराजगी जताई, लक्ष्य जल्द पूरा करने के दिये निर्देश

**श्रावस्ती।** गिलौला मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय गिलौला का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्त पटलों का निरीक्षण किया जिसमें मनरेगा लक्ष्य के सापेक्ष 11०5 ही मनरेगा का लक्ष्य पूरा होना मिला जिसपर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने के लिए ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वाल को बनवा कर पूरा कराने का निर्देश दिये साथ साथ ग्रामीण गोदाम भवन का नए सिरे से मरम्मत कार्य कराने की अनुमति प्रदान की। सफल कृषि रक्षा इकाई के गोदाम को चेक कर जुगल किशोर पुत्र श्यामलाल ग्रामवासी प्रहलादा को गेहूं बीज दिला कर डेमो करा कर किसानों को अच्छी उत्पादन दिलाने की बात कही। उसके बाद ग्रामीण अजीवका मिशन कार्यालय पहुंचे जहां पर अमित कुमार बी एम एम अजीवका रेनू देवी बी एम एम मोहम्मद नसरुद्दीन बी एम एम कौशल किशोर पांडे व कुलदीप तिवारी एमआई सहायक मौके पर मौजूद रहे जहां पर इस वर्ष में समूह गठन के लक्ष्य की जानकारी की जानकारी पूछे जाने पर 370 के सापेक्ष 139 समूह का गठन करने की जानकारी दी गयी। ब्लॉक परिसर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु कार्य योजना फिड करा कर बनवाने का निर्देश दिया। बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण के दौरान टूटी हुई टाइल्स का मरम्मत कराने का निर्देश दिया सामुदायिक शौचालय आंगनबाड़ी विद्यालय के निर्माण के भुगतान के बारे में जानकारी प्राप्त कर जल्द से जल्द भुगतान कराने की बात कही साथ ही साथ ब्लॉक परिसर को स्वच्छ बनाए रखने की हिदायत दी।



# लोक विधाओं को पुनर्जीवित करने के लिए होंगी जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं

**गोंडा।** गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल विभाग की महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन में आयोजित हुई जिसमें शासन के निर्देशानुसार लुप्त प्राय हो रही लोक विधाओं को प्रोत्साहित एवं पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आगामी 26 नवम्बर को जनपद स्तर पर एक दिवसीय साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थानीय लोक कलाकारों सहित स्कूली छात्र-छात्राएं भी प्रतिभाग कर सकेंगी। सीडीओ श्री त्रिपाठी ने डीओ पीआरडी को निर्देश दिए कि लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी, बांसुरी वादन, तबला वादन, हारमोनियम लाइट, कत्थक, भरतनाट्यम एवं एक्सटेम्पोर (इलोकेशन) आदि विधाओं में अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रतियोगिता में जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य (डायट) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य महाविद्यालयों आदि से समन्वय बनाकर ज्यादा से ज्यादा कलाकारों एवं प्रतिभाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाय। सीडीओ ने बताया कि साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता आगामी 26 नवम्बर को नगर के टाउन हॉल में सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतियोगिता की तिथि से पूर्व 25 नवम्बर की शाम 04 बजे तक जिला युवा कल्याण अधिकारी (विकास भवन कक्ष सं-168) कार्यालय में प्रतिभागी पात्र कलाकार अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने प्रतियोगिता से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभागी कलाकारों की आयु 13 से 29 वर्ष के मध्य होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के फिल्मी गीत पूर्णतय: प्रतिबन्धित रहेगें व कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अभद्रता एवं अश्लीलता की अनुमति नहीं होगी।

# गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन की फर्स्ट राउंड ट्रेनिंग पूरी

## ● 30 नवम्बर को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, 1 दिसम्बर को है मतदान

संवाददाता। गोंडा

**गोरखपुर-फैजाबाद** खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-2020 के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्टेऊेट, पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय मतदान अधिकारी को जिला पंचायत सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हें मतदान प्रक्रिया को पूरी शुचिता व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि निर्वाचन में ड्यूटी देने वाले समस्त अधिकारी स्वतंत्र, निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा 30 नवंबर को कलेक्ट्रेट से मतदान स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी तथा 01 दिसंबर को मतदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी निर्देश निर्गत किए गए कि मतदान कार्मिक कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करेंगे कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग किए बिना निर्वाचन नहीं कराएगा। प्रत्येक दो मतदान कार्मिकों के बीच एक सीट को रिक्त रखा जाएगा, जिससे कि सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन किया जा सके। मतदान कार्मिकों को मतदान प्रशिक्षण का कार्य कुशलता के साथ अच्छे से सीख लें जिससे कि बैलट बॉक्स को खोलना, बंद करना, सील करना आदि कार्य में किसी प्रकार की कोई समस्या ना आए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि वे मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेंगे। उन्होंने कहा पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी अवश्य मेनटेन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्टेऊेट, पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय मतदान अधिकारियों को उनके दायित्वों, मतदान पूर्व तैयारियों, मतदान के दिन उनकी जिम्मेदारियों, अभिकर्ताओं से सम्बन्धित कार्यों, मतदान केन्द्र में प्रवेश के अधिकारी, मतपेटिका को सील करना, व मतदान की तैयारी, मतदान के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों, मतदान के दौरान विशेष परिस्थितियों के बारे में जानकारी व कार्यवाही, निविदत्त मत, अन्धे व अशक्त मतदाताओं को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश, मतदान के पश्चात किए जाने वाली कार्यवाही, मतपेटिका को सील किया जाना, मतपत्र लेखा सहित अन्य सभी आवश्यक चीजों के बारे में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर पीडी सेवाराम चौधरी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा, संजय सहाय, माधवराज व सहित आदि सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला पंचायत सभागार में गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन हेतु प्रशिक्षण संपन्न

### सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की लगाई गई ड्यूटी

**गोंडा।** अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2020 के लिए जिले को 05 जोन तथा 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन 2020 में गोण्डा से 1524 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए के 12 बूथ बनाए गए हैं जिनमें 08 बूथ ब्लाकों पर तथा 04 बूथ विद्यालयों में बनाए गए हैं। मतदान कार्य को पूर्णत: निष्पक्ष व स्वतंत्र ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 15 माइक्रो आब्जर्बरों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# मुख्यमंत्री से विधायक ने की आर्थिक सहायता की मांग

**करनैलगंज-गोंडा।** करनैलगंज नगर के मोहल्ला सुक्खापुरवा के युवक की कोरोना से मौत होने पर भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आर्थिक सहायता दिलाने की पहल की है। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के बूथ अध्यक्ष नन्द किशोर जयसवाल की बीते दिनों कोरोना से मृत्यु हुई थी। मृतक की पत्नी एवं बच्चों के सहायतार्थ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम भाजपा विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के द्वारा एक पत्र लिखकर पीड़ित परिवार मदद व आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की है। भाजपा नगर टीम से नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश वैश्य, महामंत्री कन्हैयालाल वर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अर्चित पांडे एवं आशीष कुमार गिरी एवं कई कार्यकर्ताओं ने विधायक से मिलकर भाजपा कार्यकर्ता की मृत्यु पर उसके परिवार के भरण पोषण के लिए सहायता दिलाने की मांग रखी थी। जिसपर विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सहायता दिलाने की पेशकश की है।

# प्रधानमंत्री कान्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे पेयजल योजनाओं का शिलान्यास

● सदर विधायक की मेहनत लाई रंग, हर घर को मिलेगा शुद्ध जल

संवाददाता। सोनभद्र



**जल** जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की उपस्थिति में धंधरौल बॉध के पास विकास खण्ड चतरा के ग्राम करमांव में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रदेश के जल शक्ति बाढ़ नियंत्रण व सिंचाई मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी एक दिन पूर्व ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। पानी जनपद सोनभद्र की प्रमुख समस्याओं में से एक रहा है। जनपद सोनभद्र का मुख्यालय हो या जनपद के ग्रामीण अंचल हर जगह पानी की समस्याओं को लेकर आम जनमानस को परेशान होना पड़ता रहा है। यही कारण रहा कि सदर विधायक भूपेश चौबे ने पानी की समस्या व पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान चलाकर इस समस्या के समाधान की दिशा में कारगर कदम उठाने के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी चलाया। 5 जून 2018 को बेलन नदी के उद्गम स्थल करद गांव से रामगढ़ शहीद स्थल तक जल संरक्षण को लेकर निकाली गई जन जागरूकता यात्रा रही हो या फिर धनरौल बांध के निर्माण के 100 वर्ष पूर्ण होने पर धनरौल बांध पर किया गया कार्यक्रम पानी व पर्यावरण संरक्षण को लेकर सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा ऐसे अनेकों कार्य किए गए है। जिससे इस समस्या का समाधान न सिर्फ प्रशासनिक स्तर पर बल्कि आम जनमानस की जन जागरूकता के साथ निकाला जा सके। और वह दिन आ गया जब पानी की समस्या के समाधान की दिशा में किया जा रहा कार्य कारगर सिद्ध होने जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो वर्ष 2024 तक जनपद सोनभद्र के प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल मिलने लगेगा। 22 नवंबर को जनपद सोनभद्र की 23 ग्रामीण पाइप लाइन परियोजना का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में करेंगे। 22 नवंबर को जिले में 3212.18 करोड़ रूपये की लागत से 14 पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वीडियो कान्फ्रेंसिंग कें माध्यम से करेंगे। जिससे जिले के 1389 गांवो की लगभग 20 लाख आबादी लाभान्वित होगी। रावर्ट्सगंज तहसील में सर्वाधिक पांच पाइप लाइन पेयजल परियोजनाओं का निर्माण होगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर हर नल जल योजना के तहत 14 पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य 22 नवम्बर को शिलान्यास के साथ ही शुरु हो जायेगा। परियोजनाओं के तहत विभिन्न स्थलों पर विभिन्न नदियों व डैमो से पानी लेकर उसे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट डब्ल्यूटीपी में शुद्ध करके जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। रावर्ट्सगंज तहसील के अन्तर्गत बन रही हर्रा ग्राम समूह पाइप लाइन योजना सोन नदी के जल से संचालित होगी और इससे 44 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। इसी तरह बेलाही ग्राम समूह पेयजल योजना धनरौल बाध से संचालित होगी और इससे 233 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। पटवध सोननदी से संचालित होगी और इससे 661 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। तेन्दुआरी परियोजना नगवा बांध से संचालित होगी इससें 88 गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। नगवां परियोजना नगवां बांध से संचालित होगी और इससे 46 ग्राम पंचायतें लाभान्वित होंगी। इसी तरह ओबरा तहसील में ग्राम समूह पेयजल योजना रिहंद बांध के जल से संचालित होगी जिसमें 13 गांव लाभान्वित होंगे। गुरमुरा से ओबरा गांव के लोग लाभान्वित होंगे। पनारी परियोजना ओबरा बांध से संचालित होगी और 6 गांव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। घोरावल में 2 परियोजनाएं कदरा व नेवारी प्रस्तावित हैं जो सोन नदी के जल से संचालित होंगी। कदरा से 6 और नेवारी से 12 ग्राम पंचायतों के लोगों को लाभ मिलेगा। दुद्धी तहसील मे परासी ग्राम समूह पेयजल योजना रिहन्द बाध से संचालित होगी। इससे 37 गांव लाभान्वित होंगे। अमवार परियोजना कनहर बांध से संचालित होगी और इससे 65 गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। बीजपुर योजना रिहन्द बाध से संचालित होगी और इससे 3 गांवो कें लोग लाभान्वित होंगें। झीलों ग्राम समूह पेयजल योजना भी रिहन्द बाध से संचालित होगी जिसका लाभ 166 गांवो के लोगों को मिलेगा। पेयजल परियोजनाओं से लगभग बीस लाख लोगों को लाभ मिलेगा माना जा रहा है कि 2024 तक यह परियोजनाएं चालू हो जाएंगे अगर ऐसा हुआ तो पानी की समस्या से जूझ रहे आम लोगों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं होगी।

## घोटाले पर सीडीओ ने की कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि ग्राम पंचायत टेमा रहमत, विकास खण्ड सेमरियांवा की जांच मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराई गयी है। जिसमें रू0 5,78,870-00 का अनियमित भुगतान ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है। जिसमें प्रधान श्रीमती साफिया खातून, तत्कालीन सचिव, ग्राम पंचायत मैनुद्दीन सिद्दीकी एवं तत्कालीन अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग मुख्तार अहमद द्वारा मिल कर अनियमित रूप से आहरित की गयी धनराशि रू0 5,78,870-00 में से प्रत्येक से 1/3 भाग वसूली तथा उनके खिलाफप्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराने, ग्राम प्रधान के खिलाफ 95(1)(ह) के अन्तर्गत कार्यवाही करने तथा संबंधित ग्राम पचायत अधिकारी एवं अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही किये जाने का आदेश दिया गया है।

# बच्चों के मानसिक व मनोसामाजिक स्वास्थ्य पर पुस्तिका का विमोचन

संवाददाता। मीरजापुर

● मिशन शक्ति अभियान के तहत सरल शब्दों में मुद्दों की समझ विकसित करेगी यह पुस्तिका

**मिशन** शक्ति अभियान के तहत ष्बच्चों तथा किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक परामर्शष् पर महिला कल्याण विभाग.उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष पुस्तिका तैयार की गयी है । इस पुस्तिका का विमोचन अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार व विश्व बाल दिवस पर शुक्रवार देर शाम ऑनलाइन किया गया ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके सिंह ने बताया कि विमोचन कार्यक्रम के विशेष अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग. उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विशेष गुप्ता ने कहा कि किशोर न्यायए बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियम आने के बाद भी किशोरों के मानसिक व मनोसामाजिक स्वास्थ्य पर भलीभांति काम नहों हो पा रहा था । महिला कल्याण विभाग द्वारा की गयी यह पहल बहुत ही सराहनीय है क्योंकि इससे किशोर.किशोरियों को तनावए चिंता व अवसाद को कम करने व उससे निपटने में बड़ी मदद मिलेगी। इस अवसर पर यूनिसेफ के डिप्टी चीफउत्तर प्रदेश अमित मेहरोत्रा ने कहा कि यह किताब बहुत ही सरल व सहज शब्दों में तैयार की गयी है। इससे अधिकारी, शिक्षक व देखभालकर्ता बच्चों और किशोरों व उनके परिवारों के सम्बंधित मुद्दों को आसानी से समझ सकेंगे और सरलता के साथ उनसे बातचीत कर सकेंगे। इस अवसर पर निदेशक महिला कल्याण.उत्तर प्रदेश मनोज कुमार राय ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत विभाग इस माह बच्चों और महिलाओं के मानसिक व मनोसामाजिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर कार्य कर रहा है । इस माह के अंत तक करीब डेढ़ लाख महिलाओंए बच्चों व किशोर किशोरियों तक सीधे शक्ति संवादों के माध्यम से परामर्श सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । उन्होंने कहा कि यह हैण्डबुक बच्चों तथा किशोरों में लक्षणों व संकेतों की पहचान और संदर्भन की दिशा में बहुत ही उपयोगी साबित होगी । इस पुस्तिका में यौन शोषणए शारीरिक शोषण तथा उपेक्षाए भवनात्मक शोषणए शोषण सम्बंधित संकेत व लक्षण जैसे मुद्दों पर बहुत ही सरल तरीके से समझाया गया है और उनसे उबरने के लिए उठाये जाने वाले क़दमों के बारे में समझाने की भी कोशिश की गयी है ।

# चंद घंटों में 69 लाख का अवैध सोना हो गया वैध

संवाददाता। बस्ती

● सोना पकड़ने के आठ घंटे के भीतर जमा कर दिया पक्का बिल

● बिल नहीं जमा होता तो देना पड़ता 71 लाख का जुर्माना

● विभाग की लचर व्यवस्था का लाभ उठा रहा है सोने का अवैध कारोबार करने वाला सिंडिकेट

● ईमानदार अधिकारी जेब से धन लगाकर बना रहे हैं मुखबिर

**सोने** का अवैध कारोबार करने वाले विभाग की लचर व्यवस्था का खूब लाभ उठा रहे है। टैक्स का करोड़ों रुपये का चूना लगाने वाले कारोबारी किस तरह लाखों के अवैध सोने को चंद घंटों में वैध कर देतें हैं, इसका खुलासा पकड़े गए 69 लाख के सोने के मामले में हुआ। जब सोना पकड़ा गया तो कारोबारी के पास कोई वैध बिल नहीं था, मगर आठ घंटा भी नहीं बीता था, कि सोना पकड़ने वाले अयोध्या के सहायक आयुक्त व्यापारकर एवं सचल दस्ते के मुखिया आलोक तिवारी को कारोबारी ने पक्का बिल थमाकर अवैध को वैध कर दिया। अगर समय देने का प्राविधान नहीं होता तो कारोबारी जेल में होता और विभाग को जुर्माने के रुप में अलग से 71 लाख का राजस्व मिलता। इसे देखते हुए विभाग से मौके पर ही कार्रवाई करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। विभाग के लोगों का कहना है कि अगर किसी भी कारोबारी को विभाग इतना समय देगा तो उसे अवैध को वैध करने में जरा भी दिक्कत नहीं होगी। इससे अवैध कारोबार पर अंकुष नहीं लग सकता। अवैध सोने को गलाकर तिजोरी भरने वाले सोने के कारोबारी किस तरह व्यापार कर विभाग में आंख धूल झोंक रहे है। इसका पता लखनउ से गोरखपुर के लिए चले 69 लाख के अवैध सोने की बरामदगी से लगता। अयोध्या और गोरखपुर जोन के इतिहास में पहली बार इस तरह के धरपकड़ की कार्रवाई हुई, इसके लिए सचल दल के मुखिया की पूरे प्रदेष में वाहवाही हो रही है। कहा जा रहा है कि अगर बस्ती और संतकबीरनगर का सचल दस्ता भी सक्रिय हो जाए तो सरकार को करोड़ों का चूना लगाने वालों की कमर को तोड़ा जा सकता है।

## सूचना तंत्र की कमजोरी का लाभ उठा रहे हैं कारोबारी

**विभाग के** एक बड़े अधिकारी का कहना है कि जब तक विभाग में सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए कोई बजट का प्राविधान नहीं होगा, तब तक सोने का अवैध कारोबार चलता रहेगा। कहते हैं कि मुखबिर बनाने के लिए धन की आवष्यकता होती है, और वह विभाग दे नहीं रहा है। ऐसे में किसी भी अधिकारी को क्या गर्ज की वह नीजि खर्च कर मुखबिर बनाए। जब कि सेंटल में बजट की व्यवस्था है। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि सूचना तंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी विभाग की है। चूंकि लखनउ इसका मंडी है तो विभाग के लिए और आसान होगा। विभाग या तो अधिकारियों को बजट उपलब्ध कराए या फिर खुद सूचना तंत्र को मजबूत करें। जिस अधिकारी द्वारा 69 लाख के सोने की जो बरामदगी की गई, उसके बारे में कहा जा रहा है, निजी खर्च पर मुखबिर पैदा किया गया।

# ...अब 12 दिसंबर को होगी बस्ती चीनी मिल की नीलामी

**बस्ती।** एसडीएम सदर आषाराम वर्मा ने बताया कि बस्ती चीनी मिल के पार्ट की एवं कुर्क षुदा जमीन ग्राम करमा तत्पा कड़र स्थित भूमि रक्बा 9.1840 हेक्टेअर जिसका मूल्यांकन एक करोड़ पैसठ लाख प्रति हेक्टेअर की दर से 16 करोड़ है, की नीलामी 12 दिसंबर 20 को सदर तहसील के सभागार में दिन में दो बजे होगी। कुर्क षुदा नीलामी 12 दिसंबर 20 को तहसील सभागार में दिन में दो बजे से होगी। बताया कि बोली लगाने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले 2.60 करोड़ का डिमांड डाफ्ट या नकद जमा करना होगा। बोली की षुरुआत 25.79 करोड़ से षुरु होगी। बताया कि वाल्टरगंज और बस्ती चीनी मिल जो कि 'ए यूनिट फेनिल षुगर मिल' की है, के विरुद्ध विभिन्न विभागों से निर्गत वसूली प्रमाण-पत्रों का बकाया 58.57 करोड़ का है। बताया कि बकाया न जमा करने की स्थित में कुर्क की गई चल अचल संपत्ति की नीलामी 12 दिसंबर 20 को होने जा रही है। बताया कि इसका पुर्नमूल्यांकन किया गया, जिसकी लागत 25.79 करोड़ है। बताया कि नीलामी से मिले धन को मजदूरों के बकाए का भुगतान होगा। जिसके लिए आरसी जारी की गई है। नीलामी की प्रक्रिया जुलाई, सिंतबर, अक्टूबर और नवंबर में भी निभाई गई, मगर चारों बार नीलामी को स्थगित करना पड़ा।

# चार माह बाद भी नहीं दिया रुधौली के 'बीडीओ' ने नोटिस का जवाब

● जबाव के अभाव में नहीं हो पा रही है घपलेबाजों के खिलाफ कार्रवाई

● प्रधान, सेक्रेटरी रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक और लेखाकार रख चुके हैं अपना पक्ष

● रुधौली के मझौवा कलां के तालाब में लाखों की 'बंदरबांट' का मामला

संवाददाता। बस्ती

**रुधौली** ब्लॉक के ग्राम पंचायत मझौवा कलां में तालाब और चकरोड़ का काम कराए बिना लाखों रुपये का बंदरबांट कर लेने का खुलासा जांच में होने के चार माह बाद भी एक भी आरोपी के खिलाफ के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, जबकि कार्रवाई के दायरे में तत्कालीन बीडीओ एवं जिला विकास अधिकारी, प्रधान, सेक्रेटरी, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक और सहायक लेखाकार आ रहे है। कार्रवाई न होने के पीछे बीडीओ द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव न देना माना जा रहा है। जबकि अन्य सभी आरोपियों का जबाव आ गया है। उपायुक्त मनरेगा इंद्रपाल सिंह कहते हैं कि बीडीओ के जबाव का इंतजार हो रहा है। वहीं सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका का कहना है कि उन्होंने कार्रवाई करने का आदेष दे दिया है। सीडीओ के आदेष पर इसकी जांच जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, डीसी मनरेगा और जेई ने आज से चार माह पहले यानि 22 अगस्त 2020 को किया था। जांच और कार्रवाई करना दोनों आसान नहीं रह गया है, खासतौर से जब किसी मामले अधिकारी चपेट में आते है। यह मामला ठीक बनकटी ब्लॉक के खैराटी की तरह है। जहां पर बड़ी मुस्किल से प्रधान और सेक्रेटरी सहित सात लोगों के खिलाफ डीडीओ की ओर से एफआईआर दर्ज हुआ था। जांच में अनियमितता साबित हो जाने के बाद भी मझौवा कलां में कार्रवाई न होना सवाल बना हुआ है, और कार्रवाई तब तक नहीं होगी जब तक बीडीओ नोटिस का जबाव नहीं देंगे।

## प्रधानी मिलते ही लूटपाट शुरु करने का लगाा आरोप

**ग्राम पंचायत** मझौवा कलां में लगभग छह माह पहले प्रधान पद के लिए उप चुनाव हुआ, जिसमें प्रदीप प्रधान चुने गए। प्रधानी पद एससी के लिए आरक्षित है। षिकायतकर्त्ताओं ने प्रधान पर आरोप लगाया कि प्रधानी पाते ही लूटपाट षुरु कर दी। तालाब के नाम पर 6.40 लाख रुपये की कार्य योजना बनी। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए उसमें जून-जुलाई में एक दिन काम कराकर 3.49 लाख रुपया का भुगतान दो चरणों में किया गया, जबकि इस पर 4824 रुपये का ही काम हुआ। इसी तरह मंदिर से नहर की पुलिया तक 350 मी. चकरोड़ काम के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी गई। जांच में मात्र चार से पांच हजार रुपये का काम होना पाया गया, मगर लगभग 29 हजार निकाला गया।

## रोजगार सेवक ने मस्टरोल पर हस्ताक्षर किया नहीं और हो गया भुगतान

**जांच में** सबसे अधिक चौकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि जब रोजगार सेवक ने मस्टोल पर हस्ताक्षर ही नहीं किया तो भुगतान कैसे हो गया? इस पूरे मामले में फर्जी एमबी बनाने वाले तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर प्रोग्रामर और एकाउंटेट और कार्य योजना को मंजूरी देने वाले कार्यक्रम अधिकारी प्रधान और सेक्रेटरी के साथ इन लोगों के खिलाफ करने की मांग उठ रही है।

# उदित होते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने की पूजा-अर्चना

संवाददाता। संतकबीरनगर



**कोविड-19** में श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति के प्रतीक सूर्यषष्ठी व्रत के अंतिम पड़ाव पर व्रती महिलाओं ने उदित होते भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण करते हुए भगवान आदित्य की पूजा-अर्चना की और अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। इस अवसर पर नदियों, सरोवरों, जलाशयों, तालों, पोखरों तथा घरों पर आस्था का विराट मेला लगा तथा भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण करके छठ माता से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर भाजपा, आरएसएस एवं स्वंयसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया। खलीलाबाद में कोतवाली कालोनी स्थित छठ पोखरा, सुगर मिल कालोनी, गोला बाजार स्थित हनुमान गढ़ी एवं नगर पंचायत मगहर स्थित आमी नदी व पोखरा सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित जलाशयों पर छठ व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पौ-फटने के पूर्व ही पहुंच चुकी थी। कई व्रती तो रात के अंतिम पहर में ही घाटों पर पहुंचकर जलाशयों के पानी में खड़े होने के लिए अपनी जगह सुरक्षित करके कठिन तप कर रही थीं और भगवान सूर्य के उदित होने की प्रतीक्षा में पूजा के सूप में पूजा सामग्री, दीप व अगरबत्ती जलाकर खड़ी थीं और उनके साथ उनके घरों के परिजनों व अन्य श्रद्धालुओं का भारी रेला भी था जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। छठ माता के व्रत के प्रतीक स्वरूप पीले रंग के सिंदूर से मांग से लेकर नाक तक नहाई हुई व्रतियों की शोभा अवर्णनीय रही। हर तरफ छठ माता के जयकारे सुनाई पड़ रहे थे तो किशोर व युवा पटाखों की गूंज करके इस नुष्ठान में और भी चार-चांद लगा रहे थे। चारों ओर सिर्फ आस्था ही उमड़ रही थी। ज्यों ही भगवान सूर्य की लाली आकाश में दिखाई पड़ी की व्रतियों ने अर्घ्य देने की शुरूआत की और देर तक व्रतियों के पति, पुत्र व अन्य परिजन दूध से अर्घ्य दिलाते रहे। यह दृश्य श्रद्धा के आवेग का था जिसमें सभी बराबर दिख रहे थे। ज्यों ही अर्घ्य देने की प्रक्रिया पूर्ण हुई की प्रसाद लेने वाली महिलाओं व पुरूषों की छीना-छपटी तथा वेदियों के सिंदुर को प्रसाद-स्वरूप अपनी मांगों में सजाने वाली महिलाओं का झुण्ड उमड़ पड़ा। हर कोई प्रसाद के एक टुकड़े के लिए लालायित दिखा और सधवा महिलाएं वेदियों के सिंदूरों से अपनी मांगों को सजाने व प्रसाद लेने के लिए टूट पड़ी। यह भक्ति की पराकष्ठा थी। इस अवसर पर कुछ स्वंयसेवी संगठनों ने चाय-काफी मुफ्त वितरण करने के लिए स्टाल लगा रखे थे और इस बहाने भी पुण्य लाभ कर रहे थे। छठ माता प्रतिमा स्थापित कराने वाले ग्रुप की ओर से भी प्रसाद वितरित किया गया। पोखरे के प्रवेश द्वार के पास नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के चेयरमैन प्रत्याशी श्याम सुन्दर वर्मा, सुनील प्रजापति, रविन्दर यादव, समाजसेविका श्रीमती हरजीत कौर, श्रीमती सुनीता मोदनवाल ने संयुक्त रूप से महिलाओ में प्रसाद वितरितत किया।

# खुशहाल परिवार दिवस पर दंपतियों को दी अहम जानकारी

**सोनभद्र।** आम जनमानस में परिवार नियोजन संबंधी जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाने को लेकर जनपद के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा सब सेंटर लेवल पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले दंपतियों को परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों के प्रति जहां जागरूक किया गया वहीं इसे अपनाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने वाले दंपतियों का चिन्ही करण कर उनका रजिस्ट्रेशन भी किया गया। परिवार नियोजन के नोडल व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि शासन स्तर पर हर माह के 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके क्रम में शनिवार को जिले के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित सब सेंटरों पर खुशहाल परिवार दिवस का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि उक्त दिवस पर आशाओं द्वारा ऐसे नवविवाहित दंपतियों जिनका विवाह विगत 1 वर्ष के अंदर हुआ है को नई पहल किट वितरण के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं हेतु आपसी सलाह करते हुए उन्हें परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त 1 जनवरी के बाद प्रसव वाली उन महिलाओं को जो उच्च जोखिम गर्भावस्था के रूप में चिन्हित हैं उनकी जांच की गई और योग्य दंपति जिनके 3 या 3 से अधिक बच्चे हैं उनको भी परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जागरूक करते हुए लाइन लिसि्ंटग किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण एवं अर्बन क्षेत्र में आशा भ्रमण कर टारगेट ग्रुप दंपत्ति चिन्हित कर रही है।

## एडीएम ने निर्वाचन के संबंध में दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया है कि प्राप्त निर्देश के क्रम में गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 के मतदेय स्थलों का अनुमोदनोपरान्त प्रकाशन कराये जाना है। उक्त के क्रम में गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 हेतु निम्न मतदान केन्द्र बनाये गये है। 192-क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन सांथा में क्षेत्र पंचायत सांथा तथा बेलहर कला खण्ड का मतदान क्षेत्र, 193-क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन मेंहदावल में नगर पंचायत मेंहदावल तथा क्षेत्र पंचायत मेंहदावल का क्षेत्र, 194-क्षेत्र पंचायत कार्यलय भवन सेमरिंयावा में क्षेत्र पंचायत सेमरिंयावा का क्षेत्र, 195-क्षेत्र पंचायत कार्यलय भवन बघौली में क्षेत्र पंचायत बघौली का क्षेत्र, 196-क्षेत्र पंचायत कार्यलय भवन खलीलाबाद में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद तथा क्षेत्र पंचायत खलीलाबाद एवं नगर पंचायत मगहर का क्षेत्र, 197-क्षेत्र पंचायत कार्यलय भवन नाथनगर में नगर पंचायत हरिहरपुर तथा क्षेत्र पंचायत नाथनगर का क्षेत्र तथा 198-क्षेत्र पंचायत कार्यलय भवन हैंसर बाजार में क्षेत्र पंचायत हैंसर एवं पौली का क्षेत्र, उक्त मतदान केन्द्रों पर 01 दिसम्बर 2020 को गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 हेतु मतदान कराया जाएगा।

# डीएम ने शराब की दुकानों व क्रय केन्द व्र गौशाला का किया निरीक्षण

● जिलाधिकारी ने अपने सामने शराब की दुकानो पर स्टाक का कराया मिलान

संवाददाता। संतबीरनगर



जानकारी लेती जिलाधिकारी पायनियर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय के साथ जनपद के अंग्रेजी एवं देशी लाइसेन्सी शराब की दुकानो का औचक जॉच कर स्टाक मिलान कराया। अधिकारियों ने गेहूँ क्रय केन्द्र व गौशाला का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि औचक निरीक्षण का कार्य जारी रहेगा। सरकारी कार्यो में अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मी सुधार लाये। दोनो अधिकारियों ने सर्वप्रथम कैम्प कार्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी के साथ बैठक कर गोपाल अष्टमी मनाये जाने के लिए रूपरेखा तैयार किया। तदोपरान्त पशु आश्रय केन्द्र का निरीक्षण कर कार्यक्रम मनाये जाने के लिए निर्देश दी। जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी नवीन मण्डी स्थल में स्थापित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किये। विपणन शाखा मण्डी स्थल खलीलाबाद निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी राजेश राम, विपणन निरीक्षण उपस्थित मिले। मौके पर ओमनरायन पाठक पुत्र प्रमोद कुमार एवं श्रीमती माधुरी पाठक पत्नी प्रमोद पाठक, ग्राम मीरगंज का धान तौल हो रहा था। किसान श्रीमती माधुरी पाठक के पुत्र प्रांजल पाठक मौके पर धान तौल करा रहे थे। किसान के आनलाइन पंजीकरण प्रपत्र को देखा गया मौके पर धान का अधिक भण्डारण होने पर इसे तत्काल चावल मिलों पर प्रेषण करने के निर्देश दिये गये है। पी0सी0एफ0 क्रय केन्द्र मण्डी स्थल खलीलाबाद निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी श्याम सुन्दर गुप्ता उपस्थित मिले। मौके पर जगदीश प्रसाद पुत्र सोमन तिवारी ग्राम-बसलोहिया का धान तौल हो रहा था किसान मौके पर उपस्थित होकर धान की तौल करा रहे थे। केन्द्र पर धान का अधिक भण्डारण होने जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया गया कि इसे तत्काल चावल मिलों पर प्रेषण करना सुनिश्चित करें। जिससे धान खरीद में कोई समस्या उत्पन्न न होने पायें। भा0खा0नि0 मण्डी स्थल खलीलाबाद निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि धान खरीद में तेजी लायें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने आबकारी अधिकारी राम प्रकाश तिवारी के साथ अचानक लाइसेन्सी देशी एवं अंग्रेजी शराबो के दुकानो का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ओवर रेटिंग व अनाधिकृत रूप से बिक्री न किया जाय इसकी जॉच विभाग द्वारा लगातार कराया जाय।

# सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पर्व का समापन

## भोर से ही भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंची थीं महिलाएं

## माताओं ने पुत्रों के दीर्घायु जीवन की कामना की

संवाददाता। देवरिया





**शनिवार** की सुबह भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर महिलाओं ने चार दिवसीय छठ व्रत पूरा किया इस दौरान पूरे घाट को दुहन की तरह सजाया गया था । ब्रहमबेला में ही भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए महिलाएं छठ घाटों पर पहुंच गयी थी । वही घाटों को प्रकाश से सजाया गया था । छठ पर्व पर सोमवार को नदीए पोखरों व घाटों पर आये व्रती महिला श्रद्धालुओं ने पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर के उगते समय अर्घ्या दिया और पूजन सामग्रियों का स्पर्श पानी से कराकर पूजन कार्य पूर्ण की।छठ पूजा तीन दिवसीय उत्सव है। इसकी शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को तथा समाप्ति कार्तिक शुक्ल सप्तमी को होती है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का व्रत रखते हैं। इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करते।चैथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह उदियमान सूर्यको अर्घ्य दिया जाता है। ब्रती वहीं पुन: इकट्ठा होते हैं जहाँ उन्होंने शाम को अर्घ्य दिया था। पुन: पिछले शाम की प्रक्रिया की पुनरावृत्ति होती है। अंत में व्रति कच्चे दूध का शरबत पीकर तथा थोड़ा प्रसाद खाकर व्रत पूर्ण करते हैं। बैण्डबाजों की धुन,ढोल के साथ पुरूष अपने सर पर पूजा की टोकरी रख कर आगे-आगे चल रहे थे वही व्रति महिलाएं पीछे -पीछे घाट पर पहुॅंचने लगें और सुबह 3 बजे से छठ माता के लिए पानी में खड़ी होकर पूजा करने लगी। इस दौरान शहर के परमार्थी पोखरे,हनुमान मन्दिर, सोमनाथ मन्दिर, देवरही मंदिरपोखरा , सोमनाथ मंदिर पोखरा , सहित देवरिया के सारे पोखरों पर बने बेदी पर पूजन सुबह से ही शुरू हो गया था। घाट पर बैठे महिलाओं ने भक्ति गीत गाना शुरू कर दिया था। यह सब सूर्य उगने के देर तक चलता रहा। वही जिले के भाटपाररानी व बनकटा क्षेत्रों में छठ पर्वए छठ माता के गीतों से नदी के किनारे घाटोंए पोखरों मंगलमय माहौल बन गया था। वही बघौचघाट क्षेत्र में रात दो बजे से ही नदी घाटों पर पहुॅंचना शुरू कर दिये थे। वही रूद्रपुर क्षेत्र में घाटों पर व्रती महिलाओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। जो महिलाएं ष्केरवा जे फरेला घवध से ओ पर सुग्गा मंडराय कांचे ही बांस के बहिंगिया लचकत जाय सहित अन्य मंगल गीत गाकर वातावरण का भक्तिमय बना दिया था।

### सुरक्षा के रहें बंदोबस्त कैमरे से रखी गई नजर

हर छठ घाटों पर सुरक्षा के बंदांबस्त किये गयें थे । प्रमुख छठ घाटों पर पुलिस के जवान सहित सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मी तैनात थे वही पीएसी उनका सहयोग कर रहे थे । जिनकी नजर यहां आए लोगों पर रही । जहां नगर पालिका क्षेत्र के तलाबोंए व पोखरों पर सी0सी टी बी कैमरे लगे हुए थे जो हर गतिविधियों को देख रहे थे ।

### रातभर हुई आतिशबाजी

छठ महापर्व पर रातभर आतिशबाजी होती रही । पटाखों की गूंज पर शहर के लोंगों की नीद्रं खुल गई ब्रहमबेला में भी अतिशबाजी करने वालें लोंगों को पुलिस का डर नही दिखा वही छठ पूजा खत्म हाने के बाद लडकों ने बचे पडाके बजाया ।

### घाट पर दिखी अद्भुट छटा

नगर के पावन छठ घाटों पर शनिवार की सुबह आस्था का समुन्द्र लहराता दिखा ।

छठ घाटों की ओर सिर पर डाल लिए जाते पुरूष ए पीछे महिलाओं के हाथ मे कलश् सुपोली लिए गीत गाती टोलियां शहनाई ए बैंडबाजे की गूंज ने श्रद्वा की अद्भूत छटा बिखेर रही थी ।

### जौनपुर में भी हुआ आस्था का महापर्व छठ

जौनपुर। उत्तर भारत में दीपावली के बाद आने वाले सबसे बड़े पर्व छठ पर्व का समापन आज हो गया। चार दिनों के इस व्रत में संतान प्राप्ति की कामना को लेकर महिलाएं व्रत करती हैं और जिन महिलाओं के संतान हैं उनकी लंबी उम्र की कामना हेतु इस व्रत का आयोजन किया जाता है।यह व्रत बिहार उत्तर प्रदेश दिल्ली गुजरात भारत के करीब हर एक राज्य में धूमधाम से मनाया जाता है।गोमती नदी के सभी प्रमुख घाटों आज सुबह 6रू40 पर सूर्योदय होने के पश्चात उगते हुए सूर्य को अर्घ देकर व्रती महिलाओं ने अपनी संतान के लंबे जीवन की कामना की।नगर के सभी प्रमुख घाटों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम दिखाई दिए। जिला प्रशासन के अधिकारीय व कर्मचारीगण मौजूद रहे। क्ष्

## उदीयमान भास्कर को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मांगह सुख व सम्पन्नता

**मुगलसराय,चन्दौली।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। पूरे जनपद में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लोगों की भीड़ छठ घाटों पर जुटी रही।छठ घाट पर रंग.बिरंगी लाइट और फूल मालाओं से सजे थे। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती उपवास के पारन किया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। छठ पर्व के आखिरी दिन भक्त प्रसिद्ध छठी मइया के गीत गाते हुए घाट पर भोर में ही पहुंचने लगे थे। बुधवार की शाम को खरना पूजा के साथ ही छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया था। शुक्रवार को शाम का अर्घ्य व शनिवार को सुबह के अर्घ्य के बाद व्रती महिलाओं ने पारण किया। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए अहले सुबह तीन बजे के बाद से ही सभी घाटों पर व्रती जुटने लगे थे। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहा। भगवान सूर्य के उदय होने के पहले सभी जगहों पर व्रती सूप में फल नैवेद्य और पूजन सामग्री लेकर भगवान सूर्य की ओर मुंह करके खड़ी हो गईं। इस दौरान सभी ने भगवान सूर्य का ध्यान करते हुए सूप के किनारे गंगा



जल और दूध से अर्घ्य दिया। पूरे जनपद में ग्रामीण सहित नगरीय इलाकों में छठ पर्व की धूम रही। ढोल नगाड़े के साथ संगीत पर छठ मैया की गीत गूंज रहे थे। सुबह अर्घ्य देने के बाद लोग व्रतियों के चरण स्पर्श किए व मांग कर प्रसाद ग्रहण किए। घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे। वही नगर स्थित सिद्धारतपुरम कॉलोनी में युवा जागृति क्लब के बच्चों ने पहली बार कुंड बनाया जहां कॉलोनी के सैकड़ो व्रती महिलाओं ने उदीयमान भास्कर को अर्घ्य दिया ।व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए कॉलोनी के डीडी सिंहए अजय रायए नितिन गोस्वामीए सी बी सिंह एसुनील सिंह एकाली पाण्डेय अमित चौधरी एप्रणव कुमार रमणीक तिवारी ए संजय ओझा सहित युवा जागृति क्लब के सदस्य व अन्य कॉलोनी के लोग मौजूद रहे ।

# मऊ के घाटों पर मेले जैसा नजारा



**मऊ ।** जनपद में शहर से लगाये ग्रामीण अंचलों में चार दिवसीय महा उत्सव छठ पर्व का समापन शनिवार की सुबह व्रती महिलाओं द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हो गया। इस दौरान हजारों लोगोंए विशेषकर महिलाओं ने गुलाबी ठंड की परवाह किये बगैर नदियों,जलाशयों में डुबकी लगाई और उगते सूर्य की आराधना किया। सूर्य उपासना के दौरान रंगबिरंगी रोशनी के बीच घाटों पर मेले जैसा दृश्य बना रहा।कोरोना संक्रमण के बावजूद नगर समेत ग्रामीण अंचलों में डाला छठ महापर्व को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। शनिवार की अल सुबह ही महिलाएं उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए नदीए पोखरों व तालाबों के किनारे पहुंच गईं। व्रतियों ने सूर्योदय के नियत समय 6:5 बजे से अर्घ्य देना शुरू कर दिया। शुक्रवार को सांध्यकालीन अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने रातभर जागरण किया और शनिवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। वहीं व्रती महिलाएं नवजीवन के संचार का संदेश लेकर आने वाले उदीयमान सूर्य के इंतजार में रातभर छठी मईया को गोहराने में जुटी रहीं। अल सुबह से ही व्रती महिलाएं पूजा सामग्री से भरी और पंचदीपों से सुसज्जित कोरसी, लिए व्रती महिलाओं की कतार नदियों व सरोवरों के घाटों की ओर निकल पड़ी। इससे उठ रही दीयों की लौ से अनुपम छटा प्रस्फुटित हो रही थी। घंटों पानी में खड़े रहकर भगवान भाष्कर की आराधना करती रहीं। भगवान सूर्य के उदित होने का श्रद्धालु महिलाएं इंतजार करती रहीं। पृथ्वी पर पहुंचने वाली प्रथम रश्मियों के साथ ही भगवान भाष्कर को गाय के दूध और गंगाजल से अर्घ्य देकर उन्हें प्रसन्न करने का जतन किया। घाघराए तमसा नदियों के विभिन्न तटों पर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की भारी भीड़ रही। व्रती महिलाएं पानी में खड़ी रहक र आराधना में तल्लीन रहीं जबकि उनके साथ की महिलाएंए युवतियां घाटों पर चटाई पर बैठकर देवी गीत गाती रहीं। नदियों और सरोवरों के तट रंग बिरंगी रोशनी से नहा रहे थे। पालिका की ओर से तटों पर बालू वगैरह पाटकर बैठने योग्य स्थान बनाए गए थे। नगर के सहादतपुरा ब्रह्म स्थान स्थित सरोवर पर मनोरम सजावट के बीच व्रतियों ने अर्घ्यदान किया। उधर नगर के निकट तमसा नदी के ढेकुलिया घाटए बम घाटए हनुमान घाट और भीटी के पास हजारों व्रती महिलाओं ने अर्घ्य दिया। घाटों से वापस लौटकर व्रतियों ने सप्तमी तिथि में पारण किया।

### गाजे-बाजे के साथ घाटों तक पहुंचे भक्त



**मऊ ।** डाला छठ पर्व के मद्देनजर शनिवार की अल सुबह कई व्रतधारी महिलाओं समेत अन्य श्रद्धालुओं ढोल नगाड़ों के साथ घाटों तक पहुंचे। आटो, कार,जीप, टैम्पो सहित अन्य वाहनों में बैठकर व्रतधारी व श्रद्धालु दूर.दूर से घाटों तक पहुंचे। महिलाएं सूप में छठ पूजा की सामग्रीए लाल या पीले कपड़ों में बंधी हुई लेकर पहुंची। वहीं लोग पार्किंग तक अपने वाहनों से पहुंचे और उसके बाद परम्परागत तरीके से उस दौरे को अपने सिर पर उठा लिया। श्रद्धालु नंगे पैर घाट पर सिर पर पूजा की सामग्री लेकर पहुंच रहे थे।

छठ वेदियों पर घूप बत्तीए अगरबत्ती से वातावरण भाक्तिमय हो गया । गीतों के स्वर में परंपरा और आस्था का संगम सभी को श्रद्धा से सराबोर कर रहा था । लोग लोकमंगल की कामना में डूबते नजर आए ।

### ठंड में अस्था भारी पड़ी

भोर से घाट पर घुधं रही सभी घाटों पर व्रती महिलाओं की भारी भीड रही जैसे.जैसे भगवान भास्कर निकल रहे थे वैसे ही मौसम थोड़ा साफ होता गया । लेकिन व्रती महिलाएं भगवान भास्कर का इंतजार करती रही । वही मौसम काफी खराब होने के बाद सही हुआ लेकिन इस मैसम में अस्था की जीत हुई ।

### लोगों ने घर में दिया अर्घ्य

कोविड .19 को लेकर घाटों पर लोगों की संख्या में 10 प्रतिशत कम लोग पहुचें । तो ज्यादातर लोगों ने अपने घरों के आसपास व घर की छत पर भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया ।

### जौनपुर में बाइक, मोपेड की भिड़ंत में दोनों घायलों की मौत

**जौनपुर।** बख्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ पेट्रोल पम्प के पास बाइक मोपेड की टक्कर में दो लोग घायल हुए थे जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। शुक्रवार दिन के लगभग 11 बजे कुल्हनामऊ पेट्रोल पम्प के पास मोपेड गाड़ी में तेल डलवाकर निकले मुन्नीलाल मौर्या 55 साल सामने से आ रहे बाइक सवार विपिन 25 साल पुत्र विकास निवासी मिरशादपुर बदलापुर दोनों की जोरदार टक्कर हुई। इस दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। बाइक सवार और मोपेड सवार दोनों को जिला अस्पताल लाया गया जहां से विपिन कुमार को गंभीर चोट लगने के कारण बीएचयू रेफर कर दिया गया और मुन्नीलाल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था। देर रात लगभग 8 बजे मुन्नीलाल की मौत हो गयी। दूसरी तरफ विपिन कुमार की वाराणसी में मौत हो जाने की खबर मिली है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### शराब की दुकानों पर चला सघन चेकिंग अभियान

**गाजीपुर।** प्रयागराज में जहरीली शराब से हुई मौतो से जनपद की पुलिस प्रशासन व आबकारी विभाग एलर्ट हो गयी है। शनिवार को पूरे जिले में पुलिस प्रशासन व आबकारी विभाग द्वारा अंग्रेजीए देशी मॉडल शॉप का चेकिंग किया गया। सदर एसडीएम अनिरूद्ध सिंह, सीओ सिटी अवस्थी चावलाए शहर कोतवाल विमल कुमार मिश्राए सिटी आबकारी इंस्पेक्टर अभिमन्यु सिंह ने लंका, रौजा,सिटी स्टेशन, भुतहियाताड़, लाल दरवाजा,पीरनगर आदि दुकानो का चेकिंग किया और विक्रेताओ का नाम व मोबाइल नं भी अपने साथ लिया।

### किसानों की हितैषी है मोदी योगी सरकार : डॉ.अंजना

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की निदेशक डा. अंजना श्रीवास्तव ने शुक्रवार को मछलीशहर पड़ाव स्थित सदर शाखा में पहुंचकर पाँच किसानों को एकएक लाख रुपये का चेक ऋण के रुप में वितरित किया। इससे पूर्व अधिकारी व कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। ऋण वितरण समारोह में केंद्र सरकार की योजना एनबीसीएफडीसी के अंतर्गत लाभार्थी कृषक भारत पुत्र सहदेव निवासी ग्राम देहजुरी को उक्त योजना में एक लाख के ऋ ण वितरण का चेक लिया गया। आयोजन में बैंक की डायरेक्टर डॉण् अंजना श्रीवास्तव के हाथों से ऋण वितरण समारोह कराया गया। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना होए इसके तहत उनको बैंक द्वारा जो भी मदद की जा सकती है की जा रही है। डा. अंजना श्रीवास्तव ने आज ही शाखा के ऋण वितरण एवं वसूली की समीक्षा के साथ ही साथ केंद्र सरकार की उक्त योजना का किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए।

# भाजपा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग आज

संवाददाता। देवरिया



रविवार से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग को लेकर प्रदेश की ओर से तय किए गए कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए भारतीय जनता पार्टी देवरिया जिले की बैठक औरा चैरी कार्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक में प्रत्येक मंडल के प्रशिक्षण के लिए तिथियां तय की गई है। वक्ताओं की सूची तय की गई एवं अलग.अलग विषयों पर प्रशिक्षण के लिए विधिवत योजना को मूर्त रूप दिया गया। सभी विषय प्रदेश कार्यालय की योजना से तय किए गए है। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास व विकास,हमारा विचार परिवार, 2014 के बाद भारत की राजनीति में आया बदलाव एवं हमारा दायित्व एहमारी विचारधारा, व्यक्तित्व विकास, पिछले छ: साल में हुए अन्त्योदयी प्रयत्न,भारत के सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारतएसोशल मीडिया का उपयोग,हमारी कार्यपद्धति एवं संगठन संरचना में हमारी भूमिका,प्रदेश में भाजपा सरकार एवं उपलब्धियां या भाजपा की भूमिका इत्यादि अलगअलग महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं की सूची तय की गई। मंडलो में प्रशिक्षण देने वाले कार्यकर्ताओ की इस कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये पूर्व प्रदेश अध्यक्षए सांसद देवरिया रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता अदम्य साहस एउत्साह एविचार और संस्कारों से इतना प्रबल होता की वो समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।भाजपा का कार्यकर्ता समाज मे अपने अनुशासन और अच्छे कार्य के लिये पहचाना जाता है तो इसमें नीचे के स्तर पर होने वाले इस प्रशिक्षण की भूमिका बड़ी है।

आप सभी मंडलो के प्रशिक्षण में पार्टी द्वारा तय विषयो पर सत्रवार कार्यकर्ताओ को विस्तृत जानकारी दे। सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि मंडलो के प्रक्षिक्षण में कार्यकर्ताओं के बीच सभी विषय पर ठीक तरीके से और तय समय मे जानकारी दी जाये।इन प्रशिक्षणों के बाद अपना कार्यकर्ता हर तरीके से मजबूत हो जाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने सभी का आभार जताया और संचालन महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस दौरान मारकंडेय शाही,विजय कुमार दूबे, महेन्द्र यादव,छट्ठे लाल निगम,हरिचरण कुशवाहा,डाण् अजय मणि त्रिपाठी,संतोष त्रिगुणायक, वीरेन्द्र सिंह,अरुण सिंह,निर्मला गौतम,राजकुमार शाही,अम्बिकेश पाण्डेय,रामदास मिश्रा, धनुषधारी मणि, नवीन सिंह,पवन मिश्रा, रामाशीष प्रसाद,भानु प्रताप सिंह, संजय सिंह,बंधु उपेन्द्र सिंह, रामशंकर कुशवाहा,अशोक पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह, जितेंद्र प्रताप राव, रमेश सिंह, मारकंडेय तिवारी ,मारकंडेय गिरी, राहुल कुमार,अभिषेक

# मानसिक व मनोसामाजिक स्वास्थ्य पर आधारित पुस्तिका का विमोचन

संवाददाता। गाजीपुर

### बच्चों तथा किशोरों के बारे में है जानकारी

**मिशन** शक्ति अभियान के तहत बच्चों तथा किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक परामर्श पर महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष पुस्तिका तैयार की गयी है। इस पुस्तिका का विमोचन अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार व विश्व बाल दिवस पर शुक्रवार देर शाम ऑनलाइन किया गया। विमोचन कार्यक्रम के विशेष अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विशेष गुप्ता ने कहा कि किशोर न्याय,बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियम आने के बाद भी किशोरों के मानसिक व मनोसामाजिक स्वास्थ्य पर भलीभांति काम नहों हो पा रहा था। महिला कल्याण विभाग द्वारा की गयी यह पहल बहुत ही सराहनीय है क्योंकि इससे किशोर.किशोरियों को तनावए चिंता व अवसाद को कम करने व उससे निपटने में बड़ी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर यूनिसेफके डिप्टी चीफउत्तर प्रदेश अमित मेहरोत्रा ने कहा कि यह किताब बहुत ही सरल व सहज शब्दों में तैयार की गयी है। इससे अधिकारी, शिक्षक व देखभालकर्ता बच्चों और किशोरों व उनके परिवारों के सम्बंधित मुद्दों को आसानी से समझ सकेंगे और सरलता के साथ उनसे बातचीत कर सकेंगे। इस अवसर पर निदेशक महिला कल्याण .उत्तर प्रदेश मनोज कुमार राय ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत विभाग इस माह बच्चों और महिलाओं के मानसिक व मनोसामाजिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर कार्य कर रहा है। इस माह के अंत तक करीब डेढ़ लाख महिलाओंए बच्चों व किशोर व किशोरियों तक सीधे शक्ति संवादों के माध्यम से परामर्श सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । उन्होंने कहा कि यह हैण्डबुक बच्चों तथा किशोरों में लक्षणों व संकेतों की पहचान और संदर्भन की दिशा में बहुत ही उपयोगी साबित होगी। इस पुस्तिका में यौन शोषणए शारीरिक शोषण तथा उपेक्षाए भवनात्मक शोषणए शोषण सम्बंधित संकेत व लक्षण जैसे मुद्दों पर बहुत ही सरल तरीके से समझाया गया है और उनसे उबरने के लिए उठाये जाने वाले क़दमों के बारे में समझाने की भी कोशिश की गयी है।

# सुरक्षा के साथ संचालित होंगी शैक्षणिक गतिविधियांः प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित संकाय भवन के सभी विभागों का शनिवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने निरीक्षण किया। संकाय भवन में संचालित विभागों की कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं में जाकर उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के सम्बन्ध में जो दिशा. निर्देश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किये गए है उसका हम सभी को पालन करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करना है। कुलपति प्रोण् मौर्य ने कहा कि 23 नवंबर से विश्वविद्यालय परिसर में कक्षाएं शुरू होने जा रही है। उन्होंने सभी कक्षाओं में सफाई के साथ सैनिटाइज कराने का निर्देश दिया। कुलपति ने शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की संख्या के आधार बैच बनाने के लिए चर्चा की। शासन की गाइडलाइन के अनुपालन में किसी विभाग को कोई समस्या हो तो सीधे मेरे पास आए और उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने विज्ञान संकायाध्यक्षए व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष समेत सभी विभाग की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने इनके समाधान के लिए निर्देश दिए। इसके पूर्व शुक्रवार को उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान का निरीक्षण किया गया था।

## रोजगार सेवक के निधन पर संघ ने जताया शोक

**सकलडीहा,चन्दौली।** विकास खंड के आलमपुर गांव में तैनात रोजगार सेवक 35 वर्षीय दिनेश सिंह यादव का बीते 14 नवम्बर को इलाज के दौरान निधन हो गया। रोजगार सेवक गंभीर बिमारी से ग्रसित था। शनिवार को उत्तर प्रदेश रोजगार सेवक संघ की ब्लॉक ईकाई द्वारा सकलडीहा ब्लॉक मुख्यालय पर शोक संवेदना प्रकट किया गया। इस दौरान संघ की ओर से आर्थिक सहायता और परिवार के सदस्यों को नौकरी दिलाने की मांग उठाया। आलमपुर गांव के अम्बिका यादव के पुत्र दिनेश सिंह यादव लम्बे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। जिनका इलाज वाराणसी में चल रहा था। बीते 14 नवम्बर को निधन होगया। पत्नी सीमा बसिला पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक है। घटना के बाद से पत्नी सहित पुत्र आयुष और पुत्री दीक्षा पर दुरूखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शनिवार को रोजगार सेवक संघ ने दो मिनट का मौन रखते हुए गतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। अंत में परिवार को हर संभव सहयोग का भरोशा दिया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भवेश त्रिपाठी, अजीत यादव, ग्राम प्रधान शमशेर सिंह, अम्बरीश पांडेय, अरूण सिंह, राजेश यादव, परमानंद पाठक, रमेश चौधरी,आकाश सिंहए मंजूरआलम, हरि सेवक, हरेराम, चंदन, भानू प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**सकलडीह,चन्दौली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शुरू हुई पुनरीक्षण कार्य के बाद विधान सभा का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य शुरू करा दिया गया है। शनिवार को तहसील सभागार में सकलडीहा और सैयदराजा विधान सभा के बीएलओं को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान विशेष चार दिवस पर बूथ पर बीएलओ को मौजूद रहने का निर्देश दिया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर गांव गांव में बीएलओ को पुनरीक्षण कार्य का दायित्व सौपा गया था। इसके बाद बीते 17 नवम्बर से विधान सभा का संक्षिप्त पुनरीक्षण 15 दिसम्बर तक चलाया जायेगा। इसको लेकर लेक र विधान सभा सकलडीहा के कुल 352 बूथ और सैयदराजा विधान आंशिक के कुल 201 बूथ पर बीएलओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान दावे आपत्ति नाम बढ़ाने, नाम घटाने व संशोधन कार्य हेतु बीएलओ कीट वितरण किया गया। इसके अलावा 22 और 28 नवम्बर व 5 और 15 दिसम्बर को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम केबीएलओ कीट वितरण किया गया। इसके अलावा 22 और 28 नवम्बर व 5 और 15 दिसम्बर को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दिन बूथ पर सभी बीएलओ को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि विधान सभा का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को शुरू करा दिया गया है। कार्य में गति लाने से सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इस मौके पर नायब तहसीलदार बृजेश सिंह,निर्वाचन प्रभारी केहर सिंह, चंदन यादव, अमित यादव, पंकज यादव, अशोक यादव, अवधेश आदि मौजूद रहे।

## धनउगाही की शिकायत पर आधार सेंटर पर कार्रवाई, तत्काल रूप से किया गया बन्द : शिवानंद

**गाजीपुर।** जनपद में मुहमबदबाद में आधार सेन्टर पर धनउगाही की मिली शिकायत सही पाए जाने पर आधार सेंटर पर कार्यवाई करते हुए उसको तत्काल रूप से बन्द कराकर अग्रिम कार्यवाई हेतु मुख्यालय को भेज दिया गया। आधार कार्ड में संसोधन हेतु सिर्फ बैंक एवं पोस्टऑफिस के चक्कर नही लगाना पड़ेगा और न ही सुबह 4 बजे से लाइन लगाना पड़ेगा आम जनमानस के परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार के निर्देश के क्रम में कॉमन सर्विस सेंटर जो बैंक मित्र का भी कार्य करते है और विभिन्न मानकों को पूर्ण कर रहे है उनको ये कार्य दिया जा रहा है एकॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक शिवा नंद उपाध्याय ने बताया की जिले में लगभग 60 केंद्र इस सेवा में एक्टिव हो गए है बाकी प्रक्रिया में है इसी क्रम में धनउगाही के मिली शिकायत के क्रम में शनिवार को आधार सेंटर का निरीक्षण किया गया। जिसमें एक सेंटर जहाँ पैसा ज्यादा लिया जा रहा था एवं मानकों की पूर्ति नही किया जा रहा था। श्री उपाध्याय ने बताया आधार संसोधन का फीस 50 रुपये है यदि किसी सेंटर द्वारा इससे ज्यादा फीस वशूल किया जाता है तो व्हाट्सअप नंबर 9453282631 पर साक्ष्य के साथ शिकायत करे उन सेंटर की पक तत्काल रूप से बन्द की जाएगी साथ ही बिधिक कार्यवाई भी की जाएगी।

# चार नोडल अफसरों का वेतन रुकेगा

संवाददाता। गाजीपुर

### अनुपस्थित होने पर डीएम ने की कार्रवाई

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में खरीफविपरण वर्ष 2020 21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत गतिमान धान खरीद की समीक्षा बैठक राइफ ल क्लब सभागार में शनिवार को हुई। इसमें जिलाधिकारी ने केंद्रों पर खरीद कम होने पर गहरा रोष व्यक्त करते हैं निर्देश दिया कि समस्त क्रय केंद्र समय से खुले तथा केंद्रों पर नियत समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ नियमित धान खरीद करते हुए केंद्र को आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति कराना सुनिश्चित करें। किसी भी केंद्र पर बिचौलियों दलाल सक्रिय न होने पाएए अन्यथा की स्थिति में केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि महिला के नाम पर पंजीकरण है तथा महिला स्वयं धान बेचने केंद्र पर आती है तो बिना नंबर के ही उसको वरीयता के आधार पर उनका धान क्रय किया जाए। प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को लघु एवं सीमांत कृषकों की खरीद के लिए दिन आरक्षित हैं। मूल्य समर्थन योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए छोटे किसानों की खरीद वरियता के आधार पर की जाए। 100 कुंतल से अधिक धान विक्रय करने वाले किसानों का सत्यापन उप जिलाधिकारी द्वारा अवश्य किया जाए।

केंद्रों पर बड़े काश्तकार के धान की खरीद इस प्रकार किया जाए कि छोटे किसानों का हित प्रभावित ना हो। बड़े किसान की तौल चरणबद्ध तरीके से एकाधिक दिनों में की जाए तथा छोटे किसानों की तौल उसी के साथ साथ उसी दिन कर लिया जाए। निर्देश दिया कि किसानों के साथ संवेदनशीलता पूर्वक व्यवहार करें तथा उनकी समस्याओं को दूर करते हुए उनकी धान खरीद करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक हित में जनपद के समस्त धान क्रय केंद्रों का राजस्व ग्रामों से सम्बद्धीकण जनपद स्तर पर मुक्त कर दिया गया है। किसान भाई अपनी सुविधा के अनुसार नजदीकी केंद्र पर अपना धान विक्रय कर सकते हैं। धान क्रय प्रगति के नियमित अनुसरण एवं प्राप्त शिकायतों के अनुरक्षण के लिए जिलाधिकारी द्वारा चंद्रभान पांडेय क्षेत्रीय विपणन अधिकारी तहसील कासिमाबाद को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित करते हुए जनपद स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में धान खरीद कंट्रोल रूम नंण् 0548,2226005 स्थापित किया गया है। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश के दिनों को छोड़कर कंट्रोल रूम प्रतिदिन पूर्वान्ह 8 से शाम 6 बजे तक क्रियाशील रहेगा।किसान भाई धान खरीद के संबंध में अपनी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही जिला खरीद अधिकारी गाजीपुर मोबाइल नंबर 9454417648 एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी गाजीपुर मोबाइल नंबर 8004862429 पर सम्पर्क स्थापित कर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

# उत्पीड़न से तंग आईटीआई छात्र ने दी जान

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़



**प्रताड़ना** के चलते आईटीआई के छात्र ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। छात्र के मानसिक उत्पीडन के चलते हुई मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मे हडकंप मच गया। आननफानन मे सीओ तथा कोतवाल भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के कारणों की छानबीन को लेकर घंटो मशक्कत करते दिखे।

कोतवाली लालगंज के बेलहा गांव मे शनिवार को जोखू लाल शर्मा उर्फ शंकर के बीस वर्षीय पुत्र धीरेन्द्र उर्फ धीरू ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतक के भाई धर्मेन्द्र शर्मा की तहरीर पर तीन आरोपियो के खिलाफउत्पीड़न के चलते आत्महत्या का पुलिस ने केस दर्ज किया है। धीरेन्द्र इस समय प्रतापगढ़ मुख्यालय पर आईटीआई दूसरे वर्ष की पढाई कर रहा था। इधर वह घर आया हुआ था। शनिवार को धीरेन्द्र दूसरी मंजिल के एक कमरे मे गया और कमरा बंद कर फंदे से झूल गया। दोपहर उसकी मां गुडडी खेत से लौटी तो धीरू को खाना देने छत पर गई। मां के आवाज देने पर भी कमरे के अंदर से कोई आवाज नही आयी। इसके बाद मां ने कमरे को खटखटाया तो भी अंदर से कोई आवाज न मिलने पर वह अनहोनी की आशंका मे कांप उठी। मृतक की मां ने कमरे मे लगे रोशनदान से झांका तो अंदर का नजारा देख उसकी चीख निकल गई। गुडडी का चीत्कार सुन परिजन भी छत पर पहुंच गये। परिवार के लोगों की चीखपुकार पर गांव के लोग भी बडी तादात मे जोखू शर्मा के घर जुट गये। आत्महत्या से पूर्व मृतक छात्र के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला। सुसाइड नोट मे मृतक छात्र ने आत्महत्या के लिए गांव के ही प्रदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह तथा उसके साले व भीषम सिंह को लगातार प्रताड़ना के चलते जबाबदेह बताया है। सुसाइड नोट मे मृतक छात्र ने पिता के नाम भावनात्मक पत्र मे कहा है कि वह कायर नही है किंतु आरोपितो के उत्पीड़न के चलते वह आत्महत्या कर रहा हैए ण्ण्ण्ण् सॉरी पापा। उत्पीडन से हुई आईटीआई छात्र की मौत की जानकारी होते ही सीओ जगमोहन तथा कोतवाल संजय यादव व दरोगा सुनील राय भारी फोर्स के साथ मृतक के घर पहुंचे। सीओ तथा कोतवाल ने सुसाइड नोट कब्जे मे लेते हुए परिजनों तथा ग्रामीणों से घटना के कारणों को लेकर घंटो पूछताछ की मशक्कत जारी रखी। इधर जवान बेटे की मौत से सदमे मे आये पिता तथा परिजनो का रो.रो कर बुराहाल देखा गया। मृतक तीन भाईयों मे सबसे छोटा था। उसके दो और बडे भाई धर्मेन्द्र तथा जीतेन्द्र का भी होनहार भाई की मौत को लेकर रोना बिलखना देख घटनास्थल पर मौजूद लोगों की आंखे भर आयी। मृतक छात्र का पिता जोखू लाल कानपुर मे कारोबारी के सिलसिले मे रहता है। वह भी इन दिनों घर आया हुआ था। वहीं मृतक छात्र का एक भाई धर्मेन्द्र पिचूरा मे क्लीनिक पर रहता है। जबकि दूसरा भाई जीतेन्द्र खेतीबारी किया करता है। बिलखती मां गुडडी ने बताया कि उसके बेटे धीरू ने शुक्रवार की रात भी खाना नहीं खाया था। ग्रामीणों के मुताबिक धीरू शुक्रवार की शाम से कुछ ज्यादा परेशान दिख रहा था। पुलिस ने देर शाम मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कराया। इसके बाद शव को पीएम के लिए पुलिस सुरक्षा मे जिला अस्पताल भेजवाया गया। इधर आईटीआई छात्र की मौत को लेकर उसके भाई धर्मेन्द्र शर्मा ने तहरीर देकर आरोपित प्रदीप सिंह तथा भीषम सिंह व प्रदीप के साले पर भाई की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदीप समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस बाबत कोतवाल संजय यादव का कहना हैए केस दर्ज किया गया हैए जांच कर आरोपितो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## पिता के नाम मार्मिक पत्र छोड़ गया धीरू

**लालगंज प्रतापगढ़।** मौत को गले लगाने से पहले आईटीआई छात्र ने पिता को बेहद मार्मिक पत्र लिखा है। धीरू ने लिखा. पापा मैं कायर नहीं हूं, मैं ऐसा इसलिये कर रहा हूं ताकि ये लोग दोबारा किसी को ब्लैकमेल न कर सकें। मुझे माफ कर देना पापा । मुझे नहीं पता कि मैं सही कर रहा हूं कि नही । लेकिन मैं जी नही पा रहा हूं, सॉरी मम्मी । मेरी मौत के जिम्मेदार प्रदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह तथा प्रदीप सिंह का साला और भीषम सिंह। मैं सिर्फइतना चाहता हूं कि मेरी तरह कोई और न मरे। एक बार फिर से बता रहा हूं कि मैं कायर नहीं हूँ। दे आर ब्लैक मेलिंग मी। धीरेन्द्र शर्मा। पत्र को देखने और पढ़ने के बाद परिवार के लोगों का गम इस कदर बढ़ गया दिखा कि वहां मौजूद पुलिस के अफसर भी सन्न दिखे।

# धान खरीद में सरकारी प्रबंधन हो रहा विफल: प्रमोद तिवारी



**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़

**कांग्रेस** वर्किग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने धान की खरीद को लेकर सरकारी प्रबंधन को पूरी तरह विफल ठहराया है। प्रमोद तिवारी ने साफ तौर पर कहा है कि धान खरीद को लेकर प्रदेश मे सरकार व प्रशासन के बडे बडे दावों के बावजूद किसानो के साथ क्रय केन्द्रो पर खुलेआम लूट हो रही है। शनिवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आये सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रदेश सरकार से बार बार अनुरोध के बावजूद भी वह किसानो को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने मे पूरी तरह असफल साबित हो रही है। सरकारी कुप्रबंधन के चलते बकौल प्रमोद तिवारी किसान मजबूरी मे दलालो व बिचौलियो के हाथो निर्धारित अठारह सौ अरसठ रूपये प्रति क्विंटल धान विक्रय किये जाने की जगह मात्र नौ सौ से ग्यारह सौ रूपये मे अपना बेसकीमती धान बेचने को मजबूर हो उठा है। श्री तिवारी ने सवाल उठाया कि आखिर सरकार दावा कर रही थी कि प्रदेश मे धान का इतना उत्पादन हुआ है कि बडे पैमाने पर विक्रय होगा तो अब वह खुलेआम चलने वाली धान खरीद की इस लूट को क्यों नही रोक पा रही हैघ् श्री तिवारी ने कहा कि किसानो के हको पर क्रय केंद्रो की मिलीभगत से सीधे तौर पर डांका डाला जा रहा है। उन्होने स्पष्ट किया कि कहीं बोरे के नाम पर खरीददारी नही हो पा रही है तो कहीं भोलेभाले किसान को फसल की नमी का बहाना बताकर कालाबाजारियों के हाथ धान बेचने को मजबूर किया जा रहा है। वहीं प्रमोद तिवारी ने प्रदेश सरकार पर किसान और मध्यम वर्ग के खिलाफ बिजली विभाग को भी खुली लूट की छूट देने का गंभीर आरोप लगाया है। श्री तिवारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली खर्च की वास्तविक रीडिंग से अधिक शो हो रही रीडिंग के जरिये आज बिजली के वास्तविक बिल से कही अधिक पीड़ादायक वसूली जारी है। उन्होने तंज कसा कि कोरोना काल मे भी स्मार्ट मीटर राजधानी एक्सप्रेस की तरह भाग रहे है और बिजली के बकाये के नाम पर मध्यम तथा गरीब को परेशान किया जा रहा है। प्रमोद तिवारी ने बिजली विभाग की अर्नगल छापेमारी को भी बेतुका ठहराते हुए शमन शुल्क के नाम पर दोगुना से तीन गुना अन्यायपूर्ण विद्युत वसूली को भी सरकार से फौरन रोकने को कहा है। श्री तिवारी ने सरकार से आम आदमी को चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने के प्रबन्ध सुनिश्चित करते हुए बिजली की आपूर्ति मे चिंताजनक कटौती भी समाप्त कराये जाने पर भी जोर दिया है। वहीं सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद ने देश मे अडतालिस दिन बाद फिर कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या मे बढोत्तरी को भी खतरनाक व चिंताजनक ठहराया है। श्री तिवारी ने कोरोना को लेकर केंद्र व यूपी सरकार पर अभी तक कैस न देने और प्रभावित पीडित को समुचित सहायता उपलब्ध न करा पाने की विफलता को लेकर भी तगडी घेराबंदी की। इधर कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद अझारा मे हरेकृष्ण मिश्र व डगरारा मे कमलाकांत मिश्र के संयोजन मे आयोजित श्रीमदभागवत कथा तथा सोहागपुर मे धीरेंद्र मिश्र के संयोजन मे आयोजित सतचण्डी यज्ञ मे भी शामिल हुये।

# अंशिका ने संभाली एक दिन की थानेदारी



**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी

**मिशन** शक्ति योजना के तहत अंशिका तिवारी को शिवरतनगंज का थानाध्यक्ष बनाया गया। थाना क्षेत्र के कुकहारामपुर स्थित जागृति इंटर कालेज की कक्षा बारह की छात्रा अंशिका तिवारी ने अपने एक दिन के कार्यकाल में सराहनीय कार्य किया।

शुक्रवार को सुबह कार्यालय पहुंचते ही फरियादियों की समस्या सुनी। थाने पर मौजूद सिपाही को मास्क न लगाने पर कड़ी फटकार लगाई और कहा कोरोना महामारी की अभी तक कोई दवा या वैक्सीन नही बनी है।जब तक कोई समुचित इलाज नहीं होता तब तक शारिरिक दूरी व मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।जब तक दवाई नही तब तक ढिलाई नही का सभी को पाठ पढ़ाया। थाना क्षेत्र के कैथा गांव से दूगपाल व पेडरिया से बृजेश कुमार ने जमीन से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जिन पर कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर त्वरित निस्तारण के आदेश दिए।उसके बाद टीम के साथ बैंको की सुरक्षा का जायजा लेने के लिए निकली।टीम के साथ पंजाब नेशनल बैंक शिवरतनगंज पहुंची जहाँ महिला ग्राहकों से टप्पेबाजों व जालसाजों से सतर्क रहने की नसीहत दी।तत्पश्चात टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा सेमरौता पहुंच कर शाखा प्रबंधक हिमांशु से जानकारी ली और बताया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति शाखा परिसर में अनावश्यक रूप से दिखाई पड़े तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें व आपातकालीन स्थिति में बैंक में लगे सायरन को बजाकर अभ्यास कराया।बैंकों की सुरक्षा में मौजूद पुलिस कर्मी अजीत यादव व संजय सिंह से हमेशा मुस्तैद रहने को कहा। बैंक से निकलते ही डायल112 के कर्मचारियों को भी मास्क न लगाने पर चेतावनी दी।इस अवसर पर इंस्पेक्टर डी के सिंह अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे।

# डीएम के निरीक्षण से मचा हड़कंप



**संवाददाता।** जगदीशपुर अमेठी

**विकास** कार्यों का जायजा लेने अचानक सीएचसी व विकास खण्ड पर पहुंचकर डीएम ने हकीकत खंगाली जिससे मौजूद कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया खामियां पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार करने के कड़े निर्देश दिए ।

जगदीशपुर ब्लाक परिसर में अचानक जिलाधिकारी अरूण कुमार के आ जाने से बीडीओ समेत समस्त कर्मचारी सकते में आ गए काफी देर तक खण्ड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा से विकास कार्यों पर चर्चा करने के बाद कार्यालय बड़े बाबू से पूछताछ करते हुए उपस्थित पंजिका व अन्य अभिलेखों के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास मनरेगा व अन्य कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए अपूर्ण सार्वजनिक शौचालयों व प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र अपात्र की जाँच में शिथिलता पाने पर नाराजगी व्यक्त किया और वही विकास कार्यों में तेजी लाने के कड़े निर्देश देते हुए लम्बित पड़े कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के आदेश दिए । वहीं सिलाई कर रही समूह की महिलाओं से पूछताछ करते हुए सिले गए बच्चों के सर्ट व बैग को देखते हुए खुशी जाहिर की । इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर का निरीक्षण करते हुए मरीजों को केंद्र के बाहर की दवा लिखने व गन्दगी देख कर चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल अपने कार्यों में सुधार लाने के निर्देश देते हुए चिकित्सा सुविधा चुस्त दुरुस्त करने की कड़ी हिदायत दी ।

## फांसी लगाकर दी जान, बेटों की बीमारी से था परेशान

**बाराबंकी।** बेटो की बीमारी से परेशान व्यक्ति ने गांव के बाहर पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।प्राप्त विवरण के अनुसार थाना सतरिख के लक्ष्मणपुर गांव के निवासी बिंद्रा प्रसाद;45द्धशुक्रवार की शाम करीब 4 बजे घर से निकला था और शनिवार की भोर उसका शव गमछे के सहारे यूकेलिप्टस के पेड़ से लटका ग्रामीणों ने देखा तो सन्न रह गए पुलिस को सूचना दी पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।गांव के लोगों ने बताया कि मृतक बिंद्रा के 2 बेटो पिंटू व मंगलेश काफी समय से बीमार थे उससे वो लगातार परेशान रहता था जिसकी वजह से भी हो सकता है बिंद्रा प्रसाद ने अपनी जान दी है।

# दुर्घटना में किशोर की मौत से मचा कोहराम

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़

**सांगीपुर** थाना क्षेत्र के सराय दलपत गांव निवासी पुत्र वासुदेव वर्मा का पुत्र बब्लू वर्मा 17 की बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। किशोर की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन शव से लिपटकर दहाड़ मारकर चीखपुकार मे देखे गये। शनिवार की दोपहर लगभग ग्यारह बजे मृतक बबलू वर्मा साइकिल से किसी कार्य से रैचनपुर गांव जा रहा था। इतने में सामने से एक तेज गति से बाइक आ गयी। बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। आननफानन मे परिजन जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को एम्बुलेंस से इलाज के लिए लालगंज सीएचसी ले आ रहे थे। रास्ते मे ही गंभीर रूप से चुटहिल किशोर ने अत्यधिक रक्तस्राव होने से दम तोड़ दिया। इधर घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने बाइक सवार युवकों मोण् सहवान पुत्र मोण् रफीक निवासी पूरे शिवचरन रेहुआ थाना उदयपुर व मोण्जाहिद पुत्र मोण् साकिब निवासी रैचनपुर थाना सांगीपुर को पकडकर धुना और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दुर्घटना मे आरोपित युवकों को सांगीपुर थाने पूछताछ के लिए ले गई। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इधर मृतक के पिता वासुदेव वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि लापरवाही से बाइक चला रहे युवकों ने उसके लड़के को टक्कर मार दिया। इसके चलते बेटे की मौत हो गयी। इस बाबत एसओ सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली हैए मुकदमा दर्ज कर आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नशे में धुत युवकों ने की फायरिंग

**बाराबंकी।** शुक्रवार की देररात रेस्टोरेंट में शराब पीने के बाद हंगामा व फायरिंग करने वाले बिगड़ैल युवकों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं हंगामे के बाद मौके से आरोपी पुष्कर सिंह,गौरांग दिव्वेदी,अभिषेक वर्मा व एक अन्य युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके कालिका हवेली रेस्टोरेंट के मैनेजर की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्यवाई शुरू कर दी है। रेस्टोरेंट के केबिन में बैठकर एक परिवार खाना खा रहा था तो दूसरे केबिन में बैठकर आरोपी शराबी युवक सिगरेट पी रहे थे जिससे परिवार ने आपत्ति की तो रेस्टोरेंट का वेटर मना करने गया उसके बाद गुस्से में आये शराबी युवकों नेतमंचे से फायर झोंक दिया और रेस्टोरेंट का एक कर्मचारी घायल हो गया जिससे बाद मैनेजर की सूचना परपहुंची नगर कोतवाली की पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया और घायल रेस्टोरेंट कर्मचारी का इलाज व मेडिकल कराया है।

# मरीजों को समय से दवाएं उपलब्ध कराएं

**संवाददाता।** ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1614 टेस्ट किये गए हैं। आज जनपद में 05 धनात्मक केस पाए गए हैंए साथ ही 05 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल 89 एक्टिव केस हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 95ण्55ए सीएफआर 1ण्49 तथा धनात्मकता रेट 1ण्62 प्रतिशत डोर 2 डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिये कि जिन ग्रामों में सर्वे का कार्य नहीं किया जा रहा हैए ऐसे ग्रामों के सम्बंधित कर्मचारियों पर आवश्यक कार्यवाही करें।कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि एल.1 अस्पताल में 60 बेडए एल.2 अस्पताल में 60 बेड उपलब्ध हैंए अस्पतालों में मरीजों को भोजनए गर्म पानी एवं समय से दवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि कोविड अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखेंए साथ ही सभी मरीजों को मास्क एवं सैनेटाईजन अनिवार्य रुप से वितरित करेउन्होंने संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मच्छरों के लार्वा को निरीक्षणों में नष्ट किया जा रहा हैए साथ ही पात्रों में भरे हुए निष्प्रयोज्य पानी को खाली कराया जा रहा है। इस पर निर्देश दिये गए कि जहां लार्वा पाया जा रहा हैए उन्हें नोटिस जारी करें।कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग में शासन के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। संदिग्ध मरीजों को जांच में कोताही न बरतें। यदि कोई पॉजिटिव मरीज मिलता है तो जल्द से जल्द उसके सम्बंध में निर्णय लें।साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ साथ लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करने के किये मुनादी कराते रहें। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में डुग्गीध्मुनादी के माध्यम से कोविड से बचाव हेतु प्रचार प्रसार कराया जा रहा हैबैठक में बताया गया कि जनपद में दिनांक 15ण्06ण्2020 से 21ण्11ण्2020 धारा 15;3द्ध के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनने पर 38594 चालान किये गएए जिनसे 4123450 रु0 की धनराशि एवं धारा 15;4द्ध के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के उल्लंघन जैसे रात्रि निषेधाज्ञा धार्मिक जुलूस आदि के सम्बंध में 2987 चालान किये गएए जिनसे 378950 रु0 जुर्माना वसूल किया गया। धारा 144 का उल्लंघन करने पर 106 व्यक्तियों पर धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। धारा 15;5द्ध के अंतर्गत दोपहिया वाहनों पर एक सवारी से अधिक सवारी बैठाए जाने पर 4732 व्यक्तियों का चालान किया गयाए जिनसे 1227900 रु0 की धनराशि वसूल की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेयए अपर जिलाधिकारी न्यायिक लवकुश त्रिपाठीए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश दुबेए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ;पुरुषद्ध डॉ अमित चतुर्वेदीए जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमारए खाद्य सुरक्षा अधिकारीए जिला होम्योपैथिक अधिकारीए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हुसैन खानए डॉ डीसी दोहरेए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ जेएस बक्शीए डॉ राजेश भारतीए जिला सूचना अधिकारी पीयूष चंद्र राय सहित चिकित्सा विभाग के अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने शराब की दुकानों पर की छापेमारी



**संवाददाता।** सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**शराब** की दुकानों पर घालमेल किए जाने की शिकायतों के बाद एसडीएम ने क्षेत्र की शराब की दुकानों पर छापामार की जांच।जांच के दौरान दुकानों पर शराब के स्टाक और अभिलेखों का निरीक्षण किया। दुकानों पर साफसफाई रेट बोर्ड दुकान बोर्ड आदि का भी निरीक्षण किया।पुरनिया मैलारायगंज भरथीपुर आदि देशी शराब की दुकानों पर छापेमारी से क्षेत्र की अन्य दुकानों पर भी हड़कंप मच गया।दुकानदारों ने छापेमारी की सूचना पाते ही अपनी अपनी दुकान पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर लिया।जांच के दौरान सभी दुकानदारों को समय पर दुकान बंद करने के निर्देश भी दिए गए हैं।एवं किसी भी दुकान पर शराब पीने की व्यवस्था करने के साथ ही भीड़ न इकठा न किये जाने का निर्देश दिए गए हैं।उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में संचालित शराब की दुकानों पर छापेमारी की।तीन देशी शराब की दुकानों से शराब की सैंपल भी लिया। एसडीएम ने अचानक से छापेमारी कर दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर बिक्री रजिस्टर का जांच किया साथ ही साथ उन्होंने मिलावटी शराब न बिकने पाए जिसके तीन शराब दुकानों से सैंपल भी लिया है।इस संबंध में उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि शराब की दुकानों पर छापेमारी करके तीन दुकानों से सैंपल लिया गया है तथा दुकानदारों को रेट बोर्ड लगाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# सीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**संवाददाता।** तिलोई अमेठी।

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी अमेठी ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया जहाँ सब कुछ ठीक ठाक देख प्रभारी को व्यवस्था और बढ़िया करने की नसीहत दी।वहीं डेंटल हाईजेनिस्ट की गैर हाजिरी पर स्पष्टीकरण मांगा है। गुरुवार को दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब अचानक सी एम ओ अमेठी का वाहन वहाँ पहुंचा।

वाहन से उतरते ही सी एम ओ अमेठी डॉ आशुतोष दुबे ने अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया।उसके बाद लेबर रूम पहुंचे जहां मौजूद स्टाफ नर्स रेनू से पूंछताछ की और महिलाओं के इलाज व प्रसव में लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। उपस्थित पंजिका देख प्रभारी से डॉ बाबर कादरी की अनुपस्थिति के बारे में पूंछा तो प्रभारी ने अवकाश पर होने की बात बताकर प्रार्थना पत्र दिखाया।अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं के भोजन के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि अस्पताल की कैंटीन बंद है इस पर कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड करने की बात कही। अस्पताल में तैनात डेंटल हाईजेनिस्ट अरुण कुमार की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा है।सी एम ओ अमेठी डॉ आशुतोष दुबे ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन करने की चेतावनी दी।इस मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्यों में व्यस्त दिखे।

**● व्यवस्थाएं चाकचौबंद देखकर प्रभारी की पीठ थपथपाई, डेंटल हाईजेनिस्ट की गैर हाजिरी पर मांगा स्पष्टीकरण**

# कार्यकर्ताओं की बदौलत ही मिलती है जीत: पदम् सेन

**संवाददाता।** रामनगरबाराबंकी



**स्नातक** निर्वाचन खंड लखनऊ की एक महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा जैतपुर के मंडल सिद्धौर के बूथ संख्या 47 एवं 47क भारत माता इंटर कॉलेज सिद्धौर में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पदम सिंह चौधरी अपने वक्तव्य में बूथ पर संयोजक दिनेश शर्मा व प्रवीण सिंह को 2705 वोटों की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। प्रति कार्यकर्ता को 20 वोटर से निरंतर संपर्क में रहने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। वहीं पर प्रदेश उपाध्यक्ष जी ने बताया की पंच से लेकर प्रधान बीडीसी ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष इन सभी पर भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतार कर विजयश्री दिलाने का कार्य करेगी। इसके लिए हमारे देव तुल्य कार्यकर्ता निरंतर कमर कसे रहते हैं और कसे रहेंगे पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक की विजय श्री के लिए समस्त देव तुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभारी हूं। आगे अपने वक्तव्य में प्रदेश उपाध्यक्ष जी ने कहा कि विधानसभा में हमारी संख्या पर्याप्त है विधान परिषद में हमारी संख्या जिस दिन पर्याप्त हो जाएगी उस दिन जरूरी विधेयक हमारे पास होंगे जैसे केंद्र में 370 पास हुआ । इस तरीके के अहम बिल अगर हम स्नातक एमएलसी शिक्षक एमएलसी और विधान परिषद में अपने एमएलसी बनाकर भेजने का कार्य करेंगे तो निश्चित ही आगामी महत्वपूर्ण सभी भी बिल भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर पास करा सकेगी। वहीं पर जिले के सांसद उपेंद्र रावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक.एक कार्यकर्ता हमारा विजय श्री के लिए कमर कस लें और हमको इस बार शिक्षक एमएलसी और स्नातक एमएलसी को जीता कर उच्च सदन भेजने का कार्य करना होगा ।

पायनियर
रविवार, 22 नवंबर, 2020
एजेण्डा



जो आप देते हैं वही पाते हैं, आप वही चीजें बनाते हैं जो आपसे बनती हैं
- जेनिफर लोपेज

# कामिक्स के जरिए भारतीय कहानियों का पुनर्जन्म

**हालिया वर्षों में, कामिक पुस्तकों ने भारत में पुनरुत्थान देखा है। डिजीट्ल तकनीक एवं सोशल मीडिया का आगमन अपने काम को अधिक आसानी के साथ रचने व उसे प्रोत्साहित करने में नए डिजाइनरों व कलाकारों की सहायता कर रहा है। प्रस्तुत है कर्णिका मिश्रा की रिपोर्ट**



भारत कहानियों की भूमि है। हमारे प्राचीन अतीत की कथाएं विभिन्न माध्यमों व प्रारूपों में लोगों को सुनाई व पुनः सुनाई गयी हैं। हमने उन्हें बुजुर्गों से सुना है, उन्हें पिचवाई व फड के भक्तिपूर्ण पन्नों के जरिए कला में चित्रित देखा है, रामलीला या कथकली में उनकी रोमांचकारी चित्रण को अनुभव किया है, यहां तक कि उन्हें दही हांडी जैसे त्योहारों में सजीव स्तर पर प्रस्तुत होते देखा है। रानी लक्ष्मीबाई जैसे आधुनिक ऐतिहासिक व्यक्तित्व भी हमारी कथावाचन परंपराओं का हिस्सा बन गए हैं। सचमुच, इतिहास की हमारी समझ, सांस्कृतिक व नैतिक संवेदनाएं हमारी मौलिक कहानियों द्वारा गढ़ी गयी हैं। नायक व नायिकाओं की किंवदन्तियों ने हमें अपने बाल्यकाल के वर्षों के दौरान प्रेरित किया है।

## लिखित शब्द

भारत में मौखिक कथावाचन परंपराओं के साथ, लिखित प्रारूप भी सदियों से मौजूद रहा है। भारत में प्रिंटिंग आने के काफी पहले, भारतीयों ने अपनी कहानियों को भोजवृक्ष या ताड़ पत्रों हस्तलिपियों पर संरक्षित किया है। पंचतंत्र, दुनिया में सबसे प्राचीन कथाओं में से एक, को प्राचीन हस्तलिपियों तथा 18वीं सदी की हस्तलिखित रंगीन चित्रों वाले कागज संस्करणों दोनों में संरक्षित पाया गया है। समकालीन दौर में, वैदिक व पौराणिक साहित्य की प्राचीन कहानियां लगातार, हमें सूचित, शिक्षित व हमारा मनोरंजन करती रहीं खास कर जब वे नए प्रारूपों व माध्यमों को अपनाती हैं।

उल्लेखनीय चरित्रों एवं सार्वभौमिक रूप से प्रासंगिक कथानकों के विशाल स्मारकों वाला हिन्दू धर्म कलाकारों व लेखकों को जबरदस्त रचनात्मक खुराक प्रदान करता है। यह दुनिया में अकेला विशाल धर्म है जो अपने देवताओं की कलात्मक प्रस्तुतियों में अपार स्वतंत्रता प्रदान करता है। भारतीय चिंतन का अंतर्निहित आदर्शवाद न सिर्फ स्वीकार करता है, बल्कि नयी अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है। इसके पाठों की व्यापकता वं उत्कृष्टता चित्रित माध्यमों में अद्भुत ढंग से रूपांतरित भी हुई है। इसीलिए यह आश्चर्यजनक नहीं है कि ये कथाएं आगे बढ़ने की प्रेरणा रहीं जिसने भारतीय कामिक उद्योग को 1960 दशक के बाद लगभग तीन दशकों तक सफलता व लोकप्रियता हासिल कराई।

## कॉमिक जगत

भारत में कॉमिक पुस्तकें पश्चिम की तुलना में कुछ दशकों के बाद आईं। देश में प्रकाशित शुरूआती कामिक्स अमरीकी कामिक्स थीं। भारतीय कॉमिक्स ने, हालांकि अपना सबसे सफल दौर बाद में देखा जब अमर चित्र कथा हिन्दू साहित्य की अपनी सुदंरतम चित्रित श्रंखला के साथ आई और भारतीय इतिहास पारिवारिक नाम बन गया। कला और कथा का मिश्रण बीसवीं सदी के लिए भारत का सांस्कृतिक इतिहास सजीव स्तर पर लेकर आया और यह बच्चों शिक्षकों व अभिभावकों सबके बीच लोकप्रिय हो गया।

उस दौर में बच्चों की पत्रिका, क्लासिक चंदामामा, हालांकि पूरी तरह जो कॉमिक पुस्तक नहीं थी, मगर यह अपने चित्रणों के लिए प्रसिद्ध हुई और जिसने दीर्घकालीन मिथकी कहानियां प्रकाशित कीं जो सालों तक चलीं। इन कहानियों में राजा विक्रमादित्य और बेताल की कभी न समाप्त होने वाली कहानी शामिल थी जो प्राचीन सांस्कृतिक कृति बैताल पचीसी का रूपांतरण था, जिसने इस पत्रिका को व्यापक प्रसिद्धि दिलाई।

यह कहानी 1985 में टेलीविजन धारावाहिक की शैली में रूपांतरित हुई। यह बदलाव असाधारण रहा। क्यों कि टेलीविजन सेट्स की संख्या अगले दशक में उल्लेखनीय स्तर तक बढ़ गयी, और पढ़ना कम पसंदीदा शौक बन गया। विक्रम बेताल जैसी प्राचीन भारत की कहानियां, तथा रामायण और महाभारत जैसे धारावाहिक लोकप्रिय बने रहें लेकिन माध्यम बदल गया था। उसी दौरान सदी समाप्त हुई, अनेक कॉमिक पुस्तक प्रकाशनों का व्यापार खत्म हो गया।

## दौर का संकेत

हालिया सालों में, कॉमिक पुस्तकों ने पुनरूत्थान देखा है। डिजीटल तकनीक एवं सोशल मीडिया का आगमन अपने काम को अधिक आसानी के साथ रचने व उसे प्रोत्साहित करने में नए डिजाइनरों व कलाकारों की सहायता कर रहा है। आज के कॉमिक कलाकार लगनशील सिरजक तथा स्मार्ट उद्यमी दोनों हैं। वे अपने द्वारा किए जाने वाले काम के प्रारूप को लेकर गहन लगाव से संचालित हैं लेकिन यह भी जानते हैं कि पाठकों तक प्रभावशाली पहुंच कैसे बनाई जाए। ग्राफिक नॉवेल अब बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करने से आगे बढ़कर वयस्कों को लुभाने की कोशिश में है।


अपनी किताब, द इंडिक कोटेंट रीक्लेमिंग हेरिटेज थ्रू कल्चरल इंटरप्राइज के लिए शोध के दौरान मेरा सामना विमानिका कॉमिक्स नामक कॉमिक्स पुस्तक प्रकाशन से हुआ। उसके संस्थापक करन वीर अरोरा ने मुझे बताया कि इस प्रकाशन को शुरू करने की उनकी प्रेरणा की शुरूआत अत्यंत चुनौतीपूर्ण रही। उन्होंने कहा, '' मेरा तीन सूत्रीय एजेंडा था, सबसे पहला, दुनिया भर के युवा को भारतीय संस्कृति, विरासत व आध्यात्मिक मूल्यों के बारे में शिक्षित करना। दूसरा, मैंने ऐसे फार्मेट में कहानियों को साझा करने की आवश्यकता महसूस की जो युवा लोगों को अपील करती हो। और तीसरा एजेंडा था, मैं इन ग्राफिक उपन्यासों को अंततोगत्वा सजीव कार्रवाई तथा सुपरमैन व बैटमैन जैसे काल्पनिक फिल्मों की तरह रचना चाहता था।''

विमानिका की कहानियां गहन भारतीय पुराणशास्त्र हैं, लेकिन कला अत्यंत उत्कृष्ट है। एनिमेशन कलाकारों, लेखकों व संपादकों की टीम के अलावा, विमानिका में पुरात्वविद, शोधकर्ता व इतिहासकार भी हैं जो विषय को प्रामाणिक बनाए रखने में सहायता करते हैं। अरोरा कहते हैं कि वे ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं चुनते हैं जिन्होंने प्रभाव पैदा किया है, खासतौर पर वे घटनाएं जो व्यक्तिगत साहस की मिसाल पेश करती हैं। बकौल अरोरा, '' हमारे कॉमिक्स ड्रामा, इमोशन, एक्शन और आध्यात्मिकता का पूरा पैकेज हैं। उनमें शानदार आर्टवर्क भी है। '' विमानिका भारत में कॉमिक पुस्तकों की नयी लहर का हिस्सा है। न केवल अभिव्यक्ति समय के साथ ज्यादा मेल खाती है, बल्कि कॉमिक पुस्तक प्रकाशन अपनी किताबों को बेचने तथा प्रोत्साहन के अत्याधुनिक तरीकों का उपयोग कर रहे हैं।

## कॉमिक सम्मेलन और नया मीडिया

कॉमिक कॉन जैसे सम्मेलन खासतौर पर कॉमिक किताबों और उनके चरित्रों के इर्दगिर्द कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं और भारतीय शहरों में हजारों दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। ये सम्मेलन न केवल किताबें, बल्कि लोकप्रिय कॉमिक पुस्तक विषयों से जुड़ी सामग्री को भी बेचते हैं। कॉमिक कॉन युवा पेशेवरों, कालेज के बच्चों व माता पिता को आकर्षित करता है। चूंकि इस उपभोक्ता वर्ग की ज्यादा प्रयोज्य आय होती है इससे भारी प्रचार व बिक्री प्राप्त होती है। इस रूझान से प्रेरित होकर, अरोरा ने भी अपने कॉमिक्स पर आधारित नये राजस्व स्त्रोत निर्मित करने का प्रयास किया है। अरोरा कहते हैं, ''हमने अपने नायकों को किताबों से परे ले जाने का फैसला किया। '' वह जोड़ते हैं, '' हमने विपणनकार्य, संग्रहणीय वस्तुओं व खिलौनों के उद्यम में प्रवेश किया।''

हालांकि भारतीय कॉमिक्स दृश्यता व बिक्री बढ़ाने के लिए नए माध्यमों में कामचलाऊ पहल करते हैं, मगर नवोन्मेषी डिजीटल मंच पश्चिम में नया चलन निर्धारित कर रहे हैं। कामिक एप्स तथा प्रतिबद्ध मोबाइल आधारित मंचों से, कॉमिक पुस्तकों का उस पीढ़ी तक पहुंचना अधिक आसान लग रहा है जो प्रत्यक्ष पुस्तक प्रतियों के मुकाबले स्मार्ट फोन के साथ ज्यादा सहज है। मार्वल कॉमिक्स, अमरीका की सबसे बड़ी कॉमिक बुक कंपनियों में से एक, एक अग्रगामी पहल करने वाली कंपनी थी जिसने अन्य कंपनियों की तुलना में कई साल पहले अपने डिजीटल एप की शुरूआत की थी। हालांकि मार्वल और डीडी कॉमिक्स, जो मार्वल की सबसे बड़ी प्रतिद्वन्द्वी कंपनी है, के अपने खुद के एप्स हैं, मगर कुछ अन्य कंपनियां है जो कामिक पुस्तकों के लिए ई-रीडर्स जैसा काम करती हैं और विभिन्न प्रकाशकों की अनेकों कामिक्स पुस्तकों को पढ़ने का प्रस्ताव देती है। वे पाठकों को विशेष डाऊनलोड कीमत पर कॉमिक पुस्तकों की सूची प्रदान करती है या अपनी लाइब्रेरी तक असीमित पहुंच के साथ सदस्यता प्रारूप पर काम करती हैं।





> जबकि भारतीय कॉमिक्स दृश्यता और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए नए चैनलों में अस्थायी कदम उठाते हैं, अभिनव डिजिटल प्लेटफॉर्म पश्चिम में एक नया चलन स्थापित कर रहे हैं। कॉमिक ऐप और समर्पित मोबाइल आधारित प्लेटफॉर्म के साथ, कॉमिक पुस्तकों का ऐसी पीढ़ी तक पहुंचना आसान हो रहा है जो स्मार्ट फोन के साथ किताबों की प्रतियों की तुलना में अधिक आरामदायक हैं

बढ़ते डाऊनलोड और बढ़ते राजस्व से, डिजीटल एप आधारित ग्राफिक उपन्यास कामिक पुस्तक प्रकाशन में गेमचेंजर बन गया है। भारत में भी, कॉमिक्स ने डिजीटल परिवेश को अपना लिया है। न केवल हम अमर चित्र कथा और टिंकल कॉमिक्स जैसे बड़े नामों को एप्स के रूप में उपलब्ध पाते हैं बल्कि विभिन्न अन्य कंपनियों ने पाठकों तक पहुंच बनाने के लिए इस माध्यम का सहारा लिया है। इनमें तेजी से प्रगति कर रही कामिक कंपनी ग्राफिक इंडिया की भारतीय किंवदन्तियों की कहानियों समेत इंडियन वॉर कामिक्स जैसी युद्ध नायकों पर आधारित ग्राफिक उपन्यास दोनों शामिल हैं।

ग्राफिक इंडिया अपनी वेबसाइट पर कहती है, '' ठीक उसी प्रकार जैसे अमरीका ने सुपरहीरो पैदा किए और जापान ने एनिमा को पैदा किया, ग्राफिक दुनिया भर में तथा भारत में युवाओं की कल्पनाशीलता को आकर्षित करने के लिए पौराणिक नायकों व स्थायी चरित्रों की नयी लहर की शुरूआत करने के लिए भारत की रचनात्मकता में कदम रख रही है। '' कंपनी कहती है कि यह डिजीटल कॉमिक्स उपयोग तथा एनिमेशन का इस्तेमाल कर रही है ताकि नब्बे करोड़ के मोबाइल बाजार तथा 25 साल की आयु से कम के 55 करोड़ भारतीय युवाओं को ध्यान में रखकर नयी कहानियां विकसित कर सके जिसमें कि अपनी कहानियों को सीधे अपने स्मार्टफोन पर ले सकें।

ग्राफिक इंडिया, असलियत में, नए मीडिया में अत्यंत एकाग्र है। यह उन्नत विजुअल इफेक्ट्स तथा इंटरेक्टिव तत्वों के इस्तेमाल द्वारा, जो कि डिजीटल माध्यम पर खरे उतरते हैं, कॉमिक पुस्तक कथावाचन में नयी रचनात्मक क्रांति जगा रही है। इसने हलचल पैदा कर दी जब इसने अपने किस्म की पहली संक्षिप्त कॉमिक पुस्तकों ' 18 डेजः द महाभारत' तथा अपनी स्त्री महानायिका श्रंखला ' देवी' के लिए 2 करोड़ दर्शक हासिल किए, जिसे कंपनी ने सीमित समयावधि के लिए वीडियो-कंटेंट प्लेटफार्म टिकटॉक पर लांच किया था।

ग्राफिक इंडिया अब अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा नयी भाषाओं को शामिल करने के लिए अपने कदम कॉमिक्स और ऑडियों कॉमिक्स की ओर बढ़ा रही है, तथा गूगल प्लेस्टोर की त्वरित पड़ताल बताती है कि अनेक कम प्रसिद्ध भारतीय कॉमिक एप्स भी हिन्दी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं।

जिस तरह कॉमिक बुक प्लेयर्स निरंतर नए रचनात्मक जरियों की ओर बढ़ रहे हैं ताकि बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मक गति में प्रतिस्पर्धा कर सकें, सर्वोत्तम सामने आना अभी शेष है। बीते दो दशकों ने भारतीय कॉमिक्स के प्रारूपों तथा विधाओं में विस्तार देखा है। हालांकि कथावाचन ज्यादा आकर्षक और प्रारूप ज्यादा विविधतापूर्ण हो रहा है, भारतीय कथानक भारी मात्रा में कॉमिक्स बेचने की स्थिति निर्मित करते हैं। ऐसा लगता है मानो भारतीय कहानियां परंपरा में पगी हैं और सांस्कृतिक लोकाचार यहां टिकने वाला है।

– लेखिका रचनाकार है। हाल ही में द इंडिक कोटेंट, रीक्लेमिंग हेरिटेज थ्रू कल्चरल इंटरप्राइज नामक उनकी पुस्तक ब्लूम्सबरी इंडिया से प्रकाशित हुई है।



समय सबकुछ बदल देता है सिवाय उसके जो हमारे भीतर है जो हमेशा बदलाव से चकित होता है
- थामस हार्डी

# चौंका सकता है खगोल-विश्लेषण



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

एक दशक पहले, एक उत्तर पूर्वी राज्य राजनीतिक उथलपुथल से गुजर रहा था। कैबिनेट के अनेक प्रमुख सदस्य पदस्थ मुख्यमंत्री की जगह लेने की होड़ में थ। वे सभी केन्द्रीय नेतृत्व के साथ अपने दावे के पक्ष में, सांठगांठ कर रहे थे। लेकिन किसी रूप में, आम सहमति किसी एक के पक्ष में नहीं बन रही थी। यह खींचतना तत्कालीन मुख्यमंत्री को बचने में सहायता कर रही थी। उसी दौरान, किसी ने एक चुनौतीकर्ता को अपनी संभावनाओं को मद्देनजर मुझसे सलाह मांगने की सलाह दी।

उक्त व्यक्ति ने शुरूआती मांच 2007 में मुझसे संपर्क किया। लेकिन वह अपनी जन्म संबंधी जानकारियों को सटीक रूप में नहीं जानता था। इसलिए जब उसने मुझसे संपर्क किया तो घंटा अनुसार तालिका बनाई गयी। अपनी जानकारी के आधार पर मैंने अपनी राय व्यक्त की: '' वैसे सत्ता परिवर्तन के आसार हैं। आप, यद्यपि, कुछ समय बाद उस पद पर काबिज होने की क्षमता रखते हैं, लेकिन मौजूदा समय में आपके पास संभावना नहीं है। लेकिन बाद में तय है कि चार सालों के बाद उच्च पद पा सकते हैं। फिलहाल, आप किंगमेकर का काम करेंगे। बेहतर है किसी और के इर्दगिर्द ध्यान दें। '' उस नेता के साथ आया व्यक्ति एक ज्योतिष था। उसने पूछा कि इसका आधार क्या है।

लग्न उपस्वामी वीनस, दसवां स्वामी, जो 11वां उपस्वामी भी माना जाता है, हालांकि कमजोर अवस्था में है लेकिन वह आठवें घर में है। वीनस बुध के नक्षत्र में काबिज है, 11वां स्वामी छठें घर में तत्कालिक तौर पर तथा परावर्तन स्थिति में है। लग्न उपस्वामी का इस कारण 11वें, 10वें और छठें घर का मजबूती से परिचायक होना दर्शाया है कि उसमें उच्च पद पर आसीन होने की क्षमता थी। सबसे ज्यादा, चूंकि चौथे घर से उदार बृहस्पति ने दसवें घर और दसवें स्वामी तक अपना विस्तार किया है। हालांकि, तथ्य है कि बुध, वीनस का नक्षत्र ग्रह, परावर्तन भाव में था, जिसने दर्शाया कि इसने तत्कालिक तौर पर उनकी इच्छाओं की पूर्ति का वचन नहीं दिया।

सत्ताधारी व्यक्ति के लिए स्वाभाविक कारक, सूर्य राहु और यूरेनस के साथ बृहस्पति के समानांतर, समन्वय में था। इसने दर्शाया कि सत्ताधारी व्यक्ति ने केन्द्रीय नेतृत्व का समर्थन खो दिया था। साथ ही, सत्ता (राहु का सूर्य पर ग्रहण) से उनकी बेदखली अवश्यंभावी थी।

कुछ दिन बाद मेरे सामने एक और चुनौतीकर्ता ने मुझसे संपर्क किया। उसके मामले में, भी, घंटा आधारित कुंडली ने वही बात कही।



इस मामले में, कर्क राशि उभर रही थी। शनि, सातवां और आठवां घर, लग्न पर काबिज था, जो उसके हित के लिए हानिकारक था। लग्न उपस्वामी पुन: वीनस, छठें तथा नौंवे स्वामी बृहस्पति के रूख के कारण पुन: उत्कर्ष भाव में था। लेकिन वीनस परावर्तन गति में तीसरे व बारहवें स्वामी, बुध के नक्षत्र पर काबिज था। इस मामले में भी, सूर्य बृहस्पति के समानांतर तथा यूरेनस और राहु के साथ समन्वय भाव में था।

इसलिए एक बार फिर, मेरा मानना था कि सत्ता परिवर्तन होगा, लेकिन उनके पास इस समय मौका नहीं है। वह किंगमेकर का काम कर सकते थे।

मार्च अंत में वो व्यक्ति आया जो अंतत: सत्तासीन मुख्यमंत्री को सत्ता से हटाने में कामयाब हुआ और उच्च कार्यालय पर काबिज हुआ। सत्ताधारी ग्रह की पड़ताल ने बताया कि चन्द्रमा सिर के ऊपर था, जो संकेत करता है कि प्रश्नकर्ता जल्द ही आम सुर्खियों में आ जाएगा। तीव्र गतिमान ग्रह होन के कारण, परिणाम को बहुत तेजी से आना पड़ा। लेकिन चन्द्रमा के समन्वय में होने से, शनि आड़े आ गया। इसलिए इसे रास्ते में बाधा पैदा करनी पड़ी। लेकिन फिर आज्ञाकारी बृहस्पति, और साथ ही विपत्ति पर सफलता का परिचायक छठा स्वामी, ने इच्छा की पूर्ति की दिशा में अपने त्रिपक्ष के साथ शनि के कोप को कमजोर कर दिया। वीनस, लग्नस्वामी और संयोगवश लग्नउपस्वामी भी, लग्न की ओर रूख किया, जिसने उक्त व्यक्ति को क्षमता प्रदान की। वीनस ने राहु पक्ष कब्जा जमा लिया, जो दूसरे घर में स्थित बृहस्पति के नक्षत्र में अस्थायी तौर पर मौजूद था। इसने छठें घर में स्थित में सूर्य पर, साथ ही साथ दसवें घर में अस्थायी वासी चन्द्रमा व शनि की ओर अपना त्रिपक्ष विस्तारित किया। 11वां उपस्वामी, बृहस्पति बुध के नक्षत्र पर काबिज प्रत्यक्ष भाव में था, जो पुन: प्रत्यक्ष भाव में था। इसलिए, इच्छाओं की पूर्ति सुनिश्चित हुई। बुध, जो जिम्मेदारी के पद का परिचायक दसवां उपस्वामी माना जाता है, पुन: एक तीव्र गतिमान ग्रह है, और इसलिए परिणाम को सामने आना पड़ा।

सूर्य मेष राशि में 13 डिग्री और 45 मिनट पर था। अगले 12 दिनों में, सूर्य अगली 12 डिग्री की ओर बढ़ेगा जब बृहस्पति ठीक इसके त्रिपक्ष में होगा। इसलिए मैंने भविष्यवाणी की कि वह अगले 12 से 15 दिनों में मुख्यमंत्री बन सकता है। असलियत में, ठीक 12 दिनों के बाद, उसने बतौर मुख्यमंत्री शपथ ली थी।

अंत में, एक तर्कपूर्ण ज्योतिष भविष्यवाणी चौंका सकती है।

# शिकायत करना बंद करें, काम करें

**केतन कृष्ण का कहना है कि जीवन में लक्ष्य हमेशा इंसान के नियंत्रण से परे होगा जो उन्हें लक्ष्य से भटकाए व वंचित करेगा। इंसान को यही करना है कि वो एकाग्र रहे**

सेवा मुक्ति फार्म को भरते समय क्रिश परेशान दिखाई दिया। यह संस्था में उसका अंतिम कार्य दिवस था। मैंने सोचा कि कागजी कार्रवाई की तकलीफहै जो उसे तंग कर रही थी।

मैंने पूछा, ''तो क्रिश, अब आगे क्या? '' क्रिश ने उत्तर दिया, '' मेरे पास हाथ में कुछ भी नहीं है। मैं जा रहा हूं क्योंकि मैनेजर और संस्था ने मेरी समस्याओं को हल करने की परवाह नहीं की।'' उसकी प्रतिक्रिया ठंडी थी। मैं उसकी भाव भंगिमा समेत उसकी आवाज में निराशा, गुस्सा और आक्रामकता को समझ सकता था।

महत्वपूर्ण शिक्षा जो मैंने एचआर पेशेवर के रूप में काम करते हुए हासिल की है, वो है लोगों को अपने मन की बात कहने का अवसर देना। यह सामने आया कि क्रिश के पास सैंकड़ों शिकायतें थीं। क्रिश के लिए, हर चीज गलत थी, हर कोई गलत था, सिवास क्रिश को छोड़कर।

यह घटना मुझे एक महत्वपूर्ण सीख की ओर ले गयी जिसे मैंने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने से पहले सीखा था। साल 2000 जनवरी, मेडिकल प्रवेश (एमबीबीएस) के लिए अपने अंतिम पेपर के बाद, मैं आश्वस्त था कि डाक्टर बनने का मेरा सपना, सपना बन कर रह जाएगा। मैं इस साल भी कोशिश नहीं करने वाला था।

अपनी तैयारी करने की शुरूआत के समय से, मैं मेडिकल प्रवेश के प्रतिस्पर्धात्मक परिदृश्य से भय खाता था। चार लाख आवेदकों में से दो हजार सीटें, यह कठिन था। मैं खुद से कहा करता था, ''मेरे जैसे साधारण लोग इन परीक्षाओं में कभी सफल नहीं हो सकते हैं।'' उस दिन भी, अपने मन को भरपूर बहानों से लैस करके, मैं घर वापस आया जहां एक अंकल, जो खुद को डाक्टर कहा करते थे, ने परीक्षा के बारे में मुझसे पूछा। मैंने अपनी सारी निराशा व्यक्त कर दी जिसकी सूची बहुत लंबी थी। जब मैं अपनी बात कह चुका तो मेरे अंकल ने मुझसे एक सवाल किया जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। उन्होंने पूछा, '' केतन, आपको कितनी सारी सीटें चाहिए? '' मैंने कहा, ''एक'' उन्होंने कहा कि तो जाओ हासिल करो, खुद को बहाने देना बंद करो।

उसी समय मैं समझ गया कि हमेशा लक्ष्य मेरे नियंत्रण से परे होगा। मुझे भटकाने, पटरी से उतारने की चीजें होती हैं, लेकिन मुझे एकाग्र रहना पड़ेगा। मुझे अपने प्रभाव क्षेत्र से परे चीजों पर ऊर्जा लगाने व उनकी परवाह करने की जरूरत नहीं है। कुछ भी नहीं है, आप और मैं अपने प्रभाव क्षेत्र से परे चीजों को बदलने का काम कर सकते हैं।

हम उस उत्तम पल की प्रतीक्षा में रहते हैं जब हम चाहते हैं कि हर चीज अपनी जगह पर रहेगी। और जब वैसा होता है तो हम अपनी सर्वोत्तम शॉट लगाएंगे। जो कभी नहीं होता है। अपने जीवन को पलट कर देखो तो आपको अपने जवाब हासिल हो जाएंगे।

तीन साल बाद यह मुझे मिलती है, मैंने सुनहरे तमगे के साथ अपना स्नातक पूर्ण किया, मेरिट आधारित एमएससी कोर्सेज में दाखिल मिला और भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई की।

मैं बदला, दुनिया को देखने का मेरी नजरिया बदला, इसलिए नतीजे भी बदल गए। इसीलिए शायद मैं उस बात को समझ सकता था कि क्रिश किस चीज से गुजर रहा था। हालांकि उसके अंदर शिकायतें थीं मगर मैं उसके भीतर मौजूद उत्तरों को देख सकता था। क्रिश '' मैं क्यों '' वाली स्थिति में था। उसे चीजों को बदलने के लिए '' कैसे करूं '' और '' इसके बाद क्या'' की स्थिति में आना था। उसे बस चीजों को स्वीकारना था जो उसके प्रभाव क्षेत्र से बाहर थीं और एकाग्र हो जाना था कि उसके प्रभाव क्षेत्र में क्या मौजूद था।

हम सभी इस स्थिति में रह चुके हैं। खुद से निम्न सवाल पूछें जब ऐसी स्थिति में उलझ जाते हैं:

- किन कारकों या संकेतों को आपन नकारते आए हैं या जिनसे आंख बंद करते आए हैं? क्या आप वहां पहुंचे जहां दिन में या कुछ समय बाद हैं?
- आप अलग ढंग से क्या कर सकते थे जब आपको पहली बार समस्या महसूस हुई?
- स्थिति से खुद के बारे में आपने नया क्या जाना?
- आप क्या खोने जा रहे हैं यदि आप ऐसे ठहरे रहते हैं या नहीं बदलते हैं?
- वो एक काम क्या है जो आप आज करेंगे? वो छोटा कदम क्या होगा जो आप आगे बढ़ने के लिए आज उठा सकते हैं?

याद रखें, आप अपने करियर में कहा हैं उसके लिए आप और केवल आप जिम्मेदार हैं। अपनी मौजूदा स्थिति की जिम्मेदारी लें, स्थापित करें कि आप क्या बनना चाहते हैं, उसकी कार्रवाई योजना बनाएं। नतीजे अपने आप सामने आएंगे।

वर्ना, आप उस परम पल की प्रतीक्षा का फैसला कर सकते हैं जब दुनिया की सारी विविधता उत्तम संयोजन में आ जाएगी और आपके लिए काम करने या आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

क्रिश ने सोलह साल प्रतीक्षा की, आप कितनी देर प्रतीक्षा करने वाले हैं?

- लेखक एचआर पेशेवर, प्रशिक्षक, लेखक और वक्ता हैं।



# सखा है ईश्वर, लेकिन....

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि भागवतगीता यह सीखने का उत्कृष्ट मार्गदर्शक है कि व्यक्ति को ईश्वर के साथ किस प्रकार का संबंध रखना चाहिए**

ईश्वर हमारा मित्र है। भगवान कृष्ण भागवतगीता के श्लोक 5.24 में इस बात को कहते हैं। हालांकि, हमें वही गलती नहीं करनी चाहिए जो अर्जुन ने की थी, जिसके लिए उसे ईश्वर से क्षमा मांगनी पड़ी थी।

(11.42) अपने मित्रों के साथ हम कैसा आचरण करें? हम किसे अपने मित्र के रूप में चुनते हैं? इस मामले में मेरी समझदारी है कि लोगों को तीन श्रेणियों में बांट लें। वे, जो हमसे श्रेष्ठ हैं, उन्हें सम्मान दिया जाना चाहिए। वे जो हमारे समान हैं, उन्हें मित्रों के रूप में सम्मान मिलना चाहिए। और वे लोग जो हमसे निम्न हैं उन्हें करूणा के साथ देखा जाना चाहिए।

इस पैमाने के आधार पर, ईश्वर को मित्र के रूप में नहीं चुना जा सकता, क्योंकि वह सर्वव्यापी, सर्वज्ञानी और सर्वशक्तिशाली है, जबकि हम उसका अंश हैं। (15.3) इसी प्रकार, अपने मित्रों के साथ हमारा व्यवहार काफी हद तक वैसा ही अपेक्षा रखेगा जो हम ईश्वर के प्रति रवैया अपनाते हैं। अर्जुन को ईश्वर के साथ मजाक करने के लिए माफी मांगनी पड़ी थी, जैसे ही उसे महसूस हुआ, कि ईश्वर असलियत में कौन थे।



असलियत में, भागवतगीता यह सीखने का उत्कृष्ट मार्गदर्शक है कि व्यक्ति को ईश्वर के साथ किस प्रकार का संबंध रखना चाहिए। सबसे पहली शर्त है ईश्वर के आदेशों का पालन करना। व्यक्तिगत रूप में, मैं अपने स्वभाव को याचक के रूप में पाता हूं। क्योंकि मैं ईश्वर का अत्यधिक प्रिय बनना चाहता हूं। (12.20) मैं अनेक प्रकार से ईश्वर से जुड़े रहने का प्रयास कर रहा हूं। (14.26) मैं दिन भर राम का जाप करने की कोशिश करता हूं। जब मैं जाप नहीं कर रहा हूं तो मैं उसे याद करने की कोशिश करता हूं, जो अक्सर होता रहता है क्योंकि मेरा जीवन ईश्वर के इर्दगिर्द केन्द्रित है।

मैं नहीं जानता हूं कि यदि मैं श्लोक 9.22 में वर्णन के अनुसार योग का नियमित अभ्यासकर्ता बन गया हूं कि नहीं, मगर मैं वो लक्ष्य हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरी पत्नी और मैं तीन से ज्यादा दशकों से ईश्वर की उसके लड्डू गोपाल रूप में पूजा करते आया हूं। (9.29) हमारे घर में एक नियमित पूजा घर है। हम ईश्वर की वैसी पूजा नहीं करते हैं जो कि नियमित रूप से मंदिर में की जाती है, जो कि अत्यंत विस्तृत होती है, लेकिन हम ईश्वर का सम्मान करते हैं और उसकी उपस्थिति को महसूस करते हैं। श्लोक 18.62 में भगवान कृष्ण के आदेश के अनुसार ईश्वर की शरण लेने के मामले में, मैं श्लोक 18.65 में वर्णित ईश्वर के आदेशों का पालन करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें कि वह कहता है कि हम ईश्वर का भाव विकसित करना चाहिए, उसका भक्त बनना चाहिए, उसके लिए त्याग करना चाहिए और उसका आज्ञापालन करना चाहिए। मैं अपनी स्वाभाविक अनुमतियों के अनुसार ईश्वर (8.22) के प्रति समर्पित होने का प्रयास करता हूं। अपने स्वभाव से लड़ना मेरे लिए एक बड़ा युद्ध है, क्योंकि अपना स्वभाव बदलना आसान नहीं हुआ है। मैं मानता हूं कि यह एक आम समस्या है। एक लोकप्रिय कहावत है जो कुछ इस प्रकार है: ''स्वभाव और हस्ताक्षर नहीं बदलते हैं।'' वे बदलते हैं जब हम कृतसंकल्प होते हैं।

भगवान कृष्ण ने चार किस्म के गुणवान लोगों की बात की है, जो ईश्वर की पूजा करते हैं। (7.16) ये हैं: एक परेशान व्यक्ति, जिज्ञासु व्यक्ति, सत्यान्वेषी व बुद्धिमान व्यक्ति। मैं खुद को सभी चार श्रेणियों में पाता हूं। इस ''दुखालय'' (दुखों की जगह) (8.15), अनेक ऐसे अवसर होते हैं जब मैं परेशान महसूस करता हूं। पक्के तौर पर मैं मार्गदर्शन व सहायता के लिए ईश्वर की ओर देखता हूं। उससे बेहतर और कौन सहायता कर सकता है। संयोगवश, मैं कभी निराश नहीं हुआ हूं: मेरा ईश्वर प्रतिउत्तर देता है, वह सहायता करता है, मेरी अनेक भौतिक आवश्यकताएं हैं, ईश्वर के सिवा और कौन मेरी मदद कर सकता है।


लेखक होने के कारण, मुझे काफी आध्यात्मिक सत्यों को जानने की जरूरत होती है जिसके लिए मैं निश्चित रूप से ईश्वर की ओर देखता हूं, वह मुझे अहसास कराता है। और दो से अधिक दशकों के बाद, मैं खुद को थोड़ाबहुत समझदार मान सकता हूं, जिसका ईश्वर उपकरण के रूप में इस्तेमाल करता है मुझे लिखने में सक्षम बनाकर।

अंत में, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि ईश्वर सचमुच एक सखा है लेकिन पारंपरिक अर्थ में नहीं, वह एक शुभचिंतक की तरह है। वह अर्जुन को स्पष्ट होता है, जब भगवान कृष्ण ने श्लोक 18.64 से 18.72 में उसे उपदेश दिया। इसी प्रकार, मुझे कोई भ्रम नहीं है कि मैं ईश्वर को एक मित्र समझ सकता हूं। ईश्वर का अंश होकर, मैं उतना ही बना रहकर कहीं ज्यादा खुश हूं।

# इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**


## मेष (मार्च 21-20 अप्रैल)



यह सप्ताह प्रत्येक मौजूदा क्षण में उचित कदम उठाने वाला है। आपको लग सकता है कि आप अपनी नीयति के मालिक हैं। आपका आकर्षक व्यक्तित्व है और आप नयी राह पर चलने वाले हैं। वातावरण व अन्य के साथ लयबद्ध होकर, आप कोई गलत फैसला नहीं करते हैं। पेशेवर रूप में, अपनी क्षमताओं व अवसरों का उपयोग करने का अच्छा अवसर है। सजग व सतर्क होने की आवश्यकता है। कुछ लोगों के लिए गतिरोध व असंतुष्टि की भावना उन पर भारी पड़ रही है। आपका करियर दांव पर है। सामाजिक होने व लोगों के साथ जुड़ने की जरूरत है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** मंगलवार


## वृष (अप्रैल 21-21 मई)



इस सप्ताह रचनात्मक आकांक्षाओं की आपके शौक में आपका समय व ऊर्जा लगेगी। आप फलदायी रूप में अपना समय बिताते हैं। आप प्रेरित व अपनी कामनाओं में उत्पादक हैं। आपके इर्दगिर्द संतुष्टि व सकारात्मक वातावरण है, जो अच्छे स्वास्थ्य का सुख लेने में आपकी सहायता कर रहा है। करियर मोर्चे पर, आपके लिए, बेहतर होने, महसूस करने, व भ्रम व गलतफहमी के दौर से बाहर निकलने हेतु खुद को बदलने की चेतावनी है। चीजों पर ज्यादा जोर न दें। बहुत ज्यादा सोचना बंद करें और चीजों को सरलतापूर्ण ढंग से होने दें। शुभ समय की प्रतीक्षा करें।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** गुरूवार

## मिथुन (मई 22-21 जून)



आपके लिए यह अत्यंत थकाऊ सप्ताह रहेगा। शारीरिक रूप से हिंसक न हों, वर्ना, खुद को चोटिल कर बैठेंगे। आप अत्यंत अनुभवी व सहजज्ञानी भी हैं। आपको अपनी भावनाओं व आकांक्षाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। आक्रामकता व अपने आसपास के लोगों के साथ किसी भी प्रकार की बहस से बचें। पेशेवर मोर्चे पर, आपके कार्यस्थल पर गंभीर समस्याएं आ सकती हैं। इससे जीवन का या आपकी नौकरी का अंत नहीं होने वाला है, लेकिन इन समस्याओं को अनदेखा करना आपको छुटकारा नहीं दिलाएगा। व्यक्तिगत जीवन के मोर्चे पर, यह सप्ताह शुभ है।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** सोमवार


## कर्क (जून 22-22 जुलाई)



इस सप्ताह आप अच्छे स्वास्थ्य के साथ नयी ऊर्जा, क्षमता का अनुभव करेंगे। आप अत्यंत सकारात्मक व यथार्थवादी व्यक्ति हैं। अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाएं। आप कभी नहीं जानते कि इस समय के दौरान आपकी रचनात्मकता कैसी उभरने वाली है। आप स्वयं आनंद लेंगे और यह काम आपके जीवन को ज्यादा गहन होगा और समृद्ध बनाएगा। करियर मोर्चे पर, कुछ पुराने परिचित आपके पेशेवर जीवन के लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं। अगर नौकरी ढूंढ़ रहे हैं तो पुराने संपर्क, संबंध आपके चेहरे पर मुस्काल लेकर आएंगे।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार


## सिंह (जुलाई 23-23 अगस्त)



इस सप्ताह स्वास्थ्य अच्छा दिखता है। यह नये स्वास्थ्य देखभाल नजरिए को आजमाने का समय है, खासतौर पर रोकथाम देखभाल। व्यायाम करें, बेहतर भोजन करें और सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद ले रहे हैं। नए डाक्टर को परखने या वैकल्पिक सलाह लेने में संकोच न करें, यदि जरूरत पड़ती है। करियर मोर्चे पर, अतिरिक्त दायित्व व कर्तव्य काम का दबाव बढ़ने का कारण बन सकते हैं। यदि आप ऐसी स्थिति में हैं तो सहायता मांगने या अपने काम को बांटने में संकोच न करें। इस तरह से आपकी क्षमता बढ़ जाएगी और परिणाम भी बेहतर होंगे।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** गुरूवार


## कन्या (अगस्त 24-23 सितम्बर)



आप स्वस्थ, समझदार हैं और इस सप्ताह ये गुणत आपके अच्छे व्यक्ति में दिखते हैं। आप सक्रिय रहना और लगातार काम करने की कोशिश में जुटे रहना पसंद करते हैं। आप जानते हैं कि अपनी मनचाही दुनिया बनाने के लिए अपनी योग्यताओं का उपयोग कैसे करते हैं। अपने ढंग से बात करने तथा किसी भी स्थिति में ढल जाने में सक्षम होने की आपकी योग्यता अपने चरमोत्कर्ष पर है। कार्य मोर्चे पर, आप गतिरोध महसूस कर सकते हैं। यदि आपको लगता है कि वर्तमान संगठन में आगे बढ़ने की कोई संभावना नहीं है तो नौकरी बदलने के बारे में सोचें।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** मंगलवार


## तुला (सितम्बर 24-23 अक्टूबर)



इस सप्ताह आपको अपने स्वास्थ्य की समग्र जांच कराने की जरूरत है। तनाव शायद आप पर भारी पड़ रहा है और स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहा है। आश्वस्त हों कि आप पर्याप्त आराम, व्यायाम व नींद पर समुचित ध्यान दे रहे हैं। सकारात्मक नजरिया बनाए रखें। आपको शायद कुछ समय एकांत की जरूरत है। आप एकांत में ज्ञान व गहराई हासिल करेंगे। करियर मोर्चे पर, आपमें काम पूरा करने की उत्कृष्ट क्षमता है। वित्तीय स्तर पर आप सुरक्षित महसूस करेंगे। एक से अधिक स्रोतों से आपको धन की प्राप्ति होगी। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** मटमैला **शुभ दिन:** शनिवार


## वृश्चिक (अक्टूबर 24-22 नवम्बर)



इस सप्ताह आपकी दृढ़ता और प्रबल इच्छाशक्ति स्वास्थ्य चुनौतियों पर काबू पाने में आपकी सहायता करेंगे और आपको अनुशासित जीवन की सही दिशा में बनाए रखेंगे। शराब, जंकफूड और मसालेदार भोजन से बचना चाहिए। नियमित व्यायाम, सुबह टहलना और योजनाबद्ध खुराक आपके लिए अद्भुत कारगर होंगे। इनका पालन करें। समय से चिकित्सा उपचार आपको मौजूदा बिमारियों से मुक्त रखेगी। पेशेवर स्तर पर आप अपनी क्षमता को स्थापित करेंगे। यह अपने पेशे और काम के मामले में प्रोत्साहनकारी सप्ताह है। लोगों आपके विचारों को सुनेंगे।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** शनिवार


## धनु (नवम्बर 23-23 दिसम्बर)



इस सप्ताह आप स्वस्थ व मुक्त महसूस करेंगे और सोच में बदलाव को अनुभव करेंगे। निराशा की जगह आशा स्थापित होगी। नयी संभावनाएं दिख सकती हैं। यह अपनी रचनात्मक क्षमताओं को उपयोग करने का भी समय है। कार्य मोर्चे पर, आप अपार सफलता प्राप्त करेंगे। पदोन्नति या हैसियत में उन्नति की बहुत संभावना है जो आपको दृढ़, ऊर्जावान व अति स्थापित बनाएगी। आप आत्मानुशासित, ऊर्जावान हैं और जीवन पर बहुआयामी नियंत्रण प्रदर्शित करेंगे। आप अपने सहकर्मियों के लिए प्रेरक तथा प्रेरणास्रोत हैं। अपनी समझदारी का प्रतिफल प्राप्त करेंगे।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** रजत **शुभ दिन:** बुधवार


## मकर (दिसम्बर 24-20 जनवरी)



इस सप्ताह कुछ जलजनित रोग आपको तंग कर सकते हैं। आप संवेदनशील व्यक्ति हैं इसीलिए, किसी भी प्रकार के संक्रमण से खुद को सुरक्षित रखें। शराब, असुरक्षित पानी, चोटों से दूर रहना चाहिए। यदि आप शारीरिक रूप से पस्ती महसूस करते हैं तो समय से कदम उठाएं। अपने स्वास्थ्य को अनदेखा मत करें। कार्य मोर्चे पर, भ्रम की ताजा स्थिति आपके वर्तमान टकराव का कारण बन सकती है। आप दुविधा, आत्मविश्वास रहित व्यक्ति सा महसूस कर सकते हैं। आपको भ्रम या मिथ्या बोधों से बाहर निकलना चाहिए। आंतरिक टकराव हो सकते हैं।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार


## कुम्भ (जनवरी 21-19 फरवरी)



इस सप्ताह आप भावुक, संवेदनशील हैं और मामूली मसलों पर चिंतित हो सकते हैं। शारीरिक रूप में आप स्वस्थ हैं, लेकिन मानसिक तनाव, बेचैनी चिंता का कारण बन सकते हैं। आप मूडी, चिड़चिड़े और असामाजिक हो सकते हैं। आप अकेले रहना चाहते हैं। आध्यात्मवाद, ध्यान व अन्य यौगिक गतिविधियां अपना संतुलन बनाने में आपकी सहायता कर सकती हैं। कार्य मोर्चे पर, आपको अपना सर्वोत्तम कदम उठाना होगा। चाहे वह आपकी ऊर्जा, समय या धन निवेश हो, आपने पूर्ण समर्पण के साथ काम किया है और अब लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**शुभ अंक:** 2 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** रविवार

## मीन (फरवरी 20-20 मार्च)



इस सप्ताह आपकी उदारता, दयालुपन, चिंता व दूसरों का खयाल रखने की प्रशंसा होगी। स्वास्थ्य आपका अच्छा रहता है और आप अपने बीमार माता पिता, संबंधियों या मित्र की देखभाल में अपना कीमती समय लगा सकते हैं। आप ध्यान, योग व प्राणायाम व अन्य गतिविधियों का पालन करने वाले हैं। आप शांत, व सहज महसूस करते हैं तथा अपने तन, मन व आत्मा के साथ तारतम्य में हैं। करियर मोर्चे पर, कहीं अधिक समय की उम्मीद करते हैं। आपके लिए पैसा कमाने के नए क्षेत्र खुल सकते हैं। पुराने संपर्क व सबंध मददगार बनेंगे।

**शुभ अंक:** 7 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शनिवार



जैसे ही आप निराशावादी विचारों को आशावादी बनाते हैं आपको सकारात्मक नतीजे मिलने लगते हैं
- विली नेल्सन



# परम मिथ्या

## हिंगोरी कहते हैं कि आध्यात्मिकता के सार की संक्षिप्त व्याख्या आदि शंकराचार्य द्वारा एक पृष्ठ में की गयी थी। लेकिन, बाद के समय में, हमने माया शब्द के साथ उसे जोड़ना सीखा है

माया क्या है? माया का शाब्दिक अर्थ है मिथ्या, लेकिन इसमें क्या निहित है? उत्तर प्रश्न में मौजूद होता है जब आप महसूस करते हैं कि केवल एक वास्तविक सत्य होता है। तो, यह सत्य क्या है? जो कि संतों द्वारा तथा प्राचीन धर्मग्रंथों में असंख्य बार वर्णित है, आज के बुद्धिजीवियों द्वारा पुन: प्रमाणित है, जो हम अपने इर्दगिर्द सत्य और सुनिश्चित के रूप में समझते हैं, क्या सचमुच वैसा नहीं होता है। और यदि आप यह मानते हैं, तो माया भी माया है! यह हमारे मन का खेल है।

मैंने जो एक सत्य की चर्चा की, वो केवल तभी कहा जा सकता हे यदि इसे परिभाषित किया जा सकता है और यदि वो परिभाषा शाश्वत रहती है। लेकिन, कुछ भी शाश्वत नहीं है। क्वांटम फिजिक्स चौथे आयाम, समय, का उपयोग करते हुए इसे स्पष्ट करता है, जो निरंतर परिवर्तनशील है। चूंकि प्रत्येक वस्तु, कण और अणु, यदि ज्यादा नहीं, तो कम से कम चार आयामों से परिभाषित होता है, उनमें से एक का समय होना, फिर हर चीज निरंतर परिवर्तनशील है, और कुछ भी कभी एक जैसा नहीं होता है।

धर्मग्रंथों की और गहरी तह में उतरते हैं। वे कहते हैं कि केवल एक परम सत्य है, हालांकि जो विभिन्न नामों से जाना जाता है– ब्रहमन, असीम चेतना या परम चेतना। यह उस भौतिक दायरे से परे मौजूद है जिसे हम सत्य के रूप में समझते हैं। यह किन्हीं भावनाओं को अनुभव नहीं करता है, कुछ भी सही या गलत नहीं है। सरल शब्दों में कहें, तो यह शून्य की अवस्था है। इस मुकाम पर, आप संभवतया वास्तविकता के इस विचार की सत्यता को चुनौती दे रहे हैं, क्योंकि आप मोबाइल फोन को अपने हाथ में महसूस करते हैं, अपने आसपास की गतिविधि की ध्वनियों को सुनते हैं। शून्यता के विचार का वास्तविकता होना हास्यास्पद नजर आता है, लेकिन यह सचमुच नहीं है। कल्पना करें कि आपने झपकी ली और खुद को सपने में पहाड़ों व नदियों, हरे भरे जंगलों, हवा, लोगों के बीच में पाया। सपने में, आप वार्ताओं व आनंद, शांति व रोमांच, नजारे व अचंभे में गहरे डूबे हुए थे। जब आप जागे तो वह सपना टूट जाता है और उससे जुड़ी प्रत्येक सनसनी भी। इसी को माया कहते हैं। भौतिक जगत जिसमें हम रहते हैं, असलियत में केवल एक सपना है। हम सिर्फप्रतिबिंब व मरीचिकाएं हैं, जिनमें वार्ताएं हैं, दुख, बेचैनी, खुशी व प्रेम महसूस करते हैं, धीरे धीरे केवल वास्तविकता में जागने के लिए जो शून्यता है। यह भ्रम की स्थिति है जो एक लिखित अवस्था है जिसमें हम रहते हैं।

यहां एक प्रश्न उठता है, यह सब इतना सच क्यों लगता है यदि यह नहीं है और यदि यह सिर्फएक सपना है तो कैसे हम उसी सपने में रह रहे हैं? यह समझने में कठिन, एक जटिल अवधारणा है। एक उपयुक्त कथन है जिसे कभी मैंने योग वशिष्ठ में पढ़ा था, '' दुनिया एक मंच है, मन इसका एक जादुई अभिनेता है, आत्मा अपनी खुद की समझदारी की रोशनी में शो को देखने वाली एक खामोश दर्शक है।''

परम चेतना एक असीम सच्चाई है जो पूरी तरह स्थिर है, न तो फैल रही है, न सिकुड़ रही है, हालांकि हमारा मन छोटा है, सीमित वस्तु। असीम वास्तविकता, उस सपने को पैदा करते हुए, जिसमें कि हम रहते हैं, स्वयं सीमित वस्तु में झलकती है। चूंकि यह एक परम चेतना है जो खुद को हमारे मन में व्यक्त करती है, जो सपने पैदा करती है जिसे हम देखते हैं या उस दुनिया को जिसमें हम रहते हैं, हममें से प्रत्येक वही सपने देखता हैं। कल्पना करें आपके पास मिट्टी का खाली बर्तन है। उसमें क्या होता है? कुछ में कुछ नहीं और कुछ में हवा रहती है। इस बर्तन के चारों ओर क्या है? पुन:, कुछ नहीं, या शायद हवा। अब यदि आप इस बर्तन को तोड़ देते हैं, उसकी हवा उस बाह्य पक्ष में घुल जाती है और आप कोई अंतर नहीं देखते हैं। यहां बर्तन है माया। यह भ्रम रचते हुए असीम को सीमित से अलग करती है, कि वे असंबद्ध हैं, जब वे वास्तविकता में होते हैं तो वे एक होते हैं, वे एक हैं।

हर उस चीज को त्याग देना भयावह लग सकता है जिसे आप मानते और स्वीकारते आए हैं कि हम सपने के महज चरित्र हैं, और यह कि जो हम महसूस करते हैं, हम सचमुच महसूस नहीं करते हैं और जो हम देखते हैं, हम सचमुच नहीं देखते हैं। सवाल उठता है, व्यक्ति कैसे इस जागरूकता को हासिल करता है?

जैसा गुरू वशिष्ठ द्वारा समझाया गया कि इस ज्ञान का रास्ता मुक्ति या मोक्ष के दायरे के प्रवेशद्वार के चार द्वारपालों वाला है। ये द्वारपाल हैं आत्मसंयम, आत्मान्वेषण, संतुष्टि व अच्छी संगत। अनंत की खोज, अटल आजादी अपने मन की खोज के जरिए हासिल होती है क्योंकि ज्ञान में आत्मसंयम व शांति होती है। यह अनुष्ठानों, रीतियों व तीर्थयात्राओं से हासिल नहीं होती है। आत्मसंयम मन की खोज है जहां आप अपने भीतर झांक सकते हैं और जैसे हैं वैसे खुद को स्वीकार कर सकते हैं, अपने भीतर दिव्यता को देख सकते हैं। यह निर्भाव होने जैसा है, परानुभूति केसाथ समझौता किए बगैर। यदि कहीं शांति व स्थिरता है, तो वहां हमेशा क्रोध भी होगा और यही बात खुशी व दर्द के लिए लागू होती है। भावनाओं की उतार-चढ़ाव से तुलना नहीं की जा सकती। बैठने का उत्तम स्थान आधार के केन्द्र में है। यह उन लोगों के लिए सचमुच कठिन है जो लालसाओं के आगे हार मान लेते हैं और उनकी मांगों के आगे झुक जाते हैं। हालांकि, उचित प्रयास व मार्गदर्शन से यह प्रयास ऐसे अदभुत नतीजे प्राप्त कर सकता है जिन्हें केवल पांच इन्द्रियों द्वारा अनुभव नहीं किया जा सकता।



**आत्म पूछताछ या ज्ञान अज्ञान और भ्रम को दूर करने की एक प्रक्रिया है। एक बार स्पष्ट हो जाने के बाद, वे दुनिया में जाने वाले लोगों से अप्रभावित हैं। आप शांति और आनंद पाते हैं। शांति क्योंकि कुछ भी आपको छूता नहीं है और आनंदित होता है क्योंकि हृदय सत्य का अनुभव करता है**

आत्म-पड़ताल या ज्ञान अज्ञान और भ्रम को दूर करने की एक प्रक्रिया है। जैसे ही स्पष्टता होती है, वे दुनिया में चल रहे घटनाचक्र के प्रभाव से मुक्त हो जाते हैं। आप शांति व परमानंद पाते हैं– शांति क्योंकि कुछ भी आपको स्पर्श नहीं करता है और परमानंद क्योंकि हृदय सत्य का अनुभव करता है। यह पड़ताल है जो भ्रम व आसक्ति से आजादी देती है। उभरने वाली जिज्ञासा की कोई सीमा नहीं होती है जब आप अपने भीतर झांकते हैं और अपने भीतर दिव्यता को पहचानने लगते हैं। सबसे बड़ा सवाल जिसका आप उत्तर जानना चाहते हैं वो है ''मैं कौन हूं?''– आप परम चेतना है और परम चेतना आप है। लेकिन यह बहस किसी और समय के लिए।

उचित, बुद्धिमान व जागरूक लोगों की संगत बुद्धि का विस्तार करती है इससे आपकी अज्ञानता व मनोवैज्ञानिक बेचैनी दूर होने में सहायता होती है। हालांकि सत्य को असलियत में समझने और इसे लंबे समय तक महसूस करने में समय लगता है, मगर प्रेरणादायी चर्चाएं हमारे मन को खुला व उदार रखती हैं। कहते हैं कि सत्संग कल्याणकार्य, आत्मसंयम, तीर्थयात्रा और धार्मिक अनुष्ठान कराने आदि सभी प्रकार की धार्मिक गतिविधियों से श्रेष्ठ है।

यह उपरोक्त सभी चारों द्वारपालों को हासिल करने की महत्वपूर्ण इच्छा व दक्षता की मांग करती है। आप जैसे ही इस मार्ग पर चलेंगे उसी क्षण महसूस करेंगे कि हर चीज आपके लिए एक साथ आने लगी है, सिर्फएक आरे की संरचना के बतौर एक पहले उसके भीतर के टुकड़ों को पता लगाने में सहायता करती है। इसके बावजूद, दुर्भाग्यवश, ये द्वारपाल बिना किसी गारंटी के आते हैं यहां तक कि वे सही दिशा में आपकी यात्रा का आश्वासन देते हैं– इसलिए ऐतिहासिक पड़ाव की अनुपस्थिति में, कम से कम आपके पास एक कम्पास होगा। यह मार्ग आस्था, दृढ़ता और स्वीकार्यता में से एक है।

लेकिन किसी भी द्वारपाल को हासिल करने का पहला चरण यह है माया की अवधारणा को पहचाना जाए। एक आसान रास्ता है या, आप कहते हैं: हर रोज जैसे ही आप दिन की शुरूआत करते हैं आप कहते हैं, '' शुभ प्रभात, माया '', यह जानना कि जो भी आपका पीछा करता है वो सारा माया में मौजूद रहेगा। जैसे ही आप अपने दिन की ओर अग्रसर होते हैं, हर बार आप भारी जागरूकता हासिल करते हैं, और याद रखें कि आप माया में रह रहे हैं, इसे खुल कर कहें, '' ओह, माया एक बार फिर ''। हर बार ऐसा करने से आप खुद को भावनाओं में लिपटा भी पाते हैं। जैसे जैसे समय बीतता है, और यदि आप यह गंभीरता से करते हैं, तो आप माया के भीतर दिन में सौ बारे खुद को अपने अस्तित्व के प्रति जागरूक पाएंगे, यह आदत बन जाती हैं, आपके रोजमर्रा जीवन का भाग।

जैसा कि यह जीवन में हर चीज के लिए है, आपको माया से परे दायरे में विश्वास करना होगा ताकि आप इसे पहचानने में सक्षम हो सकें, कोई भी अधूरा घर नहीं है। यह कहना आसान है, करना कठिन । क्योंकि आप सभी जानते हैं कि यह बच्चों केलिए सोने की'' किसी और समय जन्म लेने की कहानी हो सकती है। एक कहानी शायद आप इसे हूबहू देख सकें, फिर भी, यह उपन्यास से बहुत परे है। फिर भी धर्मग्रंथों में भी, वे उसमें कारक हैं, वे जो अज्ञानता में रह रहे हैं, वे सीखने को खारिज कर सकते हैं। और इसलिए मैं आपसे कहता हूं कि उनके अनुभव पर भरोसा करें और अपनी यात्रा पर निकल जाएं, फिर अपने अंतर्बोध पर भरोसा करें। अपने भीतर होने वाले सूक्ष्म बदलावों के प्रति सजग रहें– शायद कुछ संयोग, आवेग जो पारंपरिक तर्क या आचरणगत बदलाव को खारिज करते हैं, शायद किसी संदर्भ के बिना या अप्रत्याशित तौर पर उभरते हैं। उन शैलियों पर ध्यान दें, जो प्रत्यक्षतया बेतरतीज घटनाओं के बीच संबंध बनाती हैं और आप जानेंगे कि आप सही मार्ग पर हो।

– लेखक हिंगोरी सूत्र सीरीज आफ स्प्रिचुअल बुक्स के लेखक हैं।



अंतर्दृष्टि
प्रमोद पाठक

# संकट के अंतिम पड़ाव पर हैं हम




कोरोना वायरस के साथ रहना अब कुछ महीनों से तथा अनेक प्रस्तावित समाधानों के बावजूद हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है, पर यह सवाल कि महामारी से कैसे निपटा जाए अभी भी अनुत्तरित है। लेकिन एक बात जिसे हम सभी को मानना होगा कि यह निश्चित रूप से समापन की ओर जा रही है। और संभवतया अगले कुछ महीनों में। यही वो उम्मीद है जिसे पोषित करना होगा भले ही खबरें बताती हों कि दूसरी या तीसरी या कोई और लहर आने को है।

हां, हम सभी उस अंतिम हद तक पहुंच गए हैं और यह एक चिंताजनक रूझान है। पहले ही हम अनेक लोगों द्वारा उठाए गए चिंताजनक कदमों को देख रहे हैं क्योंकि बेचैनियां उस सोच पर भारी पड़ रही हैं। अत्यंत मामूली बात भी अनेक मामलों में विस्फोट की ओर ले जाती है। हमें जो याद रखना चाहिए वो यह कि यद्यपि हमारा धैर्य चुक रहा है, मगर यही वो चीज है जिसकी हमें इस कठिन दौर में टिके रहने के लिए आवश्यकता है। अगर हमारा दिमाग अड़ियल भी हो रहा है तो अधिकतम धैर्य रखने की जरूरत है। मन एक मसला है और हमें मन को साधना पड़ेगा। हमारी स्थिति लंबी दूरी वाले धावक के अपने अंतिम पड़ाव पर होने जैसी है। यही वो अंतिम मुकाम है जो सबसे ज्यादा बेचैनी पैदा करता है और इस बेचैनी से पार पाना जीत हासिल करने की सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। यदि हम अंतिम पड़ाव पर अपना धैर्य खो देते हैं और परेशान होकर कुछ अनचाहा कर बैठते हैं तो हमारी पराजित तय है। यही हो रहा है। बैचेनी में आकर, लोग सारी सावधानियां हवा में उछाल रहे हैं। यह समझना होगा कि इस अंतिम पड़ाव में अधिकतम सावधानी की आवश्यकता है। जीवनशैलीगत उलटफेर, जो कुछ ज्यादा लंबा खिंच गया, अब कगार पर पहुंच गया है। हालांकि त्योहार का सीजन हमें इस मामले से बाहर निकलने के लिए उकसाता है, मगर अंतिम चरण अत्यधिक सावधानी की मांग करता है। मंत्र फिर यह होना चाहिए कि वर्तमान दौर में इसे सावधानी से मनाया जाए। जैसा कि सड़कों व गलियों में भारी भीड़ हो रही है। सामाजिक दूरी दांव पर लग गयी है। लोग झुंड में निकल रहे हैं और मास्क पहनना एक भुली हुई आदत सा नजर आता है। यह महंगा साबित हो सकता है।

जिन सावधानियों का महामारी के शुरूआती दिनों में हम पालन कर रहे थे, अभी भी उनका पालन करने की जरूरत है, बल्कि, और भी ज्यादा। लापरवाही खतरनाक हो सकती है। इंसानी धैर्य की परीक्षा होने जा रही है। यह धैर्य आस्था से आता है। आस्था जो हमें बचाएगी। ऐसा लगता है मानो लोग आस्था खो रहे है और बेपरवाही को गले लगा रहे हैं। यह सिर्फ किसी एक के जीवन का सवाल नहीं है। यह दूसरों के जीवन को तहस नहस करने जा रहा है। कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ना रणनीति से कहीं ज्यादा जद्दोजहद का युद्ध है, व्यवहारिकता आवश्यक है। युद्ध को सहज रूप से जीता जा सकता है, वो है दृढ़ता के साथ मुकाबला किया जाए। सच, मौजूदा पीढ़ी ने ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया है, लेकिन यह कोई कारण नहीं है कि मानसिक दृढ़ता हासिल न की जाए। हमारी जीवनशैली पिछले कुछ दशकों में जबरदस्त ढंग से बदली है। जैसा कि हम हर चीज ठेके पर दे दी है, हमारा कायांतरण, इंसानों से लेकर टेलीविजन दौर के सामने समय गंवाना, कंम्प्यूटर युग के माउस के इर्दगिर्द सिमटे रहना और फिर सोशल मीडिया में डूबे आलसियों में बदल जाना, अब पूरा हो गया है। मानवता का एक बड़ा हिस्सा बुनियादी समस्या समाधान योग्यताओं को भूल गया है, चिंतनशील मन लेशमात्र रह गया है। मामूली समस्याएं अब बड़ी लगने लगी हैं। यह पुनर्खोज का समय है, बल्कि इंसानी क्षमता तथा संकट में जूझने की कला का अभ्यास करने की पुनर्खोज। कठिनाई आने पर धैर्य होना उत्तम समाधान है। विकेट पर टिके रहने का गुण अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी अपनाते थे जब स्थिति संकट में होती थी। आखिरकार, जीवन एक टेस्ट मैच है, टी-20 मैच नहीं। इसलिए रक्षात्मक ढंग से खेलें, बैकफुट पर जाकर।

# क्यूं देखें ज़िंदगी को किसी की नजर से हम!

महेन्द्र पाल

दोस्तों, हम एक बार फिर से नये साल के शुरुआती पड़ाव पर हैं। हमेशा की तरह हमने एक बार फिर से नए सपने बुने होंगे, नयी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने का फैसला किया होगा। तमाम पुरानी गलतियों को न दोहराने और अपने लक्ष्यों का अधिक परिपक्वता के साथ चुनाव करने का संकल्प लिया होगा। दरअसल यह खुद को एक मनौवैज्ञानिक अवसर प्रदान करने वाला मौका ही है, जिसके लिए हर व्यक्ति स्वयं अपने लिए कुछ फैसले करता है और भावी वर्ष के दौरान उन लिए गए फैसलों के मुताबिक जीवन को नयी दिशा देने का प्रयास करता है। जो कि एक अच्छी बात है क्योंकि जीवन, उद्देश्यों के बिना, एक नीरस परिपाटी बनकर रह जाता है। बिना सपनों के , बिना लक्ष्यों के व्यक्ति स्वयं को जीवन जीने के लिए भी प्रेरित नहीं कर पाता।

ये सपने ही हैं जो उसमें उसकी रचनात्मक भूमिका का अहसास जगाते हैं। व्यक्ति में खुद को नए ढंग से परखने व तौलने का हौंसला भरते हैं। उसके भीतर की निराशा व अवसाद की चादर चीरते हैं और भीतर सुस्त सोए हुए, आसमान की बुलंदियां छूने वाले, पितरैल पंछी को जगाते हैं। यह नया साल अपने भीतर के पितरैल पंछी को फिर से जगाने का अवसर बनता है। लेकिन इसे जगाने के लिए व्यक्ति को तार्किक ढंग से न सिर्फ अपने बारे में , बल्कि अपने परिवेश, अपने हालात के बारे में विचार करना अनिवार्य होता है। उसे अपनी खूबियों व खामियों के साथ, अपनी रुचियों व अरुचियों से भी बखूबी परिचित होना जरूरी होता है। क्योंकि मन के पितरैल पंछी को इसी से नयी ऊंचाइयां पाने का हौंसला मिलता है उसे अपने लक्ष्य के चुनाव में स्पष्टता हासिल होती है। और जब लक्ष्य स्पष्ट हो, और वहां तक पहुंचने का माध्यम व मुकम्मल तैयारी हो तो लक्ष्य कैसा भी हो, असंभव नहीं रह जाता।

**ये सपने ही हैं जो उसमें उसकी रचनात्मक भूमिका का अहसास जगाते हैं। व्यक्ति में खुद को नए ढंग से परखने व तौलने का हौंसला भरते हैं। उसके भीतर की निराशा व अवसाद की चादर चीरते हैं और भीतर सुस्त सोए हुए, आसमान की बुलंदियां छूने वाले, पितरैल पंछी को जगाते हैं। यह नया साल अपने भीतर के पितरैल पंछी को फिर से जगाने का अवसर बनता है। लेकिन इसे जगाने के लिए व्यक्ति को तार्किक ढंग से न सिर्फ अपने बारे में , बल्कि अपने परिवेश, अपने हालात के बारे में विचार करना अनिवार्य होता है।**

हालांकि यह भी यह हकीकत है कि यूं तो हर कोई इस मौके पर खुद के लिए कुछ फैसले करता है और उन पर अमल करने की हिम्मत भी जुटाता है लेकिन यह भी आम तौर पर दिखता एक निर्विविवाद तथ्य है कि अधिकांश लोग लक्ष्यविहीन से नजर आते हैं। उनसे पूछो कि जीवन में क्या करना हैं तो वे अवाक निगाहों से पूछते हैं कि ये कैसा सवाल है? यानी अधिकांश लोग खुद को एक तयशुदा परिपाटी से संचालित जीवन से बांधे नजर आते हैं। यानी अगर इंटर बीए या बीई या बीटेक कर लिया तो ख्वाहिश बस इतनी कि कैसे करके कोई अच्छी नौकरी मिल जाए। कभी इस बात पर विचार नहीं होता कि अब तक के हासिल किये गए ज्ञान के दौरान उठने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के जवाब कैसे तलाशे जाएं? सारी जद्दोजहद सिर्फ नौकरी पाने तक सीमित रह जाती है। और नौकरी भी कैसी जिसमें पहले से हासिल ज्ञान की कोई अहम भूमिका नहीं होती। मात्र इसके कि वो सारा ज्ञान सिर्फ नौकरी के लिए अनिवार्य शर्त मात्र होता है। इसमें एक विशेष प्रकार का कार्यविशेष संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण शामिल होता है।



किसी को यह बात काल्पनिक या अजीब लग सकती है कि इस बात पर विचार होना चाहिए कि जीवन का लक्ष्य हमेशा वही टिकाऊ होता है जिसमें इंसान की अपनी आत्मा संतुष्ट होती है, जहां उसकी ख्वाहिशों को नया आसमान हासिल होता है। जहां उसकी कल्पना को नए पंख मिलते हैं। इसलिए लक्ष्य का चयन करना एक अत्यंत गंभीर फैसला होता है जिस पर जीवन का पूरा दारोमदार टिका होता है। जो इंसान के भविष्य की नींव निर्धारित करता है कि वह कमजोर होगी या मजबूत।

इसलिए लक्ष्य का चुनाव और उस तक पहुंचने में निवेश किया गया समय व प्रयास सिर्फ स्वयं की पड़ताल के आधार पर निर्धारित करने की जरूरत है। उसे दूसरों की नकल या अनुकरण के आधार पर चुना नहीं जाना चाहिए। अपने सपने अपनी आंखों से देखे जाने चाहिए। या मशहूर शायर साहिर के शेर के मुताबिक अपने लक्ष्य कुछ इस प्रकार बुने जाने चाहिए–

ले दे के अपने पास इक ही नज़र तो है!
क्यूं देखें ज़िंदगी को किसी की नजर से हम !!



महामारी किसी के लिए भी आसान नहीं रही है, खासकर बच्चों के लिए, जो हिंसा के लिए अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। हम सतर्क रहकर और उनकी रक्षा करके इसे रोक सकते हैं।
- आयुष्मान खुराना



## सूर्य उपासना के चार दिवसीय डाला छठ व्रत का हुआ समापन

# छठी मइया के गीतों से गूंजा भागीरथी का तट, उगते सूर्य को दिया व्रतियों ने अर्घ्य

सुशील कुमार मिश्र–वाराणसी

**महापर्व** छठ की छटा चारों ओर छा चुकी है। वैश्विक महामारी कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। शनिवार को नदियों, पोखरों, तालाबों सहित विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई ।शनिवार को सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया गया इसके बाद

- **वैश्विक महामारी कोरोना पर भारी पड़ी महापर्व की आस्था, घाटों पर उमड़े श्रद्धालु**
- **प्रहलादघाट पर अर्घ्य के दौरान युवती के गले से चेन हुई गायब**

व्रतियों ने घाटों पर बने वदियों के पास हवन–पूजन कर छठ का प्रसाद वितरण किया गया। अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की आस्था देखा गया ।इस दौरान प्रहलादघाट पर शनिवार को अर्घ्य के दौरान सेवईमंडी निवासी एक युवती का चैन स्नैचरों ने गले से सोने की चेन मारकर भाग निकले। जब तक युवती सोचती की गले का चैन कहाॅ गया तब 'चैन स्नैचर' सोने की चैन लेकर निकल लिया।

महिलाओं ने घरों या मोहल्लों में ही कृत्रिम कुंड में खड़े होकर भगवान भाष्कर की उपासना और गंगा मईया को दीप अर्पित किया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के घाटों पर भी छठ मईया के गीत गूंजते रहे। व्रती महिलाओं के साथ युवतियों ने खूब सेल्फी ली।



घाटों पर सुरक्षा की व्यवस्था मुकम्मल रही।

उदयाचल सूर्य को अर्घ्य के पहले तड़के नदियों के घाट और सरोवर पर महिलाओं ने रतजगा करते हुए छठी मैया के गीत गाये। तड़के सूर्योदय की बेला से पूर्व वेदी के पास पूजन और सूर्योपासना के अनुष्ठान के बीच गूंजते छठी मैया के गीतों ने जान्हवी तट को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया।

पुरबिया पर्व डाला छठ का सूर्योदय के अर्घ्य के साथ 36 घंटे के महाव्रत का समापन हो गया। व्रत के समापन के बाद व्रति महिलाओं ने गुड़ और अदरक खा कर व्रत का पारण किया। इसके बाद ठोकवा और खजूर का प्रसाद वितरण शुरू हुआ। अर्घ्य के बाद सुहागिन महिलाएं व्रति महिलाओं से अपनी मांग भरवा रही थीं और पैर छू कर आशीर्वाद ले रहीं थीं।



महिलाओं ने अपना खोइछा भी भरवाया। खरना और नहाय खाय के बाद उगते सूर्य को उग हे सूरज देव और कांचहि बांस के बहंगिया बहँगी लचकत जाए... आदि के गीतों से जान्हवी तट गूंजता रहा। छठ की पूजा में महिलाओं ने नदियों और तालाब में खड़ी होकर सूर्य को अर्घ्य देकर पति व संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया। व्रती महिलाओं ने अन्य महिलाओं को सिंदूर लगाकर परंपरा के अनुसार पूजा को संपन्न किया। मान्यता है कि जितना लंबा सिंदूर लगता है उतनी ही लंबी पति व संतान की उम्र होती है। वहीं घातों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चारों तरफ सुरक्षा कर्मी और जल पुलिस की तैनाती रही ।इस तरह सूर्योपासना का छठ पर्व का कठिन व्रत पूर्ण कर व्रतियों ने मंगलकामना की और अखंड सौभाग्य सूर्य देव और छठी मैया से मांगा। गीतों संग छठ व्रत का पारण कर व्रती घर लौटे और प्रसाद वितरण कर लंबी उम्र का आशीष संतानों को दिया।



## साईं सेवा समिति ने की श्रद्धालुओं की सेवा

**वाराणसी।** प्रहलादघाट स्थित घाट पर सूर्य उपासना के महापर्व डाला छठ व्रत के अवसर पर साईं सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को निःशुल्क चाय, काफी, पूजन के लिए दूध आदि का निःशुल्क वितरण किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पं. अशोक तिवारी ने साईं सेवा समिति के दो दिवसीय शिविर में हजारों श्रद्धालुओं का सहयोग किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गौतम श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता रोशन कुमार गुप्ता ने शनिवार को घाट पर पं. अशोक तिवारी एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्र को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही घाट पर बिछड़े छोटे बच्चे को मिलाया भी गया। शिविर में सौरभ श्रीवास्तव, अश्वनी साहनी, बबलू गुप्ता, मयंक श्रीवास्तव, विवके कुमार, अजय साहनी, दिलीप कुमार, अमित कुमार तिवारी उर्फ बंटी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## यूट्यूबर ने अक्षय कुमार के 500 करोड़ की मानहानि नोटिस का किया विरोध

**मुम्बई।** यूट्यूबर राशिद सिद्दीकी ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में अक्षय कुमार द्वारा भेजे गए मानहानि के नोटिस का विरोध करते हुए अभिनेता द्वारा मांगी गई 500 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति को अनुचित बताया है।

सिद्दीकी ने कहा कि उनके वीडियो में कुछ भी मानहानिकारक नहीं है। साथ ही अक्षय कुमार से यह नोटिस वापस लेने का आग्रह भी किया और ऐसा ना करने पर उन्होंने अभिनेता के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू करने की बात भी कही।

कुमार ने सिद्दीकी को 17 नवंबर को भेजे गए मानहानि के नोटिस में राजपूत की मौत के मामले में उनके खिलाफ झूठे और निराधार आरोप लगाने के लिए 500 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग की थी। कुमार ने लॉ फर्म आई सी लीगल के जरिए भेजे गए नोटिस में कहा था कि राशिद सिद्दीकी ने अपने यूट्यूब चैनल एफ एफ न्यूज पर उनके खिलाफ कई मानहानिकारक और अपमानजनक वीडियो डाले हैं। सिद्दीकी ने अपने वकील जे. पी. जैसवाल के जरिए शुक्रवार को नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि अक्षय कुमार द्वारा लगाए गए आरोप झूठे, कष्टकारी और उत्पीड़क और उसे परेशान करने के इरादे से लगाए गए हैं। उसने कहा कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के सिद्दीकी सहित कई पत्रकारों ने इस मामले पर खबरें दिखाईं थीं क्योंकि कई प्रभावशाली लोगों का नाम मामले से जुड़ा था और अन्य मीडिया चैनल सही जानकारी मुहैया नहीं करा रहे थे। अपने जवाब में सिद्दीकी ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारतीय नागरिकों का मौलिक अधिकार है। जवाब में कहा गया है कि सिद्दीकी द्वारा जारी वीडियो को मानहानिकारक नहीं माना जा सकता और उसे निष्पक्षता के साथ किसी के नजरिए के तौर पर देखा जाना चाहिए। जवाब में कहा गया है, सिद्दीकी द्वारा दिखाई गई खबर सार्वजनिक पटल पर है और उन्होंने (सिद्दीकी) अन्य समाचार चैनलों को स्रोत के तौर पर भी दिखाया है। उन्होंने मानहानि नोटिस जारी करने में की गई देरी पर भी सवाल उठाए और कहा कि वीडियो अगस्त 2020 को अपलोड की गई थी। जवाब में कहा गया है, 500 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग अनुचित है और इसे केवल सिद्दीकी पर दबाव बनाने के इरादे से ही किया गया है। सिद्दीकी ने कुमार से नोटिस वापस लेने का आग्रह किया और ऐसा नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने की बात कही। बिहार से नाता रखने वाले यूट्यूबर ने दावा किया कि अभिनेता ने उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया है।



मुम्बई पुलिस भी अपने, महाराष्ट्र सरकार और मंत्री आदित्य ठाकरे के खिलाफ मानहानिकारक, लोगों को गुमराह करने वाले और जानबूझकर अपमान करने से संबंधित विभिन्न पोस्ट के लिए सिद्दीकी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चुकी है। मुंबई की एक अदालत ने तीन नवम्बर को सिद्दीकी को अग्रिम जमानत दे दी थी और उसे जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था।

## ज़ी टीवी ने लान्च किया अपने वीकेंड फैंटसी थ्रिलर ब्रह्मराक्षस का दूसरा सीजन

गत अक्टूबर के महीने में जिन लोगों ने भी सज़ी टीवी की एंटरटेनमेंट एक्सप्रेस की सवारी की थी, उन्हें भारत के तीन अलग–अलग हिस्सों की सैर कराई गई थी, जहां दर्शकों ने तीन नई कहानियों का लुत्फ उठाया। इन कहानियों ने भारत के उभरते मध्यम वर्ग और समाज में बदलते रिश्तों की नब्ज थाम ली है। जहां ज़ी टीवी पर ये तीन दिलचस्प कहानियां जारी हैं, वहीं ये ट्रेन अब अपने चौथे पड़ाव की ओर बढ़ रही

**अपने जबर्दस्त सफल पहले सीजन के तीन साल बाद ब्रह्मराक्षस –2 शुरू हो रहा है, 22 नवंबर से हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे**

है। ज़ी टीवी अपने बेहद सफल और रोमांचक शो 'ब्रह्मराक्षस' के दूसरे दिलचस्प सीजन के साथ दर्शकों को एक काल्पनिक दुनिया में ले जाने को तैयार है। बालाजी टेलीफिल्म्स के निर्माण में बना यह शो, ब्रह्मराक्षस के बारे में प्रचलित लोककथाओं से प्रेरित एक अनोखी और दिलचस्प कहानी है, जिसमें वो अमर होने के इरादे से दोगुनी ताकत के साथ लौट आया है। इस शो का प्रीमियर 22 नवंबर 2020 को होगा और इसका प्रसारण हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे किया जाएगा।

अंबाला की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में कालिंदी नाम की एक साधारण लड़की का सफर दिखाया गया है, जिसकी किस्मत अब तक की सबसे खौफनाक शैतानी ताकतों में उलझ जाती है। असल में कालिंदी के अतीत में कुछ ऐसा है, जिसके कारण ब्रह्मराक्षस पूरी ताकत के साथ लौट आता है और अब वो कालिंदी के जरिए अमर होना चाहता है। उधर, कालिंदी की एकमात्र ताकत है अपने जीवनसाथी अंगद के प्रति उसका प्यार! जहां कालिंदी शैतानी दुनिया से गुजरते करते हुए अपनी सीधी–सादी जिंदगी के रास्ते पर चल रही है, वहीं अब उसे उन लोगों की रक्षा करने के लिए एक मुश्किल लड़ाई लड़नी होगी, जिनकी वो परवाह करती है!

इस शो में यंग और उत्साही एक्ट्रेस निक्की शर्मा, पक्के इरादों वाली कालिंदी का किरदार निभा रही हैं। 21 साल की कालिंदी का बड़ा साधारण–सा सपना है। वो अपना ग्रेजुएशन पूरा करके अपना मनपसंद जॉब पाना चाहती है। अपनी खूबसूरती और आकर्षण से अनजान कालिंदी, ऐसे किसी भी





अमीरज़ादे को तरजीह नहीं देती, जो उससे आकर्षित होते हैं। लेकिन फिर उसे अंगद से प्यार हो जाता है, जिसका किरदार बेहद टैलेंटेड और पॉपुलर टेलीविजन एक्टर पर्ल वी. पुरी निभा रहे हैं। कालिंदी के स्वभाव से अलग, अंगद एक सफल इंसान है, लेकिन साथ ही बड़ा दिलफेंक, अमीर और आकर्षक भी है, जिससे वो महिलाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहता है। जब कालिंदी अंगद की जिंदगी में आती है, तो प्यार और जिंदगी के प्रति उसका नजरिया बदल जाता है। उधर कालिंदी की जिंदगी भी उस वक्त एक अलग मोड़ लेती है, जब उन दोनों की प्रेम कहानी के बीच शैतान ब्रह्मराक्षस आ जाता है। क्या कालिंदी ब्रह्मराक्षस के काले साए से अपने प्यार और अपनी जिंदगी को बचा पाएगी? जानने के लिए देखिए यह शो!

ज़ी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने कहा, ब्रह्मराक्षस के पहले सीजन को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला क्योंकि ये दर्शकों को रहस्य और रोमांच की दुनिया में ले गया था। एक कॉन्सेप्ट के रूप में ब्रह्मराक्षस की लोककथाएं भारत में पीढ़ियों से चली आ रही हैं। जहां ब्रह्मराक्षस के बारे



में बहुत कम लोग जानते हैं, वहीं रिसर्च बताती है कि दर्शकों में इसके बारे में और ज्यादा जानने की उत्सुकता है क्योंकि लोग इस विषय को रोमांच, डर और खौफ से जोड़कर देखते हैं। यह हमें एक रोचक कहानी के साथ–साथ अच्छाई एवं बुराई का विचार प्रस्तुत करने के लिए एक बड़ा कैनवास देता है। इस वीकेंड थ्रिलर को पेश करने के लिए बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। यह हमारे वीकेंड प्राइम टाइम में एक ताजगी भरा और दिलचस्प पहलू जोड़ देगा।

ज़ी टीवी के ब्रह्मराक्षस 2 में कालिंदी का किरदार निभाने जा रहीं निक्की शर्मा ने कहा, मैं पहली बार लीड रोल निभा रही हूं और चूंकि यह मौका मुझे अपने पहले थ्रिलर फैंटसी शो में मिला है, तो इससे मेरा उत्साह और बढ़ गया है। कालिंदी और मुझमें काफी समानताएं हैं और जहां मैं कई तरह से उससे जुड़ती हूं, वहीं मेरा मानना है कि इस रोल की अपनी चुनौतियां हैं। कालिंदी के किरदार के दो खास पहलू हैं – एक तो सीधी–सादी खूबसूरत लड़की है, जो करियर को लेकर महत्वकांक्षी है और अंगद से प्यार करती है। दूसरा यह कि ब्रह्मराक्षस का मुकाबला करने के लिए उसे अपनी अंदरूनी ताकत समेटना होगा। इस किरदार को सही ढंग से प्रस्तुत करने के लिए खास तरह की भावनाएं दिखाने की जरूरत है। मुझे इस किरदार की जिंदगी और उसके रहस्य में झांकने का इंतजार है। हमने इस शो के कुछ रोमांचक हिस्सों की शूटिंग की है, जो मुझे बहुत अच्छे लगे। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को भी यह शो जरूर पसंद आएगा।

ज़ी टीवी के ब्रह्मराक्षस 2 में अंगद का किरदार निभा रहे पर्ल वी. पुरी ने कहा, इस सीजन की कहानी बड़ी दिलचस्प है जिसमें मैं अंगद का किरदार निभाने को लेकर उत्साहित हूं। जहां ये मेरा तीसरा शो है, वहीं मुझे लगता है कि अंगद के किरदार की अपनी विचित्रताएं हैं। यह किरदार मेरे पिछले रोल्स से काफी अलग है। मैंने अभी अंगद का सफर शुरू ही किया है और मैं अपना नया रोल निभाने के लिए वाकई बहुत रोमांचित हूं। सच कहूं तो मुझे यह कहानी बड़ी दिलचस्प लगी और मैं उम्मीद करता हूं कि दूसरे सीजन को लेकर हमारे दर्शक भी उतने ही उत्सुक होंगे।

जब एक आम औरत सबसे ताकतवर शैतान के खिलाफ खड़ी होगी, तो क्या वो इस शैतान के खुद तक पहुंचने से पहले उसे मिटाने में सफल होगी?

ज्यादा जानने के लिए देखिए 'ब्रह्मराक्षस 2', 22 नवंबर से हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे, सिर्फ ज़ी टीवी पर।